CMYK

सूर्योदय : 6:16
सूर्यास्त : 6:14
अधिकतम तापमान : 32.5
न्यूनतम : 19.5

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-265 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 17 मार्च 2026
27 रमज़ान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# होर्मुज पर अलग-थलग पड़े डोनाल्ड ट्रंप

**■ जहाजों की तैनाती पर चीन-ब्रिटेन समेत कई देशों ने किया किनारा**



**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा के नाम पर चीन और सहयोगी देशों से मदद की अपील की, लेकिन वह इस मुद्दे पर अलग-थलग पड़ते दिख रहे हैं। इसकी वजह यह है कि आस्ट्रेलिया और जापान ने नौसैनिक मदद मुहैया कराने से मना कर दिया है तो अन्य सहयोगी देशों ने भी कोई प्रतिबद्धता नहीं दिखाई है।

ब्रिटेन ने कहा कि वह ईरान युद्ध में नहीं पड़ेगा। इधर, ट्रंप ने यह चेतावनी दी है कि अगर सहयोगियों ने मदद नहीं की तो नाटो को भविष्य में संकट का सामना करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में दो सप्ताह से ज्यादा समय से जारी युद्ध के कारण तेल की कीमतें बढ़ गई हैं, क्योंकि ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया है।

वैश्विक तेल खपत का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इसी मार्ग से गुजरता है। एपी के अनुसार, ट्रंप ने फ्लोरिडा से वाशिंगटन लौटने के दौरान एयरफोर्स वन में रविवार को पत्रकारों से कहा कि उन्होंने सात देशों से युद्धपोत भेजने की मांग की है, ताकि होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखा जा सके। उन्होंने कहा, 'मैं इन देशों से मांग करता हूं कि वे आगे आएं और अपने क्षेत्र की सुरक्षा करें, क्योंकि यह उनका ही क्षेत्र है।'

बहरहाल ईरान युद्ध के बीच तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद उनकी अपील पर किसी देश ने कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं जताई है। हालांकि ट्रंप ने उन देशों का नाम बताने से इनकार कर दिया, जो पश्चिम एशिया के कच्चे तेल पर काफी हद तक निर्भर हैं और जिनसे ट्रंप प्रशासन इस जलमार्ग की सुरक्षा के लिए एक गठबंधन बनाने को लेकर वार्ता कर रहा है। उन्होंने केवल इतना कहा कि चीन लगभग 90 प्रतिशत तेल इसी क्षेत्र से पाता है।

इससे पहले उन्होंने एक इंटरनेट मीडिया पोस्ट कहा कि उन्हें उम्मीद है कि चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और अन्य देश इसमें शामिल होंगे।न्यूयार्क टाइम्स के अनुसार, ट्रंप ने उन देशों पर दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है, जिनसे उन्होंने होर्मुज में युद्धपोत भेजने की अपील की है। उन्होंने फाइनेंशियल टाइम्स को दिए गए एक इंटरव्यू में कहा, 'अगर कोई जवाब नहीं आता है या नकारात्मक जवाब आता है तो मुझे लगता है कि यह नाटो के भविष्य के लिए बहुत बुरा होगा।'

ट्रंप ने कहा कि खाड़ी की सुरक्षा के लिए चीन को भी मदद के लिए युद्धपोत भेजने चाहिए। रायटर के मुताबिक, जापान और आस्ट्रेलिया ने कहा कि वे इस महत्वपूर्ण जलमार्ग में जहाजों को एस्कार्ट करने के लिए पश्चिम एशिया में नौसैनिक पोत भेजने की योजना नहीं बना रहे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने सोमवार को कहा कि उनका देश ईरान युद्ध में नहीं पड़ेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि ब्रिटेन होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए एक सामूहिक योजना पर सहयोगियों के साथ मिलकर काम करेगा, लेकिन यह कोई आसान काम नहीं होगा। इधर, जर्मनी ने कहा कि ईरान युद्ध से नाटो का कोई लेना-देना नहीं है। जर्मन सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि उनका देश न तो युद्ध में शामिल होगा और न ही सैन्य बल पर होर्मुज को खुला रखने के अभियान में शामिल होगा।

### होर्मुज में युद्धपोत भेजने पर भारत का साफ रुख

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही पर संकट के बीच भारत ने अपना रुख साफ कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा के लिए युद्धपोत भेजने को लेकर भारत और अमेरिका के बीच कोई द्विपक्षीय चर्चा नहीं हुई है। यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई देशों से इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग की सुरक्षा के लिए युद्धपोत भेजने की अपील की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोमवार को मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि कई देश इस मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं, लेकिन भारत और अमेरिका के बीच इस विषय पर कोई द्विपक्षीय बातचीत नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि भारत इस स्थिति पर नजर बनाए हुए है और विभिन्न देशों के साथ लगातार बातचीत कर रहा है।

# चुनाव आयोग ने बंगाल में किया बड़ा फेरबदल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद भारतीय निर्वाचन आयोग ने बड़ा फेरबदल किया है। आयोग ने पीयूष पांडे को हटाते हुए सिद्ध नाथ गुप्ता को पश्चिम बंगाल का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया है। इसके अलावा, सुप्रतिम सरकार की जगह अजय कुमार नंद को कोलकाता का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। इससे पहले आयोग ने मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और राज्य के गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा के तबादलों का आदेश दिया।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में आश्वासन दिया था कि पश्चिम बंगाल में चुनाव हिंसा-मुक्त और शांतिपूर्ण होंगे। इसके अगले ही दिन पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, जिनमें पश्चिम बंगाल के डीजीपी और कोलकाता पुलिस कमिश्नर भी शामिल हैं, की नियुक्ति और तबादला किया है। चुनाव आयोग ने सोमवार को कई शीर्ष अधिकारियों के तत्काल तबादले और नियुक्ति का आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार, 1992 बैच के आईपीएस सिद्ध नाथ गुप्ता को पश्चिम बंगाल के नए डीजीपी बनाने के अलावा, नटराजन रमेश बाबू को डीजी (करेक्शनल सर्विसेज), अजय मुकुंद रानाडे को एडिशनल डीजी (लॉ एंड आर्डर) नियुक्त किया गया है। इससे पहले, रविवार रात को आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और राज्य के गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा के तबादलों का आदेश दिया।


आयोग ने यह भी आदेश दिया कि दोनों किसी भी प्रकार के चुनाव संबंधी कार्य में शामिल नहीं होंगे। दुष्यंत नरियाला ने चक्रवर्ती, वहीं संघमित्रा घोष ने मीणा की जगह ली है। ईसीआई ने रविवार को घोषणा की कि पश्चिम बंगाल की 294 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव दो चरणों में होंगे, जिसमें मतदान 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होगा। 2021 में बंगाल में 8 चरणों में चुनाव संपन्न हुए थे। ईसीआई के अनुसार, इस बार पहले चरण में 152 विस सीटों पर मतदान होगा।



**■ मुख्य सचिव, डीजीपी और कोलकाता पुलिस कमिश्नर को हटाया**

### मुख्य सचिव को हटाने पर टीएमसी सासंदों ने किया राज्यसभा से वॉकआउट

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसदों ने सोमवार को सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया। सांसद चुनाव आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल में अधिकारियों को हटाने का विरोध कर रहे थे। तृणमूल सांसदों ने चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ विरोध जताते हुए सदन से वॉक आउट करने का फैसला किया। राज्यसभा की कार्यवाही प्रारंभ होने के थोड़ी देर बाद ही तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रॉयन ने यह विषय सदन में उठाया।




27 रमज़ान 17.03.2026

**सुन्नी हज़रात**

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04:50 | 06:17 |

**शिया हज़रात**

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04:44 | 06:28 |

# संसद से निलंबित सांसदों की बहाली आज, दोपहर 12 बजे हटेगा सस्पेंशन

**■ सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति**



**नई दिल्ली।** संसद से निलंबित सांसदों के मामले में अहम फैसला लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में इस बात पर सहमति बनी है कि निलंबित सांसदों का सस्पेंशन मंगलवार को दोपहर 12 बजे से वापस ले लिया जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि निलंबन वापस लेने के लिए संसद में मंगलवार को प्रस्ताव लाया जाएगा। बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि सांसद सदन की कार्यवाही के दौरान तख्तियां (प्लेकार्ड) और एआई से तैयार की गई तस्वीरों का इस्तेमाल नहीं करेंगे और सदन की गरिमा बनाए रखेंगे। संसद के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी दलों के बीच इस मुद्दे पर सहमति बनी है।

जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को संसद में निलंबन समाप्त करने के लिए प्रस्ताव लाया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि यह प्रस्ताव विपक्ष की ओर से पेश किया जा सकता है, जिस पर सदन की सहमति से निर्णय लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि हाल ही में सदन की कार्यवाही के दौरान हंगामे और कथित तौर पर अनुचित भाषा के इस्तेमाल के कारण 8 सांसदों को निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद विपक्ष ने इस फैसले पर आपत्ति जताते हुए इसे वापस लेने की मांग की थी।

# स्मार्टफोन बच्चों के लिए खतरनाक, मातृशक्ति रहे सावधान

**■ राजस्थान के जालोर में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**




**जालोर/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छोटी उम्र के बच्चों को रोने या नाराज़ होने देना बेहतर है, लेकिन उन्हें स्मार्टफोन देना उचित नहीं है। स्मार्टफोन का अत्यधिक प्रयोग समय की बर्बादी के साथ-साथ आंखों को नुकसान पहुंचाने के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर डालता है और यह डिप्रेशन जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है।

मुख्यमंत्री सोमवार को जालौर में स्थित श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर (सिरे मंदिर) के 375 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय महायज्ञ एवं विशाल धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन के कई गेम बच्चों और युवाओं को नकारात्मक दिशा की ओर ले जा रहे हैं। यदि बच्चे इसी समय को अच्छी पुस्तकों के अध्ययन, योग और व्यायाम में लगाएं तो उनका जीवन अधिक व्यवस्थित और सकारात्मक बन सकता है। योगी ने युवा पीढ़ी को सलाह दी कि स्मार्टफोन का उपयोग जरूरत के अनुसार ही करें और परिवार के लिए समय अवश्य निकालें। उन्होंने कहा कि भोजन या पूजा के समय फोन से दूरी रखनी चाहिए और बाद में कॉल बैक करना बेहतर है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बातों पर बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति भी चिंता का विषय है। जीवन में विफलता मिलने पर उससे घबराने की बजाय उसके कारणों को समझकर उसे सफलता में बदलने का प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के दुश्मन और नशे के सौदागर युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त में धकेलने की कोशिश कर रहे हैं। समाज को सजग रहकर ऐसे तत्वों को परिवार, गांव, कस्बे और शहर में प्रवेश नहीं करने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी से तय होता है।

### मुख्यमंत्री योगी ने पूरी की बच्चे की इच्छा, सेल्फी लेकर जीत लिया दिल

**लखनऊ।** राजस्थान के जालौर स्थित श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में पढ़ने वाले एक बच्चे की इच्छा रविवार को पूरी हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चे के मनोभाव को समझते हुए तत्काल उसके मन की मुराद पूरी कर दी।

दरअसल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को राजस्थान में थे। वह श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित नवीन भवन के अवलोकन कार्यक्रम में पहुंचे। यहां पढ़ने वाला एक बच्चा विद्यालय के कणिया गिरि मंच के नीचे खड़ा होकर मुख्यमंत्री के फ्रेम में बार-बार



सेल्फी लेने की कोशिश कर रहा था। यह देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उस बच्चे को मंच पर बुला लिया। बच्चे से उसका नाम, क्लास आदि की जानकारी ली, फिर मोबाइल लेकर अपने हाथों से बच्चे के साथ सेल्फी खींची। इस पर आह्लादित बच्चे ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद कहा। मुख्यमंत्री ने यहां अपने विचार भी व्यक्त किए।

# ओडिशा के एससीबी मेडिकल कॉलेज में लगी आग

**■ 10 मरीजों की मौत, 13 अन्य घायल**




**भुवनेश्वर।** ओडिशा में कटक जिले के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के ट्रॉमा केयर आईसीयू में सोमवार को आग लगने की एक दुखद घटना में 10 मरीजों की मौत हो गई जबकि 13 अन्य मरीज घालय हो गए जिनका वर्तमान में आईसीयू में इलाज चल रहा है। घटना के बाद मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मुकेश महालिंग के साथ अस्पताल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने आग लगने के कारणों की न्यायिक जांच के आदेश दिए और मृतकों के परिजनों के लिए 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की।

मोहन मांझी के अनुसार, आग लगने का कारण अस्पताल की पहली मंजिल पर स्थित ट्रॉमा केयर आईसीयू में शॉर्ट सर्किट होना माना जा रहा है। यह अस्पताल ओडिशा के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में से एक है। जानकारी के अनुसार आग बगल के आईसीयू और वार्ड में भी फैल गई। घटना के समय, ट्रॉमा केयर आईसीयू में 23 मरीजों का इलाज चल रहा था। इनमें से 10 मरीजों की अस्पताल के अन्य आईसीयू यूनिटों में स्थानांतरित करते समय मौत हो गई जबकि शेष 13 मरीजों को बचा लिया गया और उनका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही दमकलकर्मी तुरंत अस्पताल पहुंचे और आग पर काबू प्राप्त किया।

# भाजपा शासित राज्यों में चुनाव होते हैं तो कोई अधिकारी नहीं हटाया जाता

**■ परीक्षा में आया सवाल ब्राह्मणों को बदनाम करने की साजिश : अखिलेश**

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि जब विधानसभा चुनाव होता है, तो जिस राज्य में भाजपा की सरकार नहीं होती है, वहां के डीजीपी, मुख्य सचिव और अन्य अधिकारी हटा दिए जाते हैं। लेकिन, जिस राज्य में भाजपा की सरकार रहती है, वहां कोई अधिकारी नहीं हटाया जाता है। यूपी में जिन अधिकारियों के परिवार के लोग चुनाव लड़ रहे थे, उन्हें भी नहीं हटाया था।

अखिलेश ने कहा कि अयोध्या में उप चुनाव के दौरान जिन अधिकारियों ने समाजवादी पार्टी को चुनाव हराया था, हमने उनकी लिस्ट जारी की थी, लेकिन उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। भाजपा के लोग अफवाहजीवी है। लोगों को खाना बनाने के लिए रसोई गैस सिलेंडर नहीं दे पा रहे हैं। पुलिस भर्ती में आए विवादित सवाल को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जानबूझकर यह सब कराती है, फिर दूसरों को बदनाम कराती है। भाजपा के पास एक टीम है, जिसे वह पैसे देती है और दूसरों को बदनाम करती है। क्या ब्राह्मण समाज को कोई इस तरह से बदनाम कर सकता है।

# बिहार की पांचों सीटों पर एनडीए की जीत

**राज्यसभा चुनाव**



**पटना।** बिहार में राज्यसभा की पांचों सीट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार जीत गए हैं। चार सीटों पर जीत तो पहले से ही तय थी। लेकिन, पांचवीं सीट पर महागठबंधन के उम्मीदवार अमरेंद्र धारी सिंह से एनडीए के उम्मीदवार शिवेश राम का मुकाबला हुआ। एनडीए के सभी 202 विधायकों ने वोट किया। लेकिन, महागठबंधन की ओर से चार विधायक (कांग्रेस के तीन और राजद के एक) विधायक विधानसभा नहीं पहुंचे। मतगणना के बाद एनडीए के सभी उम्मीदवारों की जीत की घोषणा कर दी गई। कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 202 विधायकों के बल पर अपने पांच उम्मीवार को चुनावी मैदान में उतारा था। इसमें से चार सीट पर तो जीत पहले से तय थी। लेकिन, पांचवीं सीट पर महागठबंधन की ओर से राजद ने अमरेंद्र धारी सिंह को चुनावी मैदान में उतार दिया। इस कारण पांचवीं सीट पर एनडीए बनाम महागठबंधन मुकाबला हो गया। दोनों गठबंधन ने अपने अपने विधायकों को एकजुट करना शुरू किया।

### हरियाणा राज्यसभा चुनाव में रोकी गई गिनती

**चंडीगढ़।** हरियाणा में राज्यसभा की दो सीटों के लिए हुए चुनाव में मतगणना शुरू होने के तुरंत बाद रोक दी गई, जिससे हंगामा मच गया है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने चुनाव आयोग को पत्र लिख हेरफेर की आशंका जताई है और हस्तक्षेप की मांग की है। कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव की निष्पक्षता को प्रभावित करने की साजिश रची जा रही है।

## ईरान अमरीका और इजरायल के साथ युद्ध का स्थाई अंत चाहता है

# देश जल्द ही जीत का जश्न मनाएगा : अराघची



**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान अपनी भूमि पर अमरीका और इजरायल के साथ जारी युद्ध का स्थाई अंत चाहता है और उम्मीद है कि देश जल्द ही विजय का जश्न मनाएगा। अराघची ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ईरान ने अपने विरोधियों को कोई संदेश नहीं भेजा है और न ही संघर्षविराम की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष इस तरह समाप्त होना चाहिए कि भविष्य में दुश्मन दोबारा इस प्रकार की आक्रामक कार्रवाई करने का साहस न कर सकें। उन्होंने कहा कि ईरान युद्ध का इच्छुक नहीं है, लेकिन वह चाहता है कि मौजूदा संघर्ष का अंत इस तरह हो जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति की संभावना समाप्त हो जाए।

विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले महीने अमरीका और इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ शुरू की गई सैन्य कार्रवाई के जवाब में ईरान ने तुरंत कई चरणों में जवाबी हमले किए और अमरीकी तथा इजरायली ठिकानों को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी जब ईरान के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई हुई थी, तब विरोधी पक्ष ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग कर रहे थे, लेकिन बाद में उन्होंने ही संघर्षविराम की मांग की थी।

अराघची ने संघर्ष के शुरुआती चरण में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला सैयद अली खामेनेई की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी शहादत पूरे राष्ट्र के लिए सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने इस संघर्ष में कई वरिष्ठ अधिकारियों, आम नागरिकों और बच्चों के मारे जाने का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह अवधि देश के लिए कठिन रही है, लेकिन ईरान की दृढ़ता, रक्षा और जवाबी कार्रवाई पूरे राष्ट्र के लिए गर्व का विषय है। अराघची ने होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद किए जाने के सवाल पर कहा कि यह मार्ग ईरान के दुश्मनों और आक्रमण करने वाले देशों को छोड़कर अन्य देशों के लिए खुला है। उन्होंने कहा कि अब तक विरोधी पक्ष को स्पष्ट संदेश मिल चुका है कि ईरान रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाने को तैयार है व आवश्यकता पड़ने पर संघर्ष जारी रखेगा।

दूसरी ओर, अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग के बंद होने के मद्देनजर चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और अन्य देशों से इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग की सुरक्षा के लिए युद्धपोत भेजने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि यदि सहयोगी देश मदद नहीं करते हैं तो नाटो के लिए भविष्य बहुत खराब हो सकता है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अब तक ऑस्ट्रेलिया और जापान ने स्पष्ट किया है कि वे जहाज भेजने की योजना नहीं बना रहे हैं।

### होर्मुज में नौसैनिक सुरक्षा नहीं भेजेगा जापान




**टोक्यो।** जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच जापान ने जहाजों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए नौसैनिक पोत भेजने का कोई निर्णय नहीं लिया है। संसद में बोलते हुए ताकाइची ने कहा कि सरकार अभी जांच कर रही है कि जापान की कानूनी संरचना के अंदर क्या क्या कदम उठाए जा सकते हैं और वह स्वतंत्र रूप से क्या कार्रवाई कर सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमने सुरक्षा जहाजों को भेजने के संबंध में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है। हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि जापान स्वतंत्र रूप से क्या कर सकता है और कानूनी संरचना के अंदर क्या किया जा सकता है।' ताकाइची ने उल्लेख किया कि अमरीका ने इस क्षेत्र में जहाजों की सुरक्षा में सहायता के लिए जापान से औपचारिक अनुरोध नहीं किया है।

# भाजपा ने जारी की 144 उम्मीदवारों की पहली सूची

**बंगाल चुनाव 2026**

**■ दो सीटों से चुनाव लड़ेंगे नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी**



**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की। इस लिस्ट में 144 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। इस लिस्ट में भाजपा के कई दिग्गज नेताओं को टिकट दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को दो सीटों से मैदान में उतारा गया है। बता दें कि भाजपा की पहली लिस्ट में बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को भवानीपुर और नंदीग्राम से उम्मीदवार बनाया गया है। पिछले चुनाव में सुवेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम में सीएम ममता बनर्जी को करीब 2000 वोटों के अंतर से हराया था।

वहीं, अग्निमित्रा पॉल को आसनसोल दक्षिण से टिकट दिया गया है। कूचबिहार उत्तर (अजा) से सुकुमार रॉय, सीतलकुची (अजा) से सावित्री बर्मन और दिनहाटा से अजय रॉय को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके साथ ही, तूफानगंज से मालती रावा रॉय, कुमारग्राम (अजजा) से मनोज कुमार ओरांव, कालचिनी (अजजा) से विशाल लामा, माटीगाड़ा-नक्सलबाड़ी (अजा) से आनंदमय बर्मन, सिलीगुड़ी से डॉ. शंकर घोष, फांसीदेवा (अजजा) से दुर्गा मुर्मू, गोलपोखर से सरजीत बिस्वास और चाकुलिया से मनोज जैन को मैदान में उतारा गया है।

पार्टी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अध्यक्षता में 12 मार्च को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह समेत केंद्रीय चुनाव समिति के अन्य सदस्य शामिल हुए थे। इस बैठक में केंद्रीय चुनाव समिति ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए विभिन्न उम्मीदवारों के नाम पर अपनी स्वीकृति दी थी।

CMYK

# गोला पहुंचे डीएम-एसपी, चैती मेले की तैयारियों को लेकर की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में ऐतिहासिक चैती मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ ख्याति गर्ग की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें मेले की तैयारियों और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में नगर पालिका, तहसील प्रशासन और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मेले की सभी जरूरी तैयारियों को समय से पूरा करें।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि चैती मेला यहां की संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। इसे सजाने संवारने और व्यवस्था में नगर पालिका, प्रशासन के साथ नगर वासियों का भी विशेष सहयोग चाहिए। डीएम ने मेले के आयोजन में सुविधा, सुरक्षा और सुगमता पर विशेष फोकस रखने के निर्देश दिए। प्रशासन का उद्देश्य है कि यह ऐतिहासिक चैती मेला सुरक्षित, सफलतापूर्वक संपन्न हो, जिससे स्थानीय जनता और दूर-दराज से आने वाले दुकानदारों और दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो उन्होंने चैती मेला में पुलिस व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, मेले में मेडिकल, पुलिस एवं फायर के लगने वाले कैंप, पेयजल व्यवस्था, खोया पाया कैम्प, सफाई व्यवस्था, छिड़काव, फॉगिंग एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका, तहसील प्रशासन को निर्देश दिए कि चैती मेले की सभी जरूरी व मुकम्मल तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं एसपी डॉ.ख्याति गर्ग ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व की तरह यह मेला भी सकुशल, व्यवस्थित तरीके से संपन्न होगा। सभी के सहयोग से मेले का आयोजन खुशी और सौहार्द के साथ सुनिश्चित किया जाएगा।

सुझाव दिया कि स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सामाजिक मुद्दों से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम भी शामिल किए जाएं। इससे युवा पीढ़ी में सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का संदेश जाएगा। मेले में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रहेगी, ताकि आमजन मेला का आनंद पूरी सुरक्षा के साथ ले सकें।एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने निर्देश दिए कि लूज वायर, ट्रांसफार्मर ठीक करवाए जाएं। खुले ट्रांसफार्मर की बैरिकेटिंग और खतरे का निशान स्पष्ट प्रदर्शित किया जाए। विद्युत आपूर्ति सुचारू रहे। उन्होंने रेट लिस्ट, फूड टेस्टिंग, खाद्य पदार्थों की सफाई, वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था, सफाई कार्मिकों की रोस्टर ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

साथ ही सिविल डिफेंस और एनजीओ के प्रतिनिधियों को मेले में अपनी सेवाएं देने के लिए कहा गया एसपी अमित कुमार राय ने कहा कि मेले में पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती रहेगी। पार्किंग और मेला सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित की जाएगी। झूले की समय-समय पर सुरक्षा मानक जांच की जाएगी और फायर टेंडर की प्रॉपर व्यवस्था भी रहेगी।

**इनकी रही मौजूदगी**

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एएसपी पश्चिमी अमित राय, एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, युगांतर त्रिपाठी, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति और जन सामान्य मौजूद रहे।

# गांवों तक दौड़ेंगी निजी बसें, सीएम ग्राम परिवहन योजना से खुलेंगे नए रूट

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 के तहत लोग अपना वाहन ग्रामीण रूट पर लगा सकते हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम से करार के बाद इन गाड़ियों को ग्रामीण रूट पर चलाया जा सकता है। इसके लिए लोग सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। एआरएम गीता सिंह ने कहा कि वाहन क्षमता 15-28 सीटर और गाड़ी का आयु अधिकतम आठ वर्ष होनी चाहिए। अनुबंध की अवधि 10 वर्ष, आवेदन शुल्क दो हजार रुपये, सिक्योरिटी पांच हजार रुपये प्रति वाहन और मासिक शुल्क 1500 रुपये निर्धारित है। उन्होंने कहा कि करार के बाद इन गाड़ियों के परमिट शुल्क में 100 फीसदी की छूट दी जाएगी पूरी कमाई वाहन मालिक की होगी, जिसमें निर्धारित सीमा तक किराया वसूली का अधिकार होगा। मार्ग, फेरे और समय का निर्धारण भी वाहन मालिक करेंगे। इसमें उत्तर प्रदेश परिवहन निगम का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। चयन की प्रक्रिया 15 से 24 दिन में पूरी होगी। उन्होंने कहा कि दुर्घटना होने की स्थिति में प्रभावितों को राशि और बीमा देयता वाहन मालिक की होगी।योजना के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच और चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति करेगी। समिति में सीडीओ, एआरटीओ और एआरएम शामिल होंगे।

## ग्रामीण पर बाघ ने किया हमला, इलाज के दौरान मौत

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** मनोज कुमार पुत्र गजोधर प्रसाद उमर करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम नंदलालपुर थाना हैदराबाद अपने खेत पर करीब 3:00 बजे दिन में काम करने के लिए गया था जहां पर बाघ ने हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया पड़ोसी खेत मालिक हरिश्चंद्र गौतम पुत्र कंधई लाल निवासी ग्राम रामपुर के द्वारा शोर मचाया गया मौके पर गंभीर अवस्था में घायल मनोज कुमार को 112 prv द्वारा सीएचसी गोला भिजवाया गया है वन विभाग को सूचना दी गई गंभीर घायल को सीएचसी गोला में इलाज दौरान मौत हो गई।

# तेंदुए से भिड़ा युवक, युवक ने हिम्मत दिखाते हुए तेंदुए को रस्सी से बांधा

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** धौरहरा वन रेंज के देवीपुरवा गांव में सोमवार सुबह एक युवक का अचानक तेंदुए से सामना हो गया। तेंदुए ने हमला किया तो युवक उससे भिड़ गया। युवक ने हिम्मत दिखाते हुए तेंदुए को रस्सी से बांध दिया। इसके बाद ग्रामीणों और वन विभाग को सूचना दी गई वन रेंज के देवीपुरवा गांव निवासी अंकुल भार्गव 40 वर्ष ने बताया कि वह सोमवार सुबह अपने खेत पर चारा काटने गए थे। उनके हाथ में रस्सी थी। इसी दौरान गेहूं के खेत की ओर से किसी जंगली जानवर के गुर्राने की आवाज सुनाई दी। जब अंकुल पास जाकर देखने लगे तो सामने तेंदुआ खड़ा था। तेंदुए ने अचानक उन पर हमला कर दिया अंकुल ने हिम्मत दिखाते हुए तेंदुए से खुद को बचाव किया। वह काफी देर तक तेंदुए से जूझते रहे। किसी तरह तेंदुए को काबू में कर रस्सी से बांध दिया। इसके बाद गांव वालों को सूचना दी। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई और तेंदुए को अपने कब्जे में लेने की कार्रवाई शुरू कर दी।

## पुलिस कप्तान ने जिले में किया थाना प्रभारी का तबादला

# अमित कुमार बने नजीबाबाद थाना प्रभारी

**बिजनौर। (अवधनामा संवाददाता)** पुलिस कप्तान अभिषेक जा द्वारा कानून व्यवस्था को दुरुस्त और चुस्त रखने के लिए जिले में छः थानों के प्रभारियों का तबादला किया गया। जिनमें से चांदपुर थाना प्रभारी अमित कुमार को नजीबाबाद थाने की कमान सौंपी गई। रविंद्र प्रताप सिंह को पुलिस लाइन से नहटौर थाने का प्रभारी बनाया गया, तो नहटौर थाना प्रभारी को क्राइम ब्रांच, नूरपुर थाना प्रभारी को कोतवाली देहात प्रभारी, तथा प्रवेज कुमार को नूरपुर का थाना प्रभारी बनाया गया।

## नजीबाबाद वासियों को विद्युत आपूर्ति से मिलेगी निजात



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** कहते हैं अगर शिद्दत से मेहनत की जाए तो कठिन से कठिन कार्य आसान हो जाता है। जिसको चैयरमेन खुर्शीद मंसूरी ने कर दिखाया। 2018से लगातार बार-बार विद्युत पोल गिरने के समाधान के लिए आवाज उठात रहे, और अधिकारियों से मिलकर इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए गुहार लगाते रहे। जिसका नतीजा सबके सामने है जल्द ही मालन नदी में बरसात के मौसम में विद्युत पोल गिरने की समस्या खत्म हो जाएगी और साहनपुर वासियों और नजीबाबाद वासियों को विद्युत आपूर्ति से निजात मिल जाएगी। जिसके चलते खुर्शीद मंसूरी ने बताया कि इस महत्वपूर्ण मुद्दे को माननीय सांसद चंद्रशेखर आज़ाद द्वारा भी दिशा की बैठक में उठाया जा चुका है। अब संबंधित विभाग द्वारा इस कार्य का टेंडर हो चुका है और जल्द ही कार्य प्रारम्भ होने की संभावना है। एक्सईएन नजीबाबाद द्वारा जानकारी दी गई है कि इसकी सूचना जनप्रतिनिधियों एवं माननीय सांसद चंद्रशेखर आज़ाद जी को भी दे दी गई है।

## सैलून संचालक को नकाबपोश बदमाशों ने मारी गोली

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** थाना उझैती क्षेत्र में सैलून संचालक को उसकी दुकान में घुसकर गोली मारने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम ईखखेड़ा में सोमवार दोपहर को सैलून संचालक को गोली मार दी गई। जिसके बाद बदमाश बाइक पर सवार होकर वहां से भाग निकले। बताया जाता है कि सोमवार को दोपहर में सैलून संचालक समीर पुत्र जाहिद अपनी दुकान पर बैठा था इसी दौरान बाइक पर सवार होकर दुकान पर पहुंचे तीन नकाबपोश बदमाशों द्वारा उस पर फायरिंग शुरू कर दी गई। बताते हैं कि फायरिंग करने के बाद बदमाश बाइक पर सवार होकर वहां से भाग निकले। बदमाशों के द्वारा की गई फायरिंग में गोली लगने से समीर गंभीर रूप से घायल हो गया। फायरिंग की आवाज सुनकर दुकान के आसपास लोगों का हुजूम लग गया।

# आजाद समाज पार्टी के समर्थको ने काशीराम जयंती के अवसर पर मनाया पार्टी का स्थापना दिवस



अवधनामा संवाददाता

**बिजनौर।** आज़ाद समाज पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक इंदिरा बाल भवन, बिजनौर में आयोजित की गई। बैठक में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया तथा कांशीराम की जयंती के अवसर पर उनके विचारों और संघर्षों को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम जी ने सामाजिक न्याय और बहुजन समाज के अधिकारों के लिए जो आंदोलन खड़ा किया, वह आज भी प्रेरणा का स्रोत है। बैठक में नेताओं ने संकल्प लिया कि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में संघर्ष कर चंद्रशेखर आज़ाद को मुख्यमंत्री बनाने के लक्ष्य के साथ पार्टी को मजबूत किया जाएगा और समाज के हर वर्ग को जोड़कर संगठन का विस्तार किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन झालू के पूर्व चेयरमैन शहजाद ने किया, जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सतेंद्र कुमार ने की। बैठक में कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत करने और आने वाले चुनावों में पूरी ताकत से संघर्ष करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर चांदपुर चेयरमैन शेरबाज पठान, साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, मौलाना अतीकुर्रहमान, जिला अध्यक्ष सतेंद्र कुमार, गोहर इक़बाल, भीम सेन हल्दिया, रजत कुमार, प्रशांत महासागर, अशरफ जमील, जितेंद्र राणा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अदालत के आदेश पर बृजेश सिंह का मकान गिराने पहुंची प्रशासन की टीम, हुआ हंगामा

# बृजेश सिंह अपने परिवार के साथ चढ़ा पानी की टंकी पर

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** ईसानगर थाना क्षेत्र के हसनपुर कटौली गांव में सोमवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब अदालत के आदेश पर प्रशासन की टीम बृजेश सिंह का मकान गिराने पहुंची। कार्रवाई की सूचना मिलते ही बृजेश सिंह अपने परिवार के साथ गांव स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गए। दो घंटे की मान-मनौव्वल के बाद उन्हें नीचे उतारा गया।सोमवार सुबह एसडीएम शशिकांत मणि, सीओ शमशेर बहादुर सिंह सहित प्रशासन की टीम अदालत के आदेश के अनुपालन में पुलिस बल के साथ गांव पहुंची थी। जैसे ही मकान गिराने की कार्रवाई शुरू करने की तैयारी हुई तो बृजेश सिंह परिवार सहित पानी की टंकी पर चढ़ गए। इससे मौके पर अफरातफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए।इसी दौरान किसान यूनियन (टिकैत गुट) के जिलाध्यक्ष दिलबाग सिंह अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच गए और कार्रवाई के विरोध में धरने पर बैठ गए। उन्होंने प्रशासन से कार्रवाई रोकने और पीड़ित परिवार को न्याय देने की मांग की करीब दो घंटे तक प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस ने समझाने का प्रयास किया। काफी मान-मनौव्वल के बाद बृजेश सिंह और उनके परिवार को टंकी से नीचे उतारा गया। इसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। प्रशासन ने घर को खाली कराने के बाद बुलडोजर चलाने की तैयारी कर रही है। कटान पीड़ित बोले, बसने को खरीदी थी राजा साहब से जमीन कटान पीड़ितों के अनुसार जिस जमीन पर वे आकर बसे, वह पहले जगदंबा पुत्र राजनारायण के नाम दर्ज थी। वर्ष 2011 में वसीयत के आधार पर यह जमीन राजा अभिनाश सिंह और इरा सिंह के नाम दर्ज हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने राजा अभिनाश सिंह से जमीन खरीदी थी, लेकिन रजिस्ट्री नहीं हो सकी। बाद में शेष जमीन शिवशंकर सेठ को बेच दी गई और 12 अगस्त 2015 को बैनामा कर दिया गया आरोप है कि बैनामे में चौहद्दी गलत दर्ज कराई गई। वर्ष 2015 में ही शिवशंकर सेठ ने मुकदमा दायर कर दिया। लंबी सुनवाई के बाद 22 जनवरी 2026 को अदालत ने ब्रजेश सिंह के मकान को गिराने का आदेश दे दिया। बताया जा रहा है कि जमीन को लेकर राजा अभिनाश सिंह और शिवशंकर सेठ के बीच भी न्यायालय में वाद लंबित है ग्रामीणों का कहना है कि जिस परिवार का मकान गिराया जाना है, वह बेहद गरीब है। परिवार में पत्नी सहित चार बेटियां और एक बेटा है। ऐसे में कार्रवाई होने पर पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे आ जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की दोबारा जांच कराने की मांग की है भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष दिलबाग सिंह अपनी टीम के साथ बृजेश सिंह के बचाव में धरना पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि पहले कटान पीड़ित किसान को बसाने की व्यवस्था करें, बाद में घर गिराने की कार्रवाई की जाए। एसडीएम शशिकांत मणि ने कानून का हवाला देकर उन्हें समझाते हुए आवास और आवासीय पट्टा देने का भरोसा दिलाया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान बादस्तूर जारी



अवधनामा संवाददाता

**बदायूं।** विगत 12 मार्च से भाजपाइयों द्वारा चलाया जा रहा प्रशिक्षण अभियान सोमवार को भी बादस्तूर जारी रहा।प्रशिक्षण कार्यक्रमों को जिले के अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के नाम से चल रहे इस कार्यक्रम को नगर के अलावा बिल्सी,बिसौली, उसावां बासोमा तथा दहगवां में आयोजित किया गया।नगर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग वैभव लॉन में आयोजित हुआ, जिसका उद्धघाटन जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इसके अलावा अलग-अलग स्थानों पर भाजपा के अन्य नेताओं द्वारा कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया।कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा संगठन का विस्तार कार्यकर्ताओं की सक्रियता और संगठनात्मक कार्यों के निरंतर संचालन से संभव होता है।आगे कहा कार्यकर्ताओं को मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करते हुए नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा संगठन की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का कार्य करना चाहिए। इससे पार्टी की संरचना और अधिक सुदृढ़ होती है।इस अवसर पर दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, चैयरमैन बिल्सी ज्ञानवती सागर, चैयरमैन दातागंज नैना गुप्ता, डॉ केपी लोधी, ब्रज बिहारी लाल, भगवान दास सागर, रामशरण शर्मा, जसवंत सिंह, वीरपाल सिंह, जयनारायण शर्मा, राकेश दीक्षित, मनोज कुमार सिंह, राजेंद्र सागर, वीर सिंह चौधरी, रामपाल सिंह, राजबहादुर, भूदेव सिंह, नक्षत्र चौहान, गेंदालाल राजपूत, दाताराम, शाक्य, राजपाल सिंह, नरेन्द्र पाल सिंह, राम नरेश सिंह, ब्रजेश बाबू वार्ष्णेय, ओमप्रकाश सागर, ओमबाबू सक्सेना, डॉ मनवीर सिंह, डीके चड्ढा, देवदत्त शर्मा, धीरेंद्र प्रताप सिंह, महंत सोहन दास, पंकज शर्मा, शिशुपाल, यतेंद्र पाल सिंह, दाताराम, शिवकुमार गुप्ता, मेखला सिंह, हरवंश यादव, लीलाधर शर्मा, महेंद्र सिंह मौर्य, कैलाश गुप्ता, आदित्य माहेश्वरी, अजय मथुरिया, सुनील कुमार सिंह, राहुल लोधी, परमवीर शाक्य, गुलशन प्रताप सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

# टाप टेन विभागीय अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र उपलब्ध कराया जाएगा: डीएम

## डीएम ने सी.एम. डैशबोर्ड पर डी एवं सी रैंक प्राप्त होने वाले विभागीय अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के दिए निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**बिजनौर।** डीएम साहिबा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सी0एम0 डैशबोर्ड, सीएमआईएस पोर्टल पर अंकित निर्माण कार्यों एवं PLFS/ASUSE सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीएम मोहतमा द्वारा सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों, निर्माण कार्यों सहित सभी प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान डी एवं सी रैंक प्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दें। उन्होंने बी रैंक प्राप्त करने वाले विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि यदि उनके द्वारा कार्य की प्रगति में अपेक्षित सुधार नहीं लाया जाता है तो उनको भी प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड सीधे योजनाओं की निगरानी का डिजिटल टूल है। डैशबोर्ड पर हर जिले की योजनाएं रियल टाइम ट्रैक होती हैं, जिससे रैंकिंग तय होती है।उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रैंकिंग में किसी भी अवस्था में गिरावट नहीं आनी चाहिए, सभी अधिकारी रैंकिंग बढ़ाने का प्रयास जारी रखें तथा इस अहम कार्य में किसी भी स्तर पर ढिलाई कदापि न बरतें। उन्होंने विकास कार्यों में प्रगति लाने एवं शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक एवं न्यूनतम स्तर पर लाने के दृष्टिगत निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड एवं आईजीआईएस की समीक्षा बैठक प्रति माह दो बार आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने दायित्वों के प्रति पूर्ण गंभीर एवं सजग रहे और किसी भी स्तर पर कार्य की प्रकृति को प्रभावित न होने दें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की योजनाओं के बिंदुओं पर ए प्लस प्राप्त हुआ है, विभागीय अधिकारी कार्य की प्रगति बनाए रखें तथा कम प्रगति वाले विभाग निर्धारित बिंदुओं पर फोकस कर विभागीय अधिकारी कार्य की प्रगति में अपेक्षित तेजी लाकर रैंकिंग को मानक के अनुरूप लाना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान कृषि सम्मान निधि, शहरी विधुत सप्लाई, पीएम एवं सीएम आवास योजना, पंचायत राज, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना सहित अन्य विभागों की रैंकिंग कम पाए जाने पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया की पुरी गंभीरता और तेजी के साथ विभागीय कार्यों में प्रगति लाते हुए रैंकिंग बढ़ाएं इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तदोपरांत जिलाधिकारी द्वारा सीएमआईएस, विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी परियोजनाएं जो अपूर्ण है उन परियोजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाते हुए और निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें और जो पूर्ण हो चुकी हैं, उन्हें तत्काल संबंधित विभाग को हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें। डीएम द्वारा विकास एवं निर्माण कार्यों सड़क निर्माण, पुल निर्माण में पूर्ण परियोजनाओं की प्रगति, कृषि, सिंचाई, लोनिवि सहित अन्य विभागों की कार्यो की प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जिले को प्रदेश में अग्रणी बनाए रखने के लिए अपेक्षित प्रयास करें और सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ क्रियान्वित करें। सांख्यिकी विभाग द्वारा संचालित पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे और एनुअल सर्वे ऑफ अनइनकॉर्पोरेटेड सेक्टर एंटरप्राइजेज की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ये सर्वेक्षण नीति निर्धारण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

# राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का किया स्वागत

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वाले आरक्षियों को उपनिरीक्षक पद पर आउट आफ टर्न प्रोन्नति मिलने पर प्रतीक चिन्ह लगाकर सम्मानित किया।

पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एसएसपी अभिनंदन ने वर्ष 2023 में कुशल खिलाड़ी कोटे से आरक्षी पद पर भर्ती हुए तथा राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर जनपद एवं उत्तर प्रदेश पुलिस का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को आरक्षी पद से उपनिरीक्षक पद पर आउट आफ टर्न प्रोन्नत किए जाने पर सहारनपुर पुलिस लाइन में तैनात मानवेन्द्र चौधरी व श्रीमती मनीषा पाल को सम्मानित किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने कहा कि इन खिलाड़ियों ने अपने असाधारण खेल कौशल, अनुशासन एवं समर्पण से न केवल उत्तर प्रदेश पुलिस बल्कि जनपद सहारनपुर का भी नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की भविष्य में भी ये खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विभाग तथा देश का नाम रोशन करेंगे तथा अन्य पुलिस कर्मियों एवं युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे।

गौरतलब है कि मानवेन्द्र चौधरी ने वर्ष 2023 में आयोजित 66वीं राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक तथा मनीषा पाल ने वर्ष 2023 में आयोजित 66वीं राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया था। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दोनों अधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण के साथ अपनी सेवाएं देने तथा खेलों में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया।

# ईद के मौके पर भी नहीं रुक रहा बाजारों में ई-रिक्शा का आना-जाना

## लोग बोले ट्रैफिक व्यवस्था के लिए वायरस है ई रिक्शा

अवधनामा संवाददाता

**बदायूं।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था इस कदर चौपट है कि ईद का त्योहार सिर पर होने के बावजूद शहर के बाजारों में ई रिक्शा चालक अपने-अपने ई रिक्शा को लेकर बेधड़क आ जा रहे हैं।जबकि बाजारों में ईद की खरीदारी करने वालों की भीड़-भाड़ है।इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि चौराहों से ट्रैफिक पुलिस के जवान गायब हैं।ई रिक्शा चालकों की मनमानी के चलते शहर के बाजारों से लोगों का निकलना दुभर हो गया है।ट्रैफिक पुलिस के रहमो करम के कारण इन रिक्शा चालकों के हौसले इतने बुलंद हैं कि यह अपनी मनमर्जी के मुताबिक मनचाहे स्थान पर अपने वाहनों को रोक कर खड़ा कर लेते हैं।इसके साथ-साथ सड़क पर दूसरी दिशा की सवारी मिल जाने पर वहीं यू टर्न लेने से भी गुरेज नहीं करते हैं।जिस कारण ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जो



लोगों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। लोगों का कहना है कि कम से कम ईद से पूर्व तो बाजारों में स्थित चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस सहित अन्य पुलिस कर्मियों की भी ड्यूटी रहनी चाहिए,जिससे ई-रिक्शा चालकों की मनमानी पर अंकुश लग सके। शहर के लोग ई रिक्शा चालकों की मनमानी से इस कदर व्यथित हैं कि उन्होंने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था के लिए ई-रिक्शा को टिर्री वायरस का नाम दे रखा है।एक सज्जन ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि जब किसी चीज में वायरस घुस जाता है तो वह चीज ठीक से वर्क नहीं करती है।उन्होंने कहा बिल्कुल इसी तरह शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बिगाड़ने में ई-रिक्शा एक वायरस के रूप कार्य कर रहे हैं।लोगों का कहना है कि बिना पुलिस की मर्जी के यह लोग मनमानी कर ही नहीं सकते।अब यहां यह सवाल उठता है कि शहर लोगों के मन में इस तरह के सवाल क्यों उठ रहे हैं और क्या इसका समाधान नहीं होना चाहिए। ईद के मौके पर बाजारों में ई रिक्शा के आने-जाने के संबंध मे शनिवार को यातायात प्रभारी राम लड़ैते राजपूत से हुई फोन वार्ता के दौरान उनके द्वारा बताया गया था कि होली वाला ट्रैफिक प्लान अभी भी लागू है। उन्होंने बताया था कि पुलिस भर्ती परीक्षा के चलते चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस कम दिखाई दे रही है।उन्होंने बताया था कि आज के बाद,ईद पर बाजारों में ई रिक्शा को नहीं घुसने दिया जाएगा।बावजूद इस सब के,सोमवार को भी हलवाई चौक से खैराती चौक तथा खैराती चौक से नेहरू चौक एवं खैराती चौक से छह सड़का को जाने वाले मार्गों पर दिन भर ई रिक्शा का आना-जाना लगा रहा,जिनको कोई रोकने वाला नहीं था।ई रिक्शा चालक अपने-अपने ई रिक्शा का बीच सड़क पर ही यू टर्न लेते दिखाई दिए। ई-रिक्शा के बाजारों में आने के कारण कई बार जाम लगता रहा।

# एचपीएल प्लांट पर हुए हत्याकांड के आरोपी की दुकानों पर नोटिस चस्पा

**बदायूं।** थाना मूसाझाग क्षेत्र के ग्राम सैजनी में स्थित एचपीसीएल प्लांट पर विगत दिनों हुई महाप्रबंधक एवं उप प्रबंधक के मर्डर की वारदात के बाद योगी सरकार की सख्ती का असर अब धरातल पर दिखाई देने लगा है।लोग कहने लगे हैं कि यह बात तो सच है कि योगी सरकार में गुंडई करने वाले लोगों की खैर नहीं है। विदित हो कि थाना मूसाझाग क्षेत्र के ग्राम सैंजनी में स्थित हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉररेशन लिमिटेड के कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट पर बीते बृहस्पतिवार को प्लांट के अंदर घुसकर प्लांट के महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता तथा उप प्रबंधक हर्षित मिश्रा की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई थी।हालांकि घटना के बाद पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ़्तार कर लिया गया था, और आरोपी के तमंचा बरामदगी के दौरान दुस्साहस करने पर उसके दोनों पैरों में पुलिस द्वारा गोलियां दाग दी गई थी। जिसे जेल भी भेज दिया गया है। मालूम हो कि प्रकरण में थाना मूसाझाग के इंस्पेक्टर एवं दरोगा को निलंबित कर दिया गया था लेकिन घटना पर योगी सरकार इस कदर सख्त हुई कि एसएसपी और सीओ भी इसकी जद में आ गए थे,और परिणाम स्वरूप उनका यहां से तबादला कर दिया गया।मामले में अब भी राज्य सरकार की सख्ती का असर बरकरार है। इसका जीता जागता प्रमाण यह है कि हत्याकांड के आरोपी अजय प्रताप सिंह के सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाई गई छह दुकानों पर प्रशासन की ओर से नोटिस चस्पा कर दिया गया है। हालांकि सोमवार शाम तक ध्वस्तीकरण की कोई खबर नहीं मिली है।आरोप है कि आरोपी ने अपने परिवार के साथ मिलकर कई बीघा सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। प्रशासन ने प्लांट पर पुलिस चौकी निर्माण के लिए ग्राम समाज की एक बीघा जमीन को चिन्हित किया गया है,संभवतः बहुत जल्द ही प्लांट पर एक पुलिस चौकी का निर्माण करा दिया जाएगा। हालांकि नई एसएसपी अंकिता शर्मा द्वारा कार्यभार ग्रहण करते ही प्लांट का निरीक्षण करते हुए यहां पर पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी गई थी।

# सांसद रवि किशन ने जनसंवाद में जनता की समस्याओं का समाधान का दिया भरोसा



**नौकायन स्थित सदर सांसद कार्यालय पर जनसुनवाई कार्यक्रम, अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ तेज निस्तारण के निर्देश**

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर ।** आज गोरखपुर के नौकायन स्थित अपने आवास/सदर सांसद कार्यालय में सांसद रवि किशन ने एक बार फिर जनता के दिल की बात सुनी और उनके विश्वास को मजबूत किया। 'जनसंवाद' कार्यक्रम के जरिए बड़ी संख्या में पहुंचे स्थानीय निवासियों, बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं ने खुले मन से अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए।

लोगों ने सड़कों की बेहतरी, बिजली आपूर्ति की नियमितता, स्वच्छ जल की उपलब्धता, राजस्व संबंधी मामलों और अन्य जनहित के कई महत्वपूर्ण मुद्दों को रखा। सांसद रवि किशन ने हर समस्या को पूरे ध्यान और संवेदनशीलता से सुना। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इन समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और उच्च गुणवत्ता वाला निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

सांसद ने कहा, 'जनता की हर छोटी-बड़ी समस्या मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में हमारा प्रयास है कि सरकार की हर कल्याणकारी योजना अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचे। जनसंवाद सिर्फ सुनना नहीं, बल्कि समाधान तक पहुंचाना है - और हम इसमें कोई कसर नहीं छोड़ेंगे! 'स्थानीय जनप्रतिनिधि, सक्रिय कार्यकर्ता, समाजसेवी और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने सांसद के जन-समर्पित रवैये की सराहना की और कहा कि ऐसे संवाद से जनता का भरोसा और मजबूत होता है।

यह जनसंवाद गोरखपुर में विकास और जन-कल्याण की नई ऊर्जा का प्रतीक बना। सांसद रवि किशन का यह निरंतर प्रयास क्षेत्रवासियों के लिए एक सकारात्मक संदेश है - 'आपकी आवाज सुनी जाएगी, और समाधान जरूर होगा! '

# फोटोग्राफर विचार समिति द्वारा होली मिलन समारोह हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया




**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** फोटोग्राफर विचार समिति वाराणसी के द्वारा आज सोमवार को रथयात्रा स्थित एक रेस्टोरेंट में होली मिलन समारोह व हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संयोजक द्वय हरीश सचदेवा व अशोक सेठ के साथ सचिव उमेश जैन ने संयुक्त रूप से गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ततपश्चात समिति के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने व उपाध्यक्ष डी के राजू ने गुलाल लगा कर आगन्तुकों का स्वागत किया। मंच संचालन कर रहे विवेक विश्वकर्मा की चुटीले हास्य व शेर -शायरी से कार्यक्रम में रंग भरने की प्रक्रिया शुरू हुई। इस अवसर पर कविताओं के माध्यम से नेताओ से लेकर आम जनता के ऊपर कवियों द्वारा तंज कसा गया। सचिव उमेश जैन ने समिति के उद्देश्यों की जानकारी उपस्थित सदस्यों को देते हुए संस्था के कार्य शैली के बारे में प्रकाश डाला।ततपश्चात दिल्ली के जाने माने फोटोग्राफर राकेश नागर ने ऑडियो के माध्यम से बधाई संदेश भेजा था जिसे ध्वनि विस्तारक यंत्र के द्वारा उपस्थित लोगों के बीच प्रसारित किया गया। उक्त बधाई संदेश को सुनने के बाद लोगो ने जोरदार तालिया बजाई। कार्यक्रम के संयोजक हरीश सचदेवा व अशोक सेठ ने कार्यक्रम के बीच बीच में फोटोट्रेड के उत्थान पर विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन विवेक विश्वकर्मा व धन्यवाद संस्था के अध्यक्ष गोपाल शर्मा जी के द्वारा किया गया।आशा पर मुख्य रूप से डी.के राजू,हरीश शर्मा,अशोक सेठ, श्रीराम पांडे,विवेक विश्वकर्मा सहित आदि लोग उपस्थित थे।

# बनारस में दर्जनों रेस्टोरेंट संचालक एलपीजी गैस की किल्लत से जूझ रहे हैं

**सिलेंडर बुकिंग कंफर्म होने के झांसा में आकर ओटीपी न बताएं, इन बातों का ध्यान रखें**

**( उत्पल दादा ) अवधनामा ब्यूरो**




**वाराणसी।** अमेरिका, इज़रायल और ईरान युद्ध का असर भारत में भी देखाजा रहा है। देश के अलग-अलग राज्यों में एलपीजी गैस सिलेंडर का किल्लत देखा जा रहा है। विश्व की सांस्कृतिक राजधानी वाराणसी भी इससे अछूता नहीं है। प्रत्येक एजेंसी के बाहर लोगों का भीड़ देखने को मिल रहा है। हालांकि प्रशासन के आदेश पर उपभोक्ताओं को घर पर बुकिंग के आधार पर डिलीवरी भी दिया जा रहा है। फिर भी लोग सिलेंडर को लेकर के परेशान हैं, तो वहीं कमर्शियल गैस न मिलने के कारण कई रेस्टोरेंट और होटल बंद हो चुके हैं।होटल और रेस्टोरेंट संचालक का कहना है कि, कमर्शियल गैस नहीं मिल रहा है, जिसकी वज़ह से भट्ठी, चूल्हे के सहारे होटल चलाना पड़ रहा है। होटल मालिक बताते हैं की किराए पर लिया हुआ होटल को एकाएक बंद करने से रोजी रोजगार पर भारी असर पड़ेगा। कई रेस्टोरेंट ने गेट के बाहर पोस्टर चिपका लिया है और लिखा है कि विकल्प के साथ जल्द ही वह अपने रेस्टोरेंट को खोलेंगे। वही लोगों का कहना है कि, वो 5 दिन से एजेंसी के चक्कर काट रहे है, लेकिन गैस नहीं मिल रही है। साल में 15 सिलेंडर मिलते है, लेकिन यहां एक भी नहीं मिल रहा है के चलते लोग एजेंसी का चक्कर काट रहे हैं। वही गैस की किल्लत बीते दिन अन्नपूर्णा अन्नक्षेत्र में भी नजर आई, जहां 35 साल में पहली बार अन्न क्षेत्र में चूल्हा बंद हो गया था। इसकी वज़ह से श्रद्धालु प्रसाद नहीं ग्रहण कर सके हालांकि प्रशासन की ओर से वहां व्यवस्था उपलब्ध करा दी गई।

### बुकिंग कंफर्मेशन के नाम पर ओटीपी सबको ना बताएं

गैस सिलिंडर की बुकिंग कंपनी के अधिकृत फोन नंबर, एप और वेबसाइट के माध्यम से ही करें। मोबाइल पर आने वाली अनजान लिंक, एपीके फाइल को बुकिंग के लिए नहीं खोले। किसी भी व्यक्ति को ओटीपी न बताएं, घर पर सिलिंडर देने आने वाले कंपनी के प्रतिनिधि को ही डिलीवरी कोड बताएं। केवाईसी के लिए संबंधित गैस एजेंसी से कंपनी करें। एजेंसी के प्रतिनिधि के माध्यम से ही केवाईसी कराएं। ठगी का शिकार होने पर साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 व साइबर थाना या नजदीकी थाने में शिकायत करें।

# एस.एम.एस. वाराणसी में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का हुआ समापन

**अवधनामा ब्यूरो**




**वाराणसी।** स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज द्वारा आयोजित आध्यात्मिकताः वैश्विक कल्याण, सततता और डिजिटल सजगता के लिए एक सिद्ध प्रतिमान विषयक तेरहवें अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का समापन हुआ। समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा (संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय)ने कहा कि, आध्यात्मिकता भारत की आत्मा में निहित है। यह केवल एक दार्शनिक विचार नहीं, बल्कि इस देश की सांस्कृतिक चेतना और जीवन-पद्धति का मूल आधार है।

उन्होंने कहा कि हमारे प्राचीन ग्रंथों में भी इस भूमि की महत्ता का उल्लेख मिलता है। विष्णु पुराण में वर्णित है कि जो भूभाग समुद्र के उत्तर और हिमालय के दक्षिण में स्थित है, वही भारतवर्ष है। मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए संस्थान के निदेशक प्रो0 पी0 एन0 झा ने सम्मेलन के दो दिनों के सफल आयोजन का उल्लेख करते हुए कहा कि आज के समय में जब तकनीकी प्रगति और डिजिटल विस्तार ने मानव जीवन को नई दिशा दी है।

कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन प्लेनरी सत्र का आयोजन हुआ जिसमे गोवा से अध्यात्मिक शोधकर्ता शॉन क्लार्क एवं दुबई से बोधि शुद्धानंद ब्रह्मचारी, संस्थापक, लोक नाथ डीवाइन लाइफ मिशन सम्मिलित हुए।समापन सत्र का संचालन सह-संयोजक प्रो0 पल्लवी पाठक व धन्यवाद ज्ञापन कॉन्फ्रेंस के समन्वयक प्रो0 अमिताभ पांडेय ने दिया। दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की विस्तृत रिपोर्ट प्रोफेसर अविनाश चंद्र सुपकर ने प्रस्तुत की।

# उर्वरक भंडारण की होगी सघन जांच, पीओएस मशीन से होगा स्टॉक का मिलान

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन एवं जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देश पर जिले में उर्वरकों के भंडारण एवं वितरण व्यवस्था की सघन निगरानी के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत जिले में स्थित कम्पनी वेयरहाउस, गोदामों, सहकारिता विभाग के गोदामों, थोक उर्वरक विक्रेताओं तथा फुटकर उर्वरक विक्रेताओं के गोदामों में उपलब्ध भौतिक स्टॉक का शत-प्रतिशत सत्यापन किया जाएगा।

जिलाधिकारी के निर्देशानुसार तहसील स्तर पर संबंधित तहसीलदार, जिला कृषि अधिकारी और सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता की संयुक्त टीम द्वारा कम्पनी वेयरहाउस, सहकारिता विभाग एवं थोक उर्वरक विक्रेताओं के गोदामों का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। वहीं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं के गोदामों में उपलब्ध स्टॉक का सत्यापन पीओएस मशीन में प्रदर्शित स्टॉक मात्रा से मिलान करते हुए किया जाएगा। इस कार्य में सहायक विकास अधिकारी (कृषि), सहकारिता, कृषि रक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ संबंधित न्याय पंचायत के प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी एवं नामित नोडल अधिकारी भी शामिल रहेंगे।

डीएम ने स्पष्ट किया कि निरीक्षण के दौरान यदि उर्वरकों के भौतिक स्टॉक एवं पीओएस मशीन में प्रदर्शित स्टॉक में किसी प्रकार की कमी अथवा भिन्नता पाई जाती है, तो संबंधित विक्रेता के विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के प्रावधानों के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी। किसी भी अनियमितता के लिए संबंधित उर्वरक विक्रेता स्वयं उत्तरदायी होगा।

# महोबा पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा जांची, धोखाधड़ी को रोकने के लिए चलाया चेकिंग अभियान

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जिले में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।

अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन-देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर अंकुश लगाना है। पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

# गोरखपुर में नए एसपी सिटी पाटिल निमिष दशरथ ने संभाली कमान

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** जनपद गोरखपुर को नया एसपी सिटी मिल गया है। वर्ष 2020 बैच के आईपीएस अधिकारी पाटिल निमिष दशरथ ने सोमवार को कार्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से एसपी सिटी का पदभार ग्रहण किया। मूल रूप से महाराष्ट्र के सोलापुर निवासी पाटिल इससे पहले गाजियाबाद में डीसीपी ट्रामा सेंटर के पद पर तैनात थे और वहां लगभग तीन वर्षों तक अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

पदभार ग्रहण करने के बाद एसपी सिटी पाटिल निमिष दशरथ ने कहा कि गोरखपुर में जनकेंद्रित पुलिसिंग (पीपुल्स सेंट्रिक पुलिसिंग) को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि आम जनता को पुलिस से बेहतर सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाएगा, जिससे किसी भी शिकायतकर्ता को बार-बार थाने या कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस का उद्देश्य केवल घटना के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि घटना होने से पहले ही अपराध पर अंकुश लगाना है। इसके लिए पुलिस टीम को सक्रिय और संवेदनशील तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए जाएंगे।

एसपी सिटी ने बताया कि हर शिकायत की गंभीरता से जांच की जाएगी और यदि कोई व्यक्ति अपराधी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार शिकायतें आपसी या जमीनी विवाद से जुड़ी होती हैं, जिनमें प्रशासन और न्यायालय की प्रक्रिया भी अहम होती है, इसलिए ऐसे मामलों में तथ्यों के आधार पर ही कार्रवाई की जाएगी।

# वरुणा होली महोत्सव में आए हुए कलाकारों ने फागुनी गीतों से लोगों का दिल जीता

**वाराणसी।** वरुणा शास्त्री घाट पर वरुणा होली महोत्सव रविवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कई जनपदों से आए हुए दर्जनों गायक कलाकार अपनी-अपनी फागुनी गीतों के माध्यम से काशी के जनता को एक साथ होली के पर्व में गले से गले लगने को किया मजबूर। कार्यक्रम के आयोजक अमरेंद्र प्रताप सिंह बताए गए कि, वरुणा होली महोत्सव को सुंदर तथा मजबूत बनाने के लिए विश्व हिंदू महासंघ भारत के वाराणसी जिला अध्यक्ष चंदन तिवारी जी का भरपूर सहयोग रहा। इसके अलावा सामाजिक और पत्रकारिता क्षेत्र के लोग भी इस महोत्सव को धूमधाम से मनाने पर अपना सहयोग प्रदान किया।

अमरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि,वरुणा होली महोत्सव का उद्देश्य एक ही मंच पर सभी लोग एक साथ इस पर्व को मनाना और भाईचारा कायम रखना मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने सहयोग के लिए प्रशासन को भी धन्यवाद दिया।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या अनुपमा सिंह लोधी ने सुनी महिलाओं की समस्याएं

**अवधनामा संवाददाता**

**बैठक में शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को दिए निर्देश**

**महोबा।** मा0 सदस्या, अनुपमा सिंह लोधी, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में महिला, बालिका उत्पीडन एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जनसुनवाई, समीक्षा बैठक सोमवार को तहसील सभागार, चरखारी में की गई । उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में 23 पीड़ित महिलाओं,बालिकाओं द्वारा शिकायती प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किये गये, जिसमें सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों द्वारा 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, अवशेष शिकायतों के निस्तारण के लिए मा0 सदस्या द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को यथोचित निस्तारण किये जाने के लिए आदेश दिये गये।

उक्त कार्यक्रम में सीमा कुशवाहा ब्लॉक प्रमुख चरखारी, धीरेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी चरखारी, दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी चरखारी, महन्त प्रजापति श्रम प्रवर्तन अधिकारी, डा0 सुनील सक्सेना चिकित्सा अधीक्षक महोबा, हर्षवर्धन नायक जिला प्रोबेशन अधिकारी, उपनिरीक्षक नेहा, उप निरीक्षक शिल्पी राजपूत, उप निरीक्षक, निकिता शुक्ला, महिला आरक्षी किरन, मधुबाला चौरसिया, सदस्य बाल कल्याण समिति महोबा, पवन कुमार राजपूत, कनिष्ठ सहायक, श्यामबाबू विश्वकर्मा, संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, रीता चौरसिया जेण्डर स्पेस्लिस्ट क्षमा, केन्द्र प्रबंधक, वन स्टॉप सेन्टर, श्रीमती अर्चना, केस वर्कर वन स्टॉप सेन्टर, अवधेश निरंजन, परामर्शदाता, दीपक कुमार, को-आर्डिनेटर चाइल्ड हेल्पलाइन, भुजवल सिंह आउटरीच वर्कर, महोबा के साथ-साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी सम्मान का आयोजन किया गया

**फर्रुखाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आकांक्षा समिति फर्रुखाबाद के तत्वावधान में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही महिलाओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम आफीसर क्लब फर्रुखाबाद में आयोजित किया गया । इस अवसर पर बोलते हुए आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ वन्दना द्विवेदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पूरे विश्व की महिलाओं के आत्मसम्मान को परिलक्षित करता है । हम सभी जानते हैं कि भारत में नारी का स्थान सदैव सर्वोच्च रहा है भारतवर्ष में इसकी महत्ता सदैव रही है' यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' प्रसिद्ध मनुस्मृति श्लोक में कहा गया है कि जहाँ नारियों का सम्मान और पूजा की जाती है, वहाँ देवता निवास करते हैं। यह केवल भारतीय संस्कृति में ही महिलाओं के उच्च स्थान और उन्हें शक्ति का प्रतीक मानने की परंपरा को दर्शाता है। वर्तमान समय शिक्षा और ज्ञान का है हम कोई भी कार्य करें अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं करें।

## झोपड़ी में लगी आग, घरेलू सामान जलकर राख



**सेवरही, कुशीनगर।** सेवरही थाना क्षेत्र के ग्रामसभा राजपुर बगहा के कचहरिया टोला में सोमवार की शाम करीब 6 बजे अज्ञात कारणों से लगी आग से तीन लोगों की झोपड़ियां जलकर राख हो गई। मिली जानकारी के अनुसार आग सच्चा यादव पुत्र नथुनी यादव, उदय भान निषाद पुत्र शिव पूजन चौधरी तथा हरेराम यादव पुत्र रामनाथ यादव की झोपड़ियों में लग गई। देखते ही देखते आग ने झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उनमें रखा दैनिक उपयोग का सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंच गए और सामूहिक प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों की तत्परता से आग को फैलने से रोक लिया गया, जिससे अन्य घरों को नुकसान होने से बचाया जा सका।

## तेज रफ्तार से अनियंत्रित हुई स्कूल बस गड्ढे में उतरी, बाल-बाल बचे बच्चे, अभिभावकों में आक्रोश



**गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र में सोमवार को बच्चों को घर छोड़ने जा रही एक स्कूल बस हादसे का शिकार होते-होते बच गई। भैसहा और नेवादा के बीच तेज रफ्तार के कारण चालक का बस पर से नियंत्रण बिगड़ गया और बस सड़क किनारे बने गड्ढे में उतर गई। बस के गड्ढे में उतरते ही उसमें सवार बच्चों में चीख-पुकार मच गई। गनीमत रही कि बस पलटी नहीं, अन्यथा बच्चों से भरी बस में बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग और अभिभावक मौके पर पहुंच गए और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। बताया जाता है कि स्कूल की छुट्टी के बाद बस बच्चों को घर छोड़ने निकली थी। निर्धारित समय से करीब 40 मिनट तक बस नहीं पहुंचने पर अभिभावक चिंतित हो उठे और बच्चों के बारे में जानकारी लेने लगे। इसी दौरान पता चला कि बस सड़क से नीचे खेत की तरफ बने गड्ढे में उतर गई है। घटना की सूचना मिलते ही अभिभावकों में नाराजगी फैल गई। अभिभावकों का आरोप है कि वे हर महीने बच्चों की फीस देते हैं, इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर रहा है और अप्रशिक्षित चालकों से बस चलवाई जा रही है।

## अलीगढ़ से बल्लवगढ़ जा रही बुधविहार डिपो की बस में 62 सवारी बिना टिकट पकड़ी, जीएम प्रवर्तन ने की कार्यवाही

**अलीगढ़।** अलीगढ़ से बल्लवगढ़ जा रही बुधविहार डिपो की बस संख्या यूपी 78 एलएन 2671 जो अपने निर्धारित समय से जा रही थी। जिसमे की लगभग 72 सवारी सवार थी। जिसमे की 62 सवारी बिना टिकट पकड़ी गई। यह सारी कार्यवाही एक शिकायत पर लखनऊ से आए जीएम प्रवर्तन गौरव वर्मा द्वारा की गई। जानकारी अनुसार मुख्यालय को बराबर शिकायत मिल रही थी कि इस रूट पर जाने वाली लगभग सभी बसों की परिचालक यह खेल कर रहे हैं। आखिरकार सोमवार को बुधविवार डिपो की यह बस पकड़ में आया। बस के चालक मिथुन कुमार और परिचालक जगदीश गौतम बिना टिकट सवारियों को पैसा लेकर पुराने समय से कर रहे हैं। इस कार्य में बुधविहार डिपो के एआरएम, क्षेत्रीय प्रबंधक, आरएम स्काउट की चेकिंग गाडियां जिसमें की टी आई व आर आई चेकिंग करते हैं। और बिना टिकट यात्रा करवाने में परिचालकों की मदद करते चले आ रहे हैं। चौकाने वाली बात यह है कि एमडी स्कॉट में लगी गाड़ी यूपी 32 एएच 3159, यूपी 32 केएच 3160 पर सवार चेकिंग स्टाफ इस रूट पर पहले भी बिना टिकट गाडियां पकड़ चुके परंतु भ्रष्टाचार इतना बड़ गया है कि जितनी सवारी बिना टिकट पकड़ी जाती हैं उतनी ही रकम लेकर मामला रफा दफा करने का खेल चल रहा है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा का 1 वर्ष पूर्ण होने पर मलाएं पहनाकर मिष्ठान वितरण किया गया

**अवधनामा संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा के जिला अध्यक्ष कार्यकाल को 1 वर्ष पूर्ण होने पर आवास विकास स्थित भाजपा मुख्यालय पर पार्टी के वरिष्ठ नेता पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण एकत्रित हुए सभी ने भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा को 1 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने पर शुभकामनाएं दी एवं कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया एवं मिष्ठान वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा भाजपा में ही सामान्य से सामान्य कार्यकर्ताओं का सम्मान है सामान्य से सामान्य कार्यकर्ता भी बड़े-बड़े दायित्वों का निर्वहन कर सकता है ऐसा सिर्फ भाजपा संगठन में ही संभव है मुझ जैसे एक छोटे से कार्यकर्ता को संगठन का नेतृत्व देकर जन सेवा करने का अवसर दिया है। कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के लिए सदैव में तत्पर खड़ा रहूंगा कार्यकर्ताओं को आगामी 2027 का विधानसभा चुनाव पूरी ताकत के साथ पार्टी को जिताना होगा संगठन का एक-एक कार्यकर्ता आगामी कार्यक्रमों में पूर्ण सहभागिता देकर संगठन को मजबूत करने का कार्य करें आगामी मंडलों में होने वाले प्रशिक्षण वर्ग में शत प्रतिशत कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित होनी चाहिए जिससे नवीन दायित्व वाले कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा और नीतियों के बारे में जानकारी मिलेगी जल्द ही जिला कमेटी की घोषणा के बाद जिला स्तर पर भी प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा।

भाजपा एकमात्र ऐसा दल है जहां पर प्रत्येक वर्ग को नेतृत्व करने का अवसर मिलता है कार्यकर्ता आधारित संगठन पार्टी की रीढ होती है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर अनुशासन के साथ संगठन को मजबूत करते हुए 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का सपना साकार करें।

# आरटीओ द्वारा स्कूली वाहन सीज, छात्र-छात्राओं को सुरक्षित रूप से विद्यालय परिसर में उतारा गया

**वाराणसी।** जनपद वाराणसी में अनफिट एवं बिना परमिट संचालित स्कूल वाहनों के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 5 स्कूल वाहनों को सीज किया गया तथा 12 वाहनों का चालान किया गया। यह अभियान सुधांशु रंजन, ए.आर.टी.ओ. (प्रवर्तन), वाराणसी के नेतृत्व में संचालित किया गया। जिसमें अखिलेश पांडेय, यात्रीकर अधिकारी, वाराणसी की सक्रिय सहभागिता रही।

अभियान के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी अनफिट अथवा बिना परमिट संचालित स्कूल वाहन प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान बचकर न निकल सके। विभाग द्वारा विशेष सावधानी बरतते हुए जिन वाहनों को सीज किया गया, उनमें सवार छात्र-छात्राओं को पहले सुरक्षित रूप से विद्यालय परिसर में उतारा गया, तत्पश्चात ही वाहन के विरुद्ध कार्यवाही की गई, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा प्रभावित न हो।

# जरूरतमंदों के सहयोग लिए सम्मानित हुए प्रवीण कुमार श्रीवास्तव

**अवधनामा संवाददाता**

**'प्रयास एक परिवर्तन का' की जा रही अनवरत सेवा सराहनीय : महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव**

**गोरखपुर ।** मैरिज हाउस ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित होली मिलन एवं सम्मान समारोह में जन सेवा संस्थान न्यास द्वारा प्रयास एक परिवर्तन का परिवार के प्रवीण कुमार श्रीवास्तव को शहर के महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव ने श्री विपिन सिंह, विधायक ग्रामीण क्षेत्र के साथ, मचासीन फादर साबू,श्री पुष्प दंत जैन, सरदार जसपाल सिंह, एस ए रहमान, सुनील त्रिपाठी, संजय श्रीवास्तव, मदन अग्रहरि, नितिन जायसवाल एवं अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि संस्था अब तक 9.50 लाख से ज्यादा जरूरतमंदो का यथा संभव सहयोग बिना किसी सरकारी अनुदान के, केवल समाज एवं स्वयं के सहयोग से,कर चुकी है। साथ साथ संस्था प्रमुख प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने कोविड काल में विश्व में कोरोना संक्रमण से शान्ति के लिए 411 दिन के उपवास के साथ साथ कोविड से प्रभावित लोगों के लिए पूरे लॉक डाउन में सेवा कार्य किया।संस्था की अनवरत जारी सेवा सराहनीय है। एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री एस ए रहमान ने कहा कि प्रवीण कुमार श्रीवास्तव समाजिक सद्भावना के लिए भी हमेशा कार्यरत रहते हैं, इनके द्वारा सिक्ख समाज की प्रभात फेरी का अपने आवास पर स्वागत, रमजान में रोजा इफ्तार, खिचड़ी में सुबह 4.30 बजे से श्रद्धालुओं में चाय रस्क खिचड़ी का वितरण एवं सहभोज, अक्षय नवमी में भिन्न भिन्न धर्म संप्रदाय से जुड़े लोगों का सहभोज कर समाज में आदर्श प्रस्तुत कर रहे हैं, हम सभी इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर संस्था के पूर्व पदाधिकारी काफ़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मिल्कीपुर में जल्द बनकर तैयार होगा आधुनिक उप निबंधक कार्यालय



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा अयोध्या जनपद में तेजी से हो रहे विकास कार्यों की एक और कड़ी जुड़ गई है। तहसील मिल्कीपुर में नए उप निबंधक कार्यालय (सब रजिस्ट्रार ऑफिस) का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। यह कार्यालय आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जिसकी कुल अनुमानित लागत 2.28 करोड़ रुपये है। यह परियोजना स्थानीय लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी, क्योंकि वर्तमान में उप निबंधक कार्यालय अस्थायी व्यवस्था में सिंचाई विभाग के भवन में संचालित हो रहा है, जहां पहुंचना और सुविधाएं दोनों ही सीमित हैं।जानकारी के अनुसार यह निर्माण कार्य 11 सितंबर 2024 को शुरू हुआ था। आवास विकास परिषद (उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद) अयोध्या की निर्माण इकाई-चार इसकी जिम्मेदारी संभाल रही है। कार्यालय का निर्माण सिविल, विद्युत, जलापूर्ति, सेनिटरी और बाह्य विकास कार्यों सहित पूर्ण रूप से आधुनिक मानकों पर किया जा रहा है। परिसर में ट्यूबवेल, पंप रूम, बाउंड्री वॉल, एमएस गेट, टॉयलेट ब्लॉक, कैंटीन, शेड, सोलर जनरेटर सिस्टम, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग रोड, आंतरिक ड्रेन, स्टॉर्म वाटर ड्रेन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, बाह्य विद्युतीकरण, मिट्टी भराई और बाह्य विद्युत कनेक्शन जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। फायर फाइटिंग सिस्टम और आंतरिक विद्युतीकरण की सुविधाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि कार्यालय न केवल सुविधाजनक बल्कि सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल भी बने। जनसुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए डिजाइन किया गया यह परिसर आम जनता की रजिस्ट्री, प्रॉपर्टी संबंधी कार्यों को आसान और तेज बनाने में मददगार साबित होगा।मिल्कीपुर तहसील में 1995 से तहसील मुख्यालय स्थापित होने के बाद से उप निबंधक कार्यालय अस्थायी रूप से चल रहा था, जिसके कारण लोगों को कई असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। सड़क पर जलभराव, कीचड़ और पहुंच की समस्या आम थी। नया कार्यालय इन सभी समस्याओं का स्थायी समाधान प्रदान करेगा।डीएम निखिल टीकाराम फुण्डे ने बताया कि परियोजना की समय-सीमा निर्धारित है। निर्माण कार्य को 31 मार्च 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके बाद कार्यालय पूर्ण रूप से चालू हो जाएगा, जिससे मिल्कीपुर और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। स्थानीय लोग इस विकास से उत्साहित हैं और इसे अयोध्या के समग्र विकास का हिस्सा मान रहे हैं।

## हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल बने समाजसेवी हनुमान सोनी, नया स्वर्ग विमान जनता को समर्पित

**गोसाईगंज (अयोध्या)। (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र के समाजसेवी हनुमान सोनी ने मानव सेवा और सामाजिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए नया स्वर्ग विमान (शव यात्रा वाहन) गोसाईगंज क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। इस पहल को हिंदू-मुस्लिम एकता और समाज सेवा का प्रतीक माना जा रहा है। बताया जाता है कि इससे पहले भी उनके सहयोग से एक स्वर्ग विमान लंबे समय से क्षेत्र के लोगों की सेवा कर रहा था, लेकिन समय के साथ वह पूरी तरह निष्प्रयोज्य हो गया था। इसके बाद हनुमान सोनी ने बिना किसी औपचारिकता और दिखावे के नया वाहन तैयार करवाकर उसे जनहित में समर्पित कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हनुमान सोनी का व्यक्तित्व सेवा और मानवता का प्रतीक है। वह हमेशा समाज के सभी वर्गों के लिए बिना किसी भेदभाव के सेवा कार्य करते रहते हैं।

# महंगाई व गैस सिलेंडर की कमी के विरोध में सपा महिला सभा का धरना

*अवधनामा संवाददाता*




**अयोध्या।** बढ़ती महंगाई, रसोई गैस सिलेंडर के लगातार बढ़ते दाम, सिलेंडर की कमी और कालाबाजारी के विरोध में समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सोमवार को धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन को सिटी मजिस्ट्रेट संजीव उपाध्याय ने प्राप्त किया। धरना-प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव ने कहा कि आज महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। रसोई गैस सिलेंडर के दाम लगातार बढ़ रहे हैं और कई स्थानों पर सिलेंडर की भारी कमी भी देखने को मिल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सिलेंडरों की कालाबाजारी के कारण आम लोगों को पर्ची लेकर घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है, इसके बावजूद समय पर सिलेंडर नहीं मिल पाता। उन्होंने सरकार से मांग की कि गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाई जाए और पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि केवल गैस ही नहीं, बल्कि दवाइयों, खाद्य सामग्रियों और किसानों से जुड़े आवश्यक संसाधनों के दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं। इससे आम जनता, विशेषकर महिलाओं की रसोई पर सीधा असर पड़ रहा है। सरकार की नीतियों के कारण गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्गीय परिवारों का जीवन कठिन होता जा रहा है। सरकार को महंगाई पर तत्काल नियंत्रण कर आम जनता को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।इस अवसर पर समाजवादी महिला सभा की महासचिव डॉ. निषाद अख्तर, कोषाध्यक्ष पूनम यादव, उपाध्यक्ष राजकुमारी कोरी, यशोमती कोरी, कांति रावत, बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष रीता निषाद, पूजा वर्मा, प्रदेश सचिव श्रेया पटेल, कविता, अर्चना, पूनम, जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश यादव, मजदूर सभा के उपाध्यक्ष महेश सोनकर, प्रदेश सचिव पवन यादव, कुणाल यादव, रत्नेश जायसवाल, राजबली यादव सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता, कार्यकर्ता और महिलाएं मौजूद रहीं।

## नगर निगम ने अयोध्या में छेड़ा विशेष स्वच्छता अभियान



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगामी 19 मार्च को अयोध्या आगमन के मद्देनजर नगर निगम ने सोमवार को विशेष सफाई अभियान छेड़ दिया। यह अभियान आगामी 20 मार्च तक जारी रहेगा।

महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के नेतृत्व में राम की पैड़ी से विशेष सफ़ाई अभियान की शुरुआत की गई। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि सुबह 8:00 बजे शुरू हुए सफाई अभियान में बड़ी तादाद में नगर निगम के कर्मचारी और स्वयंसेवी संस्थाओं से जुड़ी महिलाएं भी शामिल रहीं। सफाई अभियान पूरी रामकीपैड़ी, सरयूघाट, नागेश्वर नाथ तथा आसपास के मंदिरों के आसपास चला। नगर आयुक्त ने पेयजल व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रामकी पैड़ी एवं आसपास लगाए गए वाटर एटीएम व वाटर क्याक्स के आसपास विशेष सफाई रखने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ एवं भारत भार्गव, महाप्रबंधक जलकर सौरभ श्रीवास्तव, जोनल अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, सहायक अभियंता सिविल राजपति यादव तथा अन्य लोग शामिल रहे। अधिकारियों ने महामहिम राष्ट्रपति के आवागमन मार्ग का भी निरीक्षण कर सफाई, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## महिला दिवस पर 51 मातृ शक्तियों का हुआ सम्मान

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** अयोध्या पब्लिक सेवा संस्थान द्वारा 15 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 51 मातृ शक्तियों को सम्मानित किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के योगदान को सम्मान देना तथा समाज में उनकी भूमिका को और अधिक सशक्त बनाना है। साथ ही होली के पावन पर्व के अवसर पर आपसी भाईचारा, प्रेम और सामाजिक एकता का संदेश भी दिया गया।कार्यक्रम में क्षेत्र की कई विशिष्ट महिलाओं को आमंत्रित किया गया था।

## जर्मनी में अंतरराष्ट्रीय युवा राजनीतिक नेतृत्व कार्यक्रम में प्रतिभाग



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह ने जर्मनी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय युवा राजनीतिक नेतृत्व कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम जर्मनी की प्रसिद्ध संस्था कोनराड एडेनॉयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें एशिया के विभिन्न देशों से आए युवा राजनीतिक एवं सामाजिक नेतृत्वकर्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने जर्मनी के फ्रैंकफर्ट, मैनहाइम तथा स्टटगार्ट नगरों का भ्रमण किया और बाडेन-वुर्टेमबर्ग राज्य की चुनावी प्रक्रिया को निकट से समझने का अवसर प्राप्त किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने जमीनी स्तर पर होने वाले चुनाव प्रचार, मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं तथा वहां के जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों और विद्यार्थियों के साथ संवाद के माध्यम से जर्मनी की लोकतांत्रिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली को समझा। कार्यक्रम के दौरान युवा सहभागिता, संघीय शासन व्यवस्था तथा आधुनिक लोकतंत्र में नेतृत्व की भूमिका जैसे विषयों पर चर्चा हुई। स्टटगार्ट में आयोजित बैठकों में बाडेन-वुर्टेमबर्ग की अंतरराष्ट्रीय सहयोग संस्था, विदेश संबंध संस्थान, स्टटगार्ट नगर प्रशासन के अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग तथा बाडेन-वुर्टेमबर्ग राज्य मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ भी मंथन हुआ। इन बैठकों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग, क्षेत्रीय कूटनीति तथा बाडेन-वुर्टेमबर्ग की एशिया-प्रशांत क्षेत्र से जुड़ी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।

हर्षवर्धन सिंह ने भारत और बाडेन-वुर्टेमबर्ग के बीच औद्योगिक सहयोग की संभावनाओं पर भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि भारत का मजबूत औद्योगिक तंत्र और कुशल मानव संसाधन, यदि बाडेन-वुर्टेमबर्ग की नवाचार क्षमता, इंजीनियरिंग कौशल और उन्नत विनिर्माण तकनीक के साथ जुड़े, तो दोनों क्षेत्रों के लिए नए अवसर उत्पन्न हो सकते हैं।

## तहसील परिसर की सुरक्षा के लिए लगेंगे दो नए गेट, शुद्ध पेयजल के लिए लगेंगे दो आरओ

**रुदौली अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** नगर पालिका परिषद रुदौली के अधिशासी अधिकारी ने तहसील परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और आमजन की सुविधा बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके तहत तहसील परिसर में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए दो नए गेट (द्वार) लगवाए जाएंगे, जिससे परिसर में आने-जाने वाले लोगों की आवाजाही पर बेहतर निगरानी रखी जा सकेगी और अनावश्यक आवागमन पर भी नियंत्रण होगा। इसके साथ ही तहसील परिसर में आने वाले अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और दूर-दराज से आने वाली आम जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए दो आरओ (आरओ वाटर प्लांट) भी स्थापित किए जाएंगे। इससे लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल आसानी से मिल सकेगा।नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि इन व्यवस्थाओं के लागू होने से तहसील परिसर अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बनेगा, साथ ही आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। स्थानीय लोगों और अधिवक्ताओं ने भी इस पहल की सराहना की है।

## दिलासीगंज श्मशान घाट पर जल्द होगा विद्युतीकरण, सांसद लालजी वर्मा ने निधि से भुगतान का दिया आश्वासन

**गोसाईगंज अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** मया-टांडा संपर्क मार्ग स्थित दिलासीगंज अंत्येष्टि स्थल पर जल्द ही बिजली की रोशनी की व्यवस्था होने की संभावना बढ़ गई है। विद्युतीकरण होने के बाद रात के समय भी जरूरतमंद लोग अपने परिजनों की अंत्येष्टि कर सकेंगे।

गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद के अनुरोध पर अंबेडकरनगर के सांसद लालजी वर्मा ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में अपनी सांसद निधि से इस कार्य के लिए प्रस्तावित धनराशि का भुगतान कराने का आश्वासन दिया है। बताया जाता है कि श्मशान घाट पर रात में अंत्येष्टि के दौरान होने वाली कठिनाइयों को देखते हुए इस संबंध में मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री, मंडलायुक्त व जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को पत्र भेजकर यहां विद्युतीकरण व सोलर पैनल लगाने की मांग की गई थी। इसके बाद दिलासीगंज विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता राकेश कुमार द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर करीब 6 लाख 84 हजार रुपये का एस्टीमेट तैयार किया गया। इसी एस्टीमेट के भुगतान की मांग को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को अंबेडकरनगर स्थित सांसद लालजी वर्मा के आवास पर पहुंचकर जनहित में सांसद निधि से भुगतान करने का अनुरोध किया। इस पर सांसद ने आश्वस्त किया कि वर्ष 2026-27 में अपनी निधि से एस्टीमेट का भुगतान कराया जाएगा। इस दौरान पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राम सागर वर्मा, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के नगर अध्यक्ष हेमंत कसौधन, अंतरराष्ट्रीय भागवत कथा प्रवक्ता राधेश शास्त्री, राज मोहन पटेल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## नगर पंचायत गोसाईगंज में होगा GIS सर्वे व जनगणना अभियान

**गोसाईगंज, अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** नगर पंचायत गोसाईगंज में जल्द ही त्वढ्ढस् सर्वे प्लस जनगणना अभियान शुरू होने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य को लेकर नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी सीमा राय ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा है कि सभी लोग इस सर्वे में बढ़-चढ़कर सहयोग करें और टीम द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सही-सही उत्तर दें, ताकि नगर का सही आंकड़ा तैयार किया जा सके और विकास योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू किया जा सके। अधिशासी अधिकारी सीमा राय ने बताया कि यह सर्वे नगर पंचायत के विकास और योजनाओं के सही क्रियान्वयन के लिए बेहद जरूरी है। इस अभियान के माध्यम से नगर क्षेत्र के घरों, जनसंख्या, संसाधनों और अन्य जरूरी जानकारियों को त्वढ्ढस् तकनीक के जरिए डिजिटल रूप में दर्ज किया जाएगा, जिससे भविष्य में नगर के विकास कार्यों की योजना बनाना आसान होगा।

## रामकथा सागर तो कृष्ण कथा जीवों का आकर्षण: पंडित ध्रुव महाराज जी

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** गोशाईंगंज नगर से सटे सरैया हांसापुर गांव में चल रही चतुर्थ दिवस की भागवत कथा में आचार्य ध्रुव महाराज जी ने बताया कि श्री राम जैसा कोई पुत्र नहीं हुआ, वशिष्ठ जैसा कोई गुरु नहीं हुआ, दशरथ जैसा कोई पिता नहीं हुआ, कौशल्या जैसी कोई माता नहीं हुई, श्रीराम जैसा कोई पति नहीं हुआ, सीता जैसी कोई पत्नी नहीं हुई, भरत जैसा कोई भाई नहीं हुआ, और रावण जैसा कोई शत्रु नहीं हुआ। रामकथा तो सागर जैसी है और श्री कृष्ण की कथा सभी प्रकार के जीवों को आकर्षित करती है। सामान्यतः जीवों के चार भेद हैं- पामर, विषयी, मुमुक्षु और मुक्त। कृष्ण कथा योगी और भोगी दोनों को आनंद देती है।

## भारतीय जनता पार्टी देवकाली मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के देवकाली मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सर्किट हाउस सभागार में सोमवार को प्रारम्भ हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी की रीति-नीति, संगठन की कार्यप्रणाली तथा जनसेवा की भावना पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं और संगठन की विचारधारा को पहुंचाने का कार्य करता है।

प्रशिक्षण शिविर के प्रथम सत्र में पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र ने पार्टी के विकास और इतिहास पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन वर्षों के संघर्ष, समर्पण और राष्ट्रवादी विचारधारा के आधार पर मजबूत हुआ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

द्वितीय सत्र में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बूथ प्रबंधन विषय पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि बूथ संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है और प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने बूथ को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करना चाहिए।

इसके बाद पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की शक्ति उसकी विचारधारा और राष्ट्रवाद की भावना में निहित है, जो कार्यकर्ताओं को निरंतर समाजसेवा के लिए प्रेरित करती है।प्रशिक्षण शिविर में शैलेन्द्र कोरी, प्रतिमा शुक्ला, हेमंत जायसवाल, शशि प्रताप सिंह, शुभम्[ श्रीवास्तव, आलोक द्विवेदी, अशोका द्विवेदी, शकुंतला गौतम, नीलम सिंह मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गुरुपद सम्भव बाबा के प्राकट्य दिवस पर सेवा कार्य

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** श्री सर्वेश्वरी समूह संस्थान द्वारा पूज्य औघड़ गुरु पद सम्भव बाबा के प्राकट्य दिवस पर सेवा कार्य किए गए। युवा सेवकों ने वृद्धाश्रम और अंध विद्यालय में फल, बिस्किट व दैनिक उपयोग की सामग्री वितरित की।संध्या समय दीप प्रज्वलित कर पूजन-अर्चन किया गया तथा गुरुदेव के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई। कार्यक्रम का संयोजन शुभम सिंह ने किया।

## रिश्तों की पंचायत बनी खून की महापंचायत- दामाद ने सास-साले को उतारा मौत के घाट, पत्नी भी गंभीर

### बरेली में पंचायत के बीच खून की होली- दामाद का चाकू से तांडव, सास-साले की हत्या

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के रहपुरा चौधरी गांव में सोमवार को पारिवारिक विवाद सुलझाने के लिए बुलाई गई पंचायत अचानक खूनी वारदात में बदल गई। पंचायत के बीच एक युवक ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर अपनी सास और साले की हत्या कर दी, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। दिनदहाड़े हुई इस घटना से गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल फैल गया। गांव निवासी अफसर खान का अपनी 24 वर्षीय पत्नी शायमा से काफी समय से विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए सोमवार को गांव में रिश्तेदारों और ग्रामीणों की मौजूदगी में पंचायत बुलाई गई थी, ताकि मामला आपसी सहमति से सुलझाया जा सके। लेकिन पंचायत के दौरान ही किसी बात को लेकर कहासुनी तेज हो गई। देखते ही देखते माहौल गरमा गया और तभी अफसर खान ने अचानक गुस्से में आकर अपने पास रखा चाकू निकाल लिया। आरोप है कि अफसर खान ने गुस्से में आकर सबसे पहले अपनी सास आसमा (45) और साले आदिल (19) पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। दोनों लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी शायमा भी हमले की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। अचानक हुए हमले से पंचायत में मौजूद लोग सन्न रह गए। जब तक लोग कुछ समझ पाते, वारदात हो चुकी थी। घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद आसमा और आदिल को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल शायमा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है और डॉक्टर उसे बचाने की कोशिश कर रहे हैं। दिनदहाड़े हुए इस दोहरे हत्याकांड से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू कर दी। गांव में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए, जिससे कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया।

# तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर प्रशिक्षण का शुभारंभ




*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय चौक में सोमवार त्रिदिवसीय रोवर-रेंजर्स प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। मुख्य डॉ हरिन्द्र यादव, प्रधानाचार्य दिग्विजयनाथ इंटर कॉलेज चौक बाजार ने ध्वजारोहण करके शिविर की शुरुआत की। शिविर में मां सरस्वती के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण और पुष्पार्चन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामपाल यादव ने किया तथा छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। उद्घाटन अवसर पर अतिथियों को स्कार्फ पहन कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण की आवश्यकता पर अपना मार्गदर्शन दिया तथा मुख्य अतिथि ने बच्चों को आशीष देते हुए बताया कि स्काउटिंग जीवन जीने की कला सिखाती है। प्रशिक्षण शिविर का संचालन उमेश कुमार गुप्त ने किया तथा सहयोगी प्रशिक्षक रोहन कुमार यादव रहे। प्रथम दिन रोवर्स रेंजर्स को नियम प्रतिज्ञा, झंडा गीत, चिन्ह सेल्यूट, बाया हाथ मिलाना आदि प्रशिक्षण दिया गया।

## कांशीराम जयंती पर महाराजगंज में सुभासपा की शक्ति प्रदर्शन रैली

### ओमप्रकाश राजभर ने उठाया 50% महिला आरक्षण का मुद्दा

*अवधनामा संवाददाता*





**महराजगंज।** मान्यवर कांशीराम जयंती के अवसर पर सोमवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी द्वारा जिला कलेक्ट्रेट मैदान में आयोजित ÷सामाजिक समरसता महारैली÷ में भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। जनपद और आसपास के क्षेत्रों से आए करीब 50 हजार से अधिक लोगों ने महारैली में भाग लेकर सामाजिक एकता और बहुजन चेतना का संदेश दिया। महारैली में दलित, पिछड़े और वंचित समाज के साथ-साथ राजभर, निषाद, पाल, नाई, गोंड, प्रजापति, कुम्हार, लोहार, बंजारा सहित समाज के विभिन्न वर्गों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। हजारों कार्यकर्ता झंडे-बैनर के साथ जुलूस के रूप में कार्यक्रम स्थल पहुंचे, जिससे कलेक्ट्रेट मैदान पूरी तरह जनसमूह से भर गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के मंच पर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारों और तालियों के साथ उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत ब्राह्मण समाज के 100 से अधिक लोगों द्वारा शंखनाद के साथ हुई, जिससे पूरे वातावरण में उत्साह का माहौल बन गया। महारैली में मंच पर मान्यवर कांशीराम साहब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम साहब ने वंचित और पिछड़े समाज को राजनीतिक चेतना देकर सामाजिक न्याय की नई दिशा दी। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश राजभर ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक न्याय और समान अवसर ही सच्चे लोकतंत्र की पहचान हैं।

## 25 मार्च तक कोषागार में बिल जमा करने का निर्देश

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी ने जनपद के सभी आहरण एवं वितरण अधिकारियों (डीडीओ) को निर्देश दिया है कि 15 मार्च 2026 तक प्राप्त बजट के सापेक्ष सभी बिल निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अधिकतम 25 मार्च 2026 तक कोषागार में अवश्य प्रस्तुत कर दिए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि समय से बिल प्रस्तुत होने पर कोषागार द्वारा आवश्यक जांच के बाद बिलों की पासिंग और ई-पेमेंट के माध्यम से 31 मार्च 2026 तक भुगतान के लिए अधिकृत किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि 31 मार्च को पारित बिलों का भुगतान ई-पेमेंट के जरिए उसी दिन शाम 5 बजे तक ही ट्रांजेक्शन ऑथराइजेशन के माध्यम से किया जाएगा।

## साधु के वेश में 35 साल बाद लौटा पति पर 2.70 लाख ठगी का आरोप

### भंडारा पूरा होने पर 45 लाख देने का दिया था लालच

*अवधनामा संवाददाता*

**लक्ष्मीपुर (महराजगंज)।** लक्ष्मीपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत एकमा में ठगी का अनोखा मामला सामने आया है। करीब 35 वर्ष पहले लापता हुआ एक व्यक्ति साधु के वेश में वापस आया और खुद को महिला का पति बताकर परिवार को झांसे में ले लिया। आरोपी ने यज्ञ और भंडारे के नाम पर दो लाख सत्तर हजार रुपये ठग लिए और बाद में मोबाइल बंद कर फरार हो गया। पीड़िता गीता देवी, निवासी एकमा, ने पुरन्दरपुर थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उनके पति बालमुकुंद जायसवाल शादी के कुछ वर्षों बाद ही घर से लापता हो गए थे। करीब 35 साल बाद एक जनवरी 2026 को वह साधु के वेश में लक्ष्मीपुर पहुंचे और खुद को बालमुकुंद बताते हुए परिवार से मिले। अचानक पति के लौटने से परिवार के लोग खुश हो गए और उन्हें घर में ठहराया। बताया जा रहा है कि बालमुकुंद तीन दिन तक घर पर रहे। इस दौरान उन्होंने बताया कि वह कोलकाता में एक बड़ा यज्ञ और भंडारा करा रहे हैं, जिसमें काफी खर्च हो रहा है। उन्होंने परिवार से कहा कि यज्ञ पूरा होने के बाद उन्हें 45 लाख रुपये प्राप्त होंगे, जिसे वह परिवार को दे देंगे। पति की बातों में आकर गीता देवी, उनके पुत्र गोविंद और बहू रेनू ने रिश्तेदारों और परिचितों से सहयोग लेकर ढाई लाख रुपये नकद दे दिए। इसके कुछ दिन बाद आरोपी ने मजबूरी बताकर 20 हजार रुपये गूगल पे के माध्यम से भी मंगा लिए। कुल 2.70 लाख रुपये लेने के बाद आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर लिया और उसका कोई पता नहीं चल सका। काफी प्रयास के बाद भी संपर्क न होने पर पीड़िता ने थाने पहुंचकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

# माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद में महिलाओं की समस्याओं पर आयुक्त सख्त

अवधनामा संवाददाता



**गोंडा।** मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील की अध्यक्षता में सोमवार को मंडल मुख्यालय स्थित आयुक्त कार्यालय में माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं की विशेष जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से आई चार महिलाओं ने अपनी समस्याएं मंडलायुक्त के समक्ष रखीं। मंडलायुक्त ने सभी प्रार्थनाओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा कहा कि महिलाओं की समस्याओं का निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाए।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम सुरती पुरवा, मौजा रामनगर तरतर, थाना कोतवाली देहात निवासी सूर्यकला देवी पत्नी भवानी भीख ने मंडलायुक्त को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके घर तक जाने वाला रास्ता गांव का सार्वजनिक मार्ग है, जो गांव से बाहर निकलता है। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों द्वारा उक्त सार्वजनिक रास्ते पर अवैध रूप से टीन शेड रखकर कब्जा कर लिया गया है, जिससे उनके परिवार को आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रार्थिनी ने बताया कि जब भी वह या उनका परिवार उस रास्ते से गुजरने का प्रयास करता है तो विपक्षीगण उन्हें लाठी लेकर मारने की धमकी देते हैं और रास्ते से गुजरने से मना करते हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उनके पति द्वारा पूर्व में भी प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी जा चुकी है, किंतु अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मंडलायुक्त ने उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि जांच कर आख्या मंडलायुक्त कार्यालय को प्रेषित करें।

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के लाभार्थियों को मिला आवास स्वीकृति पत्र

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराने की दिशा में कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) गोण्डा में किया गया। कार्यक्रम के दौरान योजना के पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया तथा बड़ी संख्या में लाभार्थियों को आवास निर्माण हेतु प्रथम किश्त की धनराशि भी उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर माननीय विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अकबाल बहादुर तिवारी, भाजपा महामंत्री राकेश कुमार तिवारी, आशीष त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी गई तथा आवास निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि आज जनपद के कुल 1121 पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत प्रथम किश्त की धनराशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से उनके बैंक खातों में भेजी गई है। इससे लाभार्थियों को अपने पक्के आवास के निर्माण कार्य को प्रारंभ करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर माननीय विधायक बावन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्का घर उपलब्ध कराने की केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के माध्यम से हजारों परिवारों को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने लाभार्थियों से आवास निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करने का आह्वान किया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभार्थियों को तकनीकी एवं अन्य आवश्यक सहयोग समय पर उपलब्ध कराया जाए, जिससे आवास निर्माण कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि प्रत्येक पात्र परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, उपजिलाधिकारी करनैलगंज/परियोजना अधिकारी डूडा नेहा मिश्रा, अंशिका श्रीवास्तव, डीसी डूडा कुलभूषण मित्र सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सीएचसी खेसरहा पर नही है एक्स रे प्लेट, अव्यवस्था देख बिफरे विधायक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले के सीएचसी खेसरहा पर कई महीनो से एक्स रे प्लेट नही है। एक्स रे प्लेट के अभाव में आम जनता काफी परेशान है। इस बात की पोल तब खुली जब सोमवार को शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी अपने घुटने का एक्स रे करवाने अस्पताल पहुंचे।

एमएलसी ने बताया की उनके घुटने में दर्द था। उन्होंने इस बीमारी की जांच कराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेसरहा गए। वहा एक्स रे टेक्नीशियन द्वारा उनके घुटने का एक्स रे किया गया और बताया गया की अस्पताल पर एक्स रे प्लेट नही है। मोबाइल में फोटो खींच लीजिए और इसे डाक्टर को दिखाइए जिससे इलाज हो सके। अस्पताल पर घोर अव्यवस्था को देखकर शिक्षक विधायक काफी रोष प्रकट किया और समस्या की शिकायत उच्चाधिकारियों से करने के साथ सदन में भी उठाने की बात कही है। उन्होंने कहा की उनके द्वारा जनपद में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सदन में प्रश्न उठाया गया था जिसके क्रम में 14 मार्च को स्वास्थ्य मंत्री का जिला मुख्यालय पर आगमन हुआ था। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ विभाग के उच्चाधिकारियों की बैठक की थी जिसमे स्वास्थ्य व्यवस्था की समीक्षा की गई थी। शिक्षक विधायक ने बताया की इस बैठक में सीएचसी खेसरहा के अधीक्षक द्वारा अस्पताल पर सभी सुविधाओं के चुस्त दुरुस्त होने की बात कही गई थी। बावजूद इसके एक दिन बाद ही अस्पताल पर एक्स रे प्लेट उपलब्ध नहीं है। जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण सरकार द्वारा आम जन के लिए प्रदत्त स्वास्थ्य सुविधा का भरपूर लाभ लोगो को नही मिल पा रहा है जो की चिंता के साथ जांच का विषय है।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने लोटन थाने का किया निरीक्षण

- क्षेत्र में रात्रि गश्त और अधिक प्रभावी बनाने का निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**लोटन सिद्धार्थनगर।** सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद द्वारा वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कोतवाली लोटन का विस्तृत मुआयना किया गया। थाने पर आगमन के अवसर पर गार्द द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक को ससम्मान सलामी दी गई।निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने के महत्वपूर्ण अभिलेखों, विशेषकर अपराध रजिस्टर,हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर और मालखाना रजिस्टर का गहन अवलोकन किया गया। समीक्षा के दौरान सभी महत्वपूर्ण अभिलेख पूर्णतः अपडेट और व्यवस्थित पाए गए। साथ ही उनके द्वारा थाना कार्यालय, मेस, महिला हेल्प डेस्क व साइबर हेल्प डेस्क बैरक और पुरुष महिला बंदी घर का भ्रमण कर स्वच्छता व्यवस्था को भी देखा गया। थाना परिसर में उच्च स्तरीय साफ-सफाई और अनुशासन देख अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रसन्नता व्यक्त की और बेहतर कार्यप्रणाली व कुशल प्रबंधन के लिए थानाध्यक्ष लोटन एवं उनकी टीम के कार्यों की सराहना की।

अपर पुलिस अधीक्षक ने दिनेश कुमार सरोज थानाध्यक्ष कोतवाली लोटन को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार पारदर्शिता और सजगता के साथ कार्य जारी रखा जाए। उन्होंने जनसुनवाई को प्राथमिकता देने और क्षेत्र में रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए ताकि आमजन में सुरक्षा का भाव बना रहे। निरीक्षण के दौरान उप निरीक्षक गोपाल यादव, उप निरीक्षक रविन्द्र यादव, रविन्द्र सिंह, सुदामा प्रसाद, रामदास, चौकी प्रभारी हरिवंशपुर सुरेन्द्र प्रताप सहित थाने का समस्त पुलिस बल मौजूद रहे।

# बांसी तहसील प्रशासन को भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** विभिन्न समस्याओं के मद्देनजर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की तहसील परिसर में आयोजित मासिक पंचायत तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के साथ सोमवार को संपन्न हुई।

तहसील अध्यक्ष घनश्याम चौरसिया के नेतृत्व में हुई पंचायत के बाद यूनियन के पदाधिकारियों ने एसडीएम को संबोधित किसानों व जनसमस्याओं से जुड़ा 10 सूत्रीय मांग पत्र नायब तहसीलदार को सौंपकर समाधान की मांग किया है। ज्ञापन में शहीद स्मारक पार्क तेजगढ़ की बाउंड्री वॉल की ऊंचाई बढाने व मरम्मत का कार्य, बांसी-धनी मार्ग के पटखौली चौराहे पर शहीद चंद्रशेखर आजाद स्मारक गेट बनवाने,आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा के लिए खेसरहा ब्लॉक के सकारपार चौराहे के पास नई गौशाला बनाने, राशन वितरण में प्रति यूनिट एक किलो कम देने की शिकायतों की जांच, किसानों की खतौनी में हिस्साकसी की त्रुटियों को कैंप लगाकर सुधारने, चेतिया गांव में पुरानी पानी की टंकी का मलबा हटाकर आवागमन बहाल कराने, गेहूं क्रय केंद्रों को तत्काल चालू कर सूची सार्वजनिक करने, तहसील में प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा कथित अवैध वसूली पर रोक लगाने तथा घरेलू गैस की कालाबाजारी रोककर पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग भी शामिल है।

समाधान न होने की स्थिति में यूनियन के पदाधिकारियों ने तहसील परिसर में पंचायत लगाकर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है।

# चकबंदी समस्याओं के समाधान हेतु ग्राम ककरही में 'ग्राम चौपाल' का सफल आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** चकबंदी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ डॉक्टर हृषिकेश भास्कर यशोद के कुशल नेतृत्व एवं जिलाधिकारी/जिला उप संचालक चकबंदी सिद्धार्थनगर के मार्गदर्शन में आज तहसील नौगढ़ के ग्राम ककरही में एक विशेष 'ग्राम चौपाल' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय ककरही के प्रांगण में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी/उप जिलाधिकारी, सिद्धार्थ नगर शशांक शेखर राय की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**जनसुनवाई एवं त्वरित निस्तारण:** चौपाल के दौरान ग्राम ककरही (तप्पा हाटा) में चकबंदी प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को बंदोबस्त अधिकारी द्वारा विस्तार से सुना गया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सभी जायज समस्याओं का त्वरित गति से निस्तारण किया जायेगा।ग्रामवासियों ने चकबंदी प्रक्रिया के अंतर्गत वरासत और बैनामों की कार्यवाही को पूर्ण करने की मांग रखी। इस पर संज्ञान लेते हुए बंदोबस्त अधिकारी ने मौके पर ही सहायक चकबंदी अधिकारी, नौगढ़ को निर्देशित किया कि इन प्रकरणों का तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। बैठक में ग्राम प्रधान कल्लू, चकबंदी समिति के सदस्य विकास कुमार, श्रीमती कान्ती देवी, सुखराम सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विभाग द्वारा समय-समय पर चलाई जा रही इन मुहिमों की सराहना की और वर्तमान चकबंदी प्रक्रिया के प्रति संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर सहायक चकबंदी अधिकारी, नौगढ़ राजेश मिश्र पेशी कानूनगो प्रदीप कुमार रणजीत प्रसाद व चन्द्र गोपाल चकबंदी कर्ता विवेक कुमार एवं अत्रिमणी त्रिपाठी चकबंदी लेखपाल सहित विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

**नोट:** यह चौपाल शासन की मंशा के अनुरूप चकबंदी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और कृषकों की समस्याओं को उनके द्वार पर ही हल करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

# रमजानुल मुबारक के आखिरी अशरे में बढ़ी इबादतों की रौनक

दानिश मेहदी



**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** रमजानुल मुबारक के तीसरे और आखिरी अशरे के रोजों की घड़ियां अब समाप्ति की ओर बढ़ रही हैं। जैसे-जैसे रमजान का मुकद्दस महीना अपने अंतिम दौर में पहुंच रहा है, वैसे-वैसे रोजेदार इबादत, तिलावत और दुआओं में ज्यादा समय बिता रहे हैं। मस्जिदों और घरों में इबादत का माहौल देखने को मिल रहा है और लोग अल्लाह की रहमत और मगफिरत की दुआ कर रहे हैं।

बताया जाता है कि रमजान के महीने में अल्लाह अपने बंदों को रोजा रखने की सब्र और हिम्मत अता करता है और हर रोजे का अज्र देने का वादा भी करता है। इसलिए इस मुकद्दस महीने के बचे हुए दिनों में ज्यादा से ज्यादा अल्लाह की बंदगी में समय बिताने की जरूरत है, क्योंकि इंसान के मरने के बाद उसके साथ जाने वाली सबसे बड़ी दौलत उसकी इबादत और नेक अमल ही होते हैं। शिया धर्मगुरु मौलाना रहबर सुल्तानी, इमामे जुमा जलालपुर ने रमजान के रोजों की अहमियत बताते हुए कहा कि कुरान-ए-पाक में अल्लाह ने अपने बंदों को नेकी का रास्ता दिखाया है। जो भी इंसान कुरान-ए-पाक की तिलावत करता है, उसके अंदर अच्छे और बुरे में फर्क करने की समझ पैदा हो जाती है। उन्होंने कहा कि मुकद्दस रमजान के रोजों के दौरान इंसान को भूख और प्यास जैसी परेशानियां भी ज्यादा महसूस नहीं होतीं। रमजान के दौरान की गई अल्लाह की इबादत रोजेदारों को नेक रास्ते पर चलने की सीख देती है। रोजा रखने से दिल को जो सुकून मिलता है, उसे शब्दों में बयान करना मुश्किल है।

# मां तिलिसरा देवी महाविद्यालय में छात्रों ने दी छात्रवृत्ति परीक्षा बड़ी संख्या में छात्रों ने लिया भाग

- बालिकाओं में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता व उत्साह स्पष्ट दिखा : डॉ सुधीर श्रीवास्तव
- 12 लाख 11 हजार की बंपर छात्रवृत्ति योजना, 1179 छात्रों ने दी प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति परीक्षा

दानिश मेहदी



**अम्बेडकरनगर।** भारत रत्न डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की जयंती (14 अप्रैल) के उपलक्ष्य में जनपद अम्बेडकरनगर के मां तिलेसरा देवी पीजी कॉलेज, भसड़ा टांडा में 'प्रतिभा खोज सम्मान छात्रवृत्ति योजना' के अंतर्गत आयोजित प्रवेश परीक्षा दिनांक 16 मार्च 2026 सोमवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कुल 12 लाख 11 हजार रुपये की छात्रवृत्ति राशि मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी। महाविद्यालय परिसर तथा शास्त्री औद्योगिक इंटर कॉलेज, कर्बला कासिमपुर जलालपुर में आयोजित इस परीक्षा में कुल 1179 परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। विशेष बात यह रही कि परीक्षा में छात्राओं की संख्या सर्वाधिक रही, जिससे शिक्षा के प्रति बालिकाओं की बढ़ती जागरूकता और उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिला। महाविद्यालय के प्रबंधक श्रीमती तारा देवी ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक सहयोग देकर उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं और उन्हें उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर करते हैं। महाविद्यालय के संरक्षक राम पूजन प्रजापति ने कहा कि संस्था का प्रयास है कि प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ने का उचित अवसर मिले, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को आकर्षक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। योजना के अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/ छात्राओं को 20 हजार रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को 15 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को 10 हजार रुपये का प्रतिभा सम्मान पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 1000 रुपये का प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की विशेष भूमिका रही और सभी के सहयोग से परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। संस्था द्वारा भविष्य में भी विद्यार्थियों के हित में ऐसे शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। प्रतिभा सम्मान छात्रवृत्ति योजना में शिक्षकों में डॉ सुनील कुमार वर्मा कार्यक्रम समन्वयक , अभिषेक पांडे, सुशील कुमार प्रमोद पटेल, अंशिका रानी , लक्ष्मी , शिव प्रकाश, इंद्रेश कुमार, परवेज अहमद संदीप कुमार डॉ रामपाल यादव कुमार शर्मा सूरज कुमार, संगीता, रूपा देवी, जूही वर्मा , नीतू वर्मा , अंशिका यादव, प्रियंका, आंचल वर्मा , रूबी वर्मा , कुलदीपा यादव, मीना , वंदना वर्मा , सोनम, उपासना, अनामिका कुमारी सहित समस्त स्टाफ सकुशल परीक्षा कराने में लगा रहा।

# रात में खेत में रखी सरसों की फसल में आग लगने से साल भर की मेहनत बर्बाद



**हजपुरा, अंबेडकरनगर।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में खेत में काटकर रखी सरसों की फसल में अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाने का मामला सामने आया है। आग लगने से किसान की तैयार फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। पीड़ित किसान ने थाना पुलिस को तहरीर देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार घटना बालाघाट के पास की बताई जा रही है। उसमापुर निवासी किसान अशोक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपने खेत में सरसों की फसल बोई थी। फसल पकने के बाद उसे काटकर खेत में गट्ठर बनाकर रखा गया था और मशीन से मड़ाई कराने की तैयारी चल रही थी। किसान के मुताबिक उसी खेत में गोबर के कंडों का भिटौरा भी रखा हुआ था। आरोप है कि देर रात अज्ञात लोग खेत में पहुंचे और सरसों के गट्ठरों के साथ कंडों के भिटौरे में आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और खेत में रखी पूरी सरसों की फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान का कहना है कि आग लगने से उसकी सालभर की मेहनत और हजारों रुपये की लागत बर्बाद हो गई। घटना के बाद उसने जलालपुर कोतवाली में लिखित तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## ज़मीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट दो गिरफ्तार

**हजपुरा, अंबेडकरनगर।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के कहरा सुलेमपुर गांव में जमीन के पुराने विवाद को लेकर रविवार को दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और तोड़फोड़ भी की। घटना में कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार कहरा सुलेमपुर गांव निवासी राजेश तिवारी और शिव प्रसाद त्रिपाठी के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी को लेकर दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश भी बनी हुई थी। रविवार दोपहर करीब दो बजे राजेश तिवारी पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोग लाठी-डंडों से लैस होकर शिव प्रसाद त्रिपाठी के घर पहुंच गए और घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान शिव प्रसाद पक्ष के कई लोग घायल हो गए। आरोप है कि हमलावरों ने दो बाइक, एक फ्रिज सहित अन्य घरेलू सामान में भी तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेजा। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## लकड़ी के चूल्हे पर बन रहा पीएमश्री विद्यालय में मिड-डे मील, रसोइया और बच्चे परेशान

**बांसी सिद्धार्थनगर।** विकास खंड बांसी के अंतर्गत पीएमश्री कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय अशोकनगर में इन दिनों सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मिड-डे मील' गैस सिलेंडर के अभाव में लकड़ी के चूल्हे पर पकाया जा रहा है। सोमवार को विद्यालय में बच्चों को लकड़ी के चूल्हे पर बना भोजन परोसा गया।धुएं से रसोइयों की सेहत पर संकट विद्यालय की रसोइया इंद्रावती, रामप्यारी, अनीता और सुनीता ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि गैस उपलब्ध न होने के कारण वे लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि चूल्हे से निकलने वाला घना धुआं उनकी आंखों में लगता है, जिससे उन्हें काफी जलन और शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रसोइयों का कहना है कि गैस सिलेंडर न मिलने से दैनिक कार्यों में भारी समस्या उत्पन्न हो रही है। सोमवार को विद्यालय के बच्चों को रोटी-सब्जी परोसी गई, जो लकड़ी के चूल्हे पर तैयार की गई थी। जहाँ एक ओर सरकार 'धुआं मुक्त रसोई' और 'उज्ज्वला योजना' जैसे अभियानों पर जोर दे रही है, वहीं पीएमश्री जैसे मॉडल स्कूल में लकड़ी के चूल्हे का प्रयोग व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है।

# हत्या के प्रयास के मामले में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता




**सेवरही, कुशीनगर।** सेवरही पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक चाकू भी बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जयन्त यादव के पर्यवेक्षण में वांछित अपराधियों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना सेवरही पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के मामले में नामजद तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार थाना सेवरही में दिनांक 14 मार्च 2026 को पंजीकृत मु0अ0सं0 60/2026 धारा 109 व 352 बीएनएस के तहत दर्ज मामले में वांछित अभियुक्त विशाल गुप्ता उर्फ रूद्रा (22 वर्ष) पुत्र उमेश गुप्ता निवासी राजपुर बगहा, सजाद अंसारी (21 वर्ष) पुत्र युसुफ अंसारी निवासी टिकुलिया तथा नियाज अंसारी (23 वर्ष) पुत्र सलीम अंसारी निवासी टिकुलिया को गिरफ्तार किया गया।तीनों अभियुक्तों को रविवार को शाम 7:37 बजे दमकला पुल के पास जिन बाबा रोड से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक चाकू भी बरामद किया है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक अनिल शर्मा (चौकी प्रभारी कस्बा सेवरही), उपनिरीक्षक मिथिलेश प्रजापति, हेड कांस्टेबल उमेश कुमार तथा कांस्टेबल मनोज यादव, धर्मेन्द्र यादव, किशन सिंह, अमित सिंह, राहुल आजाद, अजीत यादव और धर्मेन्द्र पाण्डेय शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय भेजा जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार घायल

**सेवरही, कुशीनगर।** सेवरही थाना क्षेत्र के ग्रामसभा तिवारीपट्टी स्थित देवांसी हॉस्पिटल के पास एक बाइक और साइकिल के बीच टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में साइकिल सवार व्यक्ति घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक रविवार की शाम लगभग 5 बजे उक्त बाजार स्थित मुख्य सड़क पर साइकिल से जा रहे दीनानाथ निषाद पुत्र विजयी निषाद, निवासी ग्रामसभा रामपुर बरहन के टोला नारायणपुर, थाना बरवापट्टी से एक तेज रफ्तार बाइक सवार की टक्कर हो गई।दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को उपचार के लिए तुरंत देवांसी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर घायल के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और उनका हालचाल लिया।

## बांसी नगर पालिका के 276 लाभार्थियों को मिली प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किश्त

**बांसी सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के दूसरे चरण के शुभारंभ के अवसर पर सोमवार को पूरे प्रदेश के साथ-साथ बांसी में भी उत्सव का माहौल रहा। प्रदेश भर में कुल 90 हजार परिवारों को डीबीटी के माध्यम से एक-एक लाख रुपये की प्रथम किश्त जारी की गई, जिसके क्रम में नगर पालिका परिषद बांसी में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका परिषद बांसी के अधिशासी अधिकारी जय प्रकाश सिंह यादव ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र के 276 लाभार्थियों के बैंक खातों में आवास निर्माण हेतु पहली किश्त के रूप में एक-एक लाख रुपये सफलतापूर्वक भेज दिए गए हैं। उन्होंने कहा 'यह समाज के वंचितों और गरीबों के लिए अत्यंत खुशी का अवसर है। इस योजना के माध्यम से उन परिवारों का अपने पक्के घर का सपना साकार होगा, जिनके पास अब तक छत नहीं थी।

# सरस मेले में मण्डलीय आकांक्षा समिति के अध्यक्ष, डीएम तथा सीडीओ ने की खरीदारी

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** जनपद में महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) गोण्डा द्वारा वेंकटाचार्य क्लब परिसर में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मण्डलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्ष गरिमा भूषण ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया। साथी सभी अधिकारियों ने उत्पादों की खरीदारी भी की। अतिथियों ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों का अवलोकन किया तथा उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रदर्शनी में महिलाओं द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, सिलाई-कढ़ाई के वस्त्र, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, खाद्य सामग्री, सजावटी उत्पाद एवं अन्य स्थानीय उत्पादों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने महिलाओं से संवाद कर उनके कार्यों, उत्पाद निर्माण की प्रक्रिया तथा विपणन से संबंधित अनुभवों की जानकारी प्राप्त की। मण्डलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती गरिमा भूषण ने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का एक प्रभावी माध्यम है। इस प्रकार के आयोजनों से महिलाओं को अपने उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का अवसर मिलता है, जिससे उनकी आय में वृद्धि होती है और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलता है।

## पाकिस्तान अफगानिस्तान युद्ध

इस समय लोगो का ध्यान इसराईल-ईरान युद्ध पर लगा हुआ है। पर एक युद्ध पाकिस्तान और अफगानिस्तान का भी चल रहा है। हालाकि पाक की तुलना में अफगानिस्तान की सैन्य ताकत बहुत कम है। पर युद्ध तो युद्ध ही होता है। पाकिस्तान अफगानिस्तान पर हवाई हमले कर रहा है जो अन्तरराष्ट्रीय नियमों और मानवाधिकारों के खिलाफ है। दोनो के बीच टकराव पिछले महीने 26 तारिख को शुरू हुआ। पाकिस्तान ने एक तरफा खुले युद्ध की घोषणा कर दी है। काबुल कान्धार सहित कई इलाकों में पाकिस्तान ने एयर स्ट्राइक की है। तालिबान का कहना है पाकिस्तान की तरफ से हवाई हमले हुये। जिसमें कई जाने गई। तालिबान की तरफ से भी हमले हो रहे है पर पाक के मुकाबले तालिबान की सैन्य ताकत बहुत कम है खासकर हवाई ताकत। जैसा की होता है किसी भी युद्ध की कीमत आम आदमी चुकाता है यही अफगानिस्तान में हो रहा है। दोनो तरफ के रहने वाले पहले से ही आतंक और गरीबी झेल रहे है।

दावों के मुताबिक पाकिस्तान के हमले में 150 से ज्यादा अफगानिस्तानियों की मौत हो चुकी है। इनमें ज्यादातर महिलायें और बच्चें है। यूएन के मुताबिक तकरीबन 1.15 लाख लोगो को अपना घर छोड़ना पड़ा है। तालिबान के वापसी 2021 में हुई इसके बाद से तालिबान और पाक के रिश्ते खराब होते होते इस स्टेज पर पहुंच गये है। पिछले साल अक्टूबर में भी दोनों में टकराव हुआ। पर हालात अब बहुत नाजुक हो गई है। अफगानिस्तान के सम्प्रभुता का पाक बार बार उलघंन कर रहा है। इसकी वजह से गम्भीर मानवीय संकट खड़ा हो गया है। पाकिस्तान अपनी नाकामियों का ठीकरा पड़ोसियों के सिर पर फोड़ने की आदत से मजबूर है। पाकिस्तान को भारत ने यूएनएससी में अन्तरराष्ट्रीय नियमों को लेकर लताड़ा है। संयुक्त राष्ट्र और बाकी जिम्मेदार लोगो को भी इस मामले में दखल देना चाहिये। दुनियां की बाकी लड़ाइयों की तरह ही अफगानिस्तान में भी महिलाओं और मासूमों की जिन्दगी दांव पर लगी हुई है। तालिबान शासन की वजह से इन्हें अकेला नहीं छोड़ा जा सकता है। यह लड़ाई पाकिस्तान के दोहरे चारित्र को उजागर करती है। पाक को जब जरूरत होती तो इस्लामिक देशों के बीच एकता का अपील करता है काम निकल जाने पर फिर उन्हीं में से किसी पर हमला कर देता है जैसे की इस समय कर रहा है। मानवीयता को लेकर पाकिस्तान की हमेशा भर्त्सना होती रहती है पर वह शिकायत यूफबन गया है सब दाये बाये करके झांडवा रहता है। पाकिस्तान में इस समय अशान्ती चल रही है। लोग भूखों मर रहे है, गरीबी निचले स्तर पर है। अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से कर्ज मिलने में भारी दिक्कत आ रही है। पाक 1947 में बना था आज तक वह अस्थिर ही है। जनता खाने के लिये जूझ रही है। जो कर्ज मिलता है वह पाक की शासकी सेना अपने पर लगा देती है।

**सत्तारूढ़ नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करने वाली ममता बनर्जी की सरकार के सामने सत्ता बनाए रखने की चुनौती है, वहीं विपक्ष अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। इस परिस्थिति में चुनाव आयोग की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वह मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाए रखे। दूसरी ओर केरल और तमिलनाडु की राजनीति भी अपने विशिष्ट स्वरूप के कारण चर्चा में रहती है। केरल में आमतौर पर सत्ता दो प्रमुख राजनीतिक मोर्चों के बीच बदलती रही है, जबकि तमिलनाडु की राजनीति क्षेत्रीय दलों के प्रभाव के लिए जानी जाती है।**

# राजनीतिक जंग के आगाज में लोकतांत्रिक मूल्य फिर दांव पर

भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं होते, बल्कि वे लोकतंत्र की परिपक्वता, जनविश्वास और राजनीतिक संस्कृति की परीक्षा भी होते हैं। जब किसी राज्य या क्षेत्र में चुनाव की घोषणा होती है तो स्वाभाविक रूप से राजनीतिक गतिविधियां तेज हो जाती हैं, आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता है और दल अपने-अपने एजेंडे को लेकर जनता के बीच पहुंचते हैं। किंतु इस पूरी प्रक्रिया के केंद्र



ललित गर्ग

में एक संस्था की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है- भारत का चुनाव आयोग। यही संस्था सुनिश्चित करती है कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा-मुक्त वातावरण में संपन्न हों। इस बार असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसे चार बड़े राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही देश की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इन पांचों स्थानों की कुल 824 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है और देश के 17.4 करोड मतदाताओं के मन एवं मानसिकता की जानकारी भी मिलेगी। पिछली बार की तुलना में इस बार मतदान कम चरणों में संपन्न कराया जा रहा है, जो प्रशासनिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण परिवर्तन माना जा सकता है। असम, केरल और पुडुचेरी में जहां 9 अप्रैल को मतदान प्रस्तावित है, वहीं तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं-पहले चरण में 23 अप्रैल को 152 सीटों पर और दूसरे चरण में 29 अप्रैल को 142 सीटों पर मतदान होगा। इन चुनावों की ओर पूरे देश की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि इनके परिणाम केवल इन राज्यों की राजनीति ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य को भी प्रभावित कर सकते हैं।



इन चुनावों का महत्व केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य की भी परीक्षा है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में लंबे समय से राजनीतिक संघर्ष और टकराव की स्थिति देखने को मिलती रही है। वहां सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के बीच तीखी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा है। इस प्रतिस्पर्धा के कारण कई बार चुनावी हिंसा और राजनीतिक तनाव की घटनाएं भी सामने आती रही हैं। इसलिए यह चुनाव केवल सत्ता की लड़ाई नहीं बल्कि यह भी एक कसौटी है कि क्या लोकतांत्रिक प्रक्रिया हिंसा और भय से मुक्त रहकर संपन्न हो सकती है। लोकतंत्र का मूल आधार यह है कि प्रत्येक मतदाता बिना किसी दबाव, भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इस आदर्श को बनाए रखना आसान नहीं है। चुनाव आयोग के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होती है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। इसके लिए आयोग को सुरक्षा बलों की तैनाती, मतदान केंद्रों की व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की सुरक्षा और मतदाता सूची की शुद्धता जैसे अनेक पहलुओं पर लगातार निगरानी रखनी पड़ती है। इसके अतिरिक्त राजनीतिक दलों और उनके कार्यकर्ताओं के आचरण पर भी नजर रखना जरूरी होता है ताकि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न हो।


इन चुनावों के संदर्भ में पश्चिम बंगाल विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है। लंबे समय से वहां राजनीतिक हिंसा और टकराव की घटनाएं सामने आती रही हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि इस बार वहां सत्ता परिवर्तन की संभावना के कारण राजनीतिक संघर्ष और तीखा हो सकता है। सत्तारूढ़ नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करने वाली ममता बनर्जी की सरकार के सामने सत्ता बनाए रखने की चुनौती है, वहीं विपक्ष अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। इस परिस्थिति में चुनाव आयोग की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वह मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाए रखे। दूसरी ओर केरल और तमिलनाडु की राजनीति भी अपने विशिष्ट स्वरूप के कारण चर्चा में रहती है। केरल में आमतौर पर सत्ता दो प्रमुख राजनीतिक मोर्चों के बीच बदलती रही है, जबकि तमिलनाडु की राजनीति क्षेत्रीय दलों के प्रभाव के लिए जानी जाती है। इन राज्यों में चुनावी प्रतिस्पर्धा तीव्र होती है, किंतु अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान की परंपरा भी देखने को मिलती है। असम की स्थिति भी अलग है, जहां पूर्वोत्तर भारत की राजनीति के संदर्भ में चुनाव के परिणाम महत्वपूर्ण माने जाते हैं। यदि वहां सत्तारूढ़ दल फिर से सत्ता में लौटता है तो यह क्षेत्रीय राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत माना जाएगा।

हालांकि इन सभी चुनावों के संदर्भ में एक प्रश्न लगातार उठता है कि क्या राजनीतिक दल लोकतंत्र की मर्यादाओं का पालन करने के लिए पर्याप्त गंभीर हैं। चुनावी राजनीति में प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, किंतु जब यह प्रतिस्पर्धा हिंसा, घृणा और असहिष्णुता में बदल जाती है तो लोकतंत्र की मूल भावना को चोट पहुंचती है। दुर्भाग्य से कई बार राजनीतिक दल चुनाव जीतने की होड़ में लोकतांत्रिक शालीनता को नजरअंदाज कर देते हैं। आरोप-प्रत्यारोप, व्यक्तिगत हमले और हिंसक घटनाएं इस प्रवृत्ति के उदाहरण हैं। इस स्थिति में यह केवल चुनाव आयोग की जिम्मेदारी नहीं रह जाती कि वह चुनाव को निष्पक्ष बनाए। राजनीतिक दलों और उनके नेताओं की भी उतनी ही जिम्मेदारी है कि वे लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखें। यदि दल स्वयं ही आचार संहिता का सम्मान करें और अपने कार्यकर्ताओं को संयमित आचरण के लिए प्रेरित करें तो चुनावी प्रक्रिया कहीं अधिक स्वस्थ और सकारात्मक बन सकती है। लोकतंत्र की सफलता केवल संस्थाओं पर निर्भर नहीं करती, बल्कि राजनीतिक संस्कृति और सामाजिक चेतना पर भी निर्भर करती है।

इसके साथ ही मतदाताओं की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता के हाथ में होता है। यदि मतदाता जागरूक और सजग हों तो वे ऐसे नेताओं और दलों को प्रोत्साहित करेंगे जो लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हैं। मतदाताओं को यह समझना होगा कि उनका वोट केवल एक राजनीतिक विकल्प नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की दिशा तय करने वाला निर्णय भी है। इन पांच क्षेत्रों में होने वाले चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे यह संदेश देंगे कि भारत का लोकतंत्र किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। यदि ये चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न होते हैं तो यह न केवल देश के लिए बल्कि दुनिया के लिए भी एक सकारात्मक उदाहरण होगा। भारत को अक्सर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में देखा जाता है, इसलिए यहां होने वाली चुनावी प्रक्रिया पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नजर रहती है।

## पांच राज्यों में चुनावी बिगुल बजा

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में एक बार फिर चुनावी महापर्व का शंखनाद हो चुका है। भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत यही है कि सत्ता का निर्धारण जनता के मत से होता है और यह प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। इसी कड़ी में भारतीय चुनाव आयोग ने पांच महत्वपूर्ण राज्यों पश्चिम बंगाल तमिलनाडु, असम केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की विधानसभा चुनाव तिथियों की घोषणा कर दी है। इन चुनावों को केवल पांच राज्यों की सत्ता की लड़ाई के रूप में नहीं देखा जा सकता, बल्कि यह भारत की राष्ट्रीय राजनीति,भविष्य की रणनीति और लोकतांत्रिक परिपक्वता का एक बड़ा संकेतक भी साबित होने जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुनावी कार्यक्रम का विस्तृत ब्यौरा जारी किया गया, जिसके साथ ही पूरे देश में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। घोषित कार्यक्रम के अनुसार पश्चिम बंगाल में दो चरणों में मतदान 23 और 29 अप्रैल को होगा,जबकि मतगणना 4 मई को होगी। तमिलनाडु में एक ही चरण में 23 अप्रैल को मतदान और 4 मई को परिणाम घोषित होंगे। असम, केरल औरपुडुचेरी में 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान कराया जाएगा और इन राज्यों के परिणाम भी 4 मई को सामने आएंगे। यह चुनाव कार्यक्रम इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि सभी राज्यों के नतीजे एक ही दिन घोषित होंगे, जिससे राष्ट्रीय राजनीति में एक साथ बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। चुनाव आयोग के अनुसार इस बार लगभग 7.4 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे और लगभग 2.18 लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं। अकेले पश्चिम बंगाल में ही 80 हजार से अधिक मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। यह आंकड़े भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की विशालता को दर्शाते हैं। भारत में होने वाले चुनाव केवल राष्ट्रीय घटना नहीं होते बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की निगाहें भी इन पर टिकी रहती हैं। दुनियाँ का सबसे बड़ा लोकतंत्र जब चुनावी प्रक्रिया से गुजरता है तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों की शक्ति का प्रतीक बन जाता है। यही कारण है कि इन पांच राज्यों के चुनावों को एक प्रकार से चुनावी महाकुंभ कहा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन चुनावों के नतीजे केवल इन राज्यों की सरकारों को तय नहीं करेंगे बल्कि आने वाले वर्षों में भारत की राष्ट्रीय राजनीति की दिशा और दशा को भी प्रभावित कर सकते हैं।



किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम क्षेत्रीय दल बनाम राष्ट्रीय दल सियासी संघर्ष इस विशेष पहलू को समझने की करें तो इन चुनावों का सबसे बड़ा पहलू यह है कि तीनमहत्वपूर्ण राज्यों, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में लंबे समय से क्षेत्रीय दलों का मजबूत वर्चस्व रहा है। इन राज्यों में राष्ट्रीय स्तर पर सत्तारूढ़ पार्टी अभी तक सत्ता में नहीं आ सकी है। इसके विपरीत असम में बीजेपी सत्ता में है और वह तीसरी बार सत्ता में लौटने कीकोशिश कर रही है, जबकि पुडुचेरी में भी वह दूसरी बार सरकार बनाने की रणनीति पर काम कर रही है।इस प्रकार यह चुनावक्षेत्रीय राजनीतिक ताकतों और राष्ट्रीय दलों के बीच शक्ति संतुलन की परीक्षा भी माना जा रहा है।

साथियों बात अगर हम पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की अग्निपरीक्षा को समझने की करें तो,पश्चिम बंगाल का चुनाव इस बार सबसे अधिक चर्चा में है।राज्य की राजनीति पिछले डेढ़ दशक से ममता बनर्जी और उनकी पार्टी ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के इर्द-गिर्द घूमती रही है। 2011 से लगातार सत्ता में रहने के कारण इस बार उनके सामने सत्ता विरोधी लहर का भी सामना करना पड़ सकता है। यदि ममता बनर्जी चौथी बार मुख्यमंत्री बनने में सफल होती हैं तो यह भारतीय राजनीति में एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी।दूसरी ओर बीजेपी राज्य में सोनार बांग्ला के नारे के साथ अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रही है। पार्टी के शीर्ष नेताओं का मानना है कि हिंदुत्व, विकास और भ्रष्टाचार के मुद्दों के आधार पर वह राज्य में मजबूत चुनौती पेश कर सकती है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में कुल 294 सीटें हैं। पिछले चुनाव में टीएमसी ने 213 सीटों पर जीत हासिल की थी जबकि बीजेपी को 77 सीटें मिली थीं। कांग्रेस और वामपंथी दलों का प्रदर्शन बेहद कमजोर रहा था। यही कारण है कि इस बार चुनावी गणित काफी दिलचस्प बन गया है। भाजपा की रणनीति यह है कि कांग्रेस और वाम दलों के कमजोर होने से जो वोट बैंक खाली हुआ है, उसे अपने पक्ष में किया जाए।

# फास्टैग एनुअल पास हुआ अब महंगा

**यदि आर्थिक दृष्टि से देखा जाए तो यह पास काफी किफायती साबित होता है। 3075 रुपये में 200 यात्राओं का मतलब है कि प्रति यात्रा औसत लागत लगभग 15 रुपये के आसपास आती है। जबकि वास्तविकता यह है कि कई टोल प्लाजा पर एक बार का शुल्क 50 रुपये से लेकर 100 रुपये या उससे भी अधिक होता है। इस तुलना से स्पष्ट है कि जो लोग बार-बार हाईवे पर यात्रा करते हैं उनके लिए यह पास काफी लाभदायक है।**

भारत में सड़क परिवहन व्यवस्था पिछले एक दशक में जिस तेजी से बदली है, वह देश के बुनियादी ढांचे के विकास की कहानी को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। पहले राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करना कई बार थकाऊ अनुभव बन जाता था, क्योंकि टोल प्लाजा पर लंबी लाइनों में खड़े होकर भुगतान करना पड़ता था। इससे न केवल यात्रियों का समय बर्बाद होता था बल्कि ईंधन की खपत और प्रदूषण भी बढ़ता था। इसी समस्या के समाधान के रूप में इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली यानी फास्टैग को लागू किया गया, जिसने भारत में सड़क यात्रा की पूरी व्यवस्था को बदल दिया। आज फास्टैग देश के अधिकांश टोल प्लाजा पर अनिवार्य हो चुका है और यह तकनीक भारतीय परिवहन व्यवस्था की रीढ़ बन चुकी है। इसी व्यवस्था को और अधिक सुव्यवस्थित बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने फास्टैग एनुअल पास की शुरुआत की थी, और अब इसके शुल्क में मामूली वृद्धि की घोषणा की गई है।



महेन्द्र तिवारी

सरकार ने घोषणा की है कि 1 अप्रैल 2026 से फास्टैग एनुअल पास की कीमत 3000 रुपये से बढ़ाकर 3075 रुपये कर दी जाएगी। यह वृद्धि लगभग 2.5 प्रतिशत है, यानी केवल 75 रुपये की बढ़ोतरी। यह नई दर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लागू होगी। यह पास विशेष रूप से निजी और गैर-व्यावसायिक वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए बनाया गया है, ताकि नियमित रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करने वाले लोग आसानी से टोल भुगतान कर सकें। इस योजना के तहत एक बार शुल्क जमा करने के बाद वाहन चालक एक वर्ष तक या अधिकतम 200 बार टोल प्लाजा पार कर सकते हैं, जो भी पहले पूरा हो जाए।

फास्टैग एनुअल पास की शुरुआत 15 अगस्त 2025 को की गई थी और इसका मुख्य उद्देश्य बार-बार टोल भुगतान के झंझट को कम करना और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना था। पहले यह पास 3000 रुपये में उपलब्ध था, लेकिन अब इसमें मामूली संशोधन करते हुए कीमत बढ़ाई गई है। सरकार का कहना है कि टोल दरों की वार्षिक समीक्षा और राजमार्गों के रखरखाव की बढ़ती लागत को देखते हुए यह बढ़ोतरी आवश्यक थी। हालांकि यह वृद्धि बहुत छोटी है, लेकिन इससे सरकार को राजमार्गों के रखरखाव और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने में मदद मिलेगी।

फास्टैग एनुअल पास की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश में 50 लाख से अधिक वाहन चालक इसका उपयोग कर रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्गों पर कारों द्वारा किए जाने वाले कुल टोल लेनदेन का एक बड़ा हिस्सा अब इसी पास के माध्यम से हो रहा है। लगभग 28 प्रतिशत कार टोल लेनदेन इस योजना के तहत किए जा




रहे हैं, जो यह दर्शाता है कि भारत में डिजिटल भुगतान प्रणाली तेजी से लोकप्रिय हो रही है। यह योजना विशेष रूप से उन लोगों के लिए लाभदायक साबित हो रही है जो रोजाना या नियमित रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करते हैं, जैसे व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों और रोजाना शहरों के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए। यदि आर्थिक दृष्टि से देखा जाए तो यह पास काफी किफायती साबित होता है। 3075 रुपये में 200 यात्राओं का मतलब है कि प्रति यात्रा औसत लागत लगभग 15 रुपये के आसपास आती है। जबकि वास्तविकता यह है कि कई टोल प्लाजा पर एक बार का शुल्क 50 रुपये से लेकर 100 रुपये या उससे भी अधिक होता है। इस तुलना से स्पष्ट है कि जो लोग बार-बार हाईवे पर यात्रा करते हैं उनके लिए यह पास काफी लाभदायक है। यह न केवल पैसे की बचत करता है बल्कि यात्रा को भी अधिक सुगम और तनावमुक्त बनाता है।

फास्टैग तकनीक का एक बड़ा लाभ यह है कि इससे टोल प्लाजा पर रुकने की आवश्यकता लगभग समाप्त हो जाती है। वाहन जैसे ही टोल लेन से गुजरता है, रेडियो-फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन तकनीक के माध्यम से टोल राशि स्वतः कट जाती है। इससे वाहनों की गति बनी रहती है और ट्रैफिक जाम की समस्या कम हो जाती है। पहले जहां टोल प्लाजा पर कई किलोमीटर लंबी कतारें लग जाती थीं, वहीं अब यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो चुकी है। इससे ईंधन की बचत भी होती है और पर्यावरण पर पड़ने वाला दबाव भी कम होता है।

सरकार इस व्यवस्था को और अधिक मजबूत और पारदर्शी बनाने के लिए तकनीकी सुधार भी कर रही है। अब फास्टैग को वाहन पंजीकरण के केंद्रीय डेटाबेस से जोड़ा जा रहा है ताकि प्रत्येक टैग सीधे संबंधित वाहन से जुड़ा रहे। इससे फर्जीवाड़ा और एक ही टैग को कई वाहनों में इस्तेमाल करने जैसी समस्याओं पर रोक लग सकेगी। डिजिटल सत्यापन की प्रक्रिया से यह भी सुनिश्चित होगा कि केवल वैध वाहन ही इस सुविधा का लाभ उठा सकें। इससे पूरी टोल प्रणाली अधिक विश्वसनीय और पारदर्शी बनेगी।

फास्टैग एनुअल पास केवल राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा संचालित टोल प्लाजा पर ही लागू होता है। राज्य सरकारों या स्थानीय निकायों द्वारा संचालित टोल प्लाजा पर सामान्य फास्टैग शुल्क लागू रहता है। इसका अर्थ यह है कि यदि कोई वाहन चालक किसी राज्य राजमार्ग या निजी एक्सप्रेसवे पर यात्रा करता है तो वहां अलग से टोल देना पड़ सकता है। इसके बावजूद राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करने वाले अधिकांश यात्रियों के लिए यह योजना काफी उपयोगी साबित हो रही है, क्योंकि देश के प्रमुख परिवहन मार्ग इन्हीं राजमार्गों से होकर गुजरते हैं।

फास्टैग एनुअल पास को खरीदना भी बेहद आसान है। वाहन मालिक इसे ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए राजमार्ग यात्रा मोबाइल ऐप या राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट का उपयोग किया जा सकता है। भुगतान के बाद यह पास आमतौर पर कुछ ही समय में सक्रिय हो जाता है और उसी फास्टैग पर लागू हो जाता है जो पहले से वाहन में लगा हुआ है। इसका मतलब यह है कि उपयोगकर्ता को नया टैग खरीदने की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि वही पुराना टैग एनुअल पास के रूप में कार्य करने लगता है।

हालांकि कुछ लोग यह तर्क देते हैं कि पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और महंगाई के दौर में टोल शुल्क में किसी भी प्रकार की वृद्धि आम नागरिकों के लिए अतिरिक्त बोझ बन सकती है। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि सड़क बुनियादी ढांचे का निर्माण और रखरखाव अत्यंत महंगा कार्य है। यदि समय-समय पर टोल दरों में संशोधन नहीं किया जाए तो सड़कों की गुणवत्ता बनाए रखना मुश्किल हो सकता है। भारत में पिछले कुछ वर्षों में एक्सप्रेसवे, राष्ट्रीय राजमार्ग और बाईपास परियोजनाओं पर बड़े पैमाने पर निवेश हुआ है, जिससे देश की परिवहन व्यवस्था में व्यापक सुधार देखने को मिला है। भविष्य की दृष्टि से देखा जाए तो भारत में टोल संग्रह प्रणाली और भी अधिक आधुनिक होने जा रही है।

# शहादत-ए-ख़ामनेई : मर के जीना सीखा दिया तूने

**ईरान के दावों के अनुसार नहीं बल्कि द न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित उसके गत 11 मार्च के विश्लेषण के मुताबिक़ मध्य पूर्व में ईरान के हमलों से कम से कम 17 अमेरिकी सैन्य, राजनयिक और वायु रक्षा स्थलों को भारी नुक़्सान पहुंचा है। ये हमले मुख्य रूप से बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब, क़तर और यूएई सहित खाड़ी देशों में स्थित ठिकानों पर किये गये। इनमें अनेक अमेरिकी सैनिक मारे गए व कई घायल हुये। इसके बाद अमेरिका ने उन प्रभावित सैन्य ठिकानों से अपने तमाम सैनिकों को वापस बुला लिया।**

पूरे विश्व को अशांति की आग में झोंकने वाले अमेरिका व उसके क्रूर सहयोगी मित्र इस्राईल द्वारा आख़िरकार ईरान पर एक बार फिर युद्ध थोप कर वहां भारी नरसंहार की इबारत लिखी जा रही है। अमेरिका व इस्राईल जैसे परमाणु हथियार रखने वाले देशों का कहना है कि परमाणु हथियार रखना केवल उन जैसे 'जन संहारक' देशों का ही एकाधिकार है। अमेरिका के इशारों पर नाचने से इंकार करने व उसे 'सर्वशक्तिमान' स्वीकार करने वाले ईरान जैसे देश का तो हरगिज़ नहीं। वैसे तो अब तक ईरान भी परमाणु हथियार बनाने से इंकार करता रहा है। परन्तु इराक़ की ही तरह इसी बात को बहाना बनाकर अमेरिका व इस्राईल ईरान पर टूट पड़े हैं। ईरान से रोज़ाना भारी जनहानि की ख़बरें आ रही हैं। जैसे जैसे युद्ध लंबा होता जा रहा है वैसे वैसे अमेरिका के हौसले पस्त होते जा रहे हैं और वह और भी अधिक आक्रामकता दिखाकर आम लोगों पर बंबारी कर अपनी खीज उतार रहा है। ठीक इसके विपरीत अपने सर्वोच्च गुरु अयातुल्लाह सैय्यद अली ख़ामनेई की शहादत जैसी बड़ी क़ुर्बानी देने तथा लगभग 170 स्कूली बच्चियों की शहादत के बाद भी ईरानी जनता का जज़्बा-ए-शहादत और भी सर चढ़ कर बोल रहा है। अमेरिका-इस्राईल के विरुद्ध व मौजूदा ईरानी सत्ता के समर्थन में राजधानी तेहरान सहित ईरान के विभिन्न शहरों में लाखों लोग दिन रात अपने बुलंद हौसलों के साथ ईरानी सैनिकों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं। लाखों प्रदर्शनकारी तो शहीद होने के जज़्बे के साथ अपने शरीर पर कफ़न लपेटकर प्रदर्शन करते देखे गये। तेहरान में तो ऐसी ही एक बड़ी रैली पर इस्राईल द्वारा बंबारी भी की गयी। परन्तु ईरानियों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं।



तनवीर जाफ़री

निःसंदेह अमेरिका व इस्राईल के दबाव में पश्चिमी मीडिया दशकों से यह नरेटिव प्रसारित करता रहा है कि ईरानी सत्ता कट्टरपंथी है,यह सुन्नी जगत को निगल जाना चाहती है,अरब देशों के लिये ईरान सबसे बड़ा ख़तरा है,केवल अमेरिका ही ईरान से अरब देशों की रक्षा कर सकता है आदि आदि। और अरब देशों को ईरान का ही भय दिखाकर अमेरिका ने मध्य पूर्व के अरब लीग सदस्य देशों में लगभग 15 से 20 के मध्य स्थायी और प्रमुख सुविधाओं वाले सैन्य ठिकाने बना रखे हैं। यहाँ अमेरिकी सैनिकों की तैनाती 40,000 से 50,000 के आसपास है। क़तर, बहरीन, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जॉर्डन, इराक़, मिस्र, सीरिया के अतिरिक्त कई छोटे काउंटर-टेररिज़्म बेस भी शामिल हैं। जबकि ओमान जैसे कई देशों में अमेरिका की एक्सेस या पोर्ट सुविधाएं मौजूद हैं, हालांकि यहाँ पूर्ण अड्डे नहीं हैं। इन भारी भरकम सैन्य मौजूदगी के बल पर ही अमेरिका



व इस्राईल अधिकांश खड़ी देशों को अपने कुचक्र में उलझाकर उनके तेल भंडारों का अपनी मनमर्ज़ी से ज़बरदस्त दोहन कर रहे थे तथा उनकी सुरक्षा के नाम पर अरब देशों से भरी भरकम वसूली कर रहे थे। इतना ही नहीं बल्कि ईरान का भय दिखाकर ही बड़े ही नियोजित तरीक़े से इन्हीं देशों को अमेरिका व इस्राईल अपने हथियार बेचते रहते थे।

परन्तु गत 28 फ़रवरी को पवित्र रमज़ान के महीने में अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान पर किये गये आक्रमण में और युद्ध छिड़ते ही ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह सैय्यद अली ख़ामनेई की शहादत ने न केवल अमेरिका व इस्राईल के अरमानों पर पानी फेर दिया बल्कि पूरे अरब जगत की आँखें भी खोलकर रख दीं। ईरान पहले ही कह चुका था कि यदि उसपर अमेरिका का हमला हुआ तो वह मध्य पूर्व में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को सबसे पहले निशाना बनायेगा। क्योंकि इन्हीं सैन्य अड्डों का इस्तेमाल अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान के विरुद्ध किया जा रहा था। लिहाज़ा सामरिक दृष्टिकोण से भी यही सैन्य अड्डे ईरान के निशाने पर थे। और वही हुआ कि अमेरिका-इस्राईल के हमले के जवाब में ईरान ने इन्हीं अमेरिकी सैन्य ठिकानों को सबसे पहले निशाना बनाया। ईरान के दावों के अनुसार नहीं बल्कि द न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित उसके गत 11 मार्च के विश्लेषण के मुताबिक़ मध्य पूर्व में ईरान के हमलों से कम से कम 17 अमेरिकी सैन्य, राजनयिक और वायु रक्षा स्थलों को भारी नुक़्सान पहुंचा है। ये हमले मुख्य रूप से बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब, क़तर और यूएई सहित खाड़ी देशों में स्थित ठिकानों पर किये गये। इनमें अनेक अमेरिकी सैनिक मारे गए व कई घायल हुये। इसके बाद अमेरिका ने उन प्रभावित सैन्य ठिकानों से अपने तमाम सैनिकों को वापस बुला लिया। और जिन अरब देशों की सुरक्षा के नाम पर गत 4 दशकों से ग़लतफ़हमी का शिकार बना रखा था उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया। इतना ही नहीं बल्कि अमेरिका ने अपने नागरिकों को एक एडवाइज़री जारी कर उन्हें सऊदी अरब,संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, क़तर, बहरीन, ओमान, जॉर्डन, मिस्र, लेबनान, यमन, इराक़ तथा सीरिया जैसे देशों को तत्काल छोड़ने की सलाह भी दे दी।

अमेरिका द्वारा पीठ दिखाने के बाद पूरा इस्लामी जगत यह सोचने के लिये मजबूर हो गया कि वास्तव में अमेरिका द्वारा जिस ईरान को अरब देशों के लिये ख़तरा बताया जा रहा था वह ईरान नहीं बल्कि खुद अमेरिका ही उनके लिये सबसे बड़ा ख़तरा है। ख़ामनेई की शहादत के बाद जिस तरह पूरे विश्व की अनेक सांसदों व विधानसभाओं में सड़कों व बाज़ारों में ख़ामनेई को श्रद्धांजलि पेश की गयी और साथ ही पूरे विश्व में शिया सुन्नी एकता के जो लहर दिखाई दे रही है उसकी तो अमेरिका ने कल्पना भी नहीं की होगी। आज केवल दुनिया के मुसलमान ही नहीं बल्कि क्रूर व शुद्ध व्यवसायी मानसिकता रखने वाले अमेरिकी साम्राजयवाद से त्रस्त आ चुकी पूरी दुनिया आयतुल्ला ख़ामनेई की शहादत को इसी लिये सलाम कर रही है कि उन्होंने शहीद होकर न केवल विश्व सतर पर शिया सुन्नी की उस खाई को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जो अमेरका व इस्राईल द्वारा ही गहरी की गयी थीं बल्कि उन्होंने अमेरिकी के आगे घुटने टेकने से इंकार कर यह भी बता दिया कि ब्रह्माण्ड में सर्वशक्तिमान कोई अमेरिका जैसा देश या उसका कोई सनकी राष्ट्रपति नहीं बल्कि वही है जो 'सबका मालिक' है और वह एक है और वही सबके लिये 'सर्वशक्तिमान' है। आयतल्लाह ख़ामनेई की शहादत पर श्रद्धांजलि स्वरूप कुंवर महेंद्र सिंह बेदी 'सहर' द्वारा कही गयी यह पंक्तियाँ सटीक बैठती हैं - जी के मरना तो सब को आता है। मर के जीना सीखा दिया तूने।।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# निरीक्षण पर चिनहट सीएचसी पहुंचे डिप्टी सीएम, हड़कंप

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ के चिनहट स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। बिना किसी पूर्व सूचना के पहुंचे डिप्टी सीएम को देखकर अस्पताल प्रशासन और स्टाफ में हलचल मच गई।

निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएम सीधे ओपीडी पहुंचे और वहां मौजूद मरीजों से बातचीत कर अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से दवाइयों, जांच और डॉक्टरों की उपलब्धता के बारे में भी पूछा।

इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई का भी जायजा लिया और गंदगी दिखने पर नाराजगी

- गंदगी देख भड़के, सख्त चेतावनी दी
- सरकारी अस्पतालों में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें

दिखाई। उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर की जांच कर यह देखा कि डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी समय पर ड्यूटी पर मौजूद हैं या नहीं। डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर भी अधिकारियों से जानकारी ली और रूट मैप की समीक्षा करते हुए अभियान को प्रभावी ढंग से चलाने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के इस औचक निरीक्षण को स्वास्थ्य विभाग के लिए कड़ा संदेश माना जा रहा है कि सरकारी अस्पतालों में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराएं।

# नए एसपी अभिमन्यु ने संभाला पदभार, किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** जनपद के नवागंतुक पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने रविवार शाम फतेहपुर का पदभार ग्रहण किया। इस दौरान पुलिस लाइन्स में गार्द द्वारा उन्हें सलामी दी गई। पदभार ग्रहण करने के बाद एसपी ने पुलिस लाइन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने कार्यालयों, बैरकों, परिवहन शाखा, क्वार्टर गार्ड, परेड ग्राउंड, वर्दी स्टोर समेत अन्य व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने अभिलेखों के रख-रखाव, साफ-सफाई, अनुशासन और प्रशासनिक व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस लाइन में प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण की भी जानकारी ली गई। एसपी ने आरटीसी भोजनालय, कैन्टीन और परेड ग्राउंड का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

इसके बाद देर शाम पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय में पुलिस विभाग के राजपत्रित अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तत्पश्चात एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस कार्यालय का भी निरीक्षण किया।

# संगठन सेवा और समर्पण ही भाजपा का मूल मंत्र : सूर्य प्रताप शाही

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** रविवार, पथरदेवा विधानसभा के बैतालपुर मंडल के ब्लाक सभागार में दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया गया। प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही और जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर वर्गो का उद्घाटन किया। इस अभियान के तहत सात सत्रों की कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यक्रम में सोशल मीडिया, एआई, नमो ऐप के कुशलतापूर्वक संचालन के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कृषि मंत्री ने संगठन, सेवा और समर्पण के प्रति कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया । यह वर्ग सात सत्रों में सम्पन्न हुआ जिसमें इतिहास, कार्य पद्धति, आधुनिक तकनीकी जैसे विषयों पर गहन मंथन हुआ।

कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में एआई टूल्स के उपयोग, सोशल मीडिया के प्रभावी संचालन और बूथ प्रबंधन से जुड़ी जानकारी दी जाएगी, ताकि संगठनात्मक कार्य को और अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाया जा सके। इसके साथ ही प्रशिक्षण शिविरों में कार्यकर्ताओं के रात्रि विश्राम को भी अनिवार्य किया गया है, जिससे आपसी समन्वय और संगठनात्मक जुड़ाव को मजबूत किया जा सके। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य कार्यकर्ताओं में विचारधारा की स्पष्टता लाना, संगठन को मजबूत करना और उन्हें जनसेवा के लिए अधिक सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान कार्यकर्ताओं को आधुनिक तकनीकों से भी जोड़ा जाएगा।

उन्होंने इस अभियान को संगठन सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को विचार, व्यवहार और नेतृत्व तीनों स्तरों पर समृद्ध करेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस प्रशिक्षण अभियान को पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ अपनाएं और राष्ट्र सेवा के पथ पर और अधिक दृढ़ता से आगे बढ़ें। प्रशिक्षण वर्ग का संचालन भाजपा नेता अवधेश सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, अजय शाही, महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, अभिषेक राय अंकुर, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रभाकर राय मीडिया सह संपर्क प्रमुख सुधीर श्रीवास्तव, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

- इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी का झांसा देकर युवकों से वसूले थे 22,850 रुपये

**फतेहपुर।** थाना किशनपुर पुलिस ने एयरपोर्ट पर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवाओं को इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे ऑनलाइन फीस के नाम पर पैसे ठगता था।

पुलिस के अनुसार 15 मार्च 2026 को एनसीआरपी पर दर्ज साइबर शिकायत संख्या 33103260054666 में आवेदक दीपांजल शुक्ला निवासी अरई थाना करछना जनपद प्रयागराज तथा शिकायत संख्या 32703260024706 में आवेदक यश शर्मा निवासी शास्त्री नगर थाना विद्याधर नगर जनपद जयपुर (राजस्थान) ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के दौरान अपराध में प्रयुक्त मोबाइल नंबर 8817134846 की लोकेशन ग्राम महावतपुर असहट थाना किशनपुर, जनपद फतेहपुर में मिली। सूचना के आधार पर किशनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और उक्त मोबाइल नंबर पर कॉल किया गया। कॉल करने पर खेत में बने मचान के पास बैठा एक व्यक्ति मोबाइल चलाते हुए मिला, जिसके फोन पर रिंग बजने लगी। पुलिस ने संदेह के आधार पर उससे पूछताछ की, जिसमें उसने अपना नाम रामनरेश निषाद पुत्र प्रेमचन्द्र निषाद उम्र लगभग 27 वर्ष निवासी ग्राम स्याहीपुर थाना पिड़ौरा जनपद आगरा बताया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मोबाइल नंबर 8817134846 का इस्तेमाल कर युवाओं को फोन करता था और खुद को इंडिगो एयरलाइंस में अधिकारी बताकर नौकरी दिलाने का झांसा देता था।

# सीजेए प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह ने सादगी से मनाया जन्मदिन



**फतेहपुर।** जनपद के ग्राम बहेरा सादात में जन्मे वरिष्ठ पत्रकार एवं साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) उत्तर प्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी का जन्मदिन सादगी और धार्मिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर बहेरा सादात स्थित मस्जिद इमामिया में एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मौला अली की नज़र के साथ केक काटा गया।

कार्यक्रम के दौरान मौलाना सय्यद खादिम अब्बास ज़ैदी ने शहंशाह आब्दी के बाजू पर इमाम ज़ामिन बांधकर उन्हें मौला अली की ज़मानत में दिया और उनके स्वस्थ एवं सफल जीवन के लिए दुआएं कीं।

# दो महीने से लापता छात्रा पर फूटा गुलाबी गैंग का गुस्सा, चार दिन का अल्टीमेटम

अवधनामा संवाददाता

**बिंदकी / फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मड़राँव से पिछले दो महीनों से लापता नाबालिग छात्रा की बरामदगी न होने पर 'गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक' ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को संगठन की अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार के साथ बिंदकी क्षेत्राधिकारी (सीओ) और कोतवाल से मिला और पुलिस की सुस्त कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जताई।

बताया जाता है कि मड़राँव गांव की 17 वर्षीय छात्रा 15 जनवरी 2026 को कोचिंग पढ़ने के लिए घर से निकली थी। आरोप है कि रास्ते में मोटरसाइकिल सवार नामजद आरोपियों ने उसका अपहरण कर लिया। घटना के संबंध में 21 जनवरी को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) और 352 के तहत



- नामजद आरोपियों पर कार्रवाई न होने से नाराज संगठन ने दी कोतवाली घेराव की चेतावनी

मुकदमा दर्ज किया गया था, लेकिन दो महीने बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक छात्रा को बरामद नहीं कर सकी है। पीड़ित परिजनों का कहना है कि पुलिस की ढिलाई के कारण आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने आशंका जताई कि कहीं आरोपियों ने उनकी बेटी को बेच न दिया हो या उसके साथ कोई अनहोनी न कर दी हो। इस मामले को लेकर 'गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक' की अध्यक्ष हेमलता पटेल ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक मां दो महीने से अपनी बेटी की तलाश में दर-दर भटक रही है, लेकिन पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। उन्होंने कहा कि यदि चार दिनों के भीतर नाबालिग छात्रा को सुरक्षित बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो संगठन बिंदकी कोतवाली का घेराव कर व्यापक आंदोलन करेगा। वहीं संगठन ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि अपहृत छात्रा की तत्काल और सुरक्षित बरामदगी सुनिश्चित की जाए, नामजद आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### धूमधाम से मनाई गई कांशीराम जयंती



**अमरोहा (अवधनामा संवाददाता)।** नगर के सत्यम वाटिका में रविवार को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। अवसर था बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम जी की 92वीं जयंती और आजाद समाज पार्टी (आसपा) का छठा स्थापना दिवस। इस दोहरे उत्सव को कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संगठन मंत्री व मुरादाबाद मंडल प्रभारी पुष्पेंद्र राणा एवं वीरेंद्र कुमार उर्फ पिंटू प्रधान उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने कांशीराम जी के संघर्षमय जीवन और उनके द्वारा दिखाए गए सामाजिक न्याय के मार्ग पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान लीगल सेल के जिलाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने पार्टी की नीतियों पर चर्चा की। स्वागत समारोह में बंटी भारती ने मुख्य अतिथि पिंटू प्रधान को ताज पहनाकर सम्मानित किया, जबकि नगर अध्यक्ष फारुख मंसूरी व उपाध्यक्ष वसीम अंसारी ने अतिथियों को डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं मान्यवर कांशीराम जी के चित्र भेंट किए।

### संगोष्ठी व सम्मेलन 23 मार्च को



**देवरिया (अवधनामा संवाददाता)।** जनपद के गोरया घाट मिश्रौली स्थित ब्रम्ह स्थान मंदिर के परिसर में शहीद - ए - आजम भगत सिंह की शहादत दिवस के अवसर पर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा माले) एवं अभा किसान महासभा देवरिया द्वारा संगोष्ठी एवं मजदूर किसान सम्मेलन 23 मार्च दिन सोमवार को 11 बजे पूर्वाह्न आयोजित है। उक्त जानकारी महा सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवाजी राय ने एक विज्ञप्ति में देते हुए बताया कि संगोष्ठी और सम्मेलन में भाकपा माले राष्ट्रीय महासचिव कामरेड दीपांकर भट्टाचार्य मुख्य वक्ता होंगे। जबकि जन संगठनों और पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### माले नेता की पत्नी की मौत, शोक

**भाटपार रानी, देवरिया (अवधनामा संवाददाता)।** श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के बलिवन खास गांव निवासी भाकपा माले नेता की पत्नी की मार्ग दुर्घटना में हुई मौत पर माले नेताओं सहित तमाम क्षेत्रीय लोगों ने शोक व्यक्त किया है। बता दें कि 12 मार्च को बलिवन खास निवासी भाकपा माले नेता छोटेलाल कुशवाहा अपनी पत्नी कालिंदी देवी को अपने बाइक पर बिठाकर कहीं लेकर जा रहे थे।उसी दौरान खामपार थाना क्षेत्र के भिंगारी बाजार में एक टैंकर ने ठोकर मार दी, जिसके कालिंदी देवी की मौत हो गई थी। इस घटना पर माले नेता रामकिशोर वर्मा, गीता पांडेय,प्रेमलता पांडेय, श्रीराम कुशवाहा, पूनम यादव,माकपा नेता साधु शरण,जयप्रकाश यादव,समाजसेवी अश्वनी कुमार सिंह, जटाशंकर सिंह, कवि व शायर मकसूद भोपतपुरी, धर्मनाथ कुशवाहा, सुरेश राजभर, प्रभुनाथ पासवान आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### पीएम बुंदेलखंड को पृथक राज्य बनाए : प्रवीण पांडेय



**फतेहपुर (अवधनामा संवाददाता)।** पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर निकाली जा रही 'बुंदेलखंड गांव-गांव, पांव-पांव यात्रा' छह मार्च को बांदा जिले के जसपुरा से शुरू हुई थी। यात्रा का बांदा के रामलीला मैदान में विश्राम हुआ, जबकि इसका अगला चरण मई माह में चित्रकूट से शुरू किया जाएगा। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने कहा कि बुंदेलखंड की गरीबी, बेरोजगारी और पलायन की समस्या का स्थायी समाधान पृथक बुंदेलखंड राज्य के निर्माण से ही संभव है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समुचित विकास और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए यह आंदोलन जरूरी है। प्रवीण पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुंदेलखंड के मन की बात सुननी चाहिए और पृथक बुंदेलखंड राज्य के गठन की दिशा में पहल करनी चाहिए।

# रोजा इफ्तार में दिखी गंगा जमुनी तहजीब

## पूर्व मंत्री हाजी इकराम, समाजसेवी नोमान मंसूरी और पत्रकारों के रोजा इफ्तार में जुटे सभी धर्मो के लोग

अवधनामा संवाददाता





**मुरादाबाद।** रमजान के मुकद्दस महीने में होली के रंगों के बाद अब रोजा इफ्तार के दस्तरख्वान पर मीठी खजूर जिले की गंगा जमुनी तहजीब में मिठास घोल रही है। पूर्व मंत्री इकराम कुरैशी, समाजसेवी नोमान मंसूरी और पत्रकार संगठन के रोजा इफ्तार में सभी धर्मो के लोगों ने शिरकत करके महानगर का माहौल और खुशनुमा बना दिया है।

रमजान के पाक और इबादतों के महीने में सियासी, समाजी और मजहबी हस्तियों ने एकसाथ आकर तथा हमनिवाला बनकर मुल्क में गंगा-जमुनी तहजीब को मजबूत करते हुए भाईचारा और सौहार्द का संदेश दिया है। कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी की तरफ से हुए रोजा इफ्तार में तमाम समाजी, सियासी, दस्तकार, निर्यातक, चिकित्सक आदि ने शिरकत करके कांग्रेस महानगर अध्यक्ष जुनेद इकराम के बेटों नन्हें रोजेदार हुमैद इकराम व अलियान इकराम को मुबारकबाद पेश की। इसी तरह हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी अध्यक्ष नोमान मंसूरी के रामपुर मार्ग स्थित बैंक्वेट हाल में हुए रोजा इफ्तार में सरकारी अफसरों के साथ समाजी, सियासी, मजहबी महानुभाव ने एक साथ रोजा इफ्तार किया। इस मौके पर मेहमानों ने उनके बच्चों नन्हें रोजेदार मुहम्मद रूहान, मुहम्मद अफ्फान व वानिया नोमान को मुबारकबाद दी। सोमवार शाम को को लाजपतनगर में एक्टिव प्रेस क्लब द्वारा रोजा इफ्तार कराया गया। संजोयक हाजी अशरफ ने मेहमानों का इस्तकबाल किया। रोजा इफ्तार के कार्यक्रमों में शहर इमाम सैयद मासूम अली, नायब इमाम सैयद फहद अली, सपा सांसद रुचिवीरा, पूर्व सांसद डा. एसटी हसन, भाजपा के महापौर विनोद अग्रवाल, विधायक रामवीर सिंह, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, सपा विधायक कमाल अख्तर, विधायक फहीम इरफान, विधायक पिंकी यादव, सम्भल सांसद जिंया उर रहमान बर्क, सपा जिलाध्यक्ष जयवीर यादव, जिला उपाध्यक्ष तालिब अंसारी, फुरकान अली, पूर्व जिलाध्यक्ष अतहर अंसारी, हाजी कैसर कुद्दूसी, शुऐब पाशा, हाजी मन्नू कुरैशी, असलम खान, सलीम वारसी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर, पद्मश्री दिलशाद हुसैन, इंस्टाग्राम इनफ्लुएंसर रेहान अशरफ, नईम चिश्ती, मुफ्ती दानिश कादरी, मौलाना मुफ्ती मुस्तजाब, मुफ्ती मोहम्मद वसीम, सूफी शिवाली मियां आदि शामिल रहे। इफ्तार से पहले मुल्क की तरक्की, कामयाबी, अमन-शांति की दुआएं की गई।

# ईद की नमाज से पहले फितर देना सुन्नत : मौलाना फैजान

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल।** मौलाना फैजान अशरफ़ ने बताया है कि सदक़ा फ़ितर हर उस आज़ाद मुसलमान पर ज़रूरी है जो साहिहे निसाब हो,मतलब उसके पास अपने कर्ज़ और बुनियादी ज़रूरतों (घर, कपड़े, रोज़मर्रा की ज़रूरतें, गाड़ियाँ, वगैरह) के अलावा इतना पैसा या सामान हो कि उसकी कीमत साढ़े बावन तोला चाँदी (लगभग ज़कात का निसाब) या उससे ज़्यादा हो। इससे कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि यह पैसा कमर्शियल है या नॉन-कमर्शियल, और इस पर एक साल बीत चुका है या नहीं।

यह समझदार बालिग होने की शर्त नहीं है - यहाँ तक कि नाबालिग, पागल लोग, या बच्चे जो साहिबे निसाब हैं, उन पर भी यह ज़रूरी है (उनके वालिदैन को उनके पैसे से पेमेंट करना चाहिए)। मर्द, औरत, जवान, बूढ़े, आज़ाद, और गुलाम (इब्न उमर की हदीस में साफ़-साफ़ कहा गया है)। घर का मुखिया (मर्द) आम तौर पर अपनी तरफ़ से, अपनी बीवी की तरफ़ से, और नाबालिग बच्चों की तरफ़ से अदा करता है। अगर बड़े बच्चे अमीर हैं, तो उनका फितरा उन पर या उनकी इजाज़त से दिया जा सकता है। एक अमीर औरत के लिए अपनी ज़कात अल-फितर देना ज़रूरी है। यह उसके शोहर या वालिद के लिए ज़रूरी नहीं है, लेकिन अगर वह इसे दे तो यह जायज़ है। अगर किसी के पास निसाब नहीं है, तो उस पर फितरा ज़रूरी नहीं है। फितरा कब देना चाहिए?

फितरा का समय : ईद-उल-फितर के दिन सुबह होते ही (सुबह होने का समय) यह ज़रूरी हो जाता है। ईद की नमाज़ से पहले इसे देना सुन्नत और मुस्तहब है। अगर इसे ईद की नमाज़ से पहले अदा किया जाए तो यह कुबूल ज़कात है और अगर इसे बाद में अदा किया जाए तो इसे आम ज़कात माना जाता है ( हज़रत इब्न अब्बास की हदीस)। अगर इसे रमज़ान में ईद से पहले अदा किया जाए तो यह जाइज़ और बेहतर है (गरीबों की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए)।

# नीमा चकिया का होली मिलन समारोह संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** नीमा चकिया की सोमवार को होटल स्प्रिंग स्काई में भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह होली के रंगों और आत्मीयता से सराबोर रहा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएँ दीं और आपसी सौहार्द तथा भाईचारे का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक गीतों की भी सुंदर प्रस्तुति हुई, जिन पर उपस्थित लोग उत्साह के साथ झूमते नजर आए। पूरे आयोजन में उल्लास, रंग और अपनत्व का अद्भुत समन्वय दिखाई दिया। इस अवसर पर नीमा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. ओ. पी. सिंह, डॉ. ए. के. सिंह, डॉ. सी बी सिंह, डॉ एस. के शर्मा,डॉ. मनोज सिंह, डॉ. भरत जायसवाल, डॉ बी. लाल सहित अनेक चिकित्सक, पत्रकार एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर होली के इस रंगारंग आयोजन को यादगार बना दिया। इस प्रकार यह होली मिलन समारोह आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का सुंदर प्रतीक बनकर संपन्न हुआ।

# आयुर्वेद हमे संतुलित जीवन जीने का देता है आधार : डॉ विनोद

अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** रॉयल हॉस्पिटल में आयोजित 'नई चिकित्सा तकनीक और हमारी प्राचीन आयुर्वेदिक परंपरा' विषयक कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर भदोही सांसद डॉ विनोद बिंद ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी लोग सुखी रहे और रोग मुक्त रहे यही हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी जी की सोच है। उन्होंने कहा कि हमारे परंपरा के अनुसार आयुर्वेद के चार स्तंभ धर्म, कर्म, लाभ व मोक्ष है और यही स्तंभ अच्छे स्वास्थ्य की पहचान है । उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति कहती है जो स्वस्थ है उसे स्वस्थ रखना है और जो रोग से पीड़ित है उसे उपचार करना है। हमारे देश में प्राचीन चिकित्सा के क्षेत्र में विकसित परंपरा और टेक्नोलॉजी किसी देश में नहीं है। हजारों साल पहले सुश्रुत जी जो करके दिखाया वह पूरी दुनिया के लिए एक रास्ता बन गया। सांसद डॉ विनोद बिंद ने कहा कि सुश्रुत जी 300 प्रकार के सर्जरी व



- कहा, योग व आयुर्वेद के प्रति लोगो का झुकाव बढ़ा

1200 उपकरण की खोज किया था। आज हमारी सरकार भी आयुष के क्षेत्र में कार्य कर रही है। कहा कि पहले जो भी सरकार थी वह संस्कृति परंपरा विरासत व भारत की मूल भावना पर ध्यान नहीं दिया। 2013-14 में जो सरकार थी उनका बजट आयुष क्षेत्र 700 करोड़ का हुआ करता था लेकिन जब से मोदी की सरकार बनी है आयुष मंत्रालय का बजट चार से पांच गुना बढ़कर 3700 करोड़ हो गया है।

कहा कि आयुर्वेद के क्षेत्र में देश में 3600 आयुष चिकित्सा, 7000 से ऊपर बेड 38000 आयुष डिस्पेंसरी और 1.5 करोड़ आरोग्य मंदिर है साथ ही 7.50 लाख से ज़्यादा डॉक्टर आयुष क्षेत्र में कार्य कर रहे है। कहा कि आधुनिक चिकित्सा प्रणाली हमे तकनीकी देती है लेकिन जो आयुर्वेद है हमे संतुलित जीवन जीने का आधार देता है। भविष्य के लिए मोदी जी की जो सोच है वह आधुनिक चिकित्सा पद्धति व आयुर्वेद दोनों को मिलाकर एक व्यवस्थित चिकित्सा पद्धति देना है। आज योग व आयुर्वेद के प्रति लोगो का झुकाव बढ़ा है। देश में स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ने लगी है वहीं लोग अब सुरक्षित चिकित्सा पद्धति को अपनाने लगे हैं विश्व की सबसे प्राचीनतम आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की ओर लोगों का झुकाव होने लगा है। कोरोना काल में आयुर्वेद की ओर लोगों का झुकाव बढ़ा। लोगों में स्वास्थ्य के प्रति खासकर आयुर्वेद के प्रति जागृति आई है। उन्होंने कहा सुश्रुत जी ने केवल शल्य चिकित्सा को ही नही जन्म दिया बल्कि उन्होंने लोगो के प्रति समर्पण, सेवा, करुणा व ममता का भाव स्थापित किया। डॉक्टर तो सब बन कर चिकित्सा कर लेते है लेकिन जब तक आप के अंदर समर्पण, करुणा, दया व ममता का भाव नही होगा आपकी चिकित्सा प्रणाली अधूरी है। हमे मॉडर्न तो बनना है लेकिन जो हमारी पुरानी परंपरा है उसे छोड़ना नही है। दोनों पद्धति को सामजंस्य बढ़ा कर आगे बढ़े। जबसे मोदी जी की सरकार बनी है आयुष के क्षेत्र में काफी काम हो रहे है। लोग योग व आयुर्वेद की तरफ तेजी से बढ़ रहे है। एक समय ऐसा आएगा जब आयुर्वेद को अपनाने वाले लोग सबसे ज्यादा हो जाएंगे। कहा कि देश मे ज्यादा समय तक कांग्रेस की ही सरकार रही है लेकिन स्वास्थ्य के प्रति उन्होंने ध्यान नही दिया।

# युवा शक्ति के आधुनिक चिंतन से बढ़ता है समाजः डॉ सुनील

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** अपने समाज की सांस्कृतिक विरासत और स्वस्थ परम्पराओं को बचाने के साथ-साथ नयी पीढ़ी को आधुनिक और नैतिकता परक ज्ञान कैसे उपलब्ध हो। इसके लिए संस्था को बहुस्तरीय और बहुआयामी कार्य करना चाहिए। उक्त विचार नागरी प्रचारिणी सभागार आरा में भास्कर समिति भोजपुर के 12वें अधिवेशन को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि डॉ.सुनील कुमार पाठक ने व्यक्त किए। डॉ. पाठक ने कहा कि कोई भी समाज तभी आगे बढ़ पाता है जब युवाशक्ति आधुनिक ज्ञान-विज्ञान,सोच और चिन्तन से जुड़ी हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक समाज की मूल इकाई व्यक्ति होता है अतः सुधार के हर तरह के प्रयास व्यक्ति स्तर से शुरु होने चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि गाँव छोड़कर शहर आ चुके लोगों को भी अपने गाँव बच्चों के साथ अवकाश के दिनों में



अवश्य जाना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण चेतना विकसित करते हुए वृक्षारोपण में अभिरुचि लेने का सुझाव भी समिति के सदस्यों को दिया। झारखंड सरकार के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी शंभुनाथ मिश्र ने कहा एकता,नियमितता,सुदृढ़ वित्तीय स्थिति और त्याग की भावना से किसी भी संगठन को ताकत मिलती है। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे डॉ.चंद्रशेखर मिश्र ने कहा कि समाज बौद्धिक और प्रगतिशील समाज रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिवेन्द्र भट्ट, कपिलेश्वर मिश्र, डॉ.सच्चिदानंद प्रेमी (बिपार्ड,गया) संस्था के सचिव राघव मिश्र, एवं अध्यक्ष रामेश्वर मिश्र सहित कई बुद्धिजीवियों आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

# जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनीं फरियादियों की समस्याए

■ अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम मोहम्मदपुर निवासी पुष्पा देवी ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह पिछले दो वर्षों से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं, जिसके इलाज में काफी धन खर्च हो चुका है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनका कच्चा मकान भी जर्जर अवस्था में है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि आज ही मौके पर पहुंचकर जांच कराई जाए तथा पात्रता पाए जाने पर महिला को तत्काल प्रधानमंत्री आवास योजना अथवा मुख्यमंत्री आवास योजना से लाभान्वित किया जाए।

इसी क्रम में ग्राम सैदनगर के प्रधान सीताराम ने प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की कि ग्राम में तैनात लेखपाल काश्तकारों के कार्यों में रुचि नहीं ले रहे हैं, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) तथा उप जिलाधिकारी उरई को निर्देशित किया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित लेखपाल के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जनसुनवाई में ग्राम खेरे निवासी प्रीती ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पति की लगभग दो वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है और उनकी तीन बेटियां अन्नू (09 वर्ष), निधि (06 वर्ष) तथा नंदनी (02 वर्ष) हैं, जिनके पालन-पोषण में कठिनाई हो रही है। इसी प्रकार ग्राम नौरेजपुर निवासी शिखा ने बताया कि उनके पति की छह माह पूर्व मृत्यु हो गई है। उनकी तीन बेटियां प्रगति सिंह (13 वर्ष), अवनी (09 वर्ष) तथा मानवी (07 वर्ष) हैं, जिनकी शिक्षा एवं पालन-पोषण के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि इन सभी बेटियों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत लाभान्वित किया जाए। इस योजना के तहत पात्र बच्चों को प्रति लाभार्थी 2500 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि बेटियों की बेहतर शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनका प्रवेश कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन समाज के कमजोर व जरूरतमंद वर्गों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## आगामी त्यौहार ईद के दृष्टिगत शांति व्यवस्था हेतु गोष्ठी आयोजित

**आजमगढ़।** थाना कोतवाली आगामी त्योहार ईद को सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से चौकी पहाड़पुर, थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ क्षेत्र के मोहल्ला तकिया स्थित मुसाफिरखाना में क्षेत्राधिकारी नगर शुभम तोदी की अध्यक्षता में एक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान उपस्थित लोगों से त्यौहार को आपसी सौहार्द एवं शान्ति के साथ मनाने की अपील की गई तथा शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में उनके सुझाव भी प्राप्त किए गए। इस अवसर पर शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से सभी को अवगत कराया गया तथा बताया गया कि नमाज केवल मस्जिद अथवा ईदगाह के भीतर ही अदा की जाएगी। किसी भी स्थिति में सड़क पर नमाज अदा नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान उपस्थित व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों द्वारा यातायात व्यवस्था तथा व्यापारियों की सुरक्षा से संबंधित कुछ समस्याएं उठाई गई, जिनका मौके पर ही समाधान कराया गया।

# मनरेगा भुगतान में अनियमितता का आरोप

■ प्रधान संगठन ने दिया शिकायती पत्र

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश के हथगाम अध्यक्ष प्रधान बलराम पाल के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर विकास खंड हथगाम में मनरेगा योजना के अंतर्गत सामग्री भुगतान में अनियमितता का आरोप लगाया।

प्रधानों ने बताया कि विकास खंड हथगाम में मनरेगा योजना के अंतर्गत सामग्री मद में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा हाल ही में 13 मार्च 2026 को उपलब्ध कराई गई धनराशि का भुगतान शासनादेश के अनुरूप नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि शासनादेश में स्पष्ट उल्लेख है कि पिछले वित्तीय वर्षों के लंबित भुगतान को प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए था, लेकिन इसके विपरीत वर्ष 2025-26 के नए वित्तीय वर्ष में कराए गए कार्यों का भुगतान पहले कर दिया गया। प्रधानों का आरोप है कि यह भुगतान ठेकेदारों द्वारा कराए गए कार्यों की मोटी रकम का है, जबकि पुराने कार्यों का भुगतान अब तक लंबित है। प्रधान संगठन ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण को संज्ञान में लेकर लंबित भुगतान जल्द कराया जाए तथा अनियमितता के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस दौरान संतोष कुमार, राजकरण, विष्णु यादव, रामदीन, शोभा देवी, नदीम उद्दीन पप्पू, राजकुमारी, रामचंद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भटके मंदबुद्धि युवक सामाजिक कार्यकर्ता परिवार से मिलाया

**आजमगढ़।** तहसील निजामाबाद के पास भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय के सामने एक युवक तख्त पर लेता मिला।भाकपा जिला सचिव एवं अधिवक्ता जितेंद्र हरि पाण्डेय ने उस युवा को देखकर उसे जगाया।उसके पास एक साइकिल भी थी।लगभग 27 साल के उस युवा से नाम पूछने पर कुछ नहीं बोला।उसे कॉमरेड ने जलपान कराया गया।दूसरे दिन बृहस्पतिवार को उसी स्थान फिर पाण्डेय ने उसे देखा और बहुत द्रवित हुए।उसके बाद वे उपजिलाधिकारी निजामाबाद से मिलकर पूरी घटना को बताते हुए निवेदन किए कि इस युवक को कहीं सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया जाय।उपजिलाधिकारी ने मानवीय कर्तव्य दिखाते हुए अंबरपुर गांव में समाज कल्याण द्वारा संचालित वृद्धाश्रम के संचालक को निर्देशित किए कि इस युवक को आश्रम में पनाह दीजिए।इसके बाद पाण्डेय ने देर शाम उस युवक को ले जाकर वहां छोड़ दिया। पाण्डेय ने बताया कि इस घटना की जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर डाल दिया।

## सीएम जनआरोग्य मेलों में 95 मरीजों का हुआ इलाज

**उरई (जालौन)।** कालपी तथा महेवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकीय टीमों के द्वारा 95 मरीजों का उपचार करके बदलते मौसम में स्वस्थ रहने का परामर्श दिया गया।

जिला प्रशासन के निर्देश के अनुसार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा कालपी में चिकित्साधिकारी डॉक्टर अमित पोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित मेले में 62 मरीजों का इलाज किया गया। जिसमें 39 पुरुष तथा 23 महिला मरीज शामिल रहे।इस दौरान शुगर के 7 टेस्ट किए जबकि बुखार तथा स्किन के 6-6 मरीजों की जांच की गयी।

महिला चिकित्सक डॉ रंजना सिंह ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां देते हुये जागरूक किया।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा में चिकित्साधिकारी डॉ शेख शहरयार, कर्मचारियों मनीष कुमार, कमलेश कुमार की मौजूदगी में आयोजित मेले में 33 मरीजों का इलाज किया गया। मेलो में कंडोम, टेबलेट तथा सामग्रियों का वितरण कर परिवार कल्याण कार्यक्रम के बारे में नागरिकों जागरूक किया गया।

# हीटवेव से बचाव को लेकर प्रशासन अलर्ट

■ जिलाधिकारी ने विभागों को दिए व्यापक तैयारी के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी गर्मी के मौसम में संभावित हीटवेव (लू) की स्थिति से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की तथा सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान आमजन को राहत देने और जनहानि से बचाव के लिए सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें और समय रहते प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देशित किया कि सभी विभागों की हीटवेव कार्ययोजनाओं को समेकित कर जिला स्तरीय एक्शन प्लान तैयार किया जाए तथा मौसम विभाग की चेतावनियों का व्यापक प्रचार-प्रसार ग्राम स्तर तक सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि सभी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के उपचार के लिए पर्याप्त बेड, दवाइयों, ओआरएस तथा आईवी फ्लूड की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को हीट स्ट्रोक प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाए तथा एम्बुलेंस सेवाओं को सक्रिय रखा जाए। नगर पालिका व नगर पंचायतों को सार्वजनिक स्थलों पर शुद्ध पेयजल, वाटर कूलर, छाया व शीतल स्थान की व्यवस्था करने तथा शहरी क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने और पानी के छिड़काव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत राज विभाग को गांवों में पेयजल की नियमित आपूर्ति, छायादार स्थानों व विश्राम स्थलों की व्यवस्था तथा आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को अत्यधिक तापमान की स्थिति में विद्यालयों के समय में आवश्यक परिवर्तन करने तथा विद्यार्थियों को हीटवेव से बचाव के उपायों की जानकारी देने को कहा। श्रम विभाग को निर्माण स्थलों पर कार्यरत मजदूरों के लिए छाया, पेयजल एवं विश्राम की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अधिक गर्मी की स्थिति में कार्य अवधि में आवश्यक परिवर्तन करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जल संस्थान व जल निगम को खराब हैंडपंप, पाइपलाइन व नलकूपों की तत्काल मरम्मत कर पेयजल आपूर्ति सुचारु रखने, विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति तथा ट्रांसफार्मरों की मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग को पशुओं के लिए पानी व छाया की व्यवस्था तथा पशुपालकों को हीट स्ट्रोक से बचाव की जानकारी देने के निर्देश दिए गए। वहीं पुलिस विभाग को प्रमुख चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर आमजन को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अग्निशमन विभाग को गर्मी के मौसम में आग की घटनाओं की संभावना को देखते हुए सभी उपकरणों की नियमित जांच करने तथा त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कृषि विभाग को किसानों को अधिक तापमान की स्थिति में फसल प्रबंधन व सिंचाई संबंधी नई तकनीकों की जानकारी देने तथा सिंचाई विभाग को नहरों व अन्य सिंचाई स्रोतों के माध्यम से पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए हीटवेव से बचाव के लिए व्यापक तैयारी सुनिश्चित करें, ताकि जनपद में किसी प्रकार की जनहानि न हो और आमजन को राहत मिला।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) योगेन्द्र सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल, सहित समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं समस्त ईओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुमटी में लगी आग, 80 हजार का माल राख

**प्रयागराज।** कोतवाली थाना क्षेत्र के जीरो रोड में रविवार रात उस समय अफरातफरी फैल गई जब एक दुकाननुमा गुमटी धू-धूकर जलने लगी। आसपास के लोगों ने सूचना दी तो परिवारवाले और फायर ब्रिगेड पहुंची। हालांकि जब तक आग पर काबू पाया जाता, गुमटी पूरी तरह से जलकर राख हो चुकी थी। साथ ही इसमें रखा 70 से 80 हजार का माल भी आग की भेंट चढ़ गया। फिलहाल यह पता नहीं चल सका कि आग कैसे लगी। पीड़ित की ओर से कोतवाली थाने में तहरीर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेंद्र गुप्ता बादशाही मंडी जीरो रोड के रहने वाले हैं। पिछले 30 सालों से वह हाटकेश्वर मंदिर के पास गुमटी में पर्स-बेल्ट इत्यादि बेचने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि 12 मार्च की सुबह मैं निजी कार्य से दिल्ली चला गया था। इस दौरान गुमटी जैन विद्यालय वाली गली में सुरक्षित तरीके से खड़ी कर दी थी। 15 मार्च की रात 11 बजे सूचना मिली कि गुमटी में आग लग गई है। मैंने इसकी सूचना दी तो बेटी रुपाली मौके पर पहुंची। रात में एक बजे के करीब जब वह पहुंची तो देखा कि गुमटी में राख पूरा सामान जलकर राख हो चुका था।

# ईमानदारी एवं कडी मेहनत से सफलता मिलती है : अमित



■ समाजवादी शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष ने किया प्रतिष्ठान का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जय श्री श्याम इंटरप्राइजेज का उद्घाटन समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष/प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव द्वारा फीता काटकर किया गया। सोमवार को क्षेत्र के ग्राम तेराजाकेट में बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव द्वारा नवीन प्रतिष्ठान जय श्री श्याम इंटरप्राइजेज विधिवत का उदघाटन करनें के उपरान्त संबोधित करते हुये कहा कि शिक्षा समाज के विकास की आधारशिला है और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सामग्री उपलब्ध कराना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह प्रतिष्ठान कॉपी एवं स्टेशनरी के थोक व फुटकर विक्रेताओं के लिए समर्पित है, जहाँ उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

साथ ही क्षेत्र के विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें, प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें और अन्य शैक्षणिक सामग्री आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने प्रतिष्ठान संचालिका को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि यह प्रतिष्ठान विद्यार्थियों के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। दुकान की संचालिका वंदना यादव ने बताया कि यहाँ कॉपियाँ एवं रजिस्टर थोक व फुटकर रेट पर उपलब्ध होंगे। जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों और दुकानदारों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। इस अवसर पर विकास यादव, सरनाम राजपूत, संदीप राजपूत, ओमेंद्र, स्वाति, छाया, सौम्या, श्रुति, आरती, ज्योति सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति केंद्र में दंपति के विवाद में कराई सुलह



■ मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत प्रत्येक दिन हो रही काउंसिलिंग

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत नगर निवासी दंपति के विवाद को लेकर स्थानीय कोतवाली में नवस्थापित महिला शक्ति केन्द्र में काउंसिलिंग कराकर दोनों पक्षों के बीच चल रहे आपसी विवाद को सुलझाकर दोनों की सहमति से समझौता कराया गया।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी एवं मिशन शक्ति अभियान प्रभारी/निरीक्षक सीपी तिवारी के नेतृत्व में महिला हेड कॉन्स्टेबल शशिबाला द्वारा आवेदिका नंदिनी देवी पुत्री स्वर्गीय निर्मल निवासी मोहल्ला रामगंज के प्रार्थना पत्र पर आवेदिका के पति करन पुत्र कढोरी व सास बिट्टी देवी एवं ससुर कढोरी निवासी मतौली को बुलबाकर समझा बुझा कर काउंसलिंग कराकर समझौता कराने के उपरान्त सकुशल रवाना किया गया। इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल शशिबाला ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को केवल कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर परिवारिक विवादों को आपसी संवाद से सुलझा कर सकुशल रवाना किया जा रहा है।

# धार्मिक कार्यक्रम से लोगों के बीच दूरिया कम होती हैं: जमालुददीन

■ पूर्व विधायक के रोजा इफ्तार कार्यक्रम में उमडी जनप्रतिनिधियों की भीड़

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित मजहरूल उलूम मदरसा मे आयोजित पूर्व विधायक के रोजा अफ्तार कार्यक्रम मे गंगा जुमनी तहजीब की झलक दिखाई दी। जिसमें हजारों की संख्या में हिन्दू मुस्लिम भाईयों ने एकसाथ रोजा इफ्तार कर देश के अमन चैन की दुआ मांगी। इस दौरान पूर्व विधायकों जमालुददीन सिददीकी एवं ताहिर हुसैन सिददीकी ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से समाज के लोगों के बीच आपसी भाईचारा व सौहार्द कायम होता है। सोमवार को नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित मजहरुल उलूम मदरसा मे आयोजित रोजा अफ्तार कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिददीकी ने कहा कि रोजे रखने से रोजदारों में आपस में मोहब्बत पैदा होती है। रमजान के महीने में अल्लाह तआला हर रोजदार की दुआ कबूल करता है। धार्मिक कार्यक्रम से लोगों के बीच दूरिया कम होती हैं और उनके बीच आपसी भाईचारा कायम होता है। सपा नेता डा. जितेन्द्र यादव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज के लोगों के बीच आपसी मतभेद खत्म होते हैं साथ ही ऐसे कार्यक्रम लोगों को भाईचारे का संदेश देते हैं। तालग्राम चेयरमैन मोहसिन खॉन जानू, पूर्व पालिकाध्यक्ष धीरेन्द्र आर्य, सपा नेता राजसिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर, शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष अमित यादव आदि ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से मनमुटाव कम होता है और आपसी भाईचारे की भावना व गंगा जमुना तहजीव की भावना जागृत होती है। भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिददीकी, युवा समाजसेवी आसिफजमाल खॉन पप्पी एवं सैयद अहमद उसैब, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जुनैद सिददीकी ने कहा कि रमजान में गरीबो की मदद करनी चाहिये। एक नेकी के बदले मे अल्लाहा कई गुना सबाब देता है। ब्लाक प्रमुख राशिद जमाल सिददीकी व सपा विधान सभा प्रभारी अरशद जमाल सिददीकी ने कहा कि पूरे दिन भूखे प्यासे रहकर अल्लाह की इबादत व कुरआन पाक की तिलावत कर सबाब कमाने का मौका मिलता है। तो वही रोजेदारों ने मगरिब की नमाज अता कर मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी। इस अवसर पर हाफिज अहसान नूरी, सपा जिलाध्यक्ष मो0 कलीम खान, वरिष्ठ सपा नेता जय कुमार तिवारी बउअन, सपा जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी, चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी रईस अहमद, पूर्व ब्लॉक प्रमुख इंद्रेश यादव, कांग्रेस नेत्री ऊषा दुवे, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि मुस्ताक अहमद भुटटो, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि इन्द्र कुमार गुप्ता, पिंटू यादव, एनुददीन खान, एडवोकेट शहमीर खॉ, अच्छे खॉन, गुडडू कैशियर, हसीब हसन, शाहनवाज सिददीकी, मुजफ्फर खॉ, एडवोकेट आफताव हुसैन, जुगुल पाठक, मो. नफीस खॉन, गोपे कुरैशी, कैस खॉन, इकलाख प्रिंस, चन्द्रभान जाटव, इलियास मंसूरी, संतोष सविता, अनवार खॉन अन्नू, आमिर खॉन, आकाश शाक्य आदि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## नीलम करवरिया कप के लिए खिलाड़ियों का ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** अक्टूबर माह में होने वाली नीलम करवरिया कप टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण के लिए खिलाड़ियों का ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है। प्रतियोगिता में जनपद के सभी बारह विधानसभा की टीमें भाग लेंगी। ट्रायल 11 अप्रैल से शुरू होकर 14 जून तक चलेंगे। आयोजन सचिव सक्षम करवरिया ने बताया कि 11 व 12 अप्रैल को बारा विधानसभा का ट्रॉयल खंडाला मैदान पर, 18 व 19 अप्रैल को करछना, 25 व 26 अप्रैल को मेजा और 30 अप्रैल व एक मई को कोरांव विधानसभा का ट्रॉयल होगा। तीनों ट्रॉयल सेंट जॉन्स अकादमी मैदान पर होगा। 2 व 3 मई को फूलपुर (भानु प्रताप मैदान झूंसी), 9-10 मई को फाफामऊ (देव स्पोर्ट्स मैदान), 16-17 मई को सोरांव (गंगा डिग्री कॉलेज मैदान नहर ददौली), 23-24 मई को हंडिया (सोनामती क्लब मैदान निकट झूंसी रेलवे स्टेशन), 26-27 मई को प्रतापपुर (इफको मैदान), 30-31 मई को इलाहाबाद पश्चिम (विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल मैदान झलवा), 6-7 जून को इलाहाबाद दक्षिण (डीएवी मैदान) और 13-14 जून को इलाहाबाद उत्तर विधानसभा का ट्रॉयल केपी कॉलेज मैदान पर होगा।

# दिव्यांगजन व वृद्धजनों को 98 सहायक उपकरण वितरित

अवधनामा संवाददाता

■ 17-18 मार्च को पुनः लगेगा शिविर

**देवरिया।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया, जिला प्रशासन तथा चन्द्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज, देवगांव (गौरीबाजार) के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर की संस्था के सहयोग से दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कुल 98 उपकरण वितरित किए गए, जिनमें ट्राईसाइकिल, बैसाखी, छड़ी, वॉकिंग स्टिक तथा कृत्रिम हाथ-पैर आदि शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय धनेन्द्र प्रताप सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय मनोज कुमार सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश भोपाल (मध्य प्रदेश) तथा अतिथि के रूप में माननीया शैलजा मिश्रा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया, प्रियंका चौधरी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी देवरिया एवं खंड विकास अधिकारी गौरीबाजार मौजूद रहे। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने यह भी बताया कि दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए 17 व 18 मार्च 2026 को चन्द्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज, देवगांव (गौरीबाजार) में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में ट्राईसाइकिल, बैसाखी, छड़ी, वॉकिंग स्टिक तथा कृत्रिम हाथ-पैर जैसे उपकरणों के लिए पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन एवं वितरण किया जाएगा। जिन लोगों के हाथ या पैर कटे हैं, उनके लिए मौके पर ही कृत्रिम अंग लगाने की व्यवस्था भी रहेगी। उन्होंने जनपद के अधिक से अधिक दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों से शिविर में उपस्थित होकर योजना का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## धड़ल्ले से कट रहे हरे पेड़ पुलिस व वन विभाग मौन

**अतरौलिया/आजमगढ़।** क्षेत्र बिलारी में इन दिनों हरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई तेजी से हो रही है। एक तरफ जहां मार्च महीने की शुरुआत में ही भीषण गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में लगातार हो रही पेड़ों की कटाई पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो आने वाले दिनों में गर्मी और भी विकराल रूप ले सकती है।ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र के कई गांवों और सड़कों के किनारे लगे हरे पेड़ों को रात के अंधेरे में या दिनदहाड़े काटा जा रहा है। लकड़ी माफिया बेखौफ होकर पेड़ों को गिरा रहे हैं, जबकि संबंधित विभाग के अधिकारी इस पूरे मामले से अनजान बने हुए हैं। लोगों का आरोप है कि वन विभाग के अधिकारी कुम्भकर्ण की नींद सो रहे हैं, जिससे अवैध कटान करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

# छापेमारी में तीन सिलेंडर बरामद

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** देवरिया-रुद्रपुर मार्ग पर स्थित अनुश्री उत्सव स्थल के पास शनिवार तड़के प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग का मामला पकड़ा। टीम ने मौके से तीन घरेलू गैस सिलेंडर, पाइप व कटिंग नोजल बरामद किए।

क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी आलोक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पूर्ति निरीक्षक सन्नी देवल, गौरव शुक्ला व अन्य अधिकारियों की टीम ने कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अछेबर पुत्र स्व. रामवृक्ष प्रसाद द्वारा पुराने वाहनों के पार्ट्स की कटिंग के लिए घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा था।

मौके से इंडेन के दो और एक अतिरिक्त घरेलू गैस सिलेंडर बरामद हुए, जिनमें गैस भरी हुई थी। टीम द्वारा संबंधित व्यक्ति से सिलेंडरों के संबंध में कागजात मांगे गए, लेकिन वह कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

अधिकारियों के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग द्रवित पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 का उल्लंघन है और यह आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। बरामद सिलेंडरों को सुरक्षित रखते हुए संबंधित गैस एजेंसी को सुपुर्द कर दिया गया है।

जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के अनुमोदन के बाद अछेबर के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई के लिए थाना कोतवाली देवरिया को पत्र भेजा गया है।

# बीईओ ने विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा का किया औचक निरीक्षण


अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** वार्षिक परीक्षाओं में सदर खंड शिक्षा अधिकारी (BEO) देव मुनि वर्मा ने कई परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमपोजिट विद्यालय असना पहुंचते जहाँ पर शिक्षक कक्षा 4 की मौखित परीक्षा करा रहें थे, खंड शिक्षा अधिकारी ने कक्षा 4 के बच्चों की चल रहीं वार्षिक परीक्षा में स्वयं दर्जनों बच्चों से कविता, पर्यायवाची, विलोम, समान्य ज्ञान सर्बधित प्रश्न पूछे, बच्चों ने संतोष जनक उत्तर दिया, बच्चों से यूपी के जिलों के नाम, देश के अन्य राज्यों की राजधानी के नाम भी पूछे, बच्चों के उत्तर से पूरी तरह संतुष्ट दिखे, इस दौरान प्रधानाध्यापक शैलेन्द्र नाथ चौवे, अनिल यादव, आशुतोष कुमार ,सहित शिक्षक, शिक्षा मित्र उपस्थित पाए गए। खंड शिक्षा अधिकारी (BEO) ने सदर ब्लॉक के कई और प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों का दौरा किया। पहले दिन खंड शिक्षा अधिकारी ने, मुजहना, धोवी छापर, पकड़ी खास, दुलहू, असना, भैसहाँ सहीत दर्जनों विद्यालय का निरिक्षण किया.निरीक्षण के दौरान बच्चों को अनुशासित तरीके से परीक्षा देते देख बीईओ ने संतोष जताया। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने समस्त शिक्षको को परीक्षा व्यवस्था, प्रश्न पत्रों की सुरक्षा और नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बता दे की सदर में 97 प्राथमिक और 25 उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं 46कमपोजिट विद्यालय हैं, जिसमें आज से वार्षिक परीक्षा शुरू हुई है जो 20मार्च तक चलेगी।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया पीपीपी मॉडल का समर्थन, कहा- खेल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलना चाहिए



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत की खेल अर्थव्यवस्था को नई गति देने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) का समर्थन किया है। रविवार को एक पोलो टूर्नामेंट में लोगों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, सरकार कई पहलों के माध्यम से देश के भीतर एक खेल संस्कृति को बढ़ावा दे रही है, जहां एथलीट्स और युवाओं को अवसरों, संसाधनों और सम्मान तक पहुंच प्राप्त है। राजनाथ सिंह ने कहा कि निकट भविष्य में भारत खेलों में, विशेष रूप से पोलो में, एक मजबूत वैश्विक पहचान बनाएगा, अगर सरकार, निजी क्षेत्र और विभिन्न सामाजिक समूह मिलकर काम करें। पोलो देश की खेल परंपराओं में गहराई से जुड़ा हुआ है, जो हजारों वर्षों से चली आ रही है, और इसे सही मायने में भारत का हेरिटेज स्पोर्ट कहा जा सकता है। राजनाथ सिंह ने उल्लेख किया कि भारतीय सेना ने पोलो के खेल में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को लाने और इसकी समृद्ध विरासत को संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा, इंडियन पोलो एसोसिएशन के सहयोग से काम करते हुए, भारतीय सेना ने इस विरासत को जीवंत और प्रासंगिक बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुझे विश्वास है कि मिलकर काम करते हुए, हम भारत में पोलो और अन्य खेलों के लिए एक सकारात्मक संस्कृति को बढ़ावा देंगे। इससे हमारी युवा प्रतिभाओं को आगे आने और देश का गौरव बढ़ाने का अवसर मिलेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि खेलो इंडिया और टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम जैसी पहलों के साथ खेल बुनियादी ढांचे के अभूतपूर्व विकास ने युवाओं को उत्कृष्टता प्राप्त करने और आगे बढ़ने के लिए एक नया मंच प्रदान किया है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम और खेलो भारत नीति प्रतिभाशाली एथलीट्स के लिए अपार लाभ देने के लिए तैयार हैं और खेल संगठनों के भीतर अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देंगे। रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया है कि जिस तरह निजी भागीदारी ने औद्योगीकरण, प्रौद्योगिकी और शिक्षा में नई ऊर्जा और गति का संचार किया है, उसी तरह निजी खिलाड़ी और उद्योग के हितधारक एक पेशेवर दृष्टिकोण, एक दीर्घकालिक दृष्टि और एक स्थायी सहायता प्रणाली के विकास को बढ़ावा देंगे।

## बाल-बाल बचे निक-प्रियंका, ऑस्कर में पहुंचे से पहले हो सकता था हादसा

**नई दिल्ली।** ग्लोबल पॉवर कपल निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा रेड कार्पेट पर साथ पोज कर फिर से फैंस की धड़कनें बढ़ा दीं। मगर इस आइकॉनिक मूमेंट के पहले दोनो के साथ एक हादसा होते होते रह गया। जिससे इनकी यादों में ऑस्कर का एक खास किस्सा भी जुड़ गया।

15 मार्च को हुए 98वें ऑस्कर अवॉर्ड में प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस हिस्सा लेने पहुंचे थे। रेड कार्पेट पर जाने के लिए कपल काफी लेट हो रहा था। जिससे लिए वो गोल्फ कार्ट उन्हें ले जा रही थी। टीएमजेड के साझा किए वीडियो में काफी कुछ नजर आ रहा है। कपल गोल्फ कार्ट पर बैठा मगर लेट होने की वजह से ड्राइवर ने उसकी स्पीड तेज कर दी। जिसके बाद एक मोड़ आता है जिसमें कार्ट का बैलेंस बिगड़ गया और उसका एक पहिया जमीन से उठ गया। जिसके बाद जोड़े ने कार्ट को पकड़ लिया। ड्राइवर ने कुछ ही सेकेंड में उसपर काबू पा लिया।

# 16 मैचों के बाद कार्लोस अल्कारेज को मिली हार

## मेदवेदेव ने इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में दी मात

**नई दिल्ली।** रूस के डेनिल मेदवेदेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्पेन के कार्लोस अल्कारेज को मात दी। इस तरह अल्कारेज को 16 मैचों बाद पहली हार का सामना करना पड़ा। डेनिल मेदवेदेव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कारेज को इस साल की पहली हार का स्वाद चखाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। इस तरह अल्कारेज का 16 मैचों से चला आ रहा विजयी अभियान समाप्त हो गया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में अल्कारेज को 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया।

फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मेदवेदेव का मुकाबला इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-2, 6-4 से हराया। अल्कारेज ने इससे पहले इस साल लगातार 16 मैच जीते थे, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन और कतर ओपन के खिताब शामिल हैं।



मेदवेदेव ने इस जीत से अल्कारेज और सिनर के बीच एक और फाइनल की संभावना को खत्म कर दिया। मेदवेदेव इससे पहले अल्कारेज के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार गए थे, जिनमें 2024 में इंडियन वेल्स के फाइनल में मिली हार भी शामिल है।

मेदवेदेव की 2023 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल के बाद यह अल्कारेज पर पहली जीत है। सिनर ने ज्वेरेव को एक घंटे 23 मिनट में ही हरा दिया। सिनर ने चौथी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव के खिलाफ छह ऐस लगाए। सिनर का ज्वेरेव के खिलाफ रिकॉर्ड अब 7-4 हो गया है। इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव और सिनर दोनों ने ही अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। सिनर ने मेदवेदेव के खिलाफ अपने पिछले तीन मैच जीते हैं, जिनमें 2024 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल की जीत भी शामिल है। इस बीच महिला युगल के फाइनल में टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा ने अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 7-6 (4), 6-4 से हराया। पुरुष युगल के फाइनल में गुइडो एंड्रेओज़ी और मैनुअल गिनार्ड ने आर्थर रिंडरकनेच और वैलेंटीन वाचेरोट को 7-6 (3), 6-3 से पराजित किया। मिश्रित युगल में बेलिंडा बेनसिच और फ्लेवियो कोबोली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और लॉयड ग्लासपूल को 6-3 2-6, 10-7 से हराया।

## पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा की उपस्थिति में कुरुक्षेत्र में ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग की ग्रैंड ओपनिंग



**लखनऊ।** कुरुक्षेत्र में क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक विशेष आयोजन होने जा रहा है। ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग (सीजन-1) नॉर्थ जोन का ग्रैंड लॉन्च समारोह 12 मार्च 2026 को वेटा होटल जी.टी. रोड, उमरी, कुरुक्षेत्र में आयोजित किया गया। इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध क्रिकेट कमेंटेटर एवं पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस लीग के आयोजक है सोमनाथ गाबा (चेयरमैन), रवि कुमार गाबा, विनय कम्बोज, हरिपुर (यमुनानगर)। इस लीग का आयोजन 16 जून से 21 जून के बीच समाना बाहु (कुरुक्षेत्र) में किया जाएगा, जिसमें हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे। लीग के पोस्टर और जर्सी का अनावरण करने के बाद आकाश चोपड़ा ने खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों के साथ अपने अनुभव भी साझा किए तथा लीग के शुभारंभ की घोषणा की। चीफ गेस्ट आकाश चोपड़ा ने कहा कि किसी खिलाड़ी मे अगर हुनर है तो उसे एक मंच मिलेगा. आजकल टेनिस क्रिकेट को लेकर जैसा क्रेज और पैशन लोगों में पाया जा रहा है वो किसी से छुपा नहीं है। इस लीग के चेयरमैन सोमनाथ गाबा ने कहा कि टेनिस क्रिकेट स्पोर्ट्स फेडरेशन से मान्यता प्राप्त यह लीग टेनिस क्रिकेट स्पोर्ट्स एसोसिएशन हरियाणा के सहयोग से आयोजित हो रही है, जबकि संचालन अल्टीमेट इवेंट मेकर्स एलएलपी द्वारा किया जाएगा।

## दिल्ली में सजी सितारों की महफिल

# स्मृति-हरलीन की खूबसूरती ने लूटी लाइमलाइट

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के नमन अवॉर्ड्स 2026 में क्रिकेट सितारों की महफिल सजी, जहां महिला खिलाड़ियों की खूबसूरती और स्टाइल ने सबका ध्यान खींच लिया। समारोह में शुभमन गिल को 'पॉली उमरीगर क्रिकेटर ऑफ द ईयर' और स्मृति मंधाना को पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर का अवॉर्ड दिया गया।

बीसीसीआई के नमन अवॉर्ड्स 2026 समारोह में क्रिकेट सितारों की शानदार महफिल सजी। इस खास मौके पर जहां मैदान पर अपने प्रदर्शन से चमकने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, वहीं रेड कार्पेट पर महिला क्रिकेटरों की खूबसूरती और स्टाइल ने भी सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। समारोह में भारतीय महिला टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और




ऑलराउंडर हरलीन देओल समेत कई खिलाड़ियों ने अपनी शानदार मौजूदगी से महफिल में चार चांद लगा दिए। उनकी खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रही हैं।

इस ग्लैमरस माहौल के बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों और दिग्गजों को सम्मानित किया। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को बीसीसीआई के प्रतिष्ठित 'पॉली उमरीगर क्रिकेटर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से नवाजा गया। वहीं, महिला क्रिकेट में स्मृति मंधाना ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखा। उन्हें उनके शानदार प्रदर्शन के लिए करियर में पांचवीं बार 'सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार दिया गया।

नमन अवॉर्ड्स 2026 के मंच पर भारत की हालिया आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली टीमों को भी खास तौर पर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप 2025 विजेता टीम, पुरुष अंडर-19 विश्व कप 2026 विजेता टीम, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 विजेता टीम, महिला वनडे विश्व कप 2025 विजेता टीम, पुरुष टी20 विश्व कप 2026 विजेता टीम को बुलाकर उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सराहा गया।

## भारतीय ट्रिपल जम्पर सेल्वा प्रभु का दमदार प्रदर्शन, एनसीएए चैंपियनशिप में जीता रजत




**नई दिल्ली।** भारत के सेल्वा प्रभु ने शानदार प्रदर्शन किया और नसीएए इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम करने में सफल रहे। भारत के सेल्वा प्रभु ने अमेरिका के फेयेटविले में चल रही एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद (ट्रिपल जंप) में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रभु ने शनिवार को 17.05 मीटर की छलांग लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी करियर में पहली बार 17 मीटर की बाधा को पार किया।

इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने कन्सास स्टेट यूनिवर्सिटी की तरफ से खेलते हुए राष्ट्रीय इंडोर रिकॉर्ड भी बनाया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के हालांकि राष्ट्रीय रिकॉर्ड को प्रमाणित करने के संबंध में सख्त दिशानिर्देश हैं, जिसके कारण अक्सर नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन (एनसीएए) सहित विदेशों में होने वाली प्रतियोगिताओं में किए गए प्रदर्शन को तब तक मान्यता नहीं दी जाती है जब तक कि वे एएफआई की तकनीकी और डोपिंग से जुड़ी जरूरतों को पूरा नहीं करते हैं। एनसीएए अपना डोप परीक्षण कार्यक्रम स्वयं संचालित करता है, लेकिन उसे विश्व डोपिंग विरोधी एजेंसी वाडा से मान्यता प्राप्त नहीं है।

# ऑस्कर में धर्मेंद्र को नहीं मिली श्रद्धांजलि इन मेमोरियम में हुआ इन सेलेब्स का जिक्र



**मुंबई।** इन मेमोरियम सेगमेंट में अभिनेता धर्मेंद्र का नाम न होने से बॉलीबुड के फैंस को बड़ा झटका लगा। जबकि पहले कई बॉलीवुड आभिनेताओं को ऑस्कर के मंच से याद किया जा चुका है।

इस साल के ऑस्कर 2026 में उन सभी दिग्गज दिवंगत अभिनेताओं को श्रद्धांजलि दी गई जो फिल्मी दुनिया के सितारे थे। मगर भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र को ऑस्कर के मंच पर याद न किए जाने से फैंस काफी निराश हुए। हालांकि कई हॉलीवुड अभिनेताओं के नाम इस लिस्ट में शामिल थे।

हर साल ऑस्कर के मंच से दुनियाभर के महान कलाकारों को मंच से याद किया जाता है। इसी क्रम में हॉलीवुड के साथ बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र को भी श्रद्धांजलि मिलने की फैंस इंतजार कर रहे थे। मगर ऑस्कर में ऐसा कुछ नहीं हुआ। अपने इन मेमोरियम सेगमेंट में ऑस्कर ने बॉलीवुड के किसी भी कलाकार को याद नहीं किया।

98वें ऑस्कर मंच से हॉलीवुड के कई मशहूर दिवंगत हस्तियों को श्रद्धांजलि दी। इसकी शुरूआत में बिली क्रिस्टल ने अपने दिवंगत मित्र रॉब रेनर याद किया। इन मेमोरियम सेगमेंट में आगे दिस इज स्पाइनल टैप, ए फ्यू गुड मेन और मिजरी जैसी फिल्मों के कलाकारों को याद किया।

दूसरे नंबर पर रेचल मैकएडम्स ने कैथरीन ओ हारा को तूफान कह कर याद करते हुए सम्मानित किया। साथ ही डायने कीटन को भी उनकी अलग-अलग भूमिकओं के लिए याद किया गया। बीते कई साल से ऑस्कर बॉलीवुड के कलाकारों को मंच से याद करता आया है। इससे पहले नितिन चंद्रकांत देसाई, इरफ़ान, भानु अथैया, श्रीदेवी और शशि कपूर जैसे अभिनेताओं को ऑस्कर ने अपने इन मेमोरियम सेगमेंट में जगह दी थी। जिस वजह से धर्मेंद्र के फैंस को उनका नाम लिए जाने का इंतजार था। मगर उन्हें सम्मान न मिलने से फैंस के काफी निराशा हुई।

# सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवां' का बदल गया नाम

## अब नए टाइटल के साथ रिलीज होगी फिल्म

**नई दिल्ली।** सलमान खान की आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन अब फिल्म की रिलीज से पहले मेकर्स ने फिल्म का नाम ही बदल दिया है। अब सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' के नाम से रिलीज नहीं होगी। इसकी जानकारी देते हुए मेकर्स ने फिल्म के नए नाम की भी घोषणा कर दी है।

फिल्म के लीड एक्टर और प्रोड्यूसर सलमान खान ने आज फिल्म के नए नाम के साथ एक नया पोस्टर साझा किया है। पोस्टर में सलमान खान सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं। इंटेंस लुक में सलमान खान की आंखें दिख रही हैं, जिनमें गुस्सा और जोश नजर आ रहा है।


उनके चेहरे पर खून लगा हुआ और वो मोटी जंजीर से बंधी एक लकड़ी को पकड़े दिख रहे हैं। उनके पीछे बैकग्राउंड में युद्ध के दौरान सैनिक नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर

**नया पोस्टर**

**फिल्म के लीड एक्टर और प्रोड्यूसर सलमान खान ने आज फिल्म के नए नाम के साथ एक नया पोस्टर साझा किया है।**

को साझा करते ही मेकर्स ने फिल्म का नया नाम भी रिवील कर दिया है। अब यह फिल्म 'मातृभूमि= मे वॉर रेस्ट इन पीस' के नाम से रिलीज होगी।

'बैटल ऑफ गलवां' 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होनी थी। लेकिन हैरान करने वाली बात ये है कि सलमान खान ने नाम बदलने वाली जो पोस्ट साझा की है, उसमें कहीं भी फिल्म की रिलीज डेट नजर नहीं आ रही है। न ही फिल्म के




पोस्टर पर और न ही कैप्शन में कहीं भी 17 अप्रैल या कोई भी रिलीज डेट नहीं दिख रही है। इसके बाद अब सवाल ये भी उठता है कि क्या फिल्म की रिलीज डेट भी आगे बढ़ गई है?

'मातृभूमि' का निर्देशन अपूर्व लाखिया ने किया है। जबकि फिल्म को सलमान खान फिल्म्स द्वारा के बैनर तले प्रोड्यूस किया गया है। फिल्म में सलमान खान के साथ चित्रांगदा सिंह भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी।

इसके अलावा फिल्म में गोविंदा के भी नजर आने की संभावना है। यह फिल्म 2020 के दौरान गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प पर आधारित बताई जा रही है।

हाल ही में सलमान खान ने मुंबई में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। उनकी मुलाकात की तस्वीर काफी वायरल हो रही है। अखिलेश यादव ने भी सलमान खान के साथ मुलाकात की एक तस्वीर साझा की थी। उन्होंने कैप्शन में सिर्फ 'मुंबई मिलन' ही लिखा था।

# ऑस्कर अवॉर्ड में दिखा भारतीय कारीगरी का जलवा जाना रॉबट्र्स ने चुनी बुनाई तो प्रितिका ने पहना पारंपरिक हार



**मुंबई।** ऑस्कर अवॉर्ड में इस बार सेलेब्स ने भारतीय पारंपरिक शिल्प को अपने परिधान में जोड़ा। जाना रॉबर्ट्स ने जहां भारत की बुनाई का सहारा लिया वहीं प्रितिका स्वरूप ने पारंपरिक हार को अपने पहनावे का हिस्सा बनाया।

98वें ऑस्कर अवॉर्ड की शाम रेड कार्पेट पर कई सितारों ने जलवा बिखेरा। उनकी ड्रेस और लुक्स को देख फैंस काफी उत्साहित भी हैं। मगर इस बार भारतीय शिल्प कौशल भी ऑस्कर तक पहुंच गया। एंटरप्रेन्योर जाना रॉबर्ट्स रस्सी ने पारंपरिक कढ़ाई वाले परिधान को अपनी ऑस्कर ड्रेस के रूप में चुना।

जाना रॉबर्ट्स रस्सी ने स्वदेश × अबू जानी और संदीप खोसला की डिजाइन किए गए परिधान को अपने रेड कार्पेट के लिए चुना। इस ड्रेस के पूरी तरह भारतीय कारीगरों ने बनाया था। जिसमें भारत के वस्त्र शिल्प का शानदार काम देखने को मिला।

उन्होंने जो क्रॉप टॉप पहन रखा था। उसमें हजारों बीड्स, पत्थरों और क्रिस्टल का उपयोग किया गया था। इस खूबसूरत टॉप को बनाने के लिए सिल्क ब्रोकेड के कपड़े का उपयोग हुआ था। इसे एक खास तरह से बनाया गया जिसमें बुनाई से पहले धागों को बांधकर रंगा जाता है। इसकी कढ़ाई करने में 2000 से अधिक घंटों का समय लगा है।

प्रितिका स्वरूप ने भी एल्टन जॉन एड्स फाउंडेशन अकादमी की व्यूइंग पार्टी में अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए स्वदेश के पारंपरिक हार को चुना। इस हार को बनाने में पन्ना और हीरों का उपयोग हुआ है। गले के चारों और जिप की तरह डिजाइन किया हुआ यह हार बेहद खूबसूरत नजर आ रहा था। यह भारतीय आभूषण शिल्प कौशल का प्रदर्शन को दर्शाता है। फोटोज में देखने पर यह काफी चमकदार और कीमती दिखाई दे रहा था। रिपोर्ट्स के अनुसार इस हार को बनाने में करीब 160 घंटों की मेहनत लगी है।

98वें ऑस्कर अवॉर्ड समारोह का आयोजन अमेरिका के हॉलीवुड स्थित डॉल्बी थिएटर में किया गया। इस साल यह समारोह भारत के लिए खास है। सेरेमनी में भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा बतौर अवॉर्ड प्रेजेंटर शामिल होंगी। कुछ ही देर में अवॉर्ड सेरेमनी शुरू होने वाली है जिसमें 24 कैटेगरी में साल 2025 में रिलीज हुई फिल्मों को सम्मानित किया जाएगा।

## दिग्गज स्टूडियो हेड्स व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल में उभरते फिल्म प्रेमियों के साथ स्क्रीनराइटिंग की कला पर साझा करेंगे अनुभव



मुंबई। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता सुभाष घई के प्रमुख फिल्म संस्थान व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल ने स्क्रीनराइटर्स एसोसिएशन (एसडब्ल्यूए) के सहयोग से आज से शुरू होने वाली पाँच दिवसीय स्क्रीनराइटिंग वर्कशॉप सीरीज़ की घोषणा की है। इस पहल के तहत उद्योग के प्रभावशाली कहानीकारों और लीडर्स को एक साथ लाया जा रहा है, ताकि छात्रों को एक गहन और व्यावहारिक सीखने का अनुभव मिल सके। इस पहल में विशेष सत्रों के लिए प्रशंसित फिल्मकारों और क्रिएटिव लीडर्स को आमंत्रित किया गया है, जिनमें श्रीराम राघवन, मोहित सूरी, और ज़ोया अख्तर शामिल हैं। इनके साथ उद्योग के कई प्रमुख प्रोफेशनल्स भी शामिल होंगे, जैसे अपर्णा पुरोहित (सीईओ, आमिर खान प्रोडक्शंस), आशीष सिंह (सीईओ, रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट), साहिरा नायर (अमेज़न), स्मिता सिंह (नेटफ्लिक्स के लिए रात अकेली है और खौफ) और दिव्यनिधि शर्मा (लापता लेडीज़, सितारे ज़मीन पर)। इन सत्रों के माध्यम से छात्रों को कहानी कहने की कला और सिनेमा तथा स्ट्रीमिंग कंटेंट के बदलते परिदृश्य के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी मिलेगी। इन वक्ताओं का संबंध कई चर्चित फिल्मों और सीरीज़ से रहा है, जिनमें अंधाधुन, सैयारा, गली बॉय, ज़िंदगी ना मिलेगी दोबारा और चर्चित सीरीज़ मिर्ज़ापुर शामिल हैं। थिएटर फिल्मों, ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और प्रोडक्शन स्टूडियो के विविध अनुभवों के माध्यम से वे छात्रों को आधुनिक कहानी कहने की समग्र समझ देने का प्रयास करेंगे। इस पहल पर बात करते हुए सुभाष घई ने सिनेमा में कहानी कहने की बदलती प्रकृति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, स्क्रीनराइटिंग पिछले कुछ वर्षों में काफी विकसित हुई है। पहले फिल्मों को अक्सर सितारों और भव्यता के आधार पर बनाया जाता था, लेकिन आज किसी भी शानदार फिल्म या सीरीज़ की असली ताकत उसकी लेखन शैली और किरदारों की गहराई में होती है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और वैश्विक दर्शकों के बढ़ने के साथ, लेखकों को नए फॉर्मेट्स, जटिल भावनाओं और प्रामाणिक आवाज़ों को तलाशने की आज़ादी मिली है। व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल में हमारा उद्देश्य कहानीकारों की नई पीढ़ी को तैयार करना है, जो मजबूत स्क्रिप्ट्स के माध्यम से सिनेमा के भविष्य को आकार देंगे। यह वर्कशॉप व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत वह अकादमिक शिक्षा को वास्तविक उद्योग अनुभव से जोड़ने का प्रयास करता है। सफल फिल्मकारों और लेखकों को कक्षा में लाकर यह संस्थान उभरते कहानीकारों को स्क्रीनराइटिंग की कला और व्यवसाय के बारे में मूल्यवान मार्गदर्शन और व्यावहारिक जानकारी प्रदान करता है।

# डिजिटल अरेस्ट मामलों पर स्वतः संज्ञान, सुप्रीम कोर्ट अगले हफ्ते करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** देशभर में बढ़ते डिजिटल अरेस्ट के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट एक हफ्ते बाद सुनवाई करेगा। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने कहा कि इस मामले में हमने एक स्टेटस रिपोर्ट फाइल की है, जिसे कोर्ट पढ़ ले, इसके बाद मामले पर आगे की सुनवाई करें। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने देश भर में डिजिटल अरेस्ट के मामलों में जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा था। साथ ही केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी कोर्ट को बताया था कि डिजिटल अरेस्ट के मामलों से निपटने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। गृह मंत्रालय के विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) इस समिति के अध्यक्ष हैं।

इसके पहले 9 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट मामले में सुनवाई के दौरान कहा था कि ऐसे घोटालों में बैंक अधिकारी भी आरोपियों के साथ



मिले हुए पाए गए हैं। खासकर वरिष्ठ नागरिक इसकी चपेट में आ रहे हैं। एक रिटायर्ड दंपति का उदाहरण देते हुए कोर्ट ने बताया कि उनकी पूरी जिंदगी की जमा-पूंजी ठगों ने छीन ली। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि ने केंद्र सरकार की ओर से स्टेटस रिपोर्ट पेश कर बताया था कि डिजिटल अरेस्ट से निपटने के लिए अब काफी व्यापक एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) तैयार की गई है। कोर्ट ने इसे प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जरूरी निर्देश जारी करने की बात कही थी।

सुप्रीम कोर्ट ने आरबीआई की एसओपी का जिक्र किया था, जिसमें साइबर फ्रॉड की आशंका होने पर बैंकों द्वारा अस्थायी डेबिट होल्ड लगाने जैसी त्वरित कार्रवाई का प्रावधान है। कोर्ट ने गृह मंत्रालय से कहा था कि 2 जनवरी 2026 की एसओपी को पूरे देश में लागू किया जाए और इंटर-एजेंसी कोऑर्डिनेशन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही इन नियमों को दो हफ्तों के अंदर नोटिफाई करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने चार हफ्तों के भीतर एमओयू (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) का ड्राफ्ट तैयार करने को कहा था। इसके साथ ही सीबीआई को डिजिटल अरेस्ट के मामलों की पहचान करने और जांच के निर्देश दिए गए थे। आरबीआई को बैंकों को उचित कदम उठाने का आदेश देने को कहा था। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को समय पर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था।

## चेन्नई पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पुझल डकैती कांड का फरार आरोपी मुठभेड़ में ढेर

**चेन्नई।** चेन्नई पुलिस ने मुठभेड़ में शातिर बदमाश थोप्पई गणेश को मार गिराया। वह पुझल में हुई 25 लाख की डकैती का मुख्य आरोपी था। सोमवार सुबह गिरफ्तारी के दौरान उसने पुलिस टीम पर हमला किया। जवाबी कार्रवाई में उसे गोली लगी और अस्पताल में उसकी मौत हो गई। उस पर हत्या और लूट के 14 मामले दर्ज थे।

चेन्नई के माधवराम राउंडताना के पास सोमवार सुबह पुलिस ने एक मुठभेड़ में शातिर बदमाश थोप्पई गणेश को एनकाउंटर किया। यह बदमाश पुझल इलाके में हुई एक बड़ी डकैती के मामले में मुख्य आरोपी था। मामला जब पुलिस ने जब उसे गिरफ्तार करने की कोशिश की, तो उसने पुलिस टीम पर हमला कर दिया और वहां से भागने लगा। बचाव में पुलिस ने गोली चलाई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## भारत के पास पर्याप्त टैक्स बफर मौजूद, 110 डॉलर प्रति बैरल तक कच्चे तेल की कीमतों को वहन करने में सक्षम

**नई दिल्ली।** बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों के बावजूद भारत में पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर फिलहाल असर नहीं पड़ने वाला। इस मामले में जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार पेट्रोल पर 19.9 रुपए और डीजल पर 15.8 रुपए प्रति लीटर की एक्साइज ड्यूटी कम करके ईंधन की कीमतों को लगभग 110 डॉलर प्रति बैरल तक स्थिर रख सकती है। भारत के पास बढ़ी हुई कच्चे तेल की कीमतों को वहन करने के लिए पर्याप्त टैक्स बफर मौजूद है और सरकार पेट्रोल पर 19.9 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 15.8 रुपए प्रति लीटर की एक्साइज ड्यूटी को कम करके करीब 110 डॉलर प्रति बैरल तक खुदरा ईंधन की कीमतों को यथावत रख सकती है। यह जानकारी सोमवार को जारी की गई रिपोर्ट में दी गई। एलारा कैपिटल की रिपोर्ट में कहा गया है कि खुदरा पेट्रोल और डीजल की कीमतों को एक्साइज ड्यूटी में कटौती के जरिए लगभग 110 डॉलर प्रति बैरल तक पूरी तरह से नियंत्रित किया जा सकता है, जिसके बाद डीजल और



पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी अनिवार्य हो जाएगी। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि भारत कच्चे तेल की कीमतों में 40-45 डॉलर की बढ़ोतरी को कर के जरिए सहन कर सकता है, लेकिन 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर की कीमतों में बढ़ोतरी होने पर यह बोझ सरकार से उपभोक्ताओं पर आ जाएगा। कच्चे तेल की कीमत में प्रति बैरल 10 डॉलर की वृद्धि होने पर, तेल विपणन कंपनियों के डीजल और गैसोलीन मार्जिन में 6.3 रुपए प्रति लीटर की गिरावट आएगी और एलपीजी की कीमत में 10.2 रुपए प्रति किलोग्राम की वृद्धि होगी। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि इस स्थिति के कारण एलपीजी अंडर रिकवरी वार्षिक आधार पर लगभग 328 अरब रुपए पहुंच जाएगी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कच्चे तेल की कीमत में प्रति बैरल 10 डॉलर की वृद्धि होने पर तेल विपणन कंपनियों का ग्रॉस रिफाइनिंग मार्जिन लगभग 5 डॉलर प्रति बैरल बढ़ सकता है, लेकिन इससे उनके विपणन और एलपीजी संबंधी नुकसान की पूरी तरह भरपाई नहीं हो पाएगी। रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि मौजूदा ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल होने पर, खुदरा कीमतों में वृद्धि, कर कटौती या एलपीजी सब्सिडी में बढ़ोतरी के अभाव में, आय में 90-190 प्रतिशत तक की भारी गिरावट आ सकती है।

## पश्चिम एशिया संकट के चलते 4,335 भारतीय और 1,187 विदेशी उड़ानें रद्द



**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने राज्यसभा में बताया कि हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण भारतीय एयरलाइंस ने 4,335 और विदेशी एयरलाइंस ने 1,187 फ्लाइट रद्द कीं। नायडू ने इस बात पर भी जोर दिया कि बावजूद इसके, 2,19,780 लोग सुरक्षित यात्रा कर पाए।

पश्चिम एशिया में बीते 17 दिनों से जारी संघर्ष का बड़ा असर वैश्विक ईंधन आपूर्ति के साथ-साथ उड़ान सेवा पर भी देखने को मिला है। इसी बात के मद्देनजर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने सोमवार को राज्यसभा में बताया कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण भारतीय एयरलाइंस ने अब तक 4,335 और विदेशी एयरलाइंस ने 1,187 फ्लाइट्स रद्द की हैं। नायडू ने कहा कि अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया का हवाई क्षेत्र बंद हो गया है, जिससे उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ है। इस दौरान नायडू ने यह भी साफ किया कि इस समय सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता यात्रियों और एयरलाइन कर्मियों की सुरक्षा है। नायडू ने बताया कि एयरस्पेस बंद होने के कारण वहां उड़ान भरने का कोई कारण नहीं है। इसके बावजूद, जब भी उड़ान संचालन की अनुमति मिली, भारतीय एयरलाइंस ने यात्राओं को संचालित किया। उन्होंने कहा कि संकट के दौरान लगभग 2,19,780 लोग सुरक्षित यात्रा कर पाए हैं।

इसके साथ ही राज्यसभा में जवाब देते हुए मंत्री नायडू ने बताया कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय और सिविल एविएशन महानिदेशालय (डीजीसीए) लगातार उन देशों के नियामकों के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि हम वहां सुरक्षित उड़ान सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। लेकिन पहले एयरस्पेस खुलना और सुरक्षित होना जरूरी है। तभी नियमित उड़ान संचालन संभव है। नायडू ने यह भी बताया कि कुछ हवाई क्षेत्र अभी भी बंद हैं, और सरकार यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्थिति सामान्य होने तक इंतजार कर रही है।

## धोखे से धर्म परिवर्तन पर सख्ती: सीएम फडणवीस ने नए बिल का किया बचाव, महिलाओं के शोषण को रोकने का भी किया दावा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार का नया धोखाधड़ी से धर्म परिवर्तन रोकने वाला बिल खास तौर पर महिलाओं के शोषण को रोकने के लिए लाया गया है। उन्होंने बताया कि कई मामलों में महिलाओं को झूठे प्यार के जाल में फंसाकर शादी की जाती है और बाद में उन्हें छोड़ दिया जाता है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए, यह कानून जरूरी है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने मंत्रालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विपक्ष इस मुद्दे को वोट बैंक की राजनीति के लिए बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। उनका कहना है कि अगर विपक्षी दल इस बिल को ठीक से पढ़ेंगे तो उन्हें इसमें किसी समुदाय के खिलाफ कुछ भी नजर नहीं आएगा, क्योंकि इसका उद्देश्य सिर्फ जबरदस्ती, लालच या धोखे से किए जाने वाले धर्म परिवर्तन को रोकना है। सरकार ने शुक्रवार को



विधानसभा में महाराष्ट्र धर्म की स्वतंत्रता विधेयक 2026 पेश किया था। इस बिल में ऐसे धर्म परिवर्तन पर कड़ी सजा का प्रावधान रखा गया है जो जबरदस्ती, धोखे, लालच या शादी के बहाने कराए जाते हैं। इस प्रस्तावित कानून के अनुसार अगर कोई व्यक्ति शादी का बहाना बनाकर धर्म परिवर्तन करवाता है तो उसे 7 साल तक की जेल और 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। वहीं अगर यह अपराध महिला, नाबालिग, मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति या अनुसूचित जाति-जनजाति के व्यक्ति के साथ किया जाता है तो सजा और भी सख्त होगी। ऐसे मामलों में सात साल तक की जेल और पांच लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। सीएम फडणवीस ने कहा कि कई मामलों में महिलाएं किसी के साथ भागकर शादी कर लेती हैं, लेकिन बाद में उन्हें छोड़ दिया जाता है। ऐसे हालात में उनकी जिंदगी मुश्किल हो जाती है, खासकर जब उनके बच्चे भी होते हैं। उन्होंने कहा कि यह बिल ऐसे मामलों का समाधान ढूंढने और महिलाओं को सुरक्षा देने के लिए बनाया गया है। इस बिल में एक और अहम प्रावधान यह है कि अगर कोई व्यक्ति अपना धर्म बदलना चाहता है तो उसे कम से कम 60 दिन पहले जिला मजिस्ट्रेट या अधिकृत अधिकारी को सूचना देनी होगी। इसके बाद अधिकारी इस जानकारी को सार्वजनिक करेगा और लोगों को 30 दिन के भीतर आपत्ति दर्ज कराने का मौका दिया जाएगा। धर्म परिवर्तन होने के बाद उस व्यक्ति और समारोह आयोजित करने वाले व्यक्ति या संस्था को 21 दिन के अंदर प्रशासन को लिखित घोषणा देनी होगी। अगर किसी को लगता है कि धर्म परिवर्तन गलत तरीके से कराया गया है तो उस व्यक्ति के माता-पिता, भाई-बहन या रिश्तेदार पुलिस में एफआईआर दर्ज करा सकते हैं, और पुलिस को उस शिकायत पर कार्रवाई करनी होगी।

## कई राज्यों में चढ़ेगा पारा, पूर्वोत्तर-दक्षिण में बारिश

**नई दिल्ली।** मार्च महीने की शुरुआत में ही मौसम ने अपना रंग बदलना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग ने आज कई राज्यों में पारा 4 डिग्री तक चढ़ेगा, वहीं पूर्वोत्तर और दक्षिण में गरज के साथ बारिश के आसार है। आईएमडी के अनुसार, पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से बारिश और बर्फबारी के संकेत भी है।

देश में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार उत्तर-पश्चिम, मध्य और पश्चिम भारत में अगले कुछ दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है, जबकि पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत के कई हिस्सों में गरज-चमक और बिजली के साथ बारिश की संभावना बनी हुई है। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में भी नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से बारिश और बर्फबारी के संकेत हैं।

## यूएई में 35 लोग गिरफ्तार, 19 भारतीय भी शामिल




**दुबई।** यूएई ने सोशल मीडिया पर भ्रामक और फर्जी वीडियो फैलाने के आरोप में 35 लोगों की गिरफ्तारी का आदेश दिया है, जिनमें 19 भारतीय भी शामिल हैं। आरोपियों पर एआई से बनाए गए फर्जी वीडियो और भ्रामक सामग्री फैलाने का आरोप है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में सोशल मीडिया पर भ्रामक और फर्जी वीडियो पोस्ट करने के आरोप में 35 लोगों की गिरफ्तारी का आदेश दिया गया है। इन आरोपियों में 19 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, इन लोगों ने क्षेत्रीय तनाव के बीच इंटरनेट पर ऐसी सामग्री साझा की जिससे लोगों में भ्रम और डर फैल सकता था।

यूएई के अटॉर्नी जनरल डॉ. हमद सैफ अल शम्सी ने बताया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म की सख्त निगरानी के दौरान यह सामने आया कि कुछ लोग झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाकर सार्वजनिक व्यवस्था और देश की स्थिरता को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। जांच में पाया गया कि आरोपी तीन अलग-अलग समूहों में काम कर रहे थे और उन्होंने अलग-अलग तरीकों से भ्रामक सामग्री पोस्ट की।

पहले समूह के 10 लोगों ने वास्तविक वीडियो क्लिप पोस्ट किए, जिनमें देश के हवाई क्षेत्र में मिसाइलों के गुजरने या उन्हें रोकने के दृश्य दिखाए गए थे। इन वीडियो के साथ ऐसे कमेंट और साउंड इफेक्ट जोड़े गए जिससे यह लगे कि देश पर हमला हो रहा है। अधिकारियों के अनुसार इससे लोगों में डर और घबराहट फैल सकती थी। इस समूह में 5 भारतीय, 1 पाकिस्तानी, 1 नेपाली, 2 फिलीपीन नागरिक और 1 मिस्र का नागरिक शामिल है।

दूसरे समूह के 7 लोगों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके विस्फोट, मिसाइल हमलों और आग लगने जैसे नकली दृश्य तैयार किए। इन वीडियो में राष्ट्रीय झंडे और तारीखें भी जोड़ी गईं ताकि लोग इन्हें असली समझ लें। कई वीडियो ऐसे थे जिन्हें दूसरे देशों की घटनाओं से जोड़कर यूएई का बताया गया। इस समूह में पांच भारतीय, एक नेपाली और एक बांग्लादेशी शामिल हैं।

## क्या अरब देशों पर अमेरिका-इस्राइल ही कर रहे हमले? ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने किया बड़ा दावा

**तेहरान।** अब्बास अराघची ने कहा कि इस्राइल की आक्रामकता और वर्चस्व लेबनान में अस्थिरता का मूल कारण है। उन्होंने कहा कि वहां की शांति इस्राइल के कब्जे, हमलों और आक्रमणों को समाप्त करने पर निर्भर करती है। 28 फरवरी को इस्राइल और अमेरिका ने तेहरान और अन्य ईरानी शहरों पर संयुक्त हमले किए, जिसमें ईरान के तत्कालीन सर्वोच्च नेता अली खामेनेई, वरिष्ठ सैन्य कमांडर और नागरिक मारे गए थे। शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, अराघची ने कहा कि ईरान क्षेत्रीय देशों के साथ मिलकर बैठक करने और हमलों के लक्ष्यों की प्रकृति की जांच के लिए एक संयुक्त समिति बनाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि ईरान के हमले केवल अमेरिकी ठिकानों और हितों को निशाना बनाते हैं।

## होर्मुज संकट पर चीन की अमेरिका को सख्त चेतावनी

**बीजिंग।** होर्मुज जलडमरूमध्य पर बढ़ते तनाव के बीच चीन ने सभी देशों से तुरंत सैन्य अभियान रोकने के लिए कहा है। यह बयान उस समय आया जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन समेत कई देशों से समुद्री मार्ग को सुरक्षित रखने के लिए युद्धपोत तैनात करने को कहा।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य पर संकट के बीच चीन ने सभी देशों से तुरंत सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन सहित कई देशों से अपील की है कि वे अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग को सुरक्षित रखने के लिए अपने युद्धपोत तैनात करें। ईरान और इस्राइल-अमेरिका के बीच बढ़ते टकराव के कारण दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार पर गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। चीन ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते सैन्य तनाव से अंतरराष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और क्षेत्रीय शांति पर बड़ा




खतरा पैदा हो गया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी पक्षों को तुरंत सैन्य अभियान रोकना चाहिए, ताकि हालात और ज्यादा खराब न हों। उन्होंने कहा कि यदि तनाव बढ़ा तो इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता पर भी पड़ सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में से एक है। यहां से दुनिया के बड़े हिस्से तक तेल और गैस की आपूर्ति होती है। हाल ही में अमेरिका और इस्राइल के हवाई हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कदम के तौर पर इस जलमार्ग को प्रभावी रूप से बंद कर दिया है। इसके कारण तेल की वैश्विक आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने लगी हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा सकता है।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए चीन, ब्रिटेन, फ्रांस और जापान जैसे देशों से अपील की है कि वे अपने युद्धपोत तैनात कर इस जलडमरूमध्य को खुला और सुरक्षित रखें। ट्रंप का कहना है कि यह रास्ता अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर जरूरी हुआ तो इस मुद्दे पर बनने वाले नए अंतरराष्ट्रीय गठबंधन में कई देशों को शामिल किया जाएगा, ताकि तेल टैंकरों की आवाजाही सामान्य रखी जा सके। चीन ने यह भी बताया कि इस महीने के अंत में प्रस्तावित डोनाल्ड ट्रंप की चीन यात्रा को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है। ट्रंप ने संकेत दिया था कि अगर चीन होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रखने के प्रयासों में सहयोग नहीं करता है तो उनकी बीजिंग यात्रा टाली जा सकती है। हालांकि चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के बीच संपर्क बना हुआ है और शीर्ष नेताओं के बीच कूटनीतिक बातचीत द्विपक्षीय संबंधों में अहम भूमिका निभाती है। चीन ईरान का करीबी साझेदार माना जाता है और वह ईरान से बड़ी मात्रा में तेल खरीदता है। अक्सर चीन को ईरानी तेल अपेक्षाकृत सस्ते दामों पर मिलता है। चीन ने अमेरिका और इस्राइल के ईरान पर किए गए हमलों की आलोचना भी की है। साथ ही अमेरिकी हवाई हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला खामेनेई की मौत को लेकर भी चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

## मजबूत सैन्य संरचना के साथ युद्ध में डटा ईरान

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी हमलों और ट्रंप के जीत के दावों के बावजूद ईरान की सैन्य संरचना मजबूत बनी हुई है। आईआरजीसी अपने कमांडरों की मौत का बदला लेने की तैयारी में है और संघर्ष लंबे समय तक चलने के संकेत मिल रहे हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू करने के महज 12-13 दिनों के भीतर जीत का दावा किया है, लेकिन जमीनी हालात संकेत दे रहे हैं कि यह युद्ध जल्दी खत्म होना मुश्किल हो सकता है। अमेरिकी हमलों के बावजूद ईरान की सैन्य और राजनीतिक संरचना पूरी तरह नहीं टूटी है, जबकि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) बदले की भावना के साथ संघर्ष जारी रखने की तैयारी में है।

## क्या ईरान युद्ध में फंसकर घरेलू मोर्चे पर घिर गए हैं ट्रंप




**नई दिल्ली।** ईरान युद्ध को लेकर डोनाल्ड ट्रंप घरेलू दबाव में हैं, क्योंकि इस सैन्य कार्रवाई को अमेरिकी जनता का मजबूत समर्थन नहीं मिला है। युद्ध के उद्देश्य, इजरायल से जुड़ी धारणा और तेल कीमतों में उथल-पुथल ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अगर यह संघर्ष लंबा खिंचता है, तो ट्रंप के लिए यह बड़ा राजनीतिक संकट बन सकता है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर ऐसे समय में घिरे हुए नजर आ रहे हैं, जब इस सैन्य कार्रवाई को अमेरिकी जनता का व्यापक समर्थन नहीं मिला है। विश्लेषकों का मानना है कि हाल के इतिहास में शायद ही कोई अमेरिकी राष्ट्रपति इतने कम सार्वजनिक समर्थन के साथ किसी बड़े युद्ध में उतरा हो। उपलब्ध सर्वेक्षणों में कहीं भी ऐसा संकेत नहीं मिलता कि ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर अमेरिकी जनता का बहुमत ट्रंप के साथ खड़ा है। इसके उलट, कई जनमत सर्वेक्षणों में साफ तौर पर इस युद्ध के खिलाफ राय सामने आई है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि आम तौर पर युद्ध जैसे-जैसे लंबा खिंचता है, जनता का समर्थन और घटता जाता है, जिससे ट्रंप के सामने आगे और बड़ी राजनीतिक मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने युद्ध शुरू होने से पहले अमेरिकी जनता के सामने कोई स्पष्ट और ठोस सार्वजनिक मामला पेश नहीं किया। उन्होंने फारस की खाड़ी में सैन्य जमावड़े को ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर दबाव बनाने और बातचीत के लिए इस्तेमाल की जाने वाली रणनीति के रूप में पेश किया था। लेकिन बहुत कम समय में यह कूटनीतिक दबाव सीधे सैन्य कार्रवाई में बदल गया। कहा जा रहा है कि ट्रंप तेज, चौंकाने वाले और नाटकीय अंदाज में सैन्य कार्रवाई को अंजाम देना चाहते थे, इसलिए उन्होंने युद्ध से पहले व्यापक जनसमर्थन जुटाने की कोशिश नहीं की।

यह भी माना जा रहा है कि ट्रंप को वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाने की अपनी रणनीतिक सफलता से भी हौसला मिला। हालांकि वह कदम भी अमेरिकी जनता के बीच बहुत लोकप्रिय नहीं था। इसके बावजूद ट्रंप प्रशासन ने ईरान के मामले में सार्वजनिक राय की अनदेखी की और अब उसी का राजनीतिक असर उन्हें झेलना पड़ रहा है।

विशेषज्ञों का कहना है कि किसी युद्ध के समर्थन का सवाल केवल इस पर निर्भर नहीं करता कि लड़ाई कैसे चल रही है, बल्कि इस पर भी निर्भर करता है कि जनता उस युद्ध का उद्देश्य क्या समझती है। राजनीतिक वैज्ञानिक ब्रूस जेंटलसन का तर्क है कि अमेरिकी जनता उन युद्धों का ज्यादा समर्थन करती है, जिनका उद्देश्य किसी आक्रामक शक्ति पर लगाम लगाना हो। इसके विपरीत, जब युद्ध का मकसद किसी दूसरे देश की राजनीतिक व्यवस्था बदलना या सत्ता परिवर्तन करना होता है, तो समर्थन काफी कमजोर पड़ जाता है।

इसी संदर्भ में विश्लेषक ईरान युद्ध को भी देखते हैं। उनका कहना है कि इस युद्ध का वास्तविक उद्देश्य रेजीम चेंज यानी ईरान में सत्ता परिवर्तन ही नजर आता है। ट्रंप पिछले कई महीनों से इस बारे में लगातार बोलते रहे हैं और अब भी उनकी बयानबाजी इसी दिशा की ओर इशारा करती है। यही वजह है कि प्रशासन की ओर से युद्ध को आत्मरक्षा या तात्कालिक सुरक्षा के कदम के रूप में पेश करने की कोशिश अमेरिकी जनता को बहुत भरोसेमंद नहीं लगी।

बमबारी शुरू होने के बाद ही ट्रंप और उनके सहयोगियों ने यह तर्क देना शुरू किया कि ईरान अमेरिका के लिए तत्काल खतरा था।<

## जोहानसबर्ग में हमलावरों की अंधाधुंध गोलीबारी में दो की मौत, छह लोग घायल



**जोहानसबर्ग।** गैंग हिंसा से लंबे समय से प्रभावित एल्डोराडो पार्क इलाके में सेना के वाहनों के प्रवेश का वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किया गया, जिससे इस तैनाती को लेकर कई तरह की बहस भी छिड़ गई। दक्षिण अफ्रीका के जोहानसबर्ग के दक्षिण में स्थित एल्डोराडो पार्क में शनिवार रात एक सामाजिक समारोह के दौरान आठ अज्ञात हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। गौतेंग प्रांतीय पुलिस के अनुसार हमलावर वारदात के बाद पैदल ही मौके से फरार हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, घायल छह लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। गौतेंग प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता ब्रेंडा मुरीडिली के मुताबिक,अब तक किसी भी संदिग्ध की गिरफ्तारी नहीं हुई है और इस चरण में हमले का मकसद भी अज्ञात है। उन्होंने बताया कि संदिग्धों की तलाश जारी है और लोगों से जांच में पुलिस की मदद करने की अपील की है। पुलिस ने कहा कि जिस किसी के पास भी इस मामले से जुड़ी कोई जानकारी हो, वह क्राइम स्टॉप नंबर 0860010111 पर संपर्क करे या माईएसएपीएस ऐप के जरिए गुमनाम सूचना दे सकता है। यह घटना ऐसे समय हुई है जब सरकार ने एल्डोराडो पार्क और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ाने और चल रही जांच में मदद के लिए दक्षिण अफ्रीकी नेशनल डिफेंस फोर्स (एसएएनडीएफ) के जवानों सहित अतिरिक्त संसाधन तैनात किए हैं। इसी से जुड़ी एक अन्य घटना में, 11 मार्च, 2026 को एसएएनडीएफ सैनिक 11 मार्च, 2026 को एल्डोरैडो पार्क और रिवरली समेत जोहानसबर्ग के कुछ हिस्सों में उतरे, जहां उन्होंने अपनी ताकत का साफ प्रदर्शन किया। यह तैनाती देशव्यापी योजना का हिस्सा है, जिसके तहत सैनिकों को दक्षिण अफ्रीकी पुलिस सेवा (एसएपीएस) की मदद के लिए लगाया गया है ताकि गैंगस्टर गतिविधियों, हिंसक अपराध और संगठित आपराधिक गतिविधियों पर काबू पाया जा सके।

# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत 90 हजार लाभार्थियों को मिली प्रथम किस्त

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ से आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत 90 हजार लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रथम किस्त के रूप में 900 करोड़ रुपये की अनुदान राशि के अंतरण कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को कलेक्ट्रेट सभागार में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जौनपुर मनोरमा मौर्य, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार अम्बष्ट सहित अन्य की उपस्थिति में देखा गया तथा मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना गया। इस दौरान जनपद में अनवरी बेगम, शकुंतला देवी, प्रेमा देवी, सुधा शर्मा, रीता, हसरत जहां नूरी, राधिका मौर्य सहित कुल 538 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री शहरी आवास का स्वीकृति प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जौनपुर मनोरमा मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने का कार्य केन्द्र व प्रदेश सरकार के द्वारा किया जा रहा है। यह योजना समाज के कमजोर वर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए जनपद में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी पात्र लोगों को समयबद्ध तरीके से आवास उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उन्हें सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन मिल सके। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी पवन कुमार, जितेन्द्र सिंह, सोनी वर्मा, बृजनन्दन स्वरूप, संदीप चौधरी, राहुल प्रजापति, महेन्द्र अग्रहरि सहित डूडा विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी गण और लाभार्थी उपस्थित रहे।



जनपद में वितरित हुआ 538 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री शहरी आवास का स्वीकृति प्रमाण पत्र

# परीक्षा केन्द्र की व्यवस्थाओं का डीएम व एसएसपी ने लिया जायजा

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** उ0प्र0 उप-निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2026 के दृष्टिगत आज दूसरे दिन जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार के साथ परीक्षा केंद्र गांधी गुरुकुल इंटर कॉलेज आजमगढ़ एवं एसकेपी इंटर कॉलेज आजमगढ़ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, प्रवेश प्रक्रिया आदि के सम्बन्ध मे सम्बंधित अधिकारियों से जानकारी ली गई। इसके साथ ही परीक्षा केंद्र में स्थापित सीसीटीवी कैमरा कंट्रोल रूम का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात परीक्षा कक्ष का भी निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्षों में लगाया गया सीसीटीवी कैमरा सक्रीय होना चाहिए एवं ड्यूटी में तैनात कर्मचारी इसकी निगरानी भी करते रहें। उन्होने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की शिथिलता नही होनी चाहिए। उन्होने कहा कि ड्यूटी में लगाये गये सभी अधिकारी/कर्मचारी पूरे मनोयोग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए पुलिस भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सेक्टे्ट/स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर निगरानी करते रहें।

जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# राजकीय बालगृह आगरा का न्यायिक टीम ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा गठित कमेटी की सदस्य कुलदीप सिंह, अपर जनपद न्यायाधीश, एफ.टी.सी.-1 एवं प्रीती गिरि सदस्य, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज दि. 16 मार्च को राजकीय बालगृह (शिशु) आगरा का भौतिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधीक्षक बेटा सिंह अनुपस्थित मिले, कार्यालय सहायक शैलेन्द्र उपस्थित मिले, जिनके द्वारा बताया गया प्रभारी अधीक्षक बेटा सिंह अपने व्यक्तिगत कार्य से गये हुये हैं जबकि उनके उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर पाये गये। निरीक्षण के दौरान उपस्थित कार्यालय सहायक शैलेन्द्र द्वारा बताया गया कि राजकीय बालगृह में 0 से लेकर 10 साल तक के बच्चों को आश्रित किया जाता है, निरीक्षण के दौरान बालगृह में 0 से 06 साल तक के 27 बच्चे तथा 06 से 10 साल तक के 14 बच्चे आवासिंत हैं, जिसमें जनपद मैनपुरी के 01 बच्चा आवासित है, उपस्थित कर्मचारी द्वारा बताया गया कि उक्त बच्चे को ऑखों से नहीं दिखता है एवं उसका शरीर पूरी तरह से कार्य नहीं करता है व उसको मिर्गी (दौड़े) भी आती हैं, इस दौरान पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें दीवार का प्लास्टर छूट रहा था तथा गन्दी दुर्गन्ध आ रही थी एवं साफ-सफाई का अभाव देखने को मिला, जिसके सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि वह बालगृह में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था रखना सुनिश्चित करें एवं दीवारों की मरम्मत कराये जाने हेतु सम्बन्धित को पत्राचार करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान कार्यालय सहायक से कर्मचारी अवकाश रजिस्टर मांगा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि अवकाश रजिस्टर प्रभारी अधीक्षक बेटा सिंह के पास रहता है, उपस्थिति पंजिका में कर्मचारी श्रीमती पूनम एवं पंकज परमार के अवकाश प्रार्थना पत्र पाये गये, जिसमें कर्मचारी पूनम द्वारा 09.03.2026 से 13.03.2026 तक का अवकाश प्रार्थना पत्र दिया गया परन्तु उपस्थिति पंजिका में उक्त तिथियों में हस्ताक्षर पाये गये, पूछने पर बताया गया कि वह अपने बच्चे के काम से लखनऊ जा रही थी परन्तु किसी कारणवश नहीं जा पाई लेकिन अवकाश प्रार्थना पत्र वापस लेना भूल गई, अन्य कर्मचारी पंकज परमार के अवकाश प्रार्थना पत्र में अवकाश की कोई तिथि अंकित नहीं की गयी है।



## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**जौनपुर।** नगर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार सिकरारा थाना क्षेत्र के मघाईपुर गांव निवासी अश्वनी कुमार बिंद पुत्र उमा चंद बिंद अपने एक साथी के साथ बाइक से शहर से घर लौट रहे थे। सोमवार सुबह करीब 10 बजे जब वे नगर कोतवाली क्षेत्र के कटघरा इलाके से गुजर रहे थे, उसी दौरान सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर की चपेट में उनकी बाइक आ गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में जांच के बाद चिकित्सकों ने अश्वनी कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल दूसरे युवक का उपचार करने के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे के संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बिना दहेज के सादगीपूर्ण विवाह से पेश की मिसाल

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिले में एक शादी सादगी की मिसाल बन गई है जहां शादियों के सीजन में दहेज और फिजूलखर्ची की होड़ लगातार बढ़ती हुई देखी जा रही है। वहीं जिले के कप्तानगंज थानाक्षेत्र के लखमीपुर गांव के रहने वाले रविंद्र यादव और उनकी महाविद्यालय की प्रबंधक पत्नी गीता यादव ने समाज के सामने एक सराहनीय मिसाल पेश की है। उन्होंने अपने बेटे की शादी में मात्र 101 रुपये का कन्यादान लेकर शादी की रस्मे सम्पूर्ण कराई हैं। उन्होंने ये शादी पूरी सादगी से संपन्न की और दहेज संस्कृति पर बड़ा संदेश दिया। जानकारी के मुताबिक कप्तानगंज थानाक्षेत्र के लखमीपुर गांव के रहने वाले रविंद्र यादव ग्राम पंचायत अधिकारी हैं। उनकी पत्नी गीता देवी मां चनरमी देवी पीजी कॉलेज की प्रबंधक हैं। उनके बेटे भी उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद अध्यापन का कार्य करते हैं। 12 मार्च को उनके बेटे की बारात अंबेडकर नगर के मालीपुर के पास बीवीपुर भूसौली गांव मे रमेश यादव के गई। जहां पर आदित्य यादव और सुमन यादव की विवाह रस्में मात्र 101 कन्यादान लेकर संपन्न की गई। ग्राम पंचायत अधिकारी रविंद्र यादव ने कहा कि जिस तरह से समाज मे शादी में फिजूलखर्ची होती है उसकी कोई जरूरत नहीं है. समाज को दहेज रूपी बुराई से बाहर लाने के लिए किसी को तो पहल करनी ही होगी। पैसे के दिखावे में उड़ाने के बजाय इसे बच्चों की शिक्षा और अच्छे कार्यो में लगाना चाहिए। जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए और गरीब बेटियों की शादी करवानी चाहिए। इससे लोगों को सहूलियत मिल सके। प्रबंधक गीता यादव ने बताया कि उनका बेटा आदित्य यादव भी इस दहेज प्रथा के खिलाफ है। शुरू से ही उसका भी यही मन था कि जिस जगह उसकी शादी होगी तो वो बिना दहेज के उस घर की बेटी को अपनी बहू के रूप में स्वीकार करेगा। इस फिजूलखर्ची के खिलाफ व युवाओं में और लोगों को भी जागरूक करेगा ताकि समाज को एक सही दिशा मिले।



## रसोई गैस की किल्ललल्त और मूल्य वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**जौनपुर।** रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत और मूल्य वृद्धि के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिलाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि गैस एजेंसियों पर लग रही लंबी कतारें सरकार की नाकामी का प्रमाण हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर सरकार दावे तो कर रही है, लेकिन हकीकत यह है कि लोगों को घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है और कई घरों में चूल्हे तक नहीं जल पा रहे हैं। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा कि भाजपा सरकार में आम जनता को हर काम के लिए लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। यदि गैस की पर्याप्त आपूर्ति जा रही है तो एजेंसियों पर इतनी भीड़ क्यों लग रही है। प्रदर्शन में प्रदेश सचिव सत्यवीर सिंह, देवराज पांडेय, शेर बहादुर सिंह, राकेश सिंह डब्बू, लाल प्रकाश पाल, विनय तिवारी, शाहनवाज मंजूर, इरशाद खान राजू, शशांक शेखर तिवारी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व क्रिकेटर एकादश की रोमांचक जीत



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** पूर्व क्रिकेटर एकादश ने उत्तर मध्य रेलवे अधिकारी एकादश को एक रन से हराकर पांच मैचों की निर्वाणानंद कनेक्टिंग हैप्पीनेट एंड हेल्डिंग फाउंडेशन क्रिकेट सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। विजेता टीम के नितिन सिब्बल (86 रन, 47 गेंद, दस चौके, दो छक्के एवं एक विकेट) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डीएसए मैदान पर रविवार रात खेले गये मैच में पूर्व क्रिकेटर एकादश ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 186 रन (नितिन सिब्बल 86 नाबाद, कौशिक पाल 35, अमित सिंह 20, अस्करी अब्बास 19, राहुल सिंह 2/36, सत्येंद्र कुमार, अभिषेक प्रताप, सुशील व डॉ. परवेज एक-एक विकेट) बनाये।

जवाब में उत्तर मध्य रेलवे अधिकारी एकादश की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 179 रन (राहुल सिंह 50, वीरेंद्र वर्मा 31, सत्येंद्र कुमार 29, रणविजय सिंह 19, विमलेश सिंह, अस्करी अब्बास, नितिन सिब्बल व राकेश मिश्र एक-एक विकेट) ही बना सकी। नितिन सिब्बल को इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व क्रिकेट प्रशिक्षक देवेश मिश्र ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक और खेल अधिकारी शैलेंद्र कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। जावेद अहमद ने कार्यक्रम का संचालन किया। कमेंट्री जावेद अहमद ने की। इस मौके पर डॉ. भास्कर शुक्ला, हसबीन अहमद, वीरेंद्र उपाध्याय, शिवाकांत शुक्ल, ताहिर अब्बास, मोहम्मद आरिफ, अनुराग मिश्र, सुनील ओझा, अनूप सिंह, विवेक सिंह, पद्माकर मिश्र, सुशील ओझा, मुकेश भारतीय आदि मौजूद रहे।

## 25 मार्च तक कोषागार में बिल जमा करने के निर्देश

**मैनपुरी (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारियों से कहा है कि अनावश्यक विलम्ब व अप्रत्याशित तकनीकी समस्याओं से बचाव हेतु समस्त बिल निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दि. 25 मार्च तक कोषागार में अवश्य प्रस्तुत कर दें, जिससे कि प्रस्तुत बिलों की आवश्यक चेकिंग के बाद कोषागार द्वारा बिलों की पासिंग तथा ई-पेंमेट के माध्यम से दि. 31 मार्च तक भुगतान हेतु ऑथराइजेशन किया जा सके। उन्होने कहा कि यदि किसी कारणवश दि. 25 मार्च तक बिल कोषागार में प्रस्तुत नहीं किये जा सकें तो दि. 31 मार्च को अपरान्ह 03 बजे तक प्रत्येक दशा में कोषागार में बिल प्रस्तुत कर दिये जायें, कोषागार हेतु दि. 31 मार्च की सायं 05 बजे तक ऑथराइजेशन हेतु समय-सीमा निर्धारित की गयी है। उक्त का अनुपालन न करने तथा सामयिक आहरण के अभाव में किसी धनराशि के व्यपगत हो जाने पर सम्बन्धित आहरण एवं वितरण अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

## भाजपा नेता ने की नवरात्रि में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन रोकने की मांग



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** भारतीय जनता पार्टी के शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक एव प्रदेश महामंत्री प्रधानाचार्य परिषद मलयज शर्मा ने आज माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित मुख्यालय में अपर सचिव प्रशासन सत्येंद्र कुमार सिंह से मुलाकात की। इस दौरान श्री शर्मा ने उन्हें 18 मार्च 2026 से प्रारम्भ हो रहे हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के बीच 19 मार्च 2026 से शुरू होने वाले नव संवत्सर एव चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन मूल्यांकन कार्य स्थगित करने का अनुरोध किया। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि इस दिन बहुसंख्यक शिक्षक एवं शिक्षिकाएं अपने घरों में कलश स्थापना व पूजन आदि करते हैं और व्रत भी रखते हैं। हालांकि मूल्यांकन के दौरान ईद का त्योहार भी पड़ रहा है और कई शिक्षक संगठनों और शिक्षक नेताओं ने ईद के मौके पर मूल्यांकन कार्य स्थगित करने का अनुरोध किया है किंतु अभी तक किसी ने नवसंवत्सर और चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस छुट्टी की माँग नहीं की थी। अपर सचिव प्रशासन ने इस संबंध में उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया है।

## दरोगा भर्ती के अभ्यर्थी गंगा में डूबा, मौत

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** शिवकुटी थाना क्षेत्र के नागवासुकि मंदिर के सामने गंगा में एक युवक का शव मिला। वह अमेठी का रहने वाला था। एक दिन पहले आयोजित हुई दरोगा भर्ती परीक्षा में उसने हिस्सा लिया था। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवकुटी थाना क्षेत्र के नागवासुकी मंदिर के सामने पीपे के पुल के पास रविवार दोपहर अमेठी निवासी एक छात्र का शव पानी में डूबा मिला है। छात्र गोविंदपुर में किराए का कमरा लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। दो दिन पहले आयोजित हुई दरोगा भर्ती परीक्षा में उसने भाग लिया था। पिता ने बेटे की मौत को संदिग्ध जाहिर करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और सोमवार को अंतिम संस्कार के लिए अमेठी चले गए। शिवकुटी पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

# अवैध गैस सिलेंडरों पर बड़ी कार्रवाई, रेलवे लाइन के पास से 53 सिलेंडर बरामद

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** गौराबादशाहपुर जिलाधिकारी के निर्देश पर अवैध गैस सिलेंडरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में सिलेंडर बरामद किए। छापेमारी के दौरान रेलवे लाइन के बेहद करीब अवैध रूप से सिलेंडरों का भंडारण पाया गया, जिससे सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम साही द्वारा गठित टीम ने गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गोपालापुर गांव के पास केशवपुर रेलवे फाटक स्थित एक जलपान गृह पर छापेमारी की। टीम ने केशव प्रसाद मौर्य जलपान गृह में दबिश देकर दुकान के पीछे बड़ी मात्रा में गैस सिलेंडर बरामद किए।

छापेमारी के दौरान मौके से 16 भरे हुए और 37 खाली सिलेंडर, कुल 53 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए गए। जांच के दौरान दुकानदार इन सिलेंडरों से संबंधित कोई वैध दस्तावेज या रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं कर सका।

चौंकाने वाली बात यह रही कि अवैध सिलेंडरों का यह भंडारण रेलवे लाइन से महज लगभग 10 मीटर की दूरी पर किया गया था, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई थी। लगभग दो घंटे तक चली इस कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक टीम ने सभी सिलेंडरों को कब्जे में ले लिया। इस कार्रवाई में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी , सप्लाई इंस्पेक्टर , सहित अन्य अधिकारियों की टीम और गौराबादशाहपुर पुलिस मौजूद रही। अचानक हुई इस छापेमारी से आसपास के दुकानदारों और क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रशासन ने संकेत दिया है कि अवैध गैस भंडारण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।



# छात्राओं ने दी संस्कृत में अनुभव कथन, गीत, नाटिका की मनोहारी प्रस्तुति

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज, प्रयागराज के संस्कृत विभाग एवं संस्कृत भारती, काशी प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संस्कृत संभाषण शिविर का समापन समारोह आज आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जितेन्द्र प्रताप सिंह एडीआईओएस, प्रयागराज, विशिष्ट अतिथि शालिग्राम त्रिपाठी संस्कृत भारती, प्रशिक्षक हर्षवर्धन पाण्डेय का स्वागत प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष एवं कार्यक्रम संयोजिका डा. प्रमा द्विवेदी ने किया। दस दिवसीय प्रशिक्षण के उपरांत छात्राओं ने डा शारदा कुमारी के निर्देशन में संस्कृत में अनुभव कथन, गीत, नाटिका की मनोहारी प्रस्तुति दी। शालिग्राम त्रिपाठी ने संस्कृत की स्पष्टता और मधुरता के कारण उसे सुग्राह्य करने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि ने वर्तमान एआई युग जो निजता और संस्कृति को क्षीण कर रहा है वहां हमारी भारतीय संस्कृति और संस्कृत ही विवेकपूर्ण मनुष्य और सामंजस्यपूर्ण समाज के लिए अपरिहार्य बताया। इस अवसर पर गीता आधारित क्विज प्रतियोगिता एवं अन्य कार्यक्रमो के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। संचालन साक्षी दुबे एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर रत्न कुमारी वर्मा ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक,छात्राएं एवं शोध छात्र भी उपस्थित रहे।

## पिता पर चार बेटियों से दुष्कर्म का आरोप

**प्रयागराज।** मांडा थाना क्षेत्र में एक युवती ने अपने पिता पर खुद के साथ ही नहीं, बल्कि अपनी चार बहनों के साथ भी दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है। 20 वर्षीय युवती रविवार को अपनी मां के साथ थाने पहुंची और इंस्पेक्टर मांडा अनिल वर्मा को पूरी घटना बताई। युवती की बात सुनकर थाने में मौजूद लोग भी सन्न रह गए। युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है और पांच बहनों व दो भाइयों में सबसे बड़ी है। उसके पिता हैदराबाद में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं और साल में एक-दो माह के लिए घर आते हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पिता वर्ष 2017 से उसके साथ दरिंदगी कर रहे हैं। उस समय वह मामा के घर रहती थी। उसने इसकी जानकारी मां को दी तो विरोध करने पर आरोपी ने मां के साथ भी मारपीट की।

## इलाहाबाद मंडल के क्रिकेटरों का ट्रायल कल से

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** उत्तरप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) में पंजीकरण कराने वाले इलाहाबाद मंडल के मिर्ज़ापुर, भदोई, चित्रकूट के अंडर-16 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के क्रिकेटरों का जिला स्तरीय ट्रॉयल 18 मार्च से केपी कॉलेज मैदान पर प्रातः 8:30 बजे से शुरू होगा। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक डॉ. सुरेश द्विवेदी के अनुसार 18 मार्च को अंडर-16 आयु वर्ग एवं 19 मार्च को अंडर-19 आयु वर्ग के क्रिकेटरों का ट्रॉयल होगा। इसमें वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिन्होंने यूपीसीए में अपना पंजीकरण कराया है। खिलाड़ियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रति व आधार कार्ड के साथ केपी कॉलेज मैदान पर सुबह 8:30 बजे अंकित पांडेय व प्रितेश सोनकर को संपर्क करना होगा

## चौधरी नौनिहाल और गंगा डिग्री कॉलेज को मिली जीत

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता** चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब और गंगा डिग्री कॉलेज ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर मनीष देब बी डिवीजन क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किए। केपी कॉलेज मैदान पर सोमवार को खेले गए मैच में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 40 ओवर में 269 रन (फरहान अंसारी 89, देवांश पाठक 58, विश्वास सक्सेना 40, तेजस मिश्रा 26, हर्षित तिवारी 20, सत्य 3/32, वैभव पांडेय 3/37, अरुण विश्वकर्मा 2/37) बनाए। जवाब में सेंट जॉन्स क्लब की टीम 14.1 ओवर में 78 तन (शिवम यादव 19, अरुण विश्वकर्मा 18 नाबाद, आदर्श पांडेय 6/30, अंकित सिंह 4/44) पर सिमट गई। मैच में हितेश श्रीवास्तव व सुधीश सोनकर अंपायर एवं अंकित पांडेय स्कोरर रहे। चक हरिहरगंज झूसी मैदान पर विराट स्पोर्ट्स क्लब ने 31.2 ओवर में 213 रन (सूर्य प्रकाश सिंह 68, तेजस गुप्ता 46, अनुज मिश्रा 24, शशांक द्विवेदी 3/36, शिवा सोनकर 2/27, रामानंद यादव, रौनक चौरसिया, आदित्य सिंह व सलमान एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में गंगा डिग्री कॉलेज ने 24.5 ओवर में चार विकेट पर 217 रन (रामानंद यादव 69 नाबाद, अनुराग गुप्ता 51 नाबाद, सलमान 35, आदित्य सिंह 31, अशफाक अहमद 1/22, अनुज मिश्रा 1/40) बना लिए। मैच में रामचंद यादव और राहुल सिंह अंपायर एवं आशीष भारती स्कोरर रहे।

# रंगोत्सव के रंग में रंगे शहर पश्चिम के व्यापारी

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** शहर पश्चिम व्यापारी महासंघ द्वारा सामाजिक समरसता के भाव को बढ़ाने, भेदभाव ऊंच-नीच को मिटाने, प्रेम और सौहार्द के लिए शहर पश्चिम के व्यापारियों ने रंगोत्सव होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन भव्यता के साथ धूमनगंज स्थिति सुधा वाटिका में किया गया। इस अवसर पर राधा-कृष्ण थीम पर होली का महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया व्यापारियों ने फूलों एवं अबीर-गुलाल के साथ पारंपरिक रूप से रंगोत्सव का आनंद लिया। एक-दूसरे गले लग होली की बधाई देते हुए व्यापारियों ने एकजुट होकर व्यापारी महासंघ को मजबूत और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर चेयरमैन अखिलेश सिंह, अध्यक्ष धर्मेंद्र द्विवेदी, महामंत्री धनजंय सिंह, अतिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष सोनू साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, रामलोचन, पप्पू केसरवानी, प्रभारी अतुल केसरवानी, संयोजक नरेंद्र खेड़ा व मंजीत कुशवाहा, ज्ञान केसरवानी, राजीव कपूर, हिमांशु निक्की गुप्ता, सुरेश गुप्ता, दिलजीत सिंह, रतन अग्रवाल, फय्याज अहमद, राकेश जैन, सोनू गुप्ता, अनिल चौरसिया, पिंटू कुशवाहा, क्रिसलय केसरवानी, योगेंद्र कुशवाहा, राजू सिंगरौर, विकास वर्मा, मनीष सेठ, मनोज, सुभाष साहू समेत बड़ी व्यापारी मौजूद रहे।



## देर रात घर में आग, लाखों की नकदी, गहने राख

**प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र स्थित बिगहना गांव में रविवार देर रात एक घर में भीषण आग लग गई। यह घटना एक शादी वाले घर में हुई, जिसमें लाखों रुपये की नकदी और आभूषण जलकर राख हो गए। इससे परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिगहना गांव निवासी राजेश कुमार गुप्ता के घर में आग रविवार देर रात करीब 3 बजे लगी। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य अलग-अलग कमरों में मौजूद थे। घर के एक हिस्से से धुआं और आग की लपटें उठती देख परिजनों ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक घर में रखा अधिकांश सामान जल चुका था।

# सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेविका का पुरस्कार श्रुति और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का दीपांजलि को

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय संघटक इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 10 से 16 मार्च तक आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 055 के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह का आयोजन आज सम्पन्न हुआ। समापन समारोह कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। मयूरी ने गणेश स्तुति पर नृत्य प्रस्तुत किया। तत्पश्चात वैष्णवी, मीनाक्षी एवं लक्ष्मी, सौम्या ,अनु द्वारा हमरा सीमा के जवनवा पर मनमोहक लोकगीत प्रस्तुत किया। स्वयं सेविकाओं ने शिविर के थीम पर आधारित डिजीटल इंडिया और मोबाईल के उपयोग, सुरक्षा एवं जागरूकता विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। समारोह के क्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रियंका शर्मा द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात प्रो नीलिमा सिंह एवं प्रो नमिता यादव द्वारा विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विजेता स्वयं सेविकाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मंच का संचालन सेविका श्रुति, ओजस्वी एवं मुस्कान द्वारा किया गया, विशेष शिविर में चार ग्रुप लीडर में खुशी यादव ,मीनू निषाद, सलोनी तिवारी एवं स्वाति सोनिया को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। शिविर की सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेविका पुरस्कार एवं मेडल श्रुति मिश्रा और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रमाण पत्र दीपांजलि साहू को प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रो नीलिमा सिंह ने कहा कि सभी स्वयं सेविकाओं को सात दिन में जो भी प्रशिक्षण,कौशल , सामूहिकता का ज्ञान प्राप्त हुआ उसे आत्मसात कर अपने व्यक्तित्व का विकास और समाज में योगदान करें। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 अजय प्रकाश खरे के संरक्षण और प्रोफेसर राजेश गर्ग समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रो0 नमिता यादव, डॉ0 यशस्वी सिंह, डॉ वर्षा अग्रवाल, डॉ0 अश्वनी कुमार राय, डॉ0 शैमेनाज बानो, डॉ अनिल कुमार, डॉ0 यशस्वी पांडेय, डॉ अंशु त्रिपाठी डॉक्टर अभिषेक तिवारी, नवीन पाठक एवं सभी स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहीं।

## न्यायालय सूचना

सिविल कोर्ट स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों 1.कैन्टीन (नाश्ता चाय आदि), साईकिल स्टैंड़, फोटोस्टेट शॉप नं-1,फोटोस्टेट शॉप नं-2,पान शॉप नं-1,पान शॉप नं-2 व 1 रेहड़ी दाल मौठ हेतु वित्तीय वर्ष-2026/2027 की नीलामी कार्य वाही दि. 27.03.2026 को सायं 4:30 बजे कोर्ट परिसर में ए.ड़ी.आर.भवन में होगी, इच्छुक बोलीदाता नीलामी के नियम,शर्ते, स्थान एवं समय आदि की जानकारी नज़ारत अनुभाग,सहारनपुर से या कोर्ट के सूचना पट से हासिल कर सकते हैं। (प्रकाश तिवारी) अध्यक्ष, नीलामी समिति/अपर जिला जज कक्ष संख्या-4 सहारनपुर।

# एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने भारत में अपने पहले एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) लॉन्च किए

एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने भारत में अपने पहले एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) के रूप में एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ और एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ फंड ऑफ फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ फिजिकल गोल्ड या सोने से जुड़े साधनों में निवेश करेगा, जबकि एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ फंड ऑफ फंड, एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ की यूनिट्स में निवेश करेगा। इन दोनों योजनाओं का न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) इस सप्ताह सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है।

**एनएफओ की अवधि**

क एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ - 16 से 18 मार्च 2026

क एसएसबीसी गोल्ड ईटीएफ फंड ऑफ फंड - 19 से 25 मार्च 2026

दोनों फंड का प्रबंधन दीपन पारिख करेंगे। एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ मुख्य रूप से भौतिक सोने में निवेश करेगा और इसकी प्रदर्शन तुलना घरेलू सोने की कीमतों से की जाएगी। वहीं एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ फंड ऑफ फंड, एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ की यूनिट्स में निवेश करेगा। ये दोनों फंड निवेशकों को सोने में निवेश का आसान और सुविधाजनक विकल्प प्रदान करते हैं।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कैलाश कुलकर्णी, सीईओ, एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने कहा, सोना भारतीय परिवारों में हमेशा से अहम स्थान रखता है और अब इसे पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण एसेट एलोकेशन के रूप में भी देखा जा रहा है। यह बाजार की अस्थिरता के समय पोर्टफोलियो को संतुलित रखने में मदद कर सकता है। हमारे गोल्ड ईटीएफ के जरिए निवेशक फिजिकल गोल्?ड को संभालने या सुरक्षित रखने की चिंता किए बिना सोने में निवेश कर सकते हैं। इससे निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो को अधिक संतुलित बनाने और वित्तीय लक्ष्यों को आत्मविश्वास के साथ हासिल करने में मदद मिल सकती है।

वहीं, वेणुगोपाल मंघत, सीआईओ इक्विटी, एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने कहा, सोने का इक्विटी जैसे अन्य एसेट क्लास के साथ कम संबंध रहा है, इसलिए यह पोर्टफोलियो में विविधता लाने और बाजार की अस्थिरता के समय सुरक्षा देने में उपयोगी हो सकता है। सोने में अनुशासित निवेश पोर्टफोलियो के जोखिम को संतुलित रखने और लंबी अवधि की स्थिरता में मदद कर सकता है। एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड ईटीएफ फंड ऑफ फंड के जरिए हम निवेशकों को घरेलू सोने की कीमतों में भागीदारी का एक सरल और प्रभावी विकल्प दे रहे हैं।÷

एनएफओ अवधि के दौरान निवेशक न्यूनतम 5,000 रुपये से निवेश कर सकते हैं और उसके बाद 1 रुपये के गुणक में निवेश बढ़ा सकते हैं। एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ का निवेश उद्देश्य खर्चों से पहले घरेलू सोने की कीमतों के प्रदर्शन को ट्रैक करते हुए रिटर्न देने का है, हालांकि इसमें ट्रैकिंग एरर संभव है। वहीं एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ फंड ऑफ फंड का उद्देश्य एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ के अनुरूप रिटर्न प्रदान करना है। एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ का कारोबार एनएसई और बीएसई पर किया जाएगा। दूसरी ओर, एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ फंड ऑफ फंड में निवेशक एसेट मैनेजमेंट कंपनी के माध्यम से लंपसम, एसआईपी, एसआईपी टॉप-अप, एसटीपी और एसडब्लूपी जैसे विकल्पों के जरिए सीधे निवेश कर सकते हैं।

## कमजोर वैश्विक संकेतों से सर्राफा बाजार में नरमी

**नई दिल्ली।** चांदी की कीमतों में 3.4 फीसदी की गिरावट आई, जो शुक्रवार के बंद भाव 2,65,500 रुपये प्रति किलोग्राम से घटकर 2,56,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना लगातार तीसरे दिन नुकसान में रहा, जिसमें 1.81 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। व्यापारियों ने सर्राफा कीमतों में गिरावट का कारण मुनाफावसूली बताया। उन्होंने सुरक्षित निवेश की मांग का अमेरिकी डॉलर और बॉन्ड की ओर बढ़ना भी एक वजह बताया। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से बड़े पैमाने पर पोजीशन खत्म होने लगी हैं। निवेशक कीमती धातुओं से पूंजी निकालकर अमेरिकी डॉलर और बॉन्ड में लगा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक केंद्रीय बैंक अमेरिकी-ईरान संघर्ष से उत्पन्न ऊर्जा आपूर्ति बाधाओं के कारण ब्याज दर समायोजन रोक सकते हैं।

## येज़्दी रोडस्टर ने बाइक डिज़ाइन ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता



**लखनऊ।** जावा येज़्दी मोटरसाइकिल्स की बोर्न आउट ऑफ लाइन येज़्दी रोडस्टर ने कार एंड बाइक से बाइक डिज़ाइन ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता है जिससे इस मोटरसाइकिल को मिलने वाले सम्मानों की सूची में एक और बड़ा सम्मान जुड़ गया है। इससे पहले इस वर्ष रोडस्टर को ज़ी मीडिया ऑटो अवार्ड्स में बेस्ट 350सीसी मोटरसाइकिल भी चुना गया था। क्लासिक लीजेंड्स के सह-संस्थापक बोमन ईरानी ने यह पुरस्कार प्रसिद्ध ऑटोमोबाइल डिज़ाइनर, स्ट्रेट स्कूल ऑफ डिज़ाइन इंडिया के डीन थॉमस डाल से प्राप्त किया। यह सम्मान रोडस्टर की उस साहसी व्याख्या को मान्यता देता है जिसमें क्लासिक रोडस्टर को 'बोर्न आउट ऑफ लाइन' डिज़ाइन के साथ नए रूप में पेश किया गया है। यह डिज़ाइन मजबूत सिल्हूट, मस्कुलर अनुपात और मॉड्यूलर बहुमुखीपन पर आधारित है।

क्लासिक लीजेंड्स के सह-संस्थापक बोमन ईरानी ने कहा कार एंड बाइक से मिलने वाली पहचान का खास महत्व है, खासकर जब बात डिज़ाइन की हो। येज़्दी रोडस्टर को क्लासिक अनुपातों को नए तरीके से सोचकर बनाया गया है, जबकि येज़्दी के विद्रोही स्वभाव को बरकरार रखा गया है। यह वही सोच है जिसने 1970 के दशक से इस ब्रांड की पहचान बनाई है। भारत में जन्मी एकमात्र क्लासिक मोटरसाइकिल ब्रांड के रूप में येज़्दी हमेशा परंपरा को चुनौती देती रही है। रोडस्टर उसी भावना को दर्शाती है। इसका डिज़ाइन आधुनिक स्टेल्थ शैडो ब्लैक से लेकर रेट्रो रेड वुल्फ तक आसानी से बदल सकता है। यही बहुमुखीपन हम हासिल करना चाहते थे।

जावा येज़्दी मोटरसाइकिल्स में कॉन्सेप्ट डिज़ाइन प्रमुख अखिलेश मनचंदानी ने कहा डिज़ाइन का उद्देश्य कहने में आसान लेकिन लागू करने में चुनौतीपूर्ण था। हमें ऐसी मोटरसाइकिल बनानी थी जो विद्रोही और मजबूत लगे, लेकिन रोज़मर्रा की सवारी के लिए भी व्यावहारिक हो। मॉड्यूलर रियर सीट इस पूरी प्रक्रिया का सबसे कठिन हिस्सा थी। चाहे यह बॉबर के रूप में सोलो चले या पिलियन के साथ, येज़्दी रोडस्टर साफ और पूरी तरह तैयार दिखाई देती है। यह पुरस्कार उसी बारीकी और टीम के प्रयासों की पहचान है जिसने क्लासिक मोटरसाइकिल डिज़ाइन को एक कदम आगे बढ़ाने की कोशिश की।

## टाटा मोटर्स के कमर्शियल वाहन होंगे महंगे, 1 अप्रैल से कीमतों में 1.5% तक की बढ़ोतरी

**मुंबई।** टाटा मोटर्स ने आज अपने कमर्शियल वाहनों की पूरी रेंज में कीमतों में 1.5% तक की बढ़ोतरी की घोषणा की है, जो 1 अप्रैल 2026 से लागू होगी।

यह मूल्य वृद्धि बढ़ती कमोडिटी कीमतों और अन्य इनपुट लागतों के प्रभाव को आंशिक रूप से कम करने के लिए की जा रही है। यह बढ़ोतरी मॉडल और वेरिएंट के आधार पर अलग-अलग होगी।

## ऑनलाइन फाइलिंग ऑफ जीएसटीटी अपील्स में चुनौतियों के समाधान पर संवादात्मक सत्र का आयोजन



**लखनऊ।** यू.पी. जीएसटी अपीलीय अधिकरण बार एसोसिएशन द्वारा लखनऊ स्थित होटल क्राउन प्लाज़ा में ऑनलाइन फाइलिंग ऑफ जीएसटीटी अपील्स में व्यावहारिक अंतर्दृष्टि एवं चुनौतियों के समाधान विषय पर एक इंटरैक्टिव सेशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जस्टिस (सेवानिवृत्त) संजय कुमार मिश्रा, अध्यक्ष, जीएसटी अपीलीय अधिकरण, उपस्थित रहे तथा उन्होंने जीएसटी अपीलीय अधिकरण के समक्ष अपील दायर करने में कर पेशेवरों द्वारा सामना की जा रही व्यावहारिक कठिनाइयों एवं जिज्ञासाओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर जीएसटी अपीलीय अधिकरण की लखनऊ, वाराणसी एवं प्रयागराज पीठों से संतोष कुमार श्रीवास्तव न्यायिक सदस्य, नरेंद्र कुमार न्यायिक सदस्य, आलोक चोपड़ा तकनीकी सदस्य (केंद्र), अरविंद कुमार तकनीकी सदस्य (राज्य), महताब अहमद न्यायिक सदस्य, नरेंद्र बहादुर यादव न्यायिक सदस्य, अनंजय कुमार राय तकनीकी सदस्य (राज्य), उपस्थित रहे । इसके अतिरिक्त विभिन्न पीठों के रजिस्ट्रारगण, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वक्तागण तथा जीएसटी विभाग, लखनऊ के अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। यू.पी. GST अपीलीय न्यायाधिकरण बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि इस सत्र में 150 से अधिक कर एवं विधि क्षेत्र के पेशेवरों ने सहभागिता की, जिनमें चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, अधिवक्ता, कॉस्ट अकाउंटेंट्स तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधि सम्मिलित थे।

## ऑब्जेक्शन ओवररूल्ड! नेटफ्लिक्स ने 'मामला लीगल है' सीज़न 2 का ट्रेलर जारी किया



न्याय अंधा हो सकता है, लेकिन अगर पटपड़गंज डिस्ट्रिक्ट कोर्ट है, तो उसमें ह्यूमर जरूर होता है। 'मामला लीगल है' के पहले सीज़न में देखने को मिला कि कोर्ट जितने नाटकीय होते हैं, उतने ही मजेदार भी हो सकते हैं, वहीं अब सीज़न 2 में और अधिक अजीबोगरीब मामले देखने को मिलेंगे, जिनसे निपटेगी वही गजब टीम, जिसे हर कोई प्यार करता है। नए जारी हुए ट्रेलर में दर्शकों को कुछ ऐसे मामले देखने को मिलेंगे, जिनमें जबरदस्त लड़ाई, तेज बुद्धि और अप्रत्याशित मोड़ के साथ और अधिक मजेदार घटनाएं होंगी।

वी.डी. त्यागी को आखिरकार जज की कुर्सी मिल ही गई, पर यहाँ घटने वाली अजीबोगरीब घटनाओं का नेतृत्व करने का बोझ कितना ज्यादा होने वाला है? यह सब देखकर केवल उन्हें ही नहीं, बल्कि आपको भी चक्कर आ जाएगा। पटपड़गंज के वकील एक बार फिर वापस आ रहे हैं। वो बिजली के झटके देने वाले गेट से लेकर स्टिंग ऑपरेशन और सीक्रेट लव अफेयर तक हर चीज को संभालते हुए पूरे कोर्टरूम में उथल-पुथल मचाने वाले हैं। साथ ही, इसमें देखने को मिलेगी ऐसी इंटरपर्सनल डायनामिक्स, जो खुदबखुद चिंगारी भड़का सकती है।

## एक्सिस मैक्स ने अपनी इंडिया रिटायरमेंट इंडेक्स स्टडी के पांचवें संस्करण से मिले महत्वपूर्ण निष्कर्ष जारी किए

**नई दिल्ली।** एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने अपनी इंडिया रिटायरमेंट इंडेक्स स्टडी (आइरिस) के पांचवें संस्करण से उत्तर भारत से मिले महत्वपूर्ण निष्कर्ष जारी किए हैं। इस अध्ययन को मार्केटिंग डाटा एवं एनालिटिक्स के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी कंपनी कांतार के साथ मिलकर किया गया है। अध्ययन से मिले निष्कर्ष दिखाते हैं कि उत्तर भारत में रिटायरमेंट की तैयारियों की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। स्वास्थ्य को लेकर लगातार जागरूकता और रिटायरमेंट के लिए सतर्कता से इस तैयारी में मदद मिली है। हालांकि अभी भी भावनात्मक एवं वित्तीय पर्याप्तता की चिंताएं लोगों पर हावी हैं। उल्लेखनीय है कि एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड को पहले मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था।

एक्सिस मैक्स लाइफ के डायरेक्टर एवं चीफ बिजनेस ऑफिसर अनुराग गुप्ता ने कहा, 'आइरिस 5.0 से उत्तर भारत को लेकर मिले नतीजे एक ऐसे क्षेत्र की तस्वीर दिखा रहे हैं, जहां लोग हेल्थ एवं प्रोटेक्शन को लेकर बहुत सक्रिय हैं। प्रिवेंटिव आदतों और स्वास्थ्य बीमा की बढ़ती स्वीकार्यता स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। हालांकि इसी दौरान भावनात्मक चिंताएं और दीर्घकालिक वित्तीय पर्याप्तता को लेकर चिंता की स्थिति दिखा रही है कि इन मानकों पर लगातार प्रयास करने और मार्गदर्शन की जरूरत है, जिससे लोग रिटायरमेंट के बाद के वर्षों में सुरक्षित अनुभव करें।' इस अध्ययन में रिटायरमेंट की तैयारियों से संबंधित विभिन्न मानकों पर इस जोन की सतर्कता में लगातार प्रगति की तस्वीर सामने आई है। पिछले पांच साल में उत्तर भारत का रिटायरमेंट इंडेक्स स्कोर सुधरकर 41 से 48 हो गया है। यह पिछले कुछ वर्षों में सार्थक प्रगति को दिखाता है और राष्ट्रीय औसत के अनुरूप है। यह प्रगति विशेषरूप से स्वास्थ्य संबंधी तैयारियों के मामले में देखने को मिली है। वित्तीय तैयारियों में काफी हद तक स्थिर बनी हुई हैं।

# पीएनजी ज्वेलर्स ने गोरखपुर में नए शोरूम के साथ उत्तर भारत में विस्तार को दी नई गति



**गोरखपुर।** देश के अग्रणी आभूषण ब्रांड पीएनजी ज्वेलर्स ने गोरखपुर में अपने नए शोरूम के शुभारंभ के साथ उत्तर भारत में अपने विस्तार को नई गति दी है। यह ब्रांड का 72वां स्टोर है और इसके साथ ही पीएनजी ज्वेलर्स ने पहली बार गोरखपुर शहर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। 15 मार्च 2026 को मेडिकल रोड पर स्थित लगभग 4500 वर्गफुट में फैले इस भव्य शोरूम का उद्घाटन प्रसिद्ध अभिनेत्री एवं ब्रांड एंबेसडर माधुरी दीक्षित की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर अभिनेता एवं लोकसभा सांसद रवि किशन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में ग्राहकों और शहर के गणमान्य लोगों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। नए शोरूम में ग्राहकों को सोने, हीरे और ब्राइडल ज्वेलरी की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी। इसमें ससम, पोल्मी, इझना, स्वराज्य, प्रथा और कथा जैसे विशेष कलेक्शन शामिल हैं, जो पारंपरिक भारतीय कारीगरी और आधुनिक डिजाइन का उत्कृष्ट संगम प्रस्तुत करते हैं। यहां ग्राहक विवाह, त्योहारों और दैनिक उपयोग के लिए तैयार किए गए आकर्षक सिग्नेचर डिजाइनों की विस्तृत रेंज देखसकेंगे।1832 से स्थापित समृद्ध विरासत के साथ पीएनजी ज्वेलर्स शुद्धता, उत्कृष्ट कारीगरी और ग्राहकों के विश्वास के लिए जाना जाता है। गोरखपुर में यह नया शोरूम ब्रांड की इसी विरासत को क्षेत्र के ग्राहकों तक और करीब लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

स्टोर के शुभारंभ के अवसर पर ब्रांड ने ग्राहकों के लिए विशेष उद्घाटन ऑफर्स की भी घोषणा की है। इसके तहत सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 50 प्रतिशत की छूट और हीरे के आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इन ऑफर्स के माध्यम से ग्राहक उद्घाटन अवधि के दौरान आकर्षक कीमतों पर पीएनजी ज्वेलर्स के कलेक्शन का लाभ उठा सकेंगे।

डॉ. सौरभ गाडगीळ, अध्यक्ष एवं व्यवस्थापकीय संचालक, पीएनजी ज्वेलर्स ने कहा, गोरखपुर में पीएनजी ज्वेलर्स का नया शोरूम शुरू करना हमारे लिए गर्व का विषय है। यह शहर परंपराओं और उत्सवों के प्रति विशेष लगाव रखता है। हमारी यात्रा हमेशा से ग्राहकों तक विश्वास की अपनी विरासत को पहुंचाने की रही है। इस नए शोरूम के माध्यम से हम गोरखपुर के ग्राहकों को वही शुद्धता, उत्कृष्ट कारीगरी और पारदर्शिता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसने पीढ़ियों से हमारे ब्रांड को विशिष्ट पहचान दिलाई है।

## एवरसोर्स-समर्थित इकोफाई ने भारत के रिटेल ग्रीन फाइनेंस मार्केट को तेजी देने के लिए



**मुंबई।** एवरसोर्स कैपिटल के समर्थन वाली एक जानी-मानी ग्रीन एनबीएफसी, इकोफाई ने आज 380.5 करोड़ रुपए (लगभग 42 मिलियन अमेरिकी डॉलर) के नए इक्विटी कैपिटल के सफल क्लोजर की घोषणा की है।इस फंडिंग राउंड में दो बड़े ग्लोबल डीएफआई- ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट (बीआईआई), यूके का डेवलपमेंट फाइनेंस इंस्टीट्यूशन और इम्पैक्ट इन्वेस्टर, और फिनफंड डिजिटल एक्सेस इम्पैक्ट फंड द्ब (डीएआईएफ), जिसे फिनफंड, फिनिश डेवलपमेंट फाइनेंस इंस्टीट्यूशन और इम्पैक्ट इन्वेस्टर मैनेज करता है - ने हिस्सा लिया और नए इन्वेस्टर्स के तौर पर शामिल हुए। यह इन्वेस्टमेंट इकोफाई के अलग, रिटेल-नीत मॉडल में दुनिया भर के निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दिखाता है। इस दौर में मौजूदा इन्वेस्टर एवरसोर्स कैपिटल, जो एक प्रमुख सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टर है, और एफएमओ, जो डच एंटरप्रेन्योरियल डेवलपमेंट बैंक है, से भी लगातार प्रतिबद्धता देखने को मिली। ग्रोथ कैपिटल, इकोफाई को रूफटॉप सोलर, इलेक्ट्रिक व्हीकल और एसएमई फाइनेंसिंग में विस्तार में मदद करेगा, जिसे एक मजबूत बैलेंस शीट, अनुभवी लीडरशिप, मजबूत गवर्नेंस फ्रेमवर्क और एक हाई-परफॉर्मेंस, मकसद से चलने वाला ऑपरेटिंग कल्चर का साथ मिलेगा।ग्रीन फाइनेंस पर फोकस के साथ शुरू हुई इकोफाई ने सिर्फ तीन साल में भारत का सबसे बड़ा रिटेल-फोकस्ड ग्रीन फाइनेंस प्लेटफॉर्म बनाया है, जो रूफटॉप सोलर, इलेक्ट्रिक व्हीकल और दूसरी सस्टेनेबल एसेट कैटेगरी में 1,20,000 से ज्यादा ग्राहकों को सेवा दे रहा है।

## टीओआईएसए 2025 में भारत अपने महानतम खेल चैंपियनों का सम्मान करने को तैयार

**लखनऊ।** टीओआई स्पोर्ट्स अवार्ड्स अपने आठवें संस्करण टीओआईएसए 2025 के साथ वापसी कर रहा है । यह समारोह 21 मार्च 2026 को लखनऊ के द सेंट्रम होटल में आयोजित किया जाएगा।

1 जनवरी से 31 दिसंबर 2025 तक के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शनों को मान्यता देते हुए, यह समारोह 45 से अधिक खेल श्रेणियों में भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रतिस्पर्धियों को सम्मानित करेगा एक ऐसा वर्ष जिसने हाल के भारतीय खेल इतिहास की कुछ सबसे यादगार जीत और रिकॉर्ड-तोड़ उपलब्धियाँ दर्ज कीं। टीओआईएसए 2025 का लखनऊ में आयोजन एक व्यापक सच्चाई को दर्शाता है कि भारत की खेल उत्कृष्टता देश के हर क्षेत्र में गहराई तक समाई हुई है, और उसे वहीं जाकर सम्मानित किया जाना चाहिए टीओआईएसए 2025 की जूरी इस मंच के इतिहास में सबसे प्रतिष्ठित जूरी में से एक है।

इसमें लिएंडर पेस (टेनिस), मिताली राज (क्रिकेट), अभिनव बिंद्रा (निशानेबाजी), देवेंद्र झाझरिया (पैरा एथलेटिक्स), शरत कमल (टेबल टेनिस) और पी.आर. श्रीजेश (हॉकी) शामिल हैं भारत के छह सर्वाधिक सम्मानित खेल हस्तियाँ, जो अपने जीवंत प्रतिस्पर्धी अनुभव का भार हर मूल्यांकन में लेकर आती हैं। हर चैंपियन सम्मान का हकदार है न केवल वे जिन्हें सुर्खियाँ सबसे आसानी से ढूंढ लेती हैं।

TOISA इसी विश्वास की नींव पर बना है, और आठ संस्करणों के बाद भी यह खेल जगत में हमारे द्वारा किया गया सबसे सार्थक कार्य बना हुआ है। इस मंच को इस वर्ष लखनऊ लाना इस बात का प्रतिबिंब है कि भारतीय खेल कहाँ बढ़ रहा है और हमें इस यात्रा का हिस्सा होने पर गर्व है। पुनीत गुप्त 7 मुख्य परिचालन अधिकारी, टीओआई

## डॉलर के मुकाबले रुपया 92.40 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और वैश्विक ऊर्जा बाज़ार में जारी उथल-पुथल का सीधा असर भारतीय मुद्रा पर देखने को मिला है। सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे कमजोर होकर 92.40 (अस्थायी) के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल और विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार की जा रही फंड निकासी ने रुपये पर यह भारी दबाव बनाया है। यह स्थिति मुद्रा बाज़ार में बढ़ती अस्थिरता और वैश्विक व्यापारिक चिंताओं को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।

मुद्रा बाजार के ताजा आंकड़ों के अनुसार, सोमवार के कारोबारी सत्र में रुपये ने ऐतिहासिक गोता लगाया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में स्थानीय मुद्रा की शुरुआत ही कमज़ोरी के साथ 92.44 के स्तर पर हुई।

## बेहतर जीवन-स्तर का अनुभव करें: ब्लुम और किचन प्रो ने गोरखपुर में एक्सक्लूसिव ब्लुम सॉल्यूशन सेंटर लॉन्च किया




**गोरखपुर।** गोरखपुर में घर बनाने और सजाने का तरीका तेजी से बदल रहा है। आज, घर के मालिक सिर्फ फर्नीचर की खूबसूरती ही नहीं, बल्कि ऐसे हार्डवेयर की तलाश में हैं जो लंबे समय तक टिकाऊ और भरोसेमंद हो। फर्नीचर फिटिंग्स के वैश्विक अग्रणी ब्रांड ब्लुम ने किचन प्रो के साथ मिलकर मेडिकल रोड स्थित राधिका कॉम्प्लेक्स में एक नया एक्सक्लूसिव ब्लुम सॉल्यूशन सेंटर शुरू किया है। यह सिर्फ एक सामान्य शोरूम नहीं है जहाँ लोग सैंपल देखते हैं, बल्कि यह एक लाइव टेक्निकल स्पेस है जहाँ घर के मालिक और फ़र्नीचर बनाने वाले समुदाय ऑस्ट्रियन हार्डवेयर को खुद आज़माकर देख सकते हैं, जो पूरे घर में आरामदायक जीवन को संभव बनाता है। गोरखपुर के इंटीरियर डिजाइनर्स और फर्नीचर मेकर्स के लिए यह सेंटर वर्ल्ड-क्लास सॉल्यूशंस को करीब से समझने और नए डिजाइन आइडियाज पाने का एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म है। यहाँ विज़िटर्स फ्लैगशिप प्रोडक्ट्स जैसे सर्वो-ड्राइव के साथ लेगराबॉक्स को ट्राय कर सकते हैं, जिसमें दराज हल्के से टच करने पर आसानी से खुल जाती है। इस स्टोर में बहुत काम का मेरिवोबॉक्स प्लेटफ़ॉर्म भी मौजूद है। वार्डरोब से लेकर लिविंग रूम यूनिट्स तक, डिस्प्ले यह दिखाता है कि ब्लुम के हिंज, पुल-आउट सिस्टम्स और लिफ्ट-अप्स कैसे घर के हर कोने को ज़्यादा काम का बना देते हैं। ब्लुम इंडिया के सेल्स डायरेक्टर, श्री समीर वाइनगंकर, इस क्षेत्र के महत्व पर कहते हैं÷ ÷हम गोरखपुर में एक बड़ा बदलाव देख रहे हैं। यहाँ के निवासी अब अस्थायी व्यवस्थाओं से हटकर ऐसे घरों की तलाश कर रहे हैं जो वास्तव में बेहतर जीवन स्तर प्रदान करते हों। ब्लुम इंडिया में, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ये उच्च मानक केवल बड़े महानगरों में ही नहीं, बल्कि स्थानीय स्तर पर भी उपलब्ध हों। किचन प्रो के साथ साझेदारी करके, हम स्थानीय डिज़ाइन और फ़र्नीचर बनाने वाले समुदाय को अपनी नवीनतम फ़र्नीचर फ़िटिंग्स और तकनीकी सहायता तक सीधी पहुँच प्रदान कर रहे हैं। इसका उद्देश्य स्थानीय बाज़ार में विश्व स्तरीय नवाचार लाना है, ताकि घर के मालिक ऐसे स्थान बना सकें जो टिकाऊ और परिष्कृत हों। हमारे स्टोर में हमेशा से निर्माण के तकनीकी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है। मैं उन चीज़ों का खास ख्याल रखता हूँ जो अक्सर बाद में परेशानी का सबब बनती हैं, जैसे कैबिनेट के दरवाज़ों को एकदम सीधा रखना, और यह पक्का करना कि कुछ साल तक ज़ोरदार इस्तेमाल के बाद भी ड्रॉअर कभी ढीले न पड़ें।

## हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 939 अंक चढ़ा, निफ्टी 23400 के पार

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 938.93 अंक उछलकर 75,502.85 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 257.70 अंक की बढ़त के साथ 23,408.80 पर बंद हुआ। पिछले तीन कारोबारी दिनों में भारी गिरावट झेलने के बाद सोमवार को शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में 1 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई, जिसका मुख्य कारण ब्लू-चिप बैंकिंग शेयरों में मूल्य-आधारित खरीदारी थी। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 938.93 अंक या 1.26 प्रतिशत बढ़कर 75,502.85 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसने 75,805.27 का उच्च स्तर और 73,949.76 का निम्न स्तर छुआ। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 257.70 अंक या 1.11 प्रतिशत चढ़कर 23,408.80 पर बंद हुआ।

# इंडियन बैंक की कार्यपालक निदेशक मिनी टी. एम. का लखनऊ दौरा



**लखनऊ।** इंडियन बैंक की कार्यपालक निदेशक मिनी टी. एम. ने आज राजधानी का दौरा किया और प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपसी हितों से जुड़े विषयों पर विचारविमर्श करते हुए संस्थागत सहयोग को सुदृढ़ करने हेतु कई महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इस अवसर पर उनके साथ सुधीर कुमार गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक, वेंकटेशन एम., महाप्रबंधक एवं पंकज कुमार सिंह, अंचल प्रबंधक, लखनऊ, इंडियन बैंक भी उपस्थित थे। अपने दौरे के दौरान मिनी टी. एम. ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल, आईएएस से भेंट की। इसके अतिरिक्त उन्होंने आलोक कुमार, आईएएस, अपर मुख्य सचिव (एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन, अवसंरचना एवं औद्योगिक विकास तथा एनआरआई विभाग) रणवीर प्रसाद, आईएएस, प्रमुख सचिव, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, दीपक कुमार, आईएएस, अपर मुख्य सचिव (वित्त) तथा विजय किरण आनंद, आईएएस, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इन्वेस्ट उ.प्र. के साथ भी विस्तृत चर्चा की। दौरे के अंतर्गत मिनी टी. एम. ने किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद से भी भेंट की और आपसी सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर इंडियन बैंक ने अपनी कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के अंतर्गत केजीएमयू में रोबोटिक्ससहायित शल्य चिकित्सा के लिए ?50 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की।

यह दौरा उत्तर प्रदेश सरकार एवं प्रमुख हितधारकों के साथ साझेदारी को मजबूत करने, समावेशी विकास को प्रोत्साहित करने तथा राज्य के सामाजिकआर्थिक विकास में सार्थक योगदान देने के प्रति इंडियन बैंक की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## होंडा कार्स इंडिया ने भारत में अपनी पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी का टेस्ट रन शुरू किया




**नई दिल्ली।** भारत में प्रीमियम कारों के अग्रणी निर्माता, होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एच.सी.आई.एल) ने भारत में अपनी आगामी बैटरी इलेक्ट्रिक वैहिकल (बी.ई.वी) एस.यू.वी का टेस्ट रन शुरू कर दिया है। इसके साथ ही भारत में इस एस.यू.वी के पब्लिक रोड वैरिफिकेशन टेस्टिंग की आधिकारिक शुरुआत हो गई। यह भारतीय ग्राहकों के लिए ऑल-न्यू इलेक्ट्रिक एस.यू.वी पेश करने की ओर होंडा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के सफर का एक महत्वपूर्ण कदम है।इस मॉडल का प्रोटोटाईप जापान मोबिलिटी शो 2025 में होंडा 0 अल्फा के रूप में पेश किया गया था।अब इस टेस्टिंग प्रोग्राम द्वारा इस एस.यू.वी का परीक्षण भारत में ड्राईविंग की परिस्थितियों के लिए किया जा रहा है, जिसके लिए इसे हाईवे, शहर की सड़कों और चुनौतीपूर्ण रास्तों पर ले जाया जाएगा। इस एस.यू.वी के लिए मुख्य ध्यान इसकी ड्यूरेबिलिटी, हैंडलिंग, राईड कम्फर्ट, एफिशियंसी और विश्वसनीयता पर केंद्रित किया गया है।इस एस.यू.वी की टेस्टिंग भीषण गर्मी और मॉनसून के दौरान भी की जाएगी, तथा विभिन्न तरह के चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर में इसकी चार्जिंग परफॉर्मेंस का आकलन भी किया जाएगा, ताकि इसकी दैनिक उपयोगिता सुनिश्चित हो सके।इस अवसर पर श्री तकाशी नाकाजीमा, प्रेसिडेंट एवं सी.ई.ओ, होंडा कार्स इंडिया ने कहा, ''पूरे भारत में पब्लिक रोड वैरिफिकेशन टेस्टिंग हमारे इलेक्ट्रिफिकेशन के सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# 'गैस खत्म' कहकर लौटाया, 1200 रुपये में बेचते रहे सिलेंडर

**अनिकेत इंडेन गैस सर्विस पर कालाबाजारी का आरोप, उपभोक्ताओं में आक्रोश**

**अवधनामा ब्यूरो**



गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं का आक्रोश

**कुशीनगर।** पडरौना नगर के आवास विकास कॉलोनी स्थित अनिकेत इंडेन गैस सर्विस पर गैस सिलेंडर की कालाबाजारी का गंभीर आरोप लगा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी पर रात के अंधेरे में चुपचाप सिलेंडर वितरित कर दिए गए, जबकि सुबह लाइन में लगे लोगों को 'गैस खत्म' होने की बात कहकर वापस लौटा दिया गया।

बताया जा रहा है कि रविवार तड़के करीब पांच बजे बड़ी संख्या में उपभोक्ता गैस लेने एजेंसी पहुंचे थे। इनमें कई ऐसे लोग भी थे जिन्होंने पहले से बुकिंग कराकर ओटीपी प्राप्त कर लिया था। लेकिन एजेंसी पहुंचने पर कर्मचारियों ने बताया कि गैस सिलेंडर रात करीब दो बजे ही वितरित कर दिए गए। यह सुनकर मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश फैल गया। लोगों का कहना है कि एक दिन पहले ही जिलाधिकारी ने गैस वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए नोडल अधिकारी और पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद देर रात गैस वितरण और अधिकारियों की अनुपस्थिति से व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

पडरौना ब्लॉक के ग्राम पंचायत पगरा बुजुर्ग निवासी पंकज गोंड ने आरोप लगाया कि सुबह करीब पांच बजे एजेंसी पहुंचने पर कर्मचारियों ने उन्हें गैस खत्म होने की बात कहकर लौटा दिया। उनका आरोप है कि कुछ देर बाद एजेंसी के दो सेल्समैन थोड़ी दूरी पर कुछ लोगों को 1200 रुपये लेकर गैस सिलेंडर देते दिखाई दिए। जब उन्होंने भी गैस लेने की बात कही तो उनसे भी 1200 रुपये की मांग की गई। पंकज गोंड के अनुसार जब एक व्यक्ति से पैसे लेकर सिलेंडर दिया जा रहा था, तभी उन्होंने मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया। वीडियो बनते देख सेल्समैन मौके से हटने लगे। मौके पर मौजूद अन्य उपभोक्ताओं, जिनमें बृजेश तिवारी सहित कई लोग शामिल थे, ने भी देर रात गैस वितरण का आरोप लगाया। इस दौरान एजेंसी परिसर में उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच तीखी बहस भी हुई। पीड़ित पंकज गोंड ने पूरे मामले की लिखित शिकायत जिला पूर्ति अधिकारी को देकर कार्रवाई की मांग की है।

### उपभोक्ताओं का आरोप

- रात करीब 2 बजे चुपचाप सिलेंडर वितरण
- सुबह लाइन में लगे लोगों को 'गैस खत्म' बताकर लौटाया
- 1200 रुपये लेकर सिलेंडर देने का आरोप
- वीडियो बनते ही कर्मचारी मौके से हटे

### जिला पूर्ति अधिकारी ने कहा, नहीं मिला साक्ष्य

जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पूर्ति निरीक्षक से जांच कराई गई है। उनके अनुसार रात दो बजे गैस वितरण का आरोप गलत और निराधार पाया गया है तथा शिकायतकर्ता द्वारा कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया है। उन्होंने कहा कि जिले में गैस की कालाबाजारी या वितरण में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जनगणना कार्य में न हो लापरवाही, त्रुटिरहित हो सर्वे : मंडलायुक्त

**मंडलायुक्त ने कुशीनगर में जनगणना प्रशिक्षण, राजस्व वादों एवं शिकायत निस्तारण की समीक्षा की**

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके आधार पर ही देश और प्रदेश में विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाती है।

उन्होंने कहा कि सभी प्रगणक जनगणना के उद्देश्य और महत्व को भली-भांति समझ लें। यदि किसी प्रकार की दुविधा हो तो संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करें। जनगणना के दौरान घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार का सर्वे कर आवश्यक जानकारियां एकत्र की जाएं और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी परिवार की जानकारी अधूरी न रहे। साथ ही जनगणना से संबंधित सूचनाओं की गोपनीयता बनाए रखने के भी निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने बताया कि जनगणना का कार्य दो चरणों में कराया जाएगा। प्रथम चरण में मकानों का सूचीकरण एवं गणना 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक की जाएगी। इससे पूर्व 7 मई से 21 मई 2026 तक नागरिकों को स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार से संबंधित विवरण स्वयं दर्ज करने की सुविधा मिलेगी। द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना का कार्य 28 फरवरी 2027 तक पूर्ण कराया जाएगा। इसके बाद मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में उप जिलाधिकारियों, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों के साथ बैठक कर राजस्व विभाग के लंबित वादों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि धारा-24, धारा-34, धारा-80 सहित अन्य राजस्व वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा पुराने मामलों को सुनवाई कर इस माह के अंत तक अधिकतम निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।



कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा करते मंडलायुक्त अनिल ढींगरा

### शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश

कलेक्ट्रेट परिसर के निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने शिकायत प्रकोष्ठ का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिया कि आईजीआरएस पर कोई भी शिकायत लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए और मुख्यमंत्री संदर्भित शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भूमि सुधार, लोकवाणी, संयुक्त कार्यालय, नजारत और जिला पूर्ति कार्यालय सहित विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश दिए।

### 10 से कम फार्म भरने वाले बूथों के बीएलओ को दें नोटिस

एसआईआर की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि जिन लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं उनसे फार्म भरवाकर लंबित मामलों को समाप्त किया जाए। जिन बूथों पर 10 से कम फार्म भरे गए हैं उन्हें चिन्हित कर बीएलओ को नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने सांसद, विधायक, पूर्व सांसद-विधायक सहित विशिष्ट व्यक्तियों के परिवारों को भी चिन्हित करने और उनके परिवार के किसी सदस्य का नाम मतदाता सूची से छूटने न देने के निर्देश दिए। साथ ही 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के नए मतदाताओं को विशेष रूप से सूची में जोड़ने पर बल दिया।

# केंद्र सरकार के गलत नीतियों से देश की आम जनता त्रस्त : श्याम नारायण चौबे

**राष्ट्रीय महासचिव के नेतृत्व में युवाओं ने प्रदेश में 2027 के चुनाव में सत्ता परिवर्तन का लिया संकल्प**

**अवधनामा ब्यूरो**



मंच से एकजुटता दिखाते अखिल भारतीय सर्वजन हित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कार्यकर्ता

**कुशीनगर।** अखिल भारतीय सर्वजन हित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम नारायण चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश का बाजार अमेरिका की शर्तों पर डोनाल्ड ट्रंप के हाथों गिरवी रख दिया है। जिसके चलते आने वाले दिनों में देश का किसान अपने उत्पादन को बेच ही नहीं पाएगा और देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ ही टूट जाएगी।

श्री चौबे खड्डा स्थित एक विवाह भवन में अखिल भारतीय सर्वजन हित पार्टी के 329 खड्डा विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने रसोई गैस की किल्लत, बेतहाशा बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और किसानों के मुद्दे पर केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार को घेरते हुए कहा कि इन सभी मुद्दों को लेकर कार्यकर्ताओं को गांव गांव जाकर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने अन्याई यूजीसी बिल वापस करने की मांग दोहराते हुए रसोई गैस की किल्लत पर केन्द्र सरकार की विदेश नीति को कठघरे में खड़ा किया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक पाण्डेय ने कहा कि महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है। रोजगार का कोई इंतजाम नहीं है। कमीशनखोरी चरम पर है। सरकारी दफ्तरों के अफसर आम जनता की समस्याओं का समय से निराकरण नहीं कर पा रहे। थाने में जनता का दोहन और उत्पीड़न हो रहा है और किसानों के उत्पादन की विक्रय में बिचौलिए चांदी काट रहे है। कार्यक्रम के संयोजक व पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विजय कुमार पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं को आह्वान करते हुए कहा कि देश को अमरीकी प्रभुत्व का गुलाम बनाने की साजिश चल रही है। इस साजिश के खिलाफ कार्यकर्ताओं को एक और स्वतंत्रता आन्दोलन का विगुल फूंकना होगा। यह तय करना होगा कि हर घर को पर्याप्त रसोई गैस मिले, हर युवा को रोजगार मिले और हर किसान के उत्पाद को सही दाम मिले। सम्मेलन में सैंकड़ों युवाओं ने पार्टी की नीतियों पर संतोष जताते हुए प्रदेश में 2027 के चुनाव में सत्ता परिवर्तन का संकल्प लिया। सम्मेलन को राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव वीरेंद्र मिश्र बिरही, प्रदेश महासचिव श्रीराम तिवारी, पूर्वांचल प्रभारी सोनू मणि त्रिपाठी, अशोक पाण्डेय, देवरिया जिलाध्यक्ष डॉ बृज बिहारी पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष प्रबुद्ध प्रकोष्ठ विजय पाठक, मंडलीय अध्यक्ष विजय पाण्डेय द्वितीय, वि0स0 क्षेत्र रामकोला प्रभारी संगीता भारती, वि0स0 फरेंदा प्रभारी अनादि नाथ, अध्यक्ष विधान सभा पडरौना राजू पाठक, अध्यक्ष खड्डा कलमुल्ला अंसारी, शिवलाल गुप्ता, बालगोविंद सैनी, विपिन यादव, कुलदीप आदि ने संबोधित किया। सम्मेलन में सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 22 साल पुराने हत्या प्रकरण में फैसला, आठ अभियुक्तों को सश्रम कारावास

**कुशीनगर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश कोर्ट नंबर एक ने 22 साल पहले हत्या के प्रयास में बड़ा फैसला सुनाया है। सोमवार को गैर इरादातन हत्या सहित विभिन्न धाराओं में दर्ज एक पुराने मामले में पुलिस और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप आठ अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए प्रत्येक को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 14,500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। थाना अहिरौली बाजार में वर्ष 2004 में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस व मॉनिटरिंग सेल द्वारा साक्ष्यों के आधार पर पैरवी की गई। न्यायाधीश ने मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद गामा पुत्र सीतन, रामप्रीत पुत्र श्यामदास, रामनिहारे पुत्र बंधन, धर्मपाल पुत्र बंधन, सुभाष पुत्र श्यामदास, रामसागर पुत्र हरी, अनिल पुत्र दखारी निवासी ग्राम नवतार थाना अहिरौली बाजार तथा संजय उर्फ गुड्डू पुत्र रामजी निवासी ग्राम कुईचवर थाना कसया को दोषी पाया।

# मोतीचक ब्लॉक के पूर्व प्रमुखों की प्रतिमा स्थापना व मुख्य द्वार नामकरण की मांग

**बीडीओ मोतीचक को प्रार्थना पत्र सौंप क्षेत्रीय लोगों ने जताई मांग**

**अवधनामा संवाददाता**



बीडीओ मोतीचक को ज्ञापन देते क्षेत्रीय लोग

**मथौली, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के प्रथम एवं द्वितीय (संस्थापक) ब्लॉक प्रमुखों के सम्मान में प्रतिमा स्थापना और ब्लॉक मुख्यालय के मुख्य द्वार का नामकरण किए जाने की मांग उठी है। इस संबंध में क्षेत्रीय लोगों ने खंड विकास अधिकारी मोतीचक श्वेता मिश्रा को प्रार्थना पत्र सौंपा।

सोमवार को ग्राम पंचायत पैकौली (मगुरही) निवासी ओमकेश दुबे उर्फ देवा दुबे के नेतृत्व में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि मोतीचक के प्रथम ब्लॉक प्रमुख स्वर्गीय आद्या पाण्डेय तथा द्वितीय (संस्थापक) ब्लॉक प्रमुख स्वर्गीय राजेश्वरी प्रताप सिंह ने क्षेत्र के विकास, सामाजिक उत्थान और जनकल्याण में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उनके कार्य आज भी क्षेत्रवासियों के लिए प्रेरणादायक हैं। प्रार्थना पत्र में मांग की गई है कि स्वर्गीय आद्या पाण्डेय की स्मृति में ब्लॉक मुख्यालय के मुख्य द्वार का नामकरण उनके नाम पर किया जाए। वहीं स्वर्गीय राजेश्वरी प्रताप सिंह के सम्मान में ब्लॉक मुख्यालय परिसर में उनकी प्रतिमा स्थापित कर उसका विधिवत अनावरण कराया जाए। आवेदनकर्ताओं का कहना है कि इससे क्षेत्र के महान व्यक्तित्वों के योगदान को सम्मान मिलेगा और नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। इस संबंध में जिलाधिकारी कुशीनगर सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को भी पत्र की प्रतिलिपि भेजी गई है। ज्ञापन देने के दौरान जिला पंचायत प्रतिनिधि सुशील कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, अभिषेक दुबे, अभय सिंह, अनुराग सिंह शामिल रहे।

## जनगणना-2027 की तैयारी तेज, फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर जनपद में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। भारत सरकार के गृहमंत्रालय के जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य मई-जून 2026 में कराया जाएगा। इस महत्वपूर्ण और समयबद्ध कार्य के सफल संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसी क्रम में कुशीनगर में प्रशिक्षण श्रृंखला के पहले चरण में मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया है। दूसरे चरण में जनपद के 122 फील्ड ट्रेनरों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार क्रम संख्या 01 से 40 तक के फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण 16 मार्च से 18 मार्च 2026 तक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। वहीं क्रम संख्या 41 से 80 तक के फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण इसी अवधि में जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर (डीपीआरसी) में संपन्न कराया जाएगा। इसके अलावा क्रम संख्या 81 से 120 तक के फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण 23 मार्च से 25 मार्च 2026 तक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगा, जबकि क्रम संख्या 121 और 122 का प्रशिक्षण इन्हीं तिथियों में जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर (डीपीआरसी) में कराया जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने सभी नामित फील्ड ट्रेनरों को निर्देश दिया है कि वे निर्धारित रोस्टर के अनुसार तय तिथि, समय और स्थान पर प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से भाग लें तथा प्रशिक्षण स्थल पर 15 मिनट पहले पहुंचना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थिति या किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## अवैध खनन रोकने की मांग: विश्व हिन्दू महासंघ ने डीएम को सौंपा पत्र



**बस्ती।** सोमवार को विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को सम्बोधित पत्र प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि जनपद में विभिन्न स्थानों पर मानक के विपरीत अवैध रूप से हो रही खुदाई और अवैध खनन को रोका जाय और दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय। पत्र देने के बाद विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि जानकारी मिली है कि खनन अधिकारी औरं खनन माफिया की मिली भगत से जनपद में विभिन्न स्थानों पर मानक के विपरीत अवैध रूप से धड़ल्ले से बालू, मिट्टी आदि का अवैध खनन किया जा रहा है। इससे भू-क्षरण की प्रबल आशंका है।

# तेज रफ्तार कार बनी काल : हादसे में दो पत्रकारों की दर्दनाक मौत

**लखनऊ से पडरौना लौटते समय गोरखपुर-संतकबीरनगर बॉर्डर के पास हुई हादसा, दो अन्य घायल**

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** लखनऊ से पडरौना लौट रहे चार पत्रकार साथियों की कार गोरखपुर-संतकबीरनगर बॉर्डर के पास भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। हादसा इतना भयावह था कि कार सवार दो पत्रकारों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दर्दनाक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार पत्रकार धनंजय पाण्डेय और शंभू मिश्रा अपने साथियों रमन और सुदेश मिश्रा के साथ मारुति वैगनआर कार से लखनऊ से पडरौना आ रहे थे। इसी दौरान गोरखपुर-संतकबीरनगर बॉर्डर के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर ही धनंजय पाण्डेय व शंभू मिश्रा की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि रमन और सुदेश गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल भेजवाया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की खबर जैसे ही परिजनों तक पहुंची, घरों में मातम छा गया। परिजन और शुभचिंतक रो-रोकर बेहाल हैं। जिले के पत्रकारों और सामाजिक संगठनों ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। पुलिस के अनुसार हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार या वाहन के अनियंत्रित होने की आशंका जताई जा रही है।

## कार्यालयाध्यक्ष व आहरण वितरण अधिकारी समय से कोषागार में प्रस्तुत करें बिल

**अमेठी।** वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार ने जनपद के सभी विभागाध्यक्षों एवं आहरण-वितरण अधिकारियों को सूचित करते हुए बताया कि शासन द्वारा कोषागारों में बिल प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि को कार्य की अधिकता को देखते हुए कोषागार सायं 07 बजे तक खुला रहेगा तथा इसी समयावधि तक बिल से संबंधित समस्त कार्य संपादित किए जाएंगे। इस संबंध में जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा जनपद के सभी कार्यालयाध्यक्षों एवं आहरण-वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विभागों के उपलब्ध बजट के सापेक्ष समस्त बिलों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूर्ण सावधानी और गहन परीक्षण के बाद ही समय से कोषागार में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि समय के भीतर बिल प्रस्तुत होने से कोषागार द्वारा उनका पारण समय से किया जा सकेगा तथा विभागों द्वारा शत-प्रतिशत बजट का उपयोग सुनिश्चित होगा जिससे धनराशि समर्पण की स्थिति उत्पन्न न हो।

## कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई



**अमेठी।** जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद राजस्व विकास चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए।

## सुरक्षा और निष्पक्ष चुनाव के लिये मतदान केन्द्र बदलने की मांग, ओबीसी मोर्चा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बस्ती।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ओबीसी मोर्चा के मण्डल महासचिव ठाकुर प्रेमनन्दबंशी ने जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर विकास खण्ड हर्रैया स्थित ग्राम पंचायत महादेवा के मतदान स्थल क्रमांक 41 एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 40 को प्राथमिक विद्यालय महादेवा से बदलकर पूर्व माध्यमिक विद्यालय महादेवा में स्थानांतरित किए जाने तथा केन्द्र को अतिसंवेदनशील घोषित किए जाने की मांग किया है।डीएम को सौंपे ज्ञापन में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ओबीसी मोर्चा के मण्डल महासचिव एवं लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी ठाकुर प्रेमनन्दबंशी ने कहा है कि हर्रैया विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत महादेवा में मतदाताओं द्वारा उन्हें अवगत कराया गया कि पूर्व पंचायत चुनावों के दौरान मतदान केन्द्र संख्या-40 एवं मतदान स्थल संख्या-41 प्राथमिक विद्यालय महादेवा में स्थापित किया जाता रहा है।

## दुष्कर्म व पॉक्सो मामले में दोषी को 20 साल की सजा

**कुशीनगर।** दुष्कर्म व पॉक्सो में दोषी को न्यायालय ने 20 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए एक लाख रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। तमकुहीराज थाने में पंजीकृत मुकदमा संख्या 148/2022 धारा 376 भादवि व 3/4 पॉक्सो अधिनियम के मामले में स्थानीय पुलिस और मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार प्रभावी पैरवी की गई। इसके फलस्वरूप सोमवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट नं. 01 पडरौना ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास तथा एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। मामले में दोषी ठहराया गया अभियुक्त सहाबुद्दीन पुत्र सदीक निवासी परसौनी बुजुर्ग थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर है। न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अपराध सिद्ध पाते हुए यह सजा सुनाई।

# अवैध अस्पतालों पर सख्ती : मोतीचक में दो निजी अस्पतालों को नोटिस, रजिस्ट्रेशन से पहले संचालन पर रोक

**अवैध अस्पतालों के विरुद्ध अभियान जारी : डॉ राजेश**

**अवधनामा संवाददाता**



झांगा स्थित त्रिशंका अस्पताल को बंद कराते प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजेश मद्धेशिया

**मथौली, कुशीनगर।** जिले में अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर सोमवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी मोतीचक डॉ. राजेश कुमार मद्धेशिया ने क्षेत्र के दो निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान एक अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित मिलता पाया गया, जबकि दूसरे अस्पताल में कई आवश्यक मानकों की कमी मिली। इस पर दोनों अस्पताल संचालकों को नोटिस जारी किया गया।

जानकारी के अनुसार जिले के कई निजी अस्पतालों में ऑपरेशन के दौरान जच्चा-बच्चा समेत अन्य मरीजों की मौत के मामलों को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने निजी अस्पतालों की जांच के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में सोमवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी ने झांगा स्थित त्रिशंका मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान अस्पताल का रजिस्ट्रेशन नहीं पाया गया। इस पर अस्पताल संचालक से शपथपत्र (एफिडेविट) लिखवाकर लिया गया कि जब तक अस्पताल का रजिस्ट्रेशन नहीं हो जाता, तब तक उसका संचालन नहीं किया जाएगा। इसके बाद टीम ने कालिंदी हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया। यहां अस्पताल का रजिस्ट्रेशन तो मिला, लेकिन कई जरूरी मानक पूरे नहीं पाए गए। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने अस्पताल संचालक को नोटिस जारी करते हुए निर्धारित मानकों को जल्द पूरा करने और आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में संचालित निजी व अवैध अस्पतालों के संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार मद्धेशिया ने कहा कि बिना रजिस्ट्रेशन और मानकों के संचालित अस्पतालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी स्थिति में अवैध अस्पतालों का संचालन नहीं होने दिया जाएगा।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुण्डेरवा में रात्रिकालीन चिकित्सक, एक्सरे मशीन सही कराने की मांग

**जिलाधिकारी को सौंपा पत्र मुण्डेरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्था सुधारें प्रशासन : कुलदीप जायसवाल**

**अवधनामा संवाददाता**



**बस्ती।** नगर पंचायत मुण्डेरवा क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप जायसवाल और सामाजिक कार्यकर्ता अमित जायसवाल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुण्डेरवा में रात्रिकालीन चिकित्सकीय व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ ही टिटनेस इंजेक्शन की ब्यवस्था और एक्स-रे मशीन की तत्काल मरम्मत कराकर उससे एक्सरे सेवा शुरू कराये जाने की मांग किया है।डीएम को सौंपे ज्ञापन में कुलदीप जायसवाल और अमित ने कहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मुण्डेरवा में स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था कुछ समय से बहुत खराब है। स्थानीय नागरिकों एवं मरीजों द्वारा लगातार यह शिकायत की जा रही है कि रात्रिकालीन समय में अस्पताल में चिकित्सक की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित नहीं हो पाती है, जिसके कारण आकस्मिक स्थिति में आने वाले मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध नहीं हो पाता तथा उन्हें गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य केंद्र में पिछले लगभग दो माह से टिटनेस (टी.टी.) का इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है तथा एक्स-रे मशीन भी खराब अवस्था में पड़ी हुई है। परिणामस्वरूप दुर्घटना अथवा अन्य आपातकालीन स्थितियों में आने वाले मरीजों को आवश्यक जांच एवं उपचार हेतु निजी चिकित्सालयों या अन्य दूरस्थ अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ रहा है, जिससे आमजन को अनावश्यक आर्थिक भार एवं समय की हानि उठानी पड़ रही है।मांग किया कि प्रकरण को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुंडेरवा में रात्रिकालीन समय में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने, टिटनेस इंजेक्शन की समुचित उपलब्धता बहाल कराने तथा खराब पड़ी एक्स-रे मशीन की यथाशीघ्र मरम्मत कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया जाय। जिससे क्षेत्रीय जनता को समुचित एवं सुचारु स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें।

# आशाओं को मिलीं 17 प्रकार की सामग्रियां: सीएमओ



अवधनामा संवाददाता

■ 1.12 लाख से अधिक लाभार्थी होंगे हर माह लाभान्वित

■ हर माह 1.12 लाख लाभार्थियों तक पहुंचती है सेवाएं : मो. राशिद

**बहराइच।** जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाने वाले वीएचएसएनडी (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) सत्रों को अब और अधिक प्रभावी व सुदृढ़ बनाया जा रहा है। सत्रों में संसाधनों की कमी को दूर करने के लिए सीएमओ की विशेष पहल पर ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति (वीएचएसएनसी) फंड का उपयोग किया गया है। इसके तहत जिले की आशा कार्यकर्ताओं को 17 प्रकार की आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सीधा सुधार देखने को मिलेगा।

डीसीपीएम मो. राशिद ने बताया कि जिले के सभी राजस्व ग्रामों में प्रत्येक माह के बुधवार और शनिवार को 4500 सार्वजनिक स्थानों पर वीएचएसएनडी सत्र आयोजित किए जाते हैं। इनके माध्यम से करीब 1.12 लाख से अधिक लाभार्थियों, जिनमें गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं और बच्चे शामिल हैं, उन्हें टीकाकरण, पोषण परामर्श और स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं दी जाती हैं। पहले कई स्थानों पर आवश्यक संसाधनों की कमी से सत्रों के संचालन में दिक्कतें आती थीं, जिसे अब दूर कर लिया गया है।

### फंड का हुआ सदुपयोग -डीसीपीएम

डीसीपीएम ने बताया कि वीएचएसएनसी फंड का संचालन ग्राम प्रधान और आशा के संयुक्त हस्ताक्षर से होता है। सरकार इसमें हर साल 10 हजार रुपये देती है। इस वर्ष इस फंड से सत्रों को बेहतर बनाने के लिए जरूरी उपकरण खरीदे गए हैं। इसके अलावा 17 सामग्रियों की हुई खरीद इसकी जानकारी देते हुए डीसीपीएम ने बताया कि इस फंड से आशाओं के लिए 17 प्रकार की जरूरी वस्तुएं खरीदी गई हैं। इनमें कुर्सी, मेज, हैंगिंग स्केल, एमयूएसी टेप, चटाई, टॉर्च, बैग, टीकाकरण ट्रैकिंग रजिस्टर, बाल्टी, मग, कूड़ेदान, जग-गिलास सेट, वैक्सीन रखने की ट्रे, पेन पैकेट, थर्मामीटर, बेबी ब्लैंकेट और हैंडवॉश शामिल हैं। नई सामग्रियां पाकर आशा कार्यकर्ताओं में भी खासा उत्साह है।सत्रों का संचालन होगा व्यवस्थित इन संसाधनों की उपलब्धता से वीएचएसएनडी सत्रों का संचालन अब अधिक व्यवस्थित और सुचारु तरीके से किया जा सकेगा। बच्चों का वजन मापना, कुपोषण की सटीक पहचान करना, टीकाकरण का रिकॉर्ड रखना और स्वच्छता बनाए रखना पहले की तुलना में बहुत आसान हो जाएगा। हमारा उद्देश्य गांवों में ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाना है।

# वृहद जिला स्तरीय मॉम अभ्यास आयोजित

**फिरोजाबाद।** कलैक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय आपदा मोचक बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचक बल (एसडीआरएफ) के संयुक्त तत्वाधान में एक वृहद जिला स्तरीय मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया, यह अभ्यास मुख्य रूप से जनपद में भुकम्प जैसी प्राकृतिक आपदा के समय तत्काल राहत और बचाव कार्यो की प्रभावशीलता को परखने के लिए आयोजित किया गया था, मॉकड्रिल के दौरान एक काल्पनिक भुकम्प की स्थिति निर्मित की गयी, जिसके तहत मलवे में दबे लोगों को निकालने, घायलों को त्वरित प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने और आपदा के समय विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल बिठाने का प्रदर्शन किया गया, भुकम्प के साथ-साथ अन्य आकस्मिक परिस्थितियों जैसे अग्निकांड और जल भराव से निपटने के तरीकों का भी प्रदर्शन किया गया, ताकि किसी भी जटिल आपदा में जन धन की हानि को कम किया जा सके।

# ग्रामीणों की 'अघोषित नाकेबंदी' से ठप पड़ी मौरंग खदान

■ संचालकों ने बताया ब्लैकमेलिंग का खेल

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** जनपद में खनन कार्य एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया है। ताजा मामला बरेहटा मौरंग खदान का है, जहां ग्रामीणों द्वारा खदान संचालकों पर खनन और मौरंग के परिवहन को लेकर अघोषित रोक लगा दी गई है। इससे खदान संचालन पूरी तरह प्रभावित हो गया है और संचालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

बताया जाता है कि खदान संचालकों ने परिवहन मार्ग को लेकर ग्रामीणों की मांग के अनुसार रास्ते का भुगतान भी किया था, ताकि किसी प्रकार का विवाद न रहे और कार्य सुचारु रूप से चलता रहे। इसके बावजूद कुछ ग्रामीणों के साथ कथित अराजक तत्व मिलकर खनन और मौरंग के परिवहन को रोकने का प्रयास कर रहे हैं।

खदान संचालकों का आरोप है कि कुछ लोग इस पूरे मामले को दबाव और ब्लैकमेलिंग का माध्यम बना रहे हैं। उनका कहना है कि जब सभी नियमों के तहत कार्य किया जा रहा है और मार्ग का भुगतान भी कर दिया गया है, तो फिर खनन कार्य में इस प्रकार की बाधा डालना समझ से परे है।

उधर इस घटनाक्रम से क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई है। खदान से जुड़े श्रमिकों और ट्रांसपोर्टरों की रोजी-रोटी भी प्रभावित हो रही है। संचालकों का कहना है कि यदि प्रशासन जल्द हस्तक्षेप कर स्थिति स्पष्ट नहीं करता, तो खनन कार्य पूरी तरह ठप हो सकता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मामले में प्रशासन को हस्तक्षेप कर वास्तविक स्थिति की जांच करनी चाहिए, ताकि यदि कोई अवैध दबाव या अराजकता हो रही है तो उस पर रोक लगाई जा सके और वैध खनन कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके। फिलहाल बरेहटा मौरंग खदान का मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है और सबकी निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।

# बांदा में 'शून्य गरीबी' की ओर बड़ा कदम

■ 1026 परिवारों को आवास योजना की पहली किस्त

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य के साथ चल रहे अभियान को जनपद बांदा में गति मिलती दिख रही है। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत 1026 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में 10-10 हजार रुपये की पहली किस्त डीबीटी के माध्यम से भेजी गई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण लखनऊ से हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर के लाभार्थियों को संबोधित किया। इस पहल को 'जीरो पॉवर्टी' मिशन के रूप में देखा जा रहा है, जिसके तहत जिले के सबसे गरीब परिवारों को चिन्हित कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने की व्यापक प्रक्रिया चल रही है।

**हर पंचायत में सबसे गरीब परिवारों की पहचान-** जिले की 471 ग्राम पंचायतों में प्रशासन ने सर्वे कर ऐसे परिवारों को चिन्हित किया है जो अत्यंत गरीब श्रेणी में आते हैं। इन परिवारों को आवास, राशन, आयुष्मान कार्ड, पेंशन और अन्य कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उनका जीवन स्तर सुधारने का प्रयास किया जा रहा है।

**तकनीक के जरिए पारदर्शिता-** लाभार्थियों के चयन और सत्यापन में पारदर्शिता लाने के लिए 'माप मोबाइल ऐप' का उपयोग किया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने गांवों में जाकर डिजिटल माध्यम से सत्यापन किया, जिससे वास्तविक जरूरतमंदों की पहचान संभव हो सकी। सत्यापन के बाद अब सहायता राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जा रही है।

**लाभार्थियों में खुशी-** कार्यक्रम में मौजूद नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्रीशचंद्र ने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। वहीं लाभार्थियों ने कहा कि पक्का घर मिलने की दिशा में मिली यह मदद उनके लिए बड़ी राहत है और इससे उनके जीवन में स्थिरता और उम्मीद दोनों बढ़ी हैं।

# जायसवाल उत्थान समिति का भव्य होली मिलन समारोह आयोजित

■ सिद्धनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी रवि गिरी जी महाराज रहे मौजूद

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद जायसवाल उत्थान समिति बहराइच द्वारा होली मिलन एवं हृदय मिलन समारोह का भव्य आयोजन पुलिस लाइन रोड स्थित यश लॉन में किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में स्वजातीय बंधुओं ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व सदस्य जिला पंचायत एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवपुर पुरुषोत्तम सिंह जायसवाल ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सिद्धनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी रवि गिरी जी महाराज रहे। स्वामी रवि गिरी जी महाराज ने अपने आशीर्वचन में समाज के लोगों से एकजुट होकर समाज और देश हित में कार्य करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान समाज के वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में समाज को एकजुट बनाए रखने और एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े रहने का आह्वान किया। समारोह में समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दीं तथा कवि पाठ भी किया गया।

इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनप्रतिनिधियों और मेधावी बच्चों को सम्मानित कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवपुर पुरुषोत्तम सिंह जायसवाल, दिनेश जायसवाल एडवोकेट, पप्पू जायसवाल, सदस्य जिला पंचायत हरीश गांधी, संतोष जायसवाल, डॉ. अनीता जायसवाल, बेचेलाल जायसवाल (प्रधान), संजय जायसवाल तहलका, विकास जायसवाल धोनी, सुभाष जायसवाल, सुनील जायसवाल एडवोकेट (एडीजीसी), दिलीप जायसवाल, संतकुमार सिंह जायसवाल, रामनिवास जायसवाल, मुन्ना जायसवाल, अजय जायसवाल, जगदीश जायसवाल, राम शंकर जायसवाल, हरीश जायसवाल, उमाकांत जायसवाल, मनोज जायसवाल, नरेंद्र जायसवाल, नंदलाल जायसवाल, आयुष जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# नगला झम्मन में कांशीराम का जन्मदिन मनाया



**टूंडला।** बहुजन नायक कांशीराम साहब के 92वें जन्म जयन्ती समारोह बडे ही हर्ष व उल्लास के साथ डॉ. बीआर अम्बेडकर केन्द्रीय समिति टूंडला द्वारा डॉ. अम्बेडकर बगीची नगला झम्मन पर मनाया गया।

इस मौके पर वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर अध्यक्ष केन्द्रीय कमेटी सुधांशु मित्रा, संयोजक एड. संजीव प्रधान, देवेन्द्र नागर, दिवाकर सिंह बौद्ध, नरेन्द्र देव, रमेश चन्द्र ब्यास, सीपी सिंह, भूपेन्द्र सिंह, एड. लाखन वर्मा, रघुवीर सिंह भाईजी, मोहित कुमार, बसीम खान, विवेक प्रधान, डॉ. राजेन्द्र संतोषी, राकेश निगम, जोगेन्द्र सिंह, गौरव कुमार, विपीन कुमार, जन्डेल सिह, मोहम्मद साहिद, मोन्टी कुमार, मनश्वी आन्नद, राहुल सिंह, कुनाल आन्नद, ध्रुव, सुमित आदि लोग उपस्थित रहें।

# क्या अब शिक्षा विभाग कराएगा समाचार पत्रों की बिक्री

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** सरकारी विद्यालयों में नामित अखबारों को एक वर्ष के लिए खरीदने को बाध्य करने के कारण शिक्षा जगत में खलबली दिखायी दी। बताया जाता है कि कुल 3 अखबारों के नाम से ब्लॉक स्तर पर अलग-अलग अखबारों को खरीदने के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा अखबारों के नाम से शिक्षकों को फॉर्मेट जारी किए हुए हैं। जिसके चलते नामित अखबार के फॉर्मेट को लेकर एवं एक वर्ष के लिए भुगतान करने के कारण शिक्षा जगत में सुगबुगाहट शुरू हो गयी। प्रायः देखने में आता है कि प्राईवेट सेक्टरों के हॉस्पीटल, क्लीनिक एवं विद्यालयों आदि की सैटिंग से दवा-पुस्तकों आदि की बिक्री होती आ रही है। अक्सर डॉक्टर एवं प्रबन्धनतन्त्र आदि अपने लाभ एवं हितों को साधने के लिए लाभप्रद वस्तुओं को खरीदने के लिए मरीजों, उपभोक्ताओं आदि को प्रेरित करते हैं। वह बात अलग है कि सम्बन्धित सरकारी विभाग समय-समय पर चाहे दिखाने के लिए ही सही लेकिन यदा-कदा कार्यवाही करते दिखायी देते रहते हैं। लेकिन अब तो स्वयं सरकार अपने पसन्दीदा समाचार पत्रों की बिक्री कराने पर उतर आयी है। निष्चित ही कोई लाभ या हित सध रहा होगा। जिसका जीता-जागता उदाहरण जनपद में उस समय देखने को मिला जब खण्ड षिक्षा अधिकारियों के माध्यम से सरकारी विद्यालयों में एक फॉर्मेट यह भेजा गया कि अपर मुख्य सचिव/बेसिक षिक्षा विभाग के आदेष के क्रम में शिक्षण संस्थान एक वर्ष के लिए फॉर्मेट में अंकित समाचार पत्र की प्रति प्रतिदिन मंगाना चाहते हैं इसका भुगतान विद्यालय द्वारा किया जाएगा। यानि कि एक वर्ष के लिए नामित अखबार को खरीदने के लिए विद्यालयों को बाध्य किया जा रहा है। यहां सवाल यह है कि आखिर समाचार पत्र का नाम लिखकर फॉर्मेट क्यूं जारी किया गया। विद्यालयों में समाचार पत्र की उपलब्धि कराना कोई अनुचित नहीं है। लेकिन विषेश रूप से किसी समाचार पत्र को नामित कर एक वर्ष के लिए खरीदने के लिए बाध्य किया जाना निष्चित ही किसी को लाभ पहुंचाना है। अन्यथा विद्यालय या सम्बन्धित शिक्षक तो कोई भी समाचार पत्र गुणवत्ता के अनुरूप विद्यालय में संकलित कर सकता है।

# नगर निगम की लापरवाही व अनदेखी सरकारी नियमों को लगा रही है पलीता

अवधनामा संवाददाता


निगम की लापरवाही ने प्रदूषित कर रखा है एसएन रोड

■ अनाधिकृत रूप से किया जा रहा है मिट्टी का दोहन

अवधनामा संवाददाता



■ एस0एन0 रोड पर नियमों को ताक पर रख खड़ा हो रहा है बहुमंजिला सिटी टॉवर

■ एस एन रोड पर चल रहे अवैध निर्माण को लेकर नगर निगम से लेकर सम्बन्धित विभागों पर उठ रहे हैं सवाल

**फिरोजाबाद।** शहर के व्यस्त इलाके एस एन रोड स्थित दाऊजी मिष्ठान भंडार के सामने इन दिनों एक बहुमंजिला अपार्टमेंट का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। हालांकि इस निर्माण को लेकर अब स्थानीय लोगों में सवाल उठने लगे हैं कि क्या नगर निगम से लेकर सम्बन्धित विभाग अनदेखी कर रहे हैं या फिर गान्धारी बनकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। लोगों का यह भी मानना है कि सम्बन्धित अधिकारियों की मिलीभगत के चलते ये अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस बात को बल जब और ज्यादा मिल जाता है कि 6 माह से अधिक से चल रहे अवैध निर्माण के बाजवूद भी सम्बन्धित उच्चाधिकारी से लेकर जेई निर्माण तक इस अवैध निर्माण से अनभिज्ञता जता रहे हैं। जबकि कोई भी नवीन निर्माण बिना नगर निगम एनओसी के प्रारम्भ नहीं हो सकता। इतना ही नहीं अवधनामा ने इस अवैध निर्माण की बेसमेन्ट खुदाई से फैले प्रदूषण एवं क्षेत्रीय दुकानदारों व राहगीरों को हुयी दिक्कत एवं सड़क पर फैली गन्दगी को 16 अक्टूबर 2025 को ही प्रमुखता से प्रकाषित किया था। बताया जाता है कि एस0एन0 रोड स्थित पूर्व प्रिन्स ग्लास में बहुमंजिला सिटी टॉवर का निर्माण किया जा रहा है वह शहर का घनी व्यस्तता वाला इलाका है और यहां पहले से ही यातायात का दबाव काफी रहता है। ऐसे में बहुमंजिला इमारत बनने से क्षेत्र में भीड़-भाड़ और बढ़ने की आशंका है। लोगों का कहना है कि अगर निर्माण कार्य के लिए नगर निगम से नियमों के तहत अनुमति ली गई है तो फिर देर रात भारी कन्क्रीट मिक्सर, ट्रकों के माध्यम से लेण्टर-पिलर आदि की भराई क्यों की जाती है जिसके कारण सिर्फ रोड पर ध्वनि प्रदूषण ही नहीं होता बल्कि यातायात भी प्रभावित रहता है। इतना ही नहीं भारी वाहनों के रात में खड़े होने के कारण किसी भी समय बड़ी दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है। अवैध रूप से हो रहे नियमों को ताक पर रख निर्माण कार्य के दौरान सड़क पर सामग्री फैलने और धूल उड़ने से आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि निर्माण स्थल से निकलने वाली धूल और मलबे के कारण वायु प्रदूषण की समस्या भी बढ़ रही है। यदि किसी भी प्रकार का अपार्टमेंट या बहुमंजिला भवन बनाया जाता है तो उसके लिए सर्वप्रथम नियमों के अनुरूप नगर निगम से एनओसी लेना और तत्पष्चात विकास प्राधिकरण से नक्शा पास कराना, और अन्य निर्माण सम्बन्धित नियमों का पालन करना आवश्यक होता है। प्रारम्भिक निर्माण में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं नगर निगम की अनदेखी से ही यह आशंका प्रतीत होती है कि यदि सरकार के नियमों का पालन नहीं किया गया तो भविष्य में यह इमारत सम्बन्धित अधिकारियों एवं विभागों के लिए समस्या का कारण बन सकती है। इधर इस पूरे मामले को लेकर नगर निगम के अधिकारियों से भी कार्रवाई की मांग उठने लगी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि नगर निगम को निर्माण स्थल की जांच कर यह स्पष्ट करना चाहिए कि निर्माण कार्य सभी नियमों और मानकों के अनुसार हो रहा है या नहीं। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि यदि बिना आवश्यक अनुमति के निर्माण कार्य किया जा रहा है तो संबंधित विभाग को तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि प्रदेष के मुख्यमंत्री के आदेषों के अनुरूप अवैध निर्माण पर रोक लगाई जा सके और आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस संबंध में नगर आयुक्त ने कहा कि ÷मामला संज्ञान में आया है। संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली जा रही है। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# ओईएफहजरतपुर के टेलर ने दिखाया अपनी मानसिकता का खेल

**टूंडला फिरोजाबाद** आयुध उपस्कर निर्माणी हजरतपुर में एक टेलर के पद पर तैनात कर्मचारी ऐसा है जिसका मिजाज अन्य कर्मचारियों के अलावा अधिकारियों पर भी दबदबा बनाकर अपनी मनमानी कर अपनी दबंगई दिखाकर भय व्याप्त करना बताया गया है निर्माणी में रघुनंदन शर्मा जो टेलर के पद पर तैनात है जिसने 11 मार्च 2026 को बिना अनुमति के निर्माणी के प्रशासनिक खंड में पहुंचकर महाप्रबंधक अपर महाप्रबंधक उपमहा प्रबंधक को अभद्र गालियां ही नहीं जान से मारने की भी खुली चेतावनी देने लगा उसे भयथा कि अन्य मामलों की शिकायत पर कहीं उसे निलंबन ना कर दिया जाए इसीलिए अधिकारियों पर दबाव बना रहा था इस घटना से निर्माणी अधिकारी भी अप्रिय घटना की संभावना से भयभीत हैं जिसकी शिकायत थाना टूंडला में तहरीर दी गई है यही नहीं उक्त टेलर महिला चिकित्सकों पर भी गाली गलौज मारपीट का प्रयास कर चुका है जिससे एजीएम द्वारा जांच को अनुशासनात्माक प्राधिकारी को सौंप दी है आईएफ हजरतपुर की बाउंड्री बाल से संबंधित मामले की जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है इस तरह की अन्य की घटनाएं पूर्व में उक्त टेलर कर चुका है।


## न्यायालय सूचना

मा.जनपद न्यायाधीश, सहारनपुर के आदेश दि. 16/02/2026 के अनुपालन में समिति की आख्या के अनुसार बाह्य न्यायालय देवबन्द,सहारनपुर परिसर स्थित साईकिल/मोटर साईकिल/स्कूटर स्टैण्ड व चाय कैन्टीन हेतु वित्तीय वर्ष 2026-2027 की नीलामी दि. 27/03/2026 को अपराहन 4:30 बजें बाह्य न्यायालय देवबन्द के भूतल पर स्थित सभा कक्ष होगी, उपरोक्त नीलामी में भाग लेने वाले सभी बोली दाता नीलाम के नियम व शर्तो का अवलोकन बाह्य न्यायालय देवबन्द, नजारत या जनपद न्यायालय सहारनपुर, नज़ारत पर लगे सूचना पट से कर सकते हैं। आज्ञा से.. विनीत कुमार वासवानी (अध्यक्ष नीलामी कमेटी) अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश बाह्य न्यायालय, देवबन्द, सहारनपुर।


# एसोसिएशन ने बीमा, वेतन और सामाजिक सुरक्षा की आवाज उठाई

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जिले में आपदा मित्र एसोसिएशन ने भारत सरकार के गृह मंत्री और जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में आपदा मित्रों के लिए बीमा राशि बढ़ाने, न्यूनतम वेतनमान लागू करने और सामाजिक सुरक्षा सहित सात प्रमुख मांगें रखी गई हैं।एसोसिएशन ने बताया कि वर्ष 2018 से आपदा मित्र उत्तर प्रदेश सरकार और राहत आयुक्त के निर्देशों का पालन करते हुए विभिन्न आपदा प्रबंधन कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कोरोना काल, माघ मेला, कुंभ मेला, गणतंत्र दिवस परेड, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और मॉक ड्रिल जैसी गतिविधियों में प्रशासन के साथ मिलकर काम किया है। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री और राहत आयुक्त द्वारा आपदा मित्रों को दिए गए प्रोत्साहनों का भी उल्लेख किया। इनमें गोरखपुर, वाराणसी और बलिया के 105 आपदा मित्रों को टैबलेट और वर्दी का वितरण, होमगार्ड भर्ती में 3 अतिरिक्त अंक, डीजी वॉकर सर्टिफिक्रेट तथा 3 साल के लिए 5 लाख रुपये का जीवन एवं दुर्घटना बीमा कवर शामिल है। साथ ही, उन्हें सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था से जोड़ने का वादा भी किया गया था। आपदा न्यूनीकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, उत्तर प्रदेश आपदा मित्र एसोसिएशन ने सरकार से 5 लाख रुपये की बीमा राशि को बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने की मांग की है। इसके अतिरिक्त, सभी आपदा मित्रों को सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, मुख्यमंत्री सुरक्षित विद्यालय योजना और अग्निशमन सेवाओं में कर्मचारी घोषित करने की भी मांग की गई है।

# दो बाइकों की आपस में टक्कर बाइक सवार घायल, अस्पताल में भर्ती

**लम्भुआ/सुल्तानपुर।** लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र स्थित नरहरपुर के पास सोमवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। सूचना मिलने पर 1033 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लम्भुआ में भर्ती कराया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुलतानपुर निवासी जुनेद अपनी चाची के साथ बाइक से कोइरीपुर स्थित अपने घर जा रहे थे। नरहरपुर के पास एक मोड़ पर पहुंचते ही सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही 1033 एंबुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची।

# गैस की किल्लत कीमतों पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, प्रशासन को ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** रसोई गैस की भारी किल्लत और आसमान छूती कीमतों के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सरकार विरोधी नारेबाजी की और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस नेता राजेश तिवारी ने केंद्र सरकार की विदेश नीति और प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत पहले रूस और ईरान से सस्ते दामों पर और भारतीय मुद्रा (रुपये) में गैस खरीदता था, लेकिन मौजूदा सरकार ने इन देशों से संबंध खराब कर लिए हैं। तिवारी ने कहा कि आज भारत अमेरिका से आठ गुना अधिक दाम पर गैस खरीद रहा है, जिसे भारत पहुंचने में 45 दिन लगते हैं। जबकि ईरान से गैस केवल सात दिन में आ जाती थी। राजेश तिवारी ने इसे प्रधानमंत्री की विदेश नीति की बड़ी विफ्लता बताया। उन्होंने राहुल गांधी के बयान 'नरेंद्र सरेंडर' का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने अमेरिकी दबाव में आकर अपने पुराने मित्र देशों का साथ छोड़ दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री के पुराने बयानों का हवाला देते हुए उन पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। तिवारी ने कहा, ÷प्रधानमंत्री ने अपना नाम बचाने के लिए देश की ऊर्जा सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। आज गरीब के घर में चूल्हा नहीं जल रहा क्योंकि सिलेंडर गायब हैं और जो हैं वो इतने महंगे हैं कि आम आदमी की पहुंच से बाहर हैं।÷ इस प्रदर्शन में राहुल तिवारी, रंजीत सिंह सलूजा, सलाउद्दीन हाश्मी, शरद श्रीवास्तव सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सी0एण्डडब्ल्यू0 लखनऊ के द्वारा ई टेंडर संख्या 268-Mech-CW-CMCEPPFSLKO25 के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय 06.04.2026 15:00 है जो उसी दिन 15:30 बजे वेबसाइट पर खोले जाएगे। इस टेंडर के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। टेंडरर ध्यान दे कि निविदा मूल्य (जैसा **IREPS** पर प्रावधान हो) का भुगतान यह केवल **through online payment mode** जो कि **ireps** पर उपलब्ध है जैसे की नेटबैंकिंग, डेबिड कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रशीदे, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान के अनुमति नहीं है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | कॉम्प्रेहेंसिव मेन्टेनेन्स कान्ट्रैक्ट (सीएमसी) फार अपकीपिंग आफ इलेक्ट्रो–न्यूमेटिक प्रेसुराइज्ड फ्लशिंग सिस्टम (इपीपीएफएस) ओवर लखनऊ डिवीजन नार्दन रेलवे फार ए पीरियड आफ टू इयर्स। |

| निविदा टाईप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल पैकेट सिस्टम |
|---|---|---|---|
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | 06.04.2026 15:00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 17.03.2026 |
| प्री-बिड येस/नो | नो | प्री बिड केव्री डेट टाइम | नाट अप्लीकेबल |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू (रु.) | Rs.3,56,77,920.02 (Including GST) | टेंडरिंग सेक्शन | टेण्डर सी०एण्डडब्ल्यू० |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फार ईच शिड्यूल आइटम | बिडिंग यूनिट | % एज अबव/बिलो /एट पार |
| धरोहर राशि | 3,28,400.00 | आफर की वैद्यता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | निशुल्क | कार्य की अवधि | 24 माह |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 23.03.2026 | | |

No. 268-Mech-CW-CMCEPPFSLKO25 Dt.: 16.03.2026 885/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नियोनेटल रीससिटेशन विषय पर महत्वपूर्ण कार्यशाला

अवधनामा ब्यूरो




सुशीला हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर व इटावा एकेडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक्स की ओर से कार्यशाला आयोजित

**इटावा।** रविवार को सुशीला हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर तथा इटावा एकेडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक्स के संयुक्त तत्वावधान में नियोनेटल रीससिटेशन (नवजात शिशु पुनर्जीवन) विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन आई.एम.ए. भवन, पक्का तालाब में किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य निजी अस्पतालों के नर्सिंग स्टाफ को नवजात शिशुओं के पुनर्जीवन (Neonatal Resuscitation) के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था, जिससे जन्म के तुरंत बाद सांस न लेने या न रोने वाले शिशुओं को समय पर उचित सहायता देकर उनके जीवन को बचाया जा सके। कार्यशाला में प्रशिक्षण प्रसिद्ध नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. डी.के.सिंह द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. सिंह ने उपस्थित नर्सिंग स्टाफ को विस्तार से बताया कि यदि कोई शिशु जन्म के बाद ठीक से सांस नहीं लेता या रोता नहीं है तो उसे किस प्रकार सुरक्षित एवं प्रभावी तरीके से पुनर्जीवित किया जा सकता है। उन्होंने एंबू बैग (Ambu Bag) के माध्यम से नवजात शिशु को कृत्रिम सांस देने की सही तकनीक का प्रदर्शन भी किया तथा बताया कि समय पर और सही तरीके से की गई यह प्रक्रिया कई नवजात शिशुओं के जीवन को बचा सकती है। डॉ.डी.के. सिंह ने आशा व्यक्त की कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से अस्पतालों में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ नवजात शिशुओं की आपात स्थिति में अधिक सक्षम ढंग से कार्य कर सकेगा और इससे प्रदेश एवं देश में नवजात शिशु मृत्यु दर को कम करने में सहायता मिलेगी। कार्यशाला में सिया देवी हॉस्पिटल, GLP हॉस्पिटल, दीपकिरण हॉस्पिटल, डॉ. ममता गुप्ता हॉस्पिटल, मल्होत्रा मेटरनिटी सेंटर, पार्थ हॉस्पिटल, माया देवी हॉस्पिटल, शिवजी हॉस्पिटल, रेखा देवी हॉस्पिटल, विनायक हॉस्पिटल, न्यू लाइफ केयर हॉस्पिटल, मेट्रो हॉस्पिटल, मदन हॉस्पिटल, एस.आर. हॉस्पिटल तथा अन्य निजी अस्पतालों के नर्सिंग स्टाफ एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यशाला के समापन पर सुशीला हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ.डी.के.सिंह द्वारा उन सभी अस्पतालों को, जहां प्रसव होते हैं, एक-एक Ambu Bag प्रदान किया, जिससे प्रत्येक अस्पताल में नवजात शिशुओं को आवश्यकता पड़ने पर तुरंत कृत्रिम सांस देकर उनकी जान बचाई जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सभी प्रतिभागियों ने अत्यंत उपयोगी एवं व्यावहारिक बताया और भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## नई बस्ती के जलभराव पर विधायक भूपेश चौबे सख्त

**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज नगर के नई बस्ती में वर्षों से बनी जलभराव की समस्या को लेकर सदर विधायक भूपेश चौबे ने सोमवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था की खराब स्थिति पर नाराजगी जताई और अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से ठोस एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि नई बस्ती में बरसात के समय जलभराव की समस्या गंभीर रूप ले लेती है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन के साथ-साथ स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि इस समस्या को अब किसी भी सूरत में समाप्त किया जाए और इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर जल्द काम शुरू किया जाए।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने नालियों की सफाई, जल निकासी मार्गों को दुरुस्त करने तथा आवश्यक स्थानों पर निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए।

# दोनों सोसायटी का उद्देश्य गरीबों और मजलूमों की सहायता करना है: इदरीस

कासिम अंसारी के आवास पर राशन वितरण

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** वरदान वेलफेयर सोसाइटी एवं बुनकर एकता समिति द्वारा संयुक्त रूप से हर पेट भोजन भर पेट भोजन अभियान के अंतर्गत बाह अड्डा स्थित मोहम्मद कासिम अंसारी के आवास पर राशन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरदान वेलफेयर सोसाइटी एवं बुनकर एकता समिति के कार्यक्रम में वरदान वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद क़ासिम अंसारी एवं बुनकर एकता समिति के अध्यक्ष मो.इदरीस अंसारी ने अपनी टीम के साथ आटा, तेल, सूजी, बेसन, शकर, आलू , सिवइयां आदि सामान सहित नगद धनराशि देकर लगभग दो सौ पैकेट गरीबों एवं जरूरतमंदों को वितरित किये। इस अवसर पर बुनकर एकता समिति के प्रदेश अध्यक्ष मो.इदरीस अंसारी ने कहा कि दोनों सोसायटी के मुख्य उद्देश्य गरीबों और मजलूमों की सहायता करना है। प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद क़ासिम अंसारी ने कहा कि आज का यह दिन हमारे लिए केवल एक कार्यक्रम मात्र नहीं है, बल्कि यह हमारी उस सामूहिक भावना का प्रतीक है जो कहती है कि ÷मानव सेवा ही सबसे बड़ी ईश्वर सेवा है। ÷प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है, लेकिन समाज की संरचना में कभी-कभी ऐसी परिस्थितियाँ आती हैं जहाँ हमारे कुछ भाई-बहन आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हैं। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल जब्बार खान ने कहा कि हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि समाज का कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री फजलुर रहमान प्रदेश सदस्य इजहार अहमद राईन, काशिफ अंसारी, मुनव्वर अंसारी, इरफान अहमद, मोहम्मद सलीम अंसारी, महासचिव फुरकान अहमद, जीशान अहमद आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## एसआई परीक्षा के प्रश्न का विरोध, ब्राह्मण एकता परिषद ने सौंपा ज्ञापन



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** एसआई भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के पदाधिकारियों ने विरोध जताते हुए राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि परीक्षा में ब्राह्मण समाज को लेकर पूछे गए प्रश्न से सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका है। इसलिए उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए। जिलाध्यक्ष दीपा तिवारी ने कहा कि 14 मार्च को आयोजित परीक्षा में ÷पंडित÷ शब्द को लेकर पूछे गए प्रश्न से समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव समाज सेवा और राष्ट्रहित के कार्यों में अग्रणी रहा है। ऐसे प्रश्न समाज की छवि को प्रभावित करते हैं। संगठन ने भविष्य में इस प्रकार के प्रश्नों पर रोक लगाने की मांग की है।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नायकपुरवा स्थित प्राचीन राधाकृष्ण मंदिर में सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर स्टेट बैंक, स्टेशन रोड और मोहल्ला केवटरा से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने पीत वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर भाग लिया। इससे पहले कथा स्थल पर हवन-पूजन कराया गया। कथावाचक मनीष शुक्ला ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा जीवन को सही दिशा और उद्देश्य प्रदान करती है। कथा श्रवण से व्यक्ति के जीवन के विकार दूर होते हैं और आध्यात्मिक विकास होता है। कार्यक्रम में कमला शिवहरे, नीरज कुमार, संजय त्रिपाठी, प्रेमचंद्र, गोवर्धन शरण, हर्षराज सिंह, संजय शिवहरे सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## रास्ते में पाइपलाइन लीकेज से ग्रामीण परेशान



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** विकासखंड कुरारा के डामर गांव में नमामि गंगे योजना की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से मुख्य रास्ते में पानी बह रहा है, जिससे ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव के होरीलाल कोरी के घर के पास पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण सप्लाई के दौरान पानी सड़क पर फैल जाता है और रास्ते में गड्ढा बन गया है। इससे वाहनों का आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण वीर सिंह यादव, चंद्रभान, राम खिलावन और राजेश ने बताया कि पानी बहने से रास्ते में कीचड़ बना रहता है, जिससे बच्चों को विद्यालय आने-जाने में दिक्कत होती है। उन्होंने नमामि गंगे के अधिकारियों से पाइपलाइन की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।

## रेलवे क्रॉसिंग पर जाम से एक घंटे परेशान रहे लोग




**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे के बांदा मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 31 पर गेट खुलने के बाद वाहनों के आड़ा-तिरछा घुस जाने से भीषण जाम लग गया। जाम में परिवहन निगम और स्कूली बसें सहित कई वाहन फंस गए। बताया जाता है कि सुबह करीब 11 बजे दुर्ग से कानपुर जा रही बेतवा एक्सप्रेस को निकालने के लिए गेट बंद किया गया था। ट्रेन गुजरने के बाद गेट खुलते ही वाहनों की भीड़ लग गई और जाम की स्थिति बन गई। करीब एक घंटे तक यात्री बसें, स्कूली वाहन और ट्रक जाम में फंसे रहे। धूप और गर्मी के कारण यात्री और स्कूली बच्चे परेशान होते रहे। बाद में यातायात सामान्य होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

## गैस कालाबाजारी मामले में बसपा नेता सहित पांच पर मुकदमा

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी के आरोप में जिलाधिकारी के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक ने इंडेन गैस एजेंसी संचालक बसपा नेता और उनके मैनेजर सहित पांच लोगों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। जिलापूर्ति विभाग की टीम ने सुरौली बुजुर्ग में संचालित गैस एजेंसी पर छापा मारकर जांच की थी, जिसमें 111 घरेलू और 93 कमर्शियल सिलेंडर कम पाए गए। इसके बाद एजेंसी संचालक रामफूल निषाद और मैनेजर रामनरेश के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके अलावा पत्योरा गांव के एक कॉमन सर्विस सेंटर से सात घरेलू सिलेंडर मिलने पर संचालक कुलदीप बाबू के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया। चक्की संचालक प्रदीप और कस्बे के दिव्या स्वीट्स के संचालक कमलेश गुप्ता के खिलाफ भी घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## नगर पालिका सहित सभी नगर पंचायतों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन



**सोनभद्र (अवधनामा ब्यूरो)** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारण के लिए प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में आज दिनांक 16 मार्च 2026 सोमवार को रूबी प्रसाद मा0 अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं मुकेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का अयोजन किया गया। तत्क्रम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 2, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 3, नगर पंचायत चोपन में 1, नगर पंचायत ओबर में 4, नगर पंचायत रेनुकूट में 1, नगर पंचायत पिपरी में 3, नगर पंचायत दुद्धी में 3, नगर पंचायत डाला बजार में 2, नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों में कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। श्री मुकेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र, द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है उक्त अवसर पर मा0 सदस्यगण एवं नगर पालिका कर्मचारी आदि उपस्थित रहें। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

## गरीब परिवारों को समस्याओं से सरकार द्वारा मुक्त किया जा रहा है : धर्मवीर



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** धर्मवीर प्रजापति राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उ0प्र0की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में इंदिरागांधी प्रतिष्ठान से मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत 90 हजार लाभार्थियों को प्रथम किश्त की धनराशि जारी किए जाने के लाइव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उ0प्र0में वंचितों का सम्मान हर गरीब को अपना मकान प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत 90 हजार लाभार्थियों के बैंक खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से प्रथम किश्त 900 करोड़ की अनुदान राशि का अंतरण मुख्यमंत्री द्वारा लोकभवन से लाइव दिखाया गया। मंत्री जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 30 लोगों को पहली किश्त दी जा रही है एवं सरकार द्वारा बिजली, पानी, मकान आदि योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों को समस्याओं से सरकार द्वारा मुक्त किया जा रहा है एवं आयुष्मान कार्ड का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सीधा लाभार्थी के खाते में धनराशि भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का दायित्व है व्यक्ति की जरूरत को पूरा करना। उक्त कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष बी0जे0पी0अन्नू गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष कृपा नारायण तिवारी, महामंत्री शिवाकांत चौधरी, जनप्रतिनिधिगण, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, सी0ओ0 सिटी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नर शावक नीक व दो मादा शावक निक्की व किन्नी का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया




**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** इटावा सफारी पार्क में शेरनी नीरजा एवं बब्बर शेर कान्हा की मेटिंग से 16 मार्च 2025 को जन्मे तीन शावक सोमवार को एक वर्ष के हो गए है। छह माह तक शेरनी नीरजा द्वारा सभी शावकों की देखभाल की गई तदोपरांत तीनों शावकों को शेरनी नीरजा से अलग करते हुए ब्रीडिंग सेंटर के दूसरे हाउस में रखा गया। उसी हाउस में शेरनी नीरजा से 31 मई 2024 को जन्मी शेरनी आशी एवं जया को भी रखा गया है। प्रथम बार में शेरनी नीरजा द्वारा अपने शावकों को दूध नहीं पिलाने के कारण कीपर आसिफ़ एवं अजय सिंह द्वारा उनका पालन पोषण किया गया। दूसरी बार शेरनी नीरजा द्वारा अपने शावकों का पालन पोषण भलीभांति किया गया। तीनो शावक क्रमशः एक नर शावक नीक एवं दो मादा शावक निक्की व किन्नी का प्रथम जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। शेरनी नीरजा से जन्मे पाँच अर्ध वयस्क शावकों एवं शेरनी रूपा के एक मादा शावक कृपा को एक साथ मिलाने के प्रयास किए जा रहे है जिससे पर्यटक सभी शावकों को सफारी में एक साथ दीदार कर सके। यह जानकारी डॉ. विनय कुमार सिंह उप निदेशक, इटावा सफारी पार्क ने दी है।

## टिंकू टायर वालों के घर पर हुआ रोज़ा इफ्तार



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** रमज़ान-उल-मुबारक के आख़री अशरे छब्बीस रमज़ान मुबारक को शहर के तकिया आज़ाद स्थित पीली कोठी के पास अब्दुल रफीक उर्फ टिंकू भाई टायर वालों के घर पर रोज़ा इफ्तार का आयोजन हुआ। सोमवार को रोज़ा इफ्तार में रोज़ेदारों ने इफ्तार से पूर्व रब तआला की बारगाह में सभी के हक़ में दुआये माँगी। रोज़ा इफ्तार के बाद कारी सरफराज़ आलम निज़ामी ने नमाज़ अदा कराई। इस मौके पर मौलाना ज़ाहिद रज़ा, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद फुरकान अहमद, हाजी मुईन उद्दीन मंसूरी, रौनक इटावी, वसीम चौधरी, अफजाल खां, सलीम खां, रिज़वान कुरैशी, ज़ैनुल आबदीन, माजिद फैसल, तस्लीम मंसूरी एडवोकेट आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को मिली अनुदान राशि

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत हर गरीब परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा 90 हजार लाभार्थियों के बैंक खातों में लगभग एक हजार करोड़ रुपये की अनुदान धनराशि डीबीटी के माध्यम से बटन दबाकर स्थानांतरित की गई। मा0 मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया, जहाँ उपस्थित लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना और सराहा। इस अवसर पर मा0 सदर विधायक भूपेश चौबे जी, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला तथा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रूबी प्रसाद द्वारा लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गया। सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प है कि प्रत्येक गरीब परिवार को पक्की छत उपलब्ध कराई जाए। उसी संकल्प को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों के खातों में मुख्यमंत्री द्वारा डीबीटी के माध्यम से अनुदान धनराशि स्थानांतरित की गई है। उन्होंने कहा कि अब कोई भी गरीब परिवार कच्चे मकान में रहने को मजबूर नहीं रहेगा। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि जनपद सोनभद्र के नगर क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के 3791 लाभार्थियों के खातों में धनराशि स्थानांतरित की गई है। अब बिना किसी भेदभाव के सभी पात्र गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है, जिससे प्रत्येक परिवार को पक्की छत उपलब्ध हो सकेगी।

जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में जो भी दिशा-निर्देश प्राप्त होते हैं, उनके अनुरूप जनपद में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ समयबद्ध तरीके से मिल सके। कार्यक्रम सफल संचालन परियोजना निदेशक डूडा सुधांशू शेखर शर्मा ने किया।

## पटवध बसुहारी मार्ग का जल्द हो निर्माण: संदीप

**सोनभद्र।** किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा की जन चौपाल विधानसभा 401 के तरिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत चकरिया में आयोजित की गयी जिसमे मोर्चा संयोजक संदीप मिश्र ने ग्रामीण परिवारि जनो की समस्याओं को सुना तथा सबकी बात को सुनने के बाद मोर्चा संयोजक ने शासन सत्ता में बैठे लोगों की उदासीनता पर कडा प्हार करते हुए कहा कि जल्दी ही तरिया क्षेत्र की तीन प्रमुख मांग पटवध से पोखरिया बसुहारी मार्ग का हो जल्द निर्माण तथा बरहमोरी में पचास बेड का स्वास्थ्य केन्द्र जल्द बने व मोबाइल टावर पूरे क्षेत्र में लगया जाय साथ ही मोर्चा संयोजक ने कहा कि यदि ये तीनो प्रमुख माग जल्द पूर्ण न कि गयी तो मोर्चा बड़ा आन्दोलन करने को बाध्य होगा और जो लोग भी इस तरह की व्यवस्था का गुणगान करते है व कहते हैं कि स्वर्णिम काल चल रहा है उनके उपर कडा प्रहार करते हुए संदीप मिश्र ने कहा कि वे अपने घर परिवार की पढाई दवाई यहाँ दस दिन रहकर कराकर दिखाए ऐसे संवेदनहीन लोगों की वजह से आप हमारे तरिया के परिवारि जन संघर्ष कर रहे है। आज के कार्यक्रम में प्रमुख रुप से मनोज निषाद जयश्री निषाद गिरधारी निषाद राजू निषाद विजय कमलेष निद व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे के देवगांव रोड स्थित लिटिल फ्लावर किड्स गार्डेन स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव और नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने गीत, नृत्य, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुति पर अभिभावकों और अतिथियों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामनारायण और निदेशक आदर्श गुप्ता ने किया। विद्यालय की प्रिंसिपल शिवांगी गुप्ता, संगीत शिक्षक जीत अनुरागी सहित विद्यालय परिवार का सहयोग रहा। प्रबंधक लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## मधुमक्खियों के हमले में तीन घायल

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में मधुमक्खियों के हमले से तीन लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। ग्राम तिन्दुही निवासी विवेक यादव और अरविंद खेत में काम कर रहे थे, तभी मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां अरविंद की हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरी घटना में उपरौस मोहल्ले का उमेश पेड़ से शहद निकाल रहा था, तभी मधुमक्खियों ने उस पर हमला कर दिया। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

## सांप के काटने से सात वर्षीय बालक की हालत बिगड़ी

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे के उपरौस मोहल्ले में घर के बाहर खेल रहे सात वर्षीय बालक को सांप ने काट लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने तुरंत बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। बालक की पहचान इमरान अली पुत्र जावेद अली के रूप में हुई है।

## पूर्व सैनिकों ने प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** पूर्व सैनिकों ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के साथ हो रहे कथित उत्पीड़न पर चिंता जताई है। पत्र में कहा गया है कि सैनिक देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं, इसलिए उनके सम्मान और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। पूर्व सैनिकों ने आरोप लगाया कि विभिन्न स्थानों पर सैनिकों और उनके परिवारों के साथ उत्पीड़न की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने सरकार से ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई करने और संबंधित अधिकारियों को नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश देने की मांग की है।

# भारतीय जनता पार्टी, अनपरा मंडल में आयोजित प्राशिक्षण वर्ग का सफल आयोजन किया गया

अवधनामा संवाददाता




**सोनभद्र/अनपरा।** 15 मार्च 2026 से 16 मार्च 2026 तक भारतीय जनता पार्टी, अनपरा मंडल के मण्डल अध्यक्ष प्रमोद शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित प्राशिक्षण वर्ग का सफल आयोजन हुआ। इस वर्ग में कुल सात सत्र आयोजित किए गए, जिनमें सातों सत्र के वक्ताओं ने उच्च स्तरीय मार्गदर्शन प्रदान किया वक्ताओं के क्रम में अनु0जा0जन0जाति आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार,छेत्रिय मंत्री नागेश्वर देव पाण्डे, पूर्व अनु0जा0जन0जाति आयोग के सदस्य रामनरेश पासवान,जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता,सुरेंद्र अग्रहरि,राज वर्मा व सोनभद्र जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता रहे इन सत्रों में पार्टी कार्यकर्ताओं को नेतृत्व कौशल, जनसंपर्क और संगठनात्मक रणनीतियों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस वर्ग प्रशिक्षण के दौरान समय-समय पर नाश्ता और भोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई थी, और कार्यकर्ताओं को प्रोजेक्टर द्वारा सतक फिल्म दिखाई गई, जिससे उन्हें आगे का मार्गदर्शन मिला। इस वर्ग प्रशिक्षण आयोजन में सभी कार्यकर्ताओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन व सहयोग दिया जिसके लिए प्रत्येक वर्ग के वक्ताओं द्वारा सभी प्रशिक्षण कर्ताओं की प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट योगदान की सराहना भी हुई और उन्होंने कहा के आशा करते हैं कि यह प्रशिक्षण उन्हें और अधिक सक्षम बनाएगा। इस सत्र का, विशेष रूप से, सातवां सत्र, सोनभद्र के जिला अध्यक्ष, आदरणीय नंदलाल गुप्ता जी द्वारा संचालित किया गया। इस मण्डल वर्ग प्रशिक्षण में वर्ग प्रमुख के रूप में संजय त्रिपाठी,नियंत्र प्रभासंकर मिश्रा,सह नियंत्रक अभिषेक विश्वकर्मा सर्वव्यवस्था प्रमुख अरिसूदन उर्फ प्रथम श्रीवास्तव,साजसज्जा प्रमुख मंतोष तिवारी,अतिथि प्रमुख विकाश वेसवार,कृष्णा चौरसिया,सरिता विश्वकर्मा,उर्मिला कनॉजिया, स्वच्छता प्रमुख सरिता विश्वकर्मा,पुष्पा झा,अनिता श्रीवास्तव,भोजन प्रमुख विवेक सिंह, पार्किंग /यातायात प्रमुख राकेश वेसवार,ओमप्रकाश कनॉजिया,सुरक्षा प्रमुख संतोष सिंह,रतन गुप्ता, रितुराज मौर्या,सुरेंद्र सिंह परमार,शिवप्रकाश बैसवार, अजय श्रीवास्तव व अनेको वरिष्ठ ,कनिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 90 हजार को पहली किस्त

अवधनामा ब्यूरो

- सीएम योगी ने डीबीटी से लाभार्थियों के खातों में भेजी राशि
- डबल इंजन सरकार ने 62 लाख परिवारों को दिए आवास
- 'हर व्यक्ति का सपना, अपना घर' : मुख्यमंत्री



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'हर एक व्यक्ति का होता है सपना, उसके पास घर हो अपना।' अर्थात् सिर ढकने के लिए अपना घर हो। ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति होने के कारण मनुष्य के पास अपना पक्का मकान बनाने का सामर्थ्य है। विभिन्न श्रेणी के जीव शरण लेने के लिए कोई न कोई ठिकाना ढूढ़ते हैं। कोई गुफा बनाता है, कोई पत्थरों के नीचे रहता है, चिड़िया घोंसला बनाती हैं। घर का सपना मनुष्य के जीवन की प्राथमिक शर्त होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उस प्राथमिक शर्त को पूरा करने की जिम्मेदारी अपने हाथों में ली है। परिणामस्वरूप, उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में अब तक लगभग 62 लाख परिवारों को आवास उपलब्ध करा चुके हैं। मुख्यमंत्री यहां प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अन्तर्गत 90 हजार लाभार्थियों को अनुदान राशि के अन्तरण कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने बटन दबाकर डी0बी0टी0 के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में कुल 900 करोड़ रुपये की अनुदान राशि अन्तरित की। इसके उपरान्त विभिन्न जनपदों के लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद किया। मुख्यमंत्री ने 20 लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किये। उन्होंने कहा कि जनवरी, 2026 में 02 लाख 09 हजार लाभार्थियों को आवास की प्रथम किस्त प्रेषित की गयी थी, जिससे मकान बनने प्रारम्भ भी हो गये हैं। नया वित्तीय वर्ष प्रारम्भ होने के बाद शेष लोगों को भी आवास की सुविधा मिलने वाली है। जब नीयत साफ होती है, तो नियन्ता भी रास्ता प्रशस्त करता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि डबल इंजन सरकार लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप परिणाम देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब व्यक्ति समग्र दृष्टि से देखता है, तो स्वयं से ऊपर उठकर सबके बारे में सोचता है। वर्ष 2017 के पश्चात डबल इंजन सरकार ने प्रदेश की 25 करोड़ की आबादी को अपना परिवार मानकर प्रत्येक गरीब, गांव, युवा, महिला, अन्नदाता किसान व श्रमिकों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अन्तर्गत 90 हजार लाभार्थियों को आज एक-एक लाख रुपये की प्रथम किस्त उपलब्ध करायी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद सहारनपुर में 10,214, प्रतापगढ़ में 7,991, शाहजहांपुर में 4,325, फिरोजाबाद में 4,266, प्रयागराज में 3,331, जालौन में 3,174, सीतापुर में 3,078, गोरखपुर में 3,063, बरेली में 3,017, अलीगढ़ में 2,883, बदायूं में 2,712, महाराजगंज में 2,701, मेरठ में 2,626, अमरोहा में 2,175, हरदोई में 1,895, बुलन्दशहर में 1,826, कुशीनगर में 1,562, बहराइच में 1,529, आगरा में 1,473, मऊ में 1,470, बांदा में 1,437, बिजनौर में 1,364, गाजियाबाद में 1,209, देवरिया में 1,138, गोण्डा में 1,121 लाभार्थियों सहित कुल 90 हजार लाभार्थियों को आवास की प्रथम किस्त के रूप में कुल 900 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खाते में प्रेषित की गयी है। अब कोई मध्यस्थ नहीं है। तकनीक के माध्यम से एक क्लिक में धनराशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में पहुंच रही है।

# हर समस्या का होगा समाधान : केशव मौर्य



अवधनामा ब्यूरो

- जनता दर्शन में अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय। समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय -7 कालीदास मार्ग पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी।

# रेवरी टोल प्लाजा के पास कंटेनर से टकराई कार, एक की मौत

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** रेवरी टोल प्लाजा के पास रविवार देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां कार और कंटेनर की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार रविवार रात करीब 11 बजे सूचना मिली कि एक्सप्रेसवे के पास रेवरी टोल प्लाजा के नजदीक एक कार और कंटेनर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सतीश चंद्र राठौर और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि कार में सवार पांच लोग हादसे में घायल हो गए थे। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से लोक बंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। हादसे में राजेंद्र यादव (45) पुत्र चंद्रभान यादव निवासी गौरी विहार, सरोजिनी नगर को मामूली चोटें आई हैं। उनकी पत्नी सविता यादव (40) की हालत गंभीर होने पर उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। वहीं पार्थ यादव (12) पुत्र राजेंद्र यादव को भी हल्की चोटें आई हैं। कार में सवार राजेश यादव (45) की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं उर्मिला यादव पत्नी राजेश यादव की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। घायलों के परिजन दीपक कुमार यादव ट्रॉमा सेंटर में मौजूद हैं और परिजनों का इलाज जारी है। दुर्घटना के बाद कंटेनर चालक मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने हाइड्रा मशीन की मदद से क्षतिग्रस्त कार को हटाकर टोल प्लाजा के पास सुरक्षित खड़ा कराया और कंटेनर को भी सड़क किनारे लगवाया, जिससे यातायात सामान्य कराया जा सका। वही इस संबंध में काकोरी इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद मौके पर शांति व्यवस्था बनी रही और यातायात सुचारू रूप से चलता रहा।

## 23.03 करोड़ रूपये की धनराशि मंजूर

**लखनऊ** उत्तर प्रदेश शासन ने उत्तर प्रदेश आक्सीजन प्रोत्साहन नीति 2021 के अन्तर्गत 02 इकाईयों को 23 करोड़ 03 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत करते हुए संयुक्त आयुक्त, उद्योग के निवर्तन पर रखने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस सम्बन्ध में औद्योगिक विकास विभाग द्वारा आवश्यक आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश के अनुसार देय धनराशि से नोडल एजेन्सी (इन्वेस्ट यू0पी0) को देय प्रशासनिक व्यय की प्रतिपूर्ति करते हुए, मेसर्स आइनॉक्स एपी प्रा0लि0 को 8,88,64,889 रूपये और मेसर्स एयर लिक्विड प्रा0लि0 को 13,67,34,191 रूपये की धनराशि वितरित की जायेगी।

## बुंदेलखण्ड विकास निधि के अंतर्गत जालौन के लिए 70.17 लाख रूपये मंजूर

**लखनऊ** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में बुंदेलखण्ड विकास निधि (राज्यांश) के अंतर्गत जनपद जालौन की एक विकास परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 70 लाख 17 हजार रूपये मंजूर किए हैं। इस संबंध में नियोजन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए इसकी प्रति मुख्य विकास अधिकारी, जालौन को प्रेषित कर दी गई है। शासनादेश के अनुसार स्वीकृत धनराशि से जनपद जालौन के सिकरी राजा से हिडोखरा संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य कराया जाएगा। स्वीकृत धनराशि संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी की अनुमति से आहरित कर उपलब्ध करायी जाएगी।

# समाजसेवी गायत्री देवी की 21वीं पुण्यतिथि

अवधनामा ब्यूरो

- अन्धविश्वास, पाखण्ड, लफ्फद्रो से दूर रहने का लिया गया संकल्प
- ब्रिटिश शासन काल 1852 ई0 में मोहम्मदी जिला था



**लखनऊ।** संसदीय क्षेत्र से रही पूर्व सांसद प्रत्याशी व समाज सेवी गायत्री देवी की 21वीं पुण्यतिथि लखनऊ कैलाशपुरी-ई सहित दुबई शाहजहांपुर में परिजनों, मित्रजनों ने सादगी के साथ मनाई। स्व0 गायत्री देवी के चित्र पर फूल माला सुमन अर्पित कर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। सभी आगन्तुकों, परिजनों को महामानव गौतम बुद्ध का पंचशील स्मरण कराया और संकल्प दिलाया गया कि शिक्षा व अपने अधिकारों, भाई चारे के प्रति जागरूकता ही गायत्री देवी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। 89 वर्षीय पूर्व लेखाधिकारी पत्रकार व समाज सेवी प्रागदत्त जो कि गायत्री देवी के पति है ने गायत्री देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुये कहा कि पुण्यतिथि मनाने का उद्देश्य एक जो स्वयं राजपत्रित अधिकारी बनने के लिए प्रेरित के साथ पूरा सहयोग किया साथ ही नई पीढ़ी को बताना है कि वे अन्धविश्वास, पाखण्डों, लफ्फद्रो से दूर रह कर पूरी तनमन्यता के साथ पढ़ाई करे और अपना कार्य कर जीवन में आगे बढ़ें। पूर्व उप निदेशक, सूचना प्रमोद कुमार, अधिशासी अभियन्ता ई0 सुनील दत्त, इ0 रवि दत्त, डा0 विनोद कुमार, डा0 इन्द्रा, राजेश ने अपनी माता गायत्री देवी के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि माता जी सादगी और हिम्मती थी तथा अंधविश्वास पाखण्डों की घुरविरोधी थीं। उनके पद चिन्हों पर चलकर उनके परिवार में 12 राजपत्रित अधिकारी व द्वितीय पीढ़ी में 4 अधिकारी सहित अनेक मेडिकल क्षेत्र में एम0बी0बी0एस0 आदि कर रहे हैं। एल0आई0सी0 अधिकारी राम अचल, डा0 भानू प्रताप पेले, आयुष, सत्य प्रकाश, शिवम आदि ने भी गायत्री देवी के चित्र पर माल्यार्पण किया। गायत्री देवी के जीवन पाठ पर प्रकाशित पुस्तक दूर पथ का राही पुस्तक में गायत्री देवी का भी पाठ पढ़ते हुए बताया गया कि माता-पिता, बुजुर्गों के प्रति सेवा, आदर व सम्मान प्रकट करने से आत्म विश्वास, सकारात्मक सोच, भाईचारा, मजबूती के साथ ही राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता का विकास करने को बलवती करने का बल मिलता है। विदित हो कि राजधानी से 200 मी0 दूर तराई क्षेत्र के लखीमपुर खीरी के तहसील एवं ब्लाक-मोहम्मदी, ग्राम असोवा निवासी साधारण किसान मनोहर लाल के यहां गायत्री देवी का जन्म 30 मई 1940 में हुआ था। मोहम्मदी पूर्व में स्वयं जनपद था और 1852 ई0 में इसे ब्रिटिश शासन काल में जिला बनाया गया था उस समय तत्कालीन जिलाधिकारी जेम्स थामसन तैनात थे। 1852 ई0 उपरान्त स्वतंत्रता आन्दोलन छिड़ने के बाद जेम्स थामसन अपने साथियों के साथ मार दिये गयें। तदुपरान्त डब्ल्यू0सी0बुड जनपद मुख्यालय मोहम्मदी से लखीमपुर खीरी लेकर चले गये। परन्तु 1870 ई0 तक कागजात में मोहम्मदी ही जनपद रहा। बाद में लखीमपुर खीरी जनपद बना दिया गया। मोहम्मदी को जनपद बनाने की मांग भाजपा के मोहम्मदी तत्कालीन विधायक व एडवोकेट श्री छोटेलाल तथा अन्य द्वारा लगातार की जाती रही है। मोहम्मदी का एक अपना इतिहास है। गायत्री देवी के पुण्यतिथि पर दूर पथ का राही दूसरा भाग ही शीघ्र ही प्रकाशित किया जायेगा। उनकी स्मृति में असोवा गांव में स्तम्भ का निर्माण कराया जायेगा। भारत देशम पार्टी से पूर्व सासद प्रत्याशी रही समाजसेवी गायत्री देवी को पुण्य तिथि के मौके पर राष्ट्रीय 85 प्रगतिशील समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश भारती, मण्डलीय अध्यक्ष शक्ति कृष्ण त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार, लाइफ चेंज वेलफेयर क्लब के अध्यक्ष मनोहर मौर्या, विनोद तथा वरिष्ठ पत्रकार आमोद श्रीवास्तव पूर्व पत्रकार अधिकारी एशोसियन के अध्यक्ष डा0 अवधेश कुमार ने भी समाज सेवी गायत्री देवी को शत शत नमन किया है।

# विंड्स योजना की धीमी प्रगति पर कृषि मंत्री नाराज़



अवधनामा ब्यूरो

- काम में लापरवाही पर कंपनी को सख्त चेतावनी

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को अपने विधानसभा कार्यालय में वेदर इंफॉर्मेशन एंड नेटवर्क डेटा सिस्टम कार्यक्रम की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान मंत्री जी ने वेंडर कंपनी स्काईमेट वेदर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कार्यों के क्रियान्वयन में बरती जा रही ढिलाई और लापरवाही पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कंपनी के प्रतिनिधियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने दोटूक शब्दों में चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवंटित कार्यों को पूरा नहीं किया गया, तो सरकार कंपनी के खिलाफ अनुबंध निरस्तीकरण सहित अत्यंत कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। कृषि मंत्री ने बैठक में स्पष्ट किया कि विंड्स योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका मुख्य उद्देश्य ब्लॉक स्तर पर ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन और ग्राम पंचायत स्तर पर ऑटोमैटिक रेन गेज की स्थापना करना है। इसके माध्यम से प्राप्त मौसम के सटीक आंकड़ों को भारत सरकार के फसल बीमा पोर्टल से इंटीग्रेट किया जाना है, ताकि आपदा की स्थिति में किसानों को त्वरित गति से फसल क्षतिपूर्ति का भुगतान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि डेटा की उपलब्धता में देरी सीधे तौर पर किसानों के हितों को प्रभावित करती है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## सरकार द्वारा कृषि एवं शिक्षा क्षेत्र हेतु 49.81 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के कृषि क्षेत्र को उन्नत करने और शिक्षण संस्थानों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत महत्वपूर्ण वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की हैं। इन स्वीकृतियों के माध्यम से किसानों को उन्नत बीज वितरण, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण और तकनीकी सुधारों के साथ-साथ छात्र कल्याण के लिए छात्रावास निर्माण कार्यों को गति दी जाएगी।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जायद-2025 में गन्ना फसल के साथ दलहनी फसलों की अंतः फसली खेती को प्रोत्साहित करने की योजना बनाई गई है। इस योजना के तहत दलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम योजना में 28.78 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे किसानों की आय और उत्पादकता में वृद्धि सुनिश्चित होगी। प्रदेश की मृदा परीक्षण क्षमताओं को बढ़ाने के लिए तहसील स्तरीय प्रयोगशालाओं में कार्यरत संविदा कर्मियों के मानदेय में वृद्धि का निर्णय लिया गया है।

## ट्रैक्टर से गिरकर युवक की मौत

**लखनऊ।** काकोरी क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर से गिरकर युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 5 बजे एक महिंद्रा ट्रैक्टर ग्राम खालिसपुर में ईट खाली कर वापस लौट रहा था। ट्रैक्टर पर चालक समेत चार लोग सवार थे। ट्रैक्टर को विकास यादव पुत्र यदुनाथ निवासी ग्राम रुदौली थाना अतरौली जनपद हरदोई चला रहा था। बताया गया कि रास्ते में ट्रैक्टर पर बैठा शोभित (18) पुत्र राकेश निवासी रुदौली थाना अतरौली जनपद हरदोई अचानक असंतुलित होकर ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और पीछे के टायर की चपेट में आ गया। हादसे के बाद साथियों ने उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# रमज़ानः सवालों के जवाब

## धार्मिक सवालों के लिए शिया हेल्पलाइन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कार्यालय आयतुल्लाह सैयद सादिक़ हुसैनी शीराज़ी से जारी शिया हेल्पलाइन पर नीचे दिए गये सवालों के जवाब मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी ने दिए। इसके अलावा महिलाओं के लिए भी हेल्पलाइन शुरू की गयी है जिसमें महिलाओं के सवालों के जवाब खातून आलेमा देगीं।

**हेल्पलाइन नं. महिला 6386897124**
**पुरूष 9415580936 व 9839097407**
**समय सुबह 10 से 12 बजे**

**सवाल**–अगर किसी शख्स को कुछ पैसा तोहफा वगैरह में मिल जाए तो उस पर खुम्स वाजिब है?

**जवाब**– अगर मजकूरा रकम साल भर के खर्चों से बच जाए, तो बची हुई रकम पर खुम्स दिया जाएगा।

**सवाल**– अगर किसी शख्स को विरासत में कुछ माल मिले और उसे यह मालूम हो कि इस माल में खुम्स नहीं अदा किया गया है, तो क्या हुक्म है?

**जवाब**– अगर मीरास पाने वाले को यह इल्म है कि वारिस ने इस पर खुम्स नहीं दिया है, तो एहतियाते वाजिब की बिना पर खुम्स अदा करे।

**सवाल**– अगर कोई शख्स कर्जदार है और कर्जा अदा नहीं कर पा रहा है, तो क्या जकात ले सकता है?

**जवाब**– ऐसा शख्स जो अपना साल भर का खर्च रखता हो, इसके बावजूद कर्जा अदा करने की खातिर जकात ले सकता है।

**सवाल**– क्या फितरा हर एक शख्स पर वाजिब है?

**जवाब**– फितरा उस शख्स को देना वाजिब है जो अपना और अपने अहलो-अयाल (परिवार) के साल भर के अखराजात रखता हो।

**सवाल**– एतिकाफ में रहने के लिए कितनी शर्तें हैं?

**जवाब**–एतिकाफ में रहने के लिए चंद शर्तें हैं ईमान, अक्ल, कुर्बत की नियत, रोजा रखना और तीन रोज से कम न हो।

### ग़ैबत-ए-इमाम में ईद की नमाज़ मुस्तहब है

**लखनऊ।** मजलिस उलमा-ए-हिंद के ज़ेरे एहतेमाम जारी माहे रमज़ान हेल्पलाइन पर पूछे गए सवालात जवाबात रहबर-ए-मुअज्ज़म आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामेनई के फ़तवों के मुताबिक़ हैं।

**हेल्पलाइन नं. पुरुष- 9833028596**
**महिला-7390026883**

**सवाल**– जुमे की नमाज़ के खुत्बे के दौरान कुछ लोग बातें करते रहते हैं, इस बारे में शरई हुक्म बयान कीजियेहै?

**जवाब**– एहतियात की बिना पर दोनों खुत्बों को ध्यान से सुनना वाजिब है, ख़ुत्बे के दौरान बातें करना मकरूह है, लेकिन अगर ये बातें खुत्बा सुनने में रुकावट बनें तो एहतियात के मुताबिक बातें करना जायज़ नहीं।

**सवाल**– क्या ईद की नमाज़ वाजिब है? अगर किसी वजह से ईद की नमाज़ छूट जाए तो क्या हुक्म है?

**जवाब**– ग़ैबत-ए-इमाम में ईद की नमाज़ मुस्तहब है, इसे जमाअत के साथ और अकेले भी पढ़ा जा सकता है, ईद की नमाज़ का वक़्त सूरज निकलने से लेकर ज़ुहर तक होता है, इसके बाद नमाज़ नहीं पढ़ी जा सकती।

**सवाल**– मुझे खाँसी आ रही थी और ग़ैर-इरादी तौर पर बलग़म हलक में चला गया, क्या रोज़ा सही है?

**जवाब**–रोज़ा सही है।

**सवाल**– डॉक्टर ने मुझे आई ड्रॉप दी है जिसे बीमारी की वजह से रोज़ाना तीन-चार बार आँख में डालना पड़ता है, इसका मज़ा हलक तक भी पहुँच जाता है, मेरे रोज़े का क्या हुक्म है?

**जवाब**– अगर आई ड्रॉप का मज़ा हलक तक पहुँचता है तो रोज़ा मकरूह है, बातिल नहीं।

### इस्तेमाल होने वाले जेवर पर भी जकात है : सुन्नी हेल्पलाइन

**लखनऊ।** रमजान हेल्पलाइन में इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया के तहत् दारूल निजामिया फरंगी महल में रोज़ेदारों के सवालात के जवाब मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने दिये।

**हेल्पलाइन नं. 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677**

**सवाल**– रजिस्ट्री या मनी आर्डर के जरिए भेजी गयी जकात की रकम अगर हकदार को नही पहुंची तो क्या भेजने वाली की तरफ से जकात अदा हो जायेगी?

**जवाब**– ऐसी सूरत में जकात अदा नही होगी।

**सवाल**– एक घर में कई लोग रहते हैं और एक शख्स का तमाम चीजों पर अधिकार है अगर वह सब की तरफ से सद्का फित्र अदा करे तो क्या सिर्फ उसी को सवाब मिलेगा?

**जवाब**– जी नही! सबको बराबर सवाब मिलेगा।

**सवाल**– शबे कद्र में कौन कौन सी इबादत करनी चाहिए?

**जवाब**– नफलें पढ़ी जायें, तिलावत की जाये, बेहतर यह है कि कजा-ए-उमरी अदा करें और दुआ माँगें।

**सवाल**– क्या प्रयोग होने वाले जेवर पर भी जकात है?

**जवाब**– जी हाँ! उस पर भी जकात है।

**सवाल**– क्या ऐतिकाफ करने वाला मुर्दे को नहलाने के लिए मस्जिद से बाहर जा सकता है?

**जवाब**– जी नही! ऐतिकाफ टूट जायेगा।

# इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया में गूँजी भाईचारे की सदाएँ

अवधनामा ब्यूरो



- हिन्दू-मुस्लिम एकता और अमन-शांति की दुआओं के साथ सम्पन्न हुआ पत्रकार एसोसिएशन का भव्य रोज़ा इफ्तार
- गंगा-जमुनी तहज़ीब की दिखी मिसाल, विभिन्न धर्मगुरु एक साथ रोज़ा इफ्तार में हुए शामिल

**लखनऊ।** पाक माह-ए-रमज़ान के मुबारक अवसर पर गंगा-जमुनी तहज़ीब की नगरी लखनऊ ने एक बार फिर आपसी सौहार्द, भाईचारे और एकता की अनूठी मिसाल पेश की। उ.प्र. ज़िला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन एवं जश्न-ए-आजादी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भव्य रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम में सभी धर्मों और सम्प्रदायों के लोगों ने एक साथ बैठकर रोज़ा इफ्तार किया और प्रदेश में अमन-शांति, खुशहाली तथा आपसी सद्भाव के लिए दुआएँ कीं।

कार्यक्रम का आयोजन तैयब हॉल, ऐशबाग ईदगाह में किया गया, जहाँ विभिन्न धर्मगुरुओं, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इसे लखनऊ की गंगा-जमुनी तहज़ीब का जीवंत उदाहरण बताया। इस अवसर पर इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फ़रंगी महली, जश्न-ए-आजादी के अध्यक्ष मुरलीधर आहूजा, वेदव्रत बाजपेई,राजेंद्र सिंह बग्गा,हरपाल सिंह जग्गी, वी बी पांडेय,संदीप पांडेय,मो अली साहिल सहित अनेक प्रख्यात हस्तियों ने शिरकत की। विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं ने एक साथ बैठकर रोज़ा इफ्तार किया और समाज में प्रेम, भाईचारे और एकजुटता का संदेश दिया। इफ्तार के बाद मौलाना मुश्ताक ने रोज़ेदारों को नमाज़ अदा कराई और देश की अखंडता, सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाए रखने के लिए विशेष दुआ कराई इस अवसर पर जश्न-ए-आजादी के अध्यक्ष मुरलीधर आहूजा ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और विभिन्न समुदायों के बीच आपसी विश्वास को और मज़बूत करते हैं। वहीं पत्रकार एसोसिएशन के महामंत्री अब्दुल वहीद ने कहा कि संस्था पत्रकारिता के दायित्वों के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक जिम्मेदारियों को भी पूरी निष्ठा के साथ निभा रही है।

एसोसिएशन के सचिव जुबैर अहमद ने कहा कि इस रोज़ा इफ्तार मे सभी धर्मों के लोगों ने शिरकत कर एकता का सन्देश दिया हैं जो इसकी सबसे बड़ी सफलता है और यह लखनऊ की गंगा-जमुनी तहज़ीब का प्रतीक भी है कार्यक्रम में एसोसिएशन के चेयरमैन अज़ीज़ सिद्दीकी, एम एम मोहसिन,तौसीफ हुसैन, वामिक खान, अभय अग्रवाल, संजय गुप्ता, डॉ जफर खान, मोहम्मद जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारों सहित बड़ी संख्या में सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।